सच, सिर्फ सच **

वॉयस ऑफ लखनऊ

शुक्रवार, 30 अगस्त, 2024 लखनऊ, महानगर, वर्ष 19, अंक 235, पेज 16, 3.50 रुपये www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com

सेंसेक्स में 349 अंकों की उछाल

दिग्गज कंपनियों रिलायंस इंडस्ट्रीज और टाटा मोटर्स के शेयरों में लिवाली आने से स्थानीय शेयर बाजार रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गए। } 14

76 हजार करोड़ की परियोजना की आधारशिला रखेंगे पीएम

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी महाराष्ट्र के पालघर में लगभग 76,000 करोड़ रुपये की लागत वाली वधावन बंदरगाह परियोजना की आधारशिला रखेंगे } 16

न्यूक्लियर सबमरीन आईएनएस अरिघात सेना में शामिल

नई दिल्ली। इंडियन नेवी की न्यूक्लियर सबमरीन आईएनएस अरिघात' बनकर तैयार है। यह सबमरीन 29 अगस्त को स्ट्रेटेजिक फोर्स कमांड (एसएफसी) का हिस्सा बन गयी। यह भारत की दूसरी न्यूक्लियर सबमरीन है। आधिकारिक तौर पर इसके शामिल होने के बाद भारत के पास 2 एसएसबीएन न्यूक्लियर सबमरीन हो जाएंगी। इससे पहले साल 2016 में स्वदेशी न्यूक्लियर सबमरीन आईएनएस अरिहंत' को जंगी बेड़े में शामिल किया था। अरिघात शब्द संस्कृत भाषा से लिया गया ...शेष पृष्ठ 14 पर

खुफिया जानकारी लीक होने पर सात राज्यों में एनआईए के छापे

उत्तर प्रदेश, गुजरात, कर्नाटक, केरल, तेलंगाना, बिहार व हरियाणा में 16 स्थानों पर हुई कार्रवाई

एजेंसी

नयी दिल्ली। राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने पाकिस्तानी जासूसी गिरोह के जरिए रक्षा संबंधी गोपनीय जानकारी लीक होने के मामले की जांच के लिए सात राज्यों में कई स्थानों पर छापेमारी की है। बृहस्पतिवार को जारी एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई।

इसमें बताया गया कि एनआईए की टीम ने बुधवार को जिन परिसरों में छापे मारे वे उन संदिग्ध लोगों से जुड़े थे, जिन्हें भारत में जासूसी गतिविधियां चलाने के लिए कथित तौर पर पाकिस्तान से धन प्राप्त हुआ था। एनआईए के बयान में कहा गया पाकिस्तानी आईएसआई जासूसी गिरोह के जरिए रक्षा संबंधी खुफिया जानकारी लीक होने से जुड़े मामले में गुजरात, कर्नाटक, केरल, तेलंगाना, उत्तर प्रदेश, बिहार और हरियाणा में 16 स्थानों पर छापे मारे गए। एनआईए की छापेमारी के दौरान 22 मोबाइल फोन

और कई संवेदनशील दस्तावेज जब्त किए गए। एनआईए ने जुलाई 2023 में मामले को अपने हाथ में लिया था, जिसे मूल रूप से जनवरी 2021 में आंध्र प्रदेश के काउंटर-इंटेलिजेंस सेल ने दर्ज किया था। संघीय जांच एजेंसी ने कहा कि यह मामला सीमा पार से रची गई भारत विरोधी साजिश के तहत भारतीय नौसेना से संबंधित संवेदनशील महत्वपूर्ण जानकारी लीक करने से जुड़ा है। एनआईए ने 19 जुलाई 2023 को दो आरोपियों के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया था, जिसमें एक फरार पाकिस्तानी नागरिक मीर बलज खान भी शामिल था। एनआईए ने कहा कि जांच से पता चला कि खान, गिरफ्तार आरोपी आकाश सोलंकी के साथ जासूसी गिरोह में शामिल था। एनआईए ने छह नवंबर, 2023 को दो अन्य आरोपियों मनमोहन सुरेंद्र पांडा और अल्वेन के खिलाफ पूरक आरोप पत्र दायर किया। बयान में कहा गया है कि पांडा को गिरफ्तार कर लिया गया है, जबकि पाकिस्तानी जासूसी गिरोह का सदस्य अल्वेन फरार है। एनआईए ने पाकिस्तानी खुफिया एजेंट के साथ साजिश रचने के आरोप में एक आरोपी अमन सलीम शेख के खिलाफ मई 2024 में दूसरा पूरक आरोप पत्र दायर किया।

संक्षेप

अभिनेता-विधायक मुकेश के खिलाफ दुष्कर्म का मुकदमा

कोच्चि/तिरुवनंतपुरम। सत्तारूढ़ मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के विधायक एम. मुकेश के साथ तीन और नामचीन अदाकारों के खिलाफ बलात्कार और यौन उत्पीड़न के मामलों ने मलयालम सिनेमा को हिलाकर रख दिया है और सत्तारूढ़ गठबंधन के कुछ नेताओं ने मुकेश के विधानसभा की सदस्यता से इस्तीफा देने की मांग की। विपक्षी दलों के प्रदर्शन और कुछ वामपंथी नेताओं द्वारा मुकेश के इस्तीफे की मांग के बीच अभिनेता को कोच्चि की एक अदालत से राहत मिल गई जिसने उन्हें तीन सितंबर तक गिरफ्तारी से संरक्षण प्रदान किया है। सत्तारूढ़ वाम मोर्चा और आरोपी विधायक के लिए परेशानी उस समय बढ़ गई जब भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा) की वरिष्ठ नेता एनी राजा ने कहा कि मुकेश के विधायक बने रहने का अब कानूनी या नैतिक आधार नहीं है, क्योंकि उनके खिलाफ बलात्कार का मामला दर्ज किया गया है। उन्होंने विधायक से पद छोड़ने की अपील की।

उन्नाव : पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट, तीन झुलसे

उन्नाव। जिले के बारासगवर थाना क्षेत्र के करनाईपुर गांव में बृहस्पतिवार को पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट के बाद एक महिला समेत तीन लोग आग में झुलस गए। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है और स्थानीय प्रशासन की टीम घटनास्थल पर बचाव कार्य में लगी है। दो मंजिला मकान में संचालित पटाखा फैक्टरी में हुआ, यह विस्फोट इतना जोरदार था कि पूरा मकान ढह गया। पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ शंकर मीणा ने कहा कि घटना पूर्वाह्न करीब 11 बजे हुई। अभी तक किसी की मृत्यु होने की कोई सूचना नहीं मिली। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि विस्फोट की वजह से इमारत ढह गई। घटनास्थल से मलबा हटाया जा रहा है ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि कोई उसमें दबा न हो।

काले कारनामों से भरा है सपा का इतिहास : योगी

मुख्यमंत्री ने कानपुर को दी 750 करोड़ की सौगात, विकास परियोजनाओं का किया लोकार्पण व शिलान्यास

सीएम ने एक हजार से अधिक युवाओं को बांटे नियुक्ति पत्र

जिला संवाददाता

कानपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बृहस्पतिवार को चुन्नीगंज में सपा पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि सपा की टोपी लाल है लेकिन कारनामे काले हैं। इससे पहले उन्होंने दौरान 750 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास भी किया। एक हजार से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र, 5027 लाभार्थियों को 191 करोड़ का ऋण और 8087 युवाओं को टैबलेट व स्मार्टफोन भी वितरित किया।

इसअवसर पर उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी के कारनामों से हर कोई परिचित है। पन्ने पलटेंगे तो पाएंगे कि इनका इतिहास काले कारनामों से भरा है। समाजवादी पार्टी की टोपी लाल, लेकिन कारनामे काले हैं। ये लोग इतिहास को दोहरा रहे हैं। गुंडागर्दी, अराजकता, बेटी, व्यापारी की सुरक्षा पर खतरा पैदा करना इनकी पहचान थी। इनका दिखाने वाला और असली चेहरा अलग-अलग है। इनकी वजह से सीसामऊकी जनता को उपचुनाव का सामना करना पड़ रहा है। सीसामऊविधानसभा सीट से सपा के विधायक इरफान सोलंकी को एक महिला का घर जलाने के मामले में स्थानीय

कानपुर में परियोजनाओं के लोकार्पण व शिलान्यास के अवसर पर संबोधित करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

अदालत ने पिछले साल जून में सात साल की सजा सुनायी थी। इसके बाद उनकी सदस्यता रद्द होने के चलते इस सीट पर उपचुनाव होना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सपा वाले गरीबों की संपत्ति पर कब्जा करते और दंगे भड़काते हैं। यहां उस दिन दंगे भड़काने की साजिश हो रही थी, जब इसी माटी के सपूत राष्ट्रपति कानपुर आए थे, तब सीसामऊका सपा विधायक (तत्कालीन विधायक इरफान सोलंकी) सीसामऊव कानपुर को दंगे की आग में झोंकने की साजिश ...शेष पृष्ठ 14 पर

मुख्यमंत्री आज वितरित करेंगे 1300 करोड़ का प्रोत्साहन-लाभ

विशेष संवाददाता

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की नीति के अनुरूप उत्तर प्रदेश में निवेश करने वाली कंपनियों को वित्तीय प्रोत्साहन देने की घोषणा शुक्रवार को साकार रूप लेने जा रही है। लोकभवन में आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में मुख्यमंत्री द्वारा वर्ष 2003, 2012, 2015 एवं 2017 व 2022 की विभिन्न औद्योगिक निवेश प्रोत्साहन योजनाओं तथा नीतियों के अंतर्गत 32 निवेश इकाइयों को कुल लगभग 1300 करोड़ रुपए के प्रोत्साहन-लाभ वितरित किया जाएगा, साथ ही 10,715 करोड़ रुपये के कुल 28 निवेश-प्रस्तावों को लेटर ऑफ कम्फर्ट के प्रमाण-पत्र वितरित किए जाएंगे, जिसमें से मुख्यमंत्री द्वारा लगभग 4500 करोड़ से अधिक के निवेश वाले 10 निवेश-प्रस्तावों को व्यक्तिगत रूप से लेटर ऑफ कम्फर्ट के प्रमाण-पत्र वितरित किए जाएंगे। बता दें कि योगी सरकार ने औद्योगिक निवेश एवं रोजगार प्रोत्साहन नीति-2022 सहित विभिन्न क्षेत्रों में निवेश को आकर्षित करने एवं प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से अनेक क्षेत्र-विशिष्ट नीतियां घोषित की हैं। इनके अंतर्गत ...शेष पृष्ठ 14 पर

भारत में पहला विदेशी विवि स्थापित करेगा ब्रिटेन

नयी दिल्ली। ब्रिटेन का साउथेम्प्टन विश्वविद्यालय नयी राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) के तहत भारत में अपना विदेशी परिसर स्थापित करने वाला पहला विदेशी विश्वविद्यालय बन गया है। यह घोषणा केंद्र सरकार ने बृहस्पतिवार को की।

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) ने 2023 में भारत में विदेशी उच्च शिक्षण संस्थानों के परिसरों की स्थापना और संचालन विनियमों की घोषणा की थी। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने यहां एक कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के प्रतिनिधियों को आशय पत्र (एलओआई) सौंपा। अधिकारियों के अनुसार, साउथेम्प्टन विश्वविद्यालय ने गुरुग्राम में एक शाखा परिसर खोलने का प्रस्ताव प्रस्तुत किया था, जिसे यूजीसी की स्थायी समिति ने नियमों के अनुसार एलओआई जारी करने के लिए मंजूरी दे दी थी। यूजीसी अध्यक्ष जगदीश कुमार ने कहा, "साउथेम्प्टन विश्वविद्यालय के भारत परिसर द्वारा प्रदान की जाने वाली डिग्रियां मेजबान विश्वविद्यालय के समान ही होंगी। भारत में साउथेम्प्टन विश्वविद्यालय के शाखा परिसर में पेश किए जाने वाले कार्यक्रमों में समान शैक्षणिक और गुणवत्ता मानक होंगे।

छत्तीसगढ़ : मुठभेड़ में मारीं गयीं तीन महिला नक्सली

एजेंसी

नारायणपुर। छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित नारायणपुर जिले में सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में तीन महिला नक्सलियों को मार गिराया है। पुलिस अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि नारायणपुर और कांकेर जिले की सीमा पर अबूझमाड़ क्षेत्र में सुरक्षाबलों ने तीन वर्दीधारी महिला नक्सलियों को मार गिराया है। उन्होंने बताया कि नारायणपुर और कांकेर जिले की सीमा पर अबूझमाड़ क्षेत्र में माओवादियों की उपस्थिति की सूचना पर सुरक्षाबल के जवानों को गश्त पर रवाना किया गया था। दल में जिला रिजर्व गार्ड (डीआरजी), एसटीएफ और सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के जवान शामिल थे। अधिकारियों ने बताया कि जब दल के जवान क्षेत्र में पहुंचे तब आज सुबह लगभग आठ बजे नक्सलियों ने गोलीबारी शुरू कर दी। बाद में जवानों ने भी जवाबी कार्वाई की। उन्होंने बताया कि दोनों ओर से रूकरूक कर गोलीबारी होती रही। सुरक्षाबलों ने अभी तक घटनास्थल से तीन महिला नक्सलियों के शव, हथियार और अन्य सामान बरामद किया है। अधिकारियों ने बताया कि इस घटना में सुरक्षाबल के जवानों के सुरक्षित होने की जानकारी मिली है। क्षेत्र में तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। अधिकारियों ने बताया कि मुठभेड़ के संबंध में अधिक जानकारी ली जा रही है।

जम्मू-कश्मीर में घुसपैठ की कोशिश नाकाम, तीन आतंकी ढेर

एजेंसी

श्रीनगर। सुरक्षा बलों ने जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में नियंत्रण रेखा के पास घुसपैठ की दो कोशिशों को नाकाम कर दिया और तीन आतंकवादियों को मार गिराया। सेना की श्रीनगरस्थित चिनार कोर ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, (तंगधार ऑपरेशन में) एक आतंकवादी के मारे जाने की पुष्टि हो गई है। कुपवाड़ा के माछल क्षेत्र में जारी घुसपैठ विरोधी अभियान में दो आतंकवादियों को मार गिराया गया है। इसके अलावा दो ए के राइफल, एक पिस्तौल, चार हथगोले और युद्ध से जुड़ी अन्य सामग्री बरामद की गई है।

सेना ने कहा कि दोनों स्थानों पर तलाश अभियान जारी है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि एक दिन पहले कुपवाड़ा पुलिस द्वारा दी गई

जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा में आतंकी घुसपैठ की कोशिशें नाकाम करते सुरक्षाबल

विशेष जानकारी के आधार पर 28 अगस्त को दोनों अभियान शुरू किए गए थे। उन्होंने बताया कि पुलिस कुपवाड़ा में नियंत्रण रेखा से घुसपैठ के प्रयासों पर कड़ी नजर रख रही है और जमीनी स्तर पर खुफिया जानकारी जुटा रही है। अधिकारियों ने कहा मंगलवार को माछिल सेक्टर के कुमकडी और करनाह सेक्टर से एक साथ घुसपैठ की कोशिशों के बारे में दो विशेष सूचनाएं प्राप्त हुईं। अधिकारियों ने बताया कि संबंधित सैन्य इकाइयों के साथ सूचनाएं साझा की गईं और जम्मू-कश्मीर पुलिस एवं सेना की संयुक्त टीम को तैनात किया गया। उन्होंने कहा कि कुमकडी में बुधवार शाम करीब साढ़े सात बजे संदिग्ध गतिविधि देखी गई, जिसके बाद गोलीबारी शुरू हो गई। मुठभेड़ बृहस्पतिवार सुबह तक चली। इसी तरह के एक अन्य अभियान में बुधवार रात करीब नौ बजे ...शेष पृष्ठ 14 पर



आज का मौसम

अधिकतम	:	43.06 डिसे.
न्यूनतम	:	29.04 डिसे.

भीतर पढ़ें

- बीज उत्पादन में उत्तर प्रदेश बनेगा अग्रणी (पृष्ठ-02)
- तीन को संत कबीर अकादमी सम्मान पुरस्कार (पृष्ठ-02)
- कृषि, ग्रामीण के लिए खुदरा मुद्रास्फीति घटी (पृष्ठ-14)
- आरईआईटी पर नियमन के लिए उद्योग आगे आये (पृष्ठ-14)
- रिलायंस एक शेयर पर देगी एक बोनस शेयर (पृष्ठ-14)

विशेष खबर बुधवार रात थर्मल ड्रोन से हुआ था ट्रेस, गुरुवार सुबह मिली सफलता, अब तक पकड़े गये चार भेड़िये

रंग लायी सीएम की मॉनिटरिंग, पकड़ा गया भेड़िया

विशेष संवाददाता

लखनऊ/बहराइच। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की पल-पल की मॉनीटरिंग और वन विभाग के अधिकारियों की मुस्तैदी से आदमखोर भेड़िया आखिरकार गुरुवार सुबह पकड़ ही लिया गया। आदमखोर भेड़िया के आतंक से लगभग 35 से अधिक गांवों के ग्रामीण आतंकित थे। वन विभाग के इस प्रयास से बहराइच के स्थानीय लोगों ने चैन की सांस ली है। वन विभाग ने बहराइच से अब तक चार भेड़ियों को पकड़ लिया है। इस खूंखार भेड़िए को गोरखपुर चिड़ियाघर भेजा जाएगा। सीएम योगी ने वन विभाग के अधिकारियों की प्रशंसा की।

बहराइच के लगभग 35 से अधिक गांवों में आतंक का पर्याय बन चुका आदमखोर भेड़िए से गुरुवार की सुबह मुक्ति मिल गई। वन विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों के अथक प्रयास से

काफी मशक्कत के बाद इसे पकड़ लिया गया। आदमखोर भेड़िए के पकड़े जाने की सूचना मिलते ही आसपास के ग्रामीणों की आंखों में सुकून नजर आया। सभी ने वन विभाग के इस प्रयास की सराहना की। वन विभाग ने तीन भेड़ियों को पहले ही पकड़ लिया था। सबसे खूंखार भेड़िया गुरुवार की सुबह पकड़ा गया। प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यजीव) संजय श्रीवास्तव ने बताया कि बुधवार रात 11 बजे थर्मल ड्रोन से इसे ट्रेस किया गया। सुबह पांच बजे के आसपास फिर ड्रोन के जरिए इस पर नजर रखी गई। भेड़िया के पैर के निशान दिख गए, फिर वन विभाग के स्थानीय अधिकारियों की टीम ने तत्काल मुस्तैदी दिखाते हुए सुबह करीब पौने 11 बजे इसे सिसैया गांव के कछार से काफी मशक्कत कर पकड़ लिया। दो अन्य भेड़ियों की तलाश जारी है। प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यजीव) संजय श्रीवास्तव ने बताया कि इस भेड़िया को गोरखपुर के चिड़ियाघर भेजा जाएगा। उन्होंने बताया कि ड्रोन से मैपिंग की गई। बुधवार दिन भर इस पर काम किया गया। इसे निरंतर ट्रैक करने के दौरान गुरुवार सुबह पैर के निशान से ...शेष पृष्ठ 14 पर

असम विस में मुस्लिम विवाह तलाक पंजीकरण बिल पास

एजेंसी

गुवाहाटी। असम विधानसभा ने मुस्लिमों के विवाह और तलाक के अनिवार्य सरकारी पंजीकरण संबंधी एक विधेयक को बृहस्पतिवार को पारित किया। असम मुस्लिम विवाह एवं तलाक अनिवार्य पंजीकरण विधेयक, 2024 राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री जोगेन मोहन ने मंगलवार को पेश किया था।

असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने सवालों का उत्तर देते हुए कहा कि काजियों द्वारा किए गए सभी पूर्व पंजीकरण वैध रहेंगे और केवल नये विवाह ही कानून के दायरे में आएंगे। उन्होंने कहा हम मुस्लिम पर्सनल लॉ के तहत इस्लामी रीति-रिवाजों से होने वाली शादियों में बिल्कुल भी हस्तक्षेप नहीं कर रहे हैं। हमारी एकमात्र शर्त यह है कि इस्लाम द्वारा निषिद्ध शादियों का पंजीकरण नहीं किया जाएगा। शर्मा ने कहा कि इस नये कानून के लागू होने से बाल विवाह पंजीकरण पर पूरी तरह से रोक लग जाएगी। विधेयक के उद्देश्य और कारण में कहा गया है कि यह बाल विवाह और दोनों पक्षों की सहमति के बिना विवाह की रोकथाम के लिए प्रस्तावित किया गया है। मोहन ने कहा कि इससे बहुविवाह पर रोक लगाने में मदद मिलेगी, विवाहित महिलाओं को ससुराल के घर में रहने, भरण-पोषण के अधिकार का दावा करने में सक्षम बनाया जा ...शेष पृष्ठ 14 पर

C M Y K

संक्षेप

महिलाओं के साथ अपराध के खिलाफ दलगत राजनीति से ऊपर उठें : मायावती

लखनऊ। बसपा प्रमुख मायावती ने बृहस्पतिवार को राजनीतिक दलों से अनुरोध किया कि वे महिलाओं के साथ अपराध के खिलाफ दलगत राजनीति से ऊपर उठकर कड़े कदम उठाएं। उन्होंने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा है, कि देश में कभी बंगाल, कभी महाराष्ट्र के बदलापुर, कभी बिहार तो कभी उत्तर प्रदेश के कन्नौज, आगरा एवं फर्रुखाबाद जिले में मासूम नाबालिग बच्चियों और महिलाओं के साथ खासकर दुष्कर्म, हत्या और आत्महत्या जैसी हो रही घटनाएं अति दुःखद एवं चिंताजनक हैं। उन्होंने आगे लिखा है, कि केंद्र व सभी राज्य सरकारें इस मामले में दलगत राजनीति से ऊपर उठकर सख्त कदम उठाएं ताकि ऐसी घटनाएं बंद हों, ना कि इसकी आड़ में राजनीति की जाए। यही समय की मांग है तथा यही महिलाओं के हित में भी है।

पॉपकॉर्न बनाने की मशीनें निःशुल्क प्राप्त करने हेतु करे आवेदन

लखनऊ। उत्तर प्रदेश खादी ग्रामोद्योग बोर्ड ने वित्तीय वर्ष 2024.25 के तहत पिछड़े वर्ग के भुर्जी समाज के कारीगरों और पॉपकॉर्न उद्योग में रुचि रखने वाले अन्य व्यक्तियों के लिए एक महत्वपूर्ण पहल की है। इस योजना के तहतए आधुनिक पॉपकॉर्न बनाने की मशीनें निःशुल्क वितरित की जाएंगीए जिससे स्वरोजगार को बढ़ावा दिया जाएगा। जिला ग्रामोद्योग अधिकारी लखनऊ ने बताया कि इस योजना का उद्देश्य उन कारीगरों को सहायता प्रदान करना है जो पारंपरिक तरीके से पॉपकॉर्न बनाने का कार्य करते हैं। लखनऊ जिले के कारीगरों जो पॉपकॉर्न उत्पादन और बिक्री के व्यवसाय में संलग्न हैं वो अपना आवेदन दिनांक 5 सितंबर 2024 तक जिला ग्रामोद्योग अधिकारीए 8 कैण्ट रोडए कैसरबागए लखनऊ स्थित कार्यालय में जमा कर सकते हैं। आवेदन करने के लिए आवश्यक दस्तावेजों में आधार कार्डए राशन कार्डए शैक्षिक योग्यता प्रमाण पत्रए प्रधान द्वारा जारी निवास प्रमाण पत्रए जाति प्रमाण पत्रए और बैंक पासबुक की छायाप्रति शामिल हैं।

सितम्बर पहला हफ्ता गोवंश के नाम

नंद बाबा दुग्ध मिशन के तहत 621 समितियों के संचालन का कार्य 15 तक पूर्ण कर लिया जाये: धर्मपाल सिंह

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह ने कहा है कि आगामी 1 सितंबर स 7 सितंबर तक सघन अभियान चलाकर प्रथम चरण में प्रदेश के 20 जिलों में निराश्रित गोवंश का संरक्षण कार्य कर जनपदों को छुट्टा गोवंश मुक्त घोषित किया जाए।

- **अभियान को सफल बनाने के लिए मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी और मंडलीय अपर निदेशक की जिम्मेदारी और जवाबदेही होगी तय**

अभियान की लक्ष्य पूर्ति के लिए जनपद के मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी और मंडलीय अपर निदेशक की जिम्मेदारी और जवाबदेही तय की जाए और कार्य में शिथिलता या लापरवाही बरतने पर तत्काल सख्त कार्यवाही की जायेगी। सिंह ने कहा कि नंद बाबा दुग्ध मिशन के तहत 18 जिलों में निर्धारित 621 समितियों के संचालन का कार्य 15 सितंबर तक पूर्ण कर लिया जाए और मिशन का लाभ प्रदेश के सभी जनपदों में पहुंचाने के लिए आवश्यक कार्ययोजना शीघ्र तैयार की जाए। धर्मपाल सिंह ने गुरुवार विधान भवन स्थित अपने कार्यालय कक्ष में पशुधन एवम दुग्ध विकास विभाग के कार्यों की समीक्षा की। सिंह ने बैठक में पीसीडीएफ के डेयरी प्लांट्स के प्रभावी क्षमता उपयोगिता पीसीडीएफ के पुनरोद्धार, पूर्वांचल क्षेत्र में डेयरी विकास को बढ़ावा देने तथा दुग्ध संघों/डेयरी प्लांट्स के संचालन एवम प्रबंधन के लिए तकनीकी जनशक्ति के अभाव के दृष्टिगत पीसीडीएफ की व्यवसायिक गतिविधियों में सहायता और मार्गदर्शन के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रदेश दुग्ध उत्पादन में प्रथम स्थान पर है और हमें अपने उपलब्ध संसाधनों के माध्यम स दुग्ध उत्पादन को और आगे ले जाना है। सिंह ने कहा कि समितियों के गठन, सुदृढ़ीकरण एवं संचालन पर विशेष ध्यान दिया जाए। जितनी अधिक संख्या में समितियों का गठन किया जायेगा उतना ही किसानों और पशुपालकों को लाभ होगा और दुग्ध उत्पादन में भी वृद्धि होगी। प्रदेश को 1 ट्रिलियन डालर की इकोनामी बनाने में दुग्ध विकास विभाग को अपनी महत्वपूर्ण भूमिका का भली भांति निर्वहन करना है और इसके लिए आवश्यक पीसीडीएफ द्वारा दुग्ध उपार्जन एवं दुग्ध उत्पादों की सभी संभावनाओं पर गंभीरता से कार्य किया जाए और एनडीडीबी से सहयोग स्थापित कर आवश्यक कार्य किया जाए। बैठक में पशुधन विभाग के प्रमुख सचिव के. रवीन्द्र नायक ने मंत्री को आश्वस्त किया कि उनसे प्राप्त निर्देशो का अक्षरशः अनुपालन किया जायेगा। प्रमुख सचिव ने विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि कहा कि अधिकारी गोसंरक्षण कार्यो को पूरी गंभीरता और संवेदनशीलता से करें। साथ ही गो-आश्रय स्थलों को आदर्श गो-आश्रय स्थल के रूप में विकसित करें।

सदस्यता अभियान को जन जन तक पहुंचाना है : भूपेन्द्र

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। भाजपा के तत्वावधान में 2 सितम्बर से शुरू किये जा रहे सदस्यता अभियान को लेकर पार्टी के प्रदेश पदाधिकारियों व जिला प्रभारियों की बैठक गुरुवार को सम्पन्न हुई। पार्टी के राज्य मुख्यालय पर हुई बैठक को प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी तथा प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह ने सम्बोधित किया।

सदस्यता अभियान को लेकर पार्टी के सभी जिला प्रभारी 2, 3 व 4 सितम्बर को अपने-अपने जिलों में मंडल स्तर तक सदस्यता अभियान को लेकर प्रवास करेंगे। पूरे प्रदेश में 31 अगस्त को बूथ स्तर पर सदस्यता अभियान को लेकर कार्यशालाएं आयोजित करने पर भी बैठक में चर्चा हुई। संचालन प्रदेश महामंत्री गोविन्द नारायण शुक्ला ने किया। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने कहा कि पार्टी के सदस्यता अभियान को एक महासम्पर्क अभियान के रूप में लेते हुए हमें जन-जन तक पहुंचना है। उन्होंने कहा कि पार्टी के सदस्यता अभियान का प्रमुख उद्देश्य हर घर और, गांव, गली मोहल्लों तक पहुंचकर जन-जन को भाजपा की राष्ट्र निर्माण की भावना और विचारधारा तथा 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने की योजना से जोड़कर पार्टी का सदस्य बनाना और उन्हें संगठित करना है। उन्होंने कहा कि हमें विपक्षी दलों की साजिशो का जबाब देते हुए जन-जन के बीच इस बात को बताना है कि आजादी के बाद सबसे लम्बे अरसे तक देश की सत्ता पर काबिज रहने वाली कांग्रेस ने देश के विकास और गांव, गरीब, किसान के कल्याण के लिए कुछ नहीं किया। उन्होंने कहा कि सदस्यता अभियान में हम सब पार्टी पदाधिकारियों को संगठन की योजनानुसार सदस्यता के अभियान को प्रभावी ढंग से चलाते हुए समाज के प्रत्येक वर्ग के लोगों को भाजपा से जोड़कर पार्टी का सदस्य बनाने का काम करना है।

दिव्यांगों को कृत्रिम अंग और सहायक उपकरण के लिए मिलेंगे अब 15 हजार

दिव्यांगजनों के हितों को ध्यान में रखते हुए योगी सरकार ने नियमावली में किया संशोधन

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। उत्तर प्रदेश सरकार ने दिव्यांगजनों को सशक्त करने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए दिव्यांगजन को कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण के लिए वित्तीय अनुदान की राशि को 10 हजार रुपए से बढ़ाकर 15 हजार रुपए कर दिया है। अनुदान राशि में इस वृद्धि से अब प्रदेश के दिव्यांगजनों को महंगे कृत्रिम अंग और सहायक उपकरणों का वितरण भी किया जा सकेगा।

उल्लेखनीय है कि प्रदेश में दिव्यांगजनों को कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण वितरण के लिए वित्तीय अनुदान स्वीकृत करने की नियमावली के तहत अब तक 10 हजार रुपए के अनुदान की व्यवस्था थी। प्रदेश सरकार ने इस नियमावली में संशोधन कर इसे 15 हजार रुपए करने का निर्णय लिया है। प्रदेश के पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेंद्र कश्यप ने बताया कि प्रदेश में दिव्यांगजनों के हितों को ध्यान में रखते हुए प्रदेश सरकार सभी योजनाओं का लाभ उन तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। इसी क्रम में दिव्यांगजनों को कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण के लिए अनुदान प्रदान करने की नियमावली में संशोधन किया गया है। संशोधन के तहत दिव्यांगजन को कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण इत्यादि के वितरण के लिए वित्तीय अनुदान की अधिकतम धनराशि प्रति लाभार्थी वर्तमान सीमा 10 हजार से बढ़ाकर 15 हजार रुपए कर दी गई है। इससे दिव्यांगजनों को महंगे उपकरण वितरण में अतिरिक्त लाभ मिलेगा। नियमावली के तहत यदि किसी दिव्यांगजन को अधिकतम अनुदान की सीमा 15 हजार से अधिक धनराशि के उपकरणों की आवश्यकता है तो इस स्थिति में विभाग द्वारा लाभार्थी को अधिकतम अनुमन्य 15 हजार की धनराशि प्रदान की जाएगीए जबकि अतिरिक्त धनराशि का वहन स्वयं संबंधित दिव्यांगजन के द्वारा किया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रदेश के दिव्यांगजनों के हितों को ध्यान में रखते हुए कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण योजना के अंतर्गत दिव्यांगजन को उपलब्ध कराई जाने वाली अनुदान की अधिकतम सीमा 15 हजार रुपए के अंतर्गत उसे आवश्यक एक से अधिक उपकरण भी प्रदान किए जाने की अनुमन्यता की आवश्यकता है।

भाजपा का समर्थन करे मुस्लिम समाज : नकवी

भाजपा किसी के विकास में कमी नहीं करती तो उसे वोट देने में कंजूसी करना नाजायज

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय कैबिनेट मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी ने बृहस्पतिवार को मुस्लिम समुदाय से आह्वान किया कि वह तथाकथित सेक्युलर सिंडीकेट के जाल से बाहर निकले और भाजपा को नकारने के बजाय उसका समर्थन करे। राजधानी में आयोजित भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चे की सदस्यता अभियान प्रांतीय कार्यशाला में अपने संबोधन में नकवी ने कहा कि सामन्ती सुल्तानों के तथाकथित सेकुलर सिंडीकेट के दुष्प्रचार से पैदा हुए भय-भ्रम के चलते एक राष्ट्रीय राष्ट्रवादी राजनीतिक दल (भाजपा) के साथ अस्पृश्यता व असहिष्णुता के रवैये को विश्वास में बदलना ही वक्त की मांग है। उन्होंने कहा, कि मुसलमान भाजपा को नकारने के बदले उसका समर्थन करें। पूर्व केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि भाजपा के साथ हमारी (मुस्लिम समाज) आंख मिचौली से कुछ लोगों का काम बन रहा है और हमारा काम बिगड़ रहा है, इसका नतीजा यह हुआ है कि तथाकथित सेक्युलर सिंडिकेट मुसलमानों को अपने वोटों को अपनी जागीर समझ बैठा है। नकवी ने कहा कि दशकों से चले आ रहे मुसलमानों के भाजपा हराओ रिवाज को भाजपा जिताओ मिजाज में बदलने के लिए हमें समाज के भय-भ्रम को भरोसे में बदलने के लिए भरसक प्रयास करना होगा। उन्होंने कहा कि जब भाजपा किसी के विकास में कमी नहीं करती तो उसे वोट देने में कंजूसी करना नाजायज है। उन्होंने कहा कि भाजपा और मोदी-योगी (प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ) ने तुष्टीकरण के सियासी छल को सशक्तिकरण के समावेशी बल से ध्वस्त करके समावेशी विकास और सर्वस्पर्शी सशक्तिकरण पर जोर दिया है, साथ ही वैश्विक स्तर पर भारत की स्थिति को मजबूत किया है। नकवी ने आगाह करते हुए कहा, कि हमें सोशल नेटवर्किंग साइट्स के साम्प्रदायिक, समाज को तोड़ने वाले दुष्प्रचारों से भी सचेत रहना होगा। पूर्व मंत्री ने वक्फ संशोधन विधेयक का जिक्र करते हुए कहा कि वक्फ व्यवस्था में व्याप्त अराजकता को संवैधानिक व्यवस्था के दायरे में लाना वक्त की जरूरत है। उन्होंने कहा कि इस विधेयक पर विचार के लिये गठित संयुक्त संसदीय समिति में जारी मंथन से कुछ बेहतर होगा। उन्होंने दावा करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, नेहरू-इन्दिरा से ज्यादा लोकतांत्रिक मूल्यों, संवैधानिक मर्यादाओं और पंथनिरपेक्षता के झंडाबरदार हैं, इसके लिए किसी सेक्युलर सिंडिकेट के प्रमाणपत्र की जरूरत नहीं है।

कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने एसीएस गृह से की मुलाकात

राहुल गांधी के पत्र को लेकर कांग्रेस प्रतिनिधिमण्डल ने सौंपा ज्ञापन

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। पीड़ित दलित परिवार को न्याय दिलाने के लिए नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखकर मुख्य अभियुक्त विशाल सिंह को तत्काल गिरफ्तार कराने की मांग की है। राहुल गांधी के पत्र को लेकर कांग्रेस का प्रतिनिधिमण्डल गुरुवार को राजधानी में अपर मुख्य सचिव (एसीएस) गृह से मिला और उन्हें राहुल गांधी का पत्र सौंपा तथा उक्त संदर्भ में कृत कार्रवाई से राहुल गांधी को अवगत कराने का निवेदन भी किया।

विदित हो कि रायबरेली के अंतर्गत ग्राम पिछवरीया, थाना नसीराबाद के निवासी अर्जुन पासी की 11 अगस्त 2024 को गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। उस घटना का संज्ञान लेते हुए नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी मृतक अर्जुन पासी के घर पहुंचकर उनके परिजनों से मिले थे तथा उन्हें सांत्वना दी थी। जिस दौरान मृतक अर्जुन पासी के परिजनों तथा ग्रामवासियों ने बताया कि घटना में सात नामजद अभियुक्तों में से 6 की गिरफ्तारी हो चुकी है, परन्तु घटना के मुख्य अभियुक्त विशाल सिंह को राजनीतिक संरक्षण प्राप्त होने के कारण अभी तक गिरफ्तार नहीं किया गया है। पीड़ित परिजनों से मिलकर घटना की वस्तुस्थिति की जानकारी लेने के बाद नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने रायबेरली के जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक से मिलकर घटना के सबंध में बातचीत की और उन्हें मामले में त्वरित कार्यवाही करने के लिए आग्रह किया लेकिन घटना के दो सप्ताह बीत जाने के बाद भी घटना के मुख्य अभियुक्त विशाल सिंह की अभी तक गिरफ्तारी नहीं हुई है। प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों में प्रमुख रूप से राज्यसभा में उपनेता प्रतिपक्ष प्रमोद तिवारी, सांसद केएल शर्मा, उत्तर प्रदेश कांग्रेस विधानमंडल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना तथा पूर्व सांसद पीएल पुनिया एवं महासचिव संघठन अनिल यादव शामिल रहे। पत्र सौंपने के बाद मीडिया को सम्बोधित करते हुए कांग्रेस विधानमंडल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना ने कहा कि उत्तर प्रदेश कांग्रेस राहुल गांधी के पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने के किये गये वादे के प्रति संकल्पित है। उन्होंने कहा कि जब तक पीड़ित परिवार को न्याय नहीं मिल जाता तब तक यह संघर्ष जारी रहेगा।

बूथ स्तर तक संगठन करें मजबूत : अखिलेश

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने गुरुवार को कार्यकर्ताओं का आवाह्न किया कि उपचुनाव की तैयारी तो करनी है पर 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव में बूथ स्तर तक संगठन को मजबूती देकर पूरी सावधानी से भाजपा का मुकाबला करना है। सपा ने लोकसभा चुनाव में भाजपा को हराया है। आने वाले चुनावों में भी सपा ही भाजपा को हरायेगी। वर्ष 2027 में भाजपा की विदाई तय है।

- **यूपी में कानून व्यवस्था चौपट**

अखिलेश यादव गुरुवार को पार्टी के राज्य मुख्यालय के डॉ. राममनोहर लोहिया सभागार में बड़ी संख्या में एकत्र कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में भी पश्चिम बंगाल जैसी घटनाएं हो रही है। बच्चियों की हत्याएं हो रही है। कानून व्यवस्था चौपट है।

अपराधों में लगातार वृद्धि हुई है। समाजवादी सरकार ने डायल 1090 वूमेन पावर लाइन सेवा बनाई थी जिससे महिलाओं के प्रति अपराधों पर लगाम लगी थी। भाजपा ने उसे निष्प्रभावी बना दिया। अभी फरुर्खाबाद में दो बालिकाओं की संदिग्ध मौत के मामले में भाजपा सरकार की चुप्पी विचलित करने वाली है। भाजपा केवल राजनीतिक फायदे के लिए, विपक्ष शासित राज्यों में आवाज उठाती हैं लेकिन भाजपा शासित राज्यों में महिला अपराधों के मामले में मुंह, आंख, कान और नैतिकता के सभी दरवाजे बंद करके बैठ जाती है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में पूरी प्रशासनिक व्यवस्था चौपट है। थाना तहसील स्तर तक भ्रष्टाचार व्याप्त है। सरकार नौकरी देना नहीं चाहती है। कई लाख पुलिस कर्मी भर्ती से छूट गए हैं। शिक्षकों की भर्ती का पेंच फंसा हुआ है। भाजपा की मंशा नौजवानों को डिलीवरी ब्वॉय बनाने की है। रोटी-रोजगार के अभाव में युवा अवसाद में आत्महत्या कर रहे हैं। अखिलेश यादव ने कहा कि बुलडोजर का अवैधानिक प्रयोग होने लगा है। कानून की अनेदखी कर मनमाने तरीके से खासकर एक वर्ग विशेष के घरों के ध्वस्तीकरण की कार्रवाई हो रही है। भाजपा व्यवस्था के साथ खिलवाड़ कर रही है। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में पराजय से मुख्यमंत्री सदमें में है। पूरी भाजपा में बौखलाहट है। मुख्यमंत्री हर दिन हल्के बयानों से संवैधानिक पद की गरिमा को तार-तार कर रहे है। योगी जनता का भरोसा खो चुके है। जनता उनके झूठ और फर्जी बकवास को सुनकर ऊब चुकी है। जनता अब उनके बहकावे में नहीं आने वाली है। मुख्यमंत्री ने सात साल की सरकार में सपा के खिलाफ विषवमन करने और बदनाम करने तथा सत्ता का दुरुपयोग के अलावा कोई काम नहीं किया है। जनता इनकी सत्ता लिप्सा को समझ चुकी है। आने वाले चुनावों में जनता इनका बोरिया बिस्तर बांध देगी।

बीज उत्पादन में यूपी बनेगा अग्रणी : कृषि मंत्री

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही, कृषि राज्य मंत्री बलदेव सिंह औलख मुख्यमंत्री के सलाहकार अवनीश अवस्थी, मुख्यमंत्री के आर्थिक सलाहकार केवी राजू तथा प्रमुख सचिव कृषि रविंद्र सिंह सहित कृषि विभाग के उच्च अधिकारियों द्वारा हैदराबाद में नेशनल सीड एसोसिएशन ऑफ इंडिया तथा सीड्समैन एसोसिएशन ऑफ आंध्र प्रदेश की लगभग 35 कंपनियों के वरिष्ठ प्रतिनिधियों के साथ मुलाकात की। उपरोक्त बैठक में अध्यक्ष नेशनल सीड एसोसिएशन के प्रभाकर राव ने मंत्रीद्वय का का स्वागत कर एसोसिएशन की ओर से विभिन्न बिंदुओं पर अपने प्रस्ताव एवं सुझाव रखे। मंत्री द्वारा उन्हें अवगत कराया गया कि प्रदेश में लखनऊ, गोरखपुर, बरेली, लखीमपुर एवं बांदा में सीड प्रोसेसिंग के पार्क स्थापित करने का निर्णय लिया गया है। कृषि मंत्री ने कहा कि प्रदेश को 1 ट्रिलियन डॉलर इकोनामी के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए मुख्यमंत्री के विजन को आगे बढ़ाने के लिए साथ ही प्रधानमंत्री का देश को 5 ट्रिलियन डॉलर इकोनामी बनाने के लक्ष्य में कृषि क्षेत्र के लक्ष्य सीड रिप्लेसमेंट उपज बढ़ाने के लिए सबसे महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने इसके लिए उच्च प्रजाति के हाइब्रिड बीज को विभिन्न फसलों जैसे धान, मक्का, दलहन, तिलहन, श्रीअन्न आदि के प्रसंस्करण के क्षेत्र में काम करने के लिए उत्तर प्रदेश में उनका स्वागत किया। मंत्री द्वारा अवगत कराया गया कि प्रदेश में पर्याप्त कृषि योग्य भूमि है इसके साथ ही 85 प्रतिशत से अधिक क्षेत्रफल सिंचित है इसके साथ ही कृषि क्षेत्र में 9 कृषि जलवायु प्रदेश हैं। ऐसे में इन सभी क्षेत्रों के लिए कृषि बीजों को प्रोसेस करने की आवश्यकता है। इसके साथ ही अच्छी प्रजातियों के अनुसंधान के लिए भी उनके द्वारा देश के सभी महत्वपूर्ण कंपनियों को उत्तर प्रदेश में निवेश करने का आमंत्रण दिया गया।

- **हैदराबाद में नेशनल सीड एसोसिएशन तथा बीज उत्पादक कंपनियों के प्रतिनिधियों के साथ किया विचार मंथन**
- **कृषि राज्य मंत्री तथा मुख्यमंत्री के सलाहकार भी रहे दौरे में शामिल**

देश की लगभग 35 बीज उत्पादक कंपनियों के प्रतिनिधियों ने इस कॉन्फ्रेंस में भाग लिया। उनके द्वारा निवेश किए जाने के लिए उत्तर प्रदेश को संभावनाओं से भरपूर स्थान होने के विषय में अवगत कराया गया। उनके द्वारा बड़े एवं मध्यम सीड पार्क स्थापित करने के लिए सुझाव दिए गए। जिसके लिए मंत्री ने बताया कि अगले दो महीनों में सीड पार्क नीति लागू कर रबी, खरीफ जायद की विभिन्न फसलों के बीजों के उत्पादन के लिए सहयोग लिया जाएगा। उत्तर प्रदेश के दल द्वारा कृषि मंत्री के नेतृत्व में गुरुवार को हैदराबाद में अर्ध-शुष्क उष्णकटिबंधीय क्षेत्रों के लिए अंतर्राष्ट्रीय फसल अनुसंधान संस्थान का भ्रमण किया गया तथा संस्थान के अधिकारियों के साथ बैठक की गई।

अब 3 को मिलेगा संत कबीर अकादमी सम्मान पुरस्कार

संतो एवं महापुरूषों के योगदान को जन-जन तक पहुंचाने के लिए शुरू होगी वाराणसी से गोरखपुर तक त्रिधारा कबीर यात्रा

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने संत कबीरदास, संत शिरोमणि रविदास तथा गुरू गोरखनाथ के कृतित्व एवं व्यक्तित्व को आम जनता तक पहुंचाने के लिए त्रिधारा संत कबीर यात्रा आयोजित करने के निर्देश दिये। यह यात्रा वाराणसी से शुरू कराकर मगहर होते हुए गोरखपुर तक निकाली जाए। इसके अलावा संत कबीर अकादमी सम्मान पुरस्कार की संख्या एक से बढ़ाकर तीन की जाए।

उन्होंने संत कबीर के सांस्कृतिक, साहित्यिक, शैक्षणिक एवं अध्यात्मिक योगदान के लिए संत कबीर शोध पीठ की स्थापना करने को कहा। पर्यटन मंत्री गुरुवार को पर्यटन भवन के सभागार में संत कबीर अकादमी की कार्यकारिणी परिषद की बैठक को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कबीर, रविदास तथा गोरखनाथ एवं अन्य संतों का समाज की एकता एवं संस्कृति की रक्षा करने में महत्वपूर्ण योगदान है। उनके कार्यों पर विश्वविद्यालयों में शोध किये जाने के संबंध में कार्ययोजना तैयार करायी जाए। इसके अलावा नव निर्मित स्मारक में कबीर दास से जुड़े लेखकों की रचनायें तथा स्वयंसेवी संस्थाओं से पुस्तकें दान के स्वरूप में प्राप्त की जाए ताकि भावी पीढ़ी संत कबीरदास के योगदान से प्रेरणा ले सके। जयवीर सिंह ने कहा कि जनपद बस्ती से बड़ी संख्या में संत कबीर के अनुयायी मॉरिसस में भी निवास करते हैं, इसके अलावा वाराणसी, मगहर, गोरखपुर आदि जनपदों में इनकी बड़ी संख्या है। इनके अनुयायी गांवों में कबीर भजन गाकर उनके जीवन प्रसंग से जुड़े कार्यों का संदेश देते हैं। उन्होंने कहा कि संत कबीर पर शोध पत्र जर्नल एवं मैगजीन आदि निकाली जा सकती है। कुछ चिन्हित छात्रों को फेलोशिप देने पर विचार किया जा सकता है। मंत्री ने कहा कि संत कबीर के जीवन दर्शन एवं इतिहास एवं प्रचलित प्रसंगों पर शोध कार्य होना चाहिए। इसके साथ ही संत कबीर पर यूपी में जहां भी कार्यक्रम आयोजित किये जाए वहां उनके दर्शन से जुड़े अनुयायियों को आमंत्रित किया जाए। उन्होंने मगहर महोत्सव का नाम बदलकर संत कबीर महोत्सव मगहर रखने के निर्देश दिये। इस अवसर पर उन्होंने संत कबीर अकादमी की वेबसाइट को लांच किया तथा कबीर के जीवन एवं प्रसंगों पर आधारित पुस्तक कबीर ग्रंथावली का विमोचन किया। इसके अलावा कबीर अकादमी में नामित तीन सदस्यों के निधन पर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गयी।

एनएसएस बीबीडीयू में रक्तदान शिविर का आयोजन

राष्ट्रीय सेवा योजना के वालेंटियर्स, छात्र-छात्राओं समेत शिक्षकों ने भी प्रतिभाग किया, 62 यूनिट रक्तदान कर लिया मानवता की सेवा का दृढ़ संकल्प

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। राष्ट्रीय सेवा योजना की बाबू बनारसी दास विश्वविद्यालय इकाई द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन बाबू बनारसी दास विश्वविद्यालय स्थित सभागार में हुआ।

यह कार्यक्रम बीबीडी की चेयरपर्सन श्रीमती अलका दास गुप्ता और प्रेसिडेंट विराज सागर दास के मार्गदर्शन और प्रेरणा से आयोजित हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ बाबू बनारसी दास विश्वविद्यालय के प्रो कुलपति प्रो डॉ एस सी शर्मा, विश्वविद्यालय के डीन स्टूडेंट वेलफेयर और चीफ प्रॉक्टर प्रो डॉ एस एम के रिजवी, राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम समन्वयक प्रो डॉ प्रभास पाठक और कार्यक्रम अधिकारी प्रो डॉ सैयद अनस अंसार ने किया। जिसमें राष्ट्रीय सेवा योजना के वालेंटियर्स, छात्र छात्राओं समेत शिक्षकों ने भी बढ़ चढ़कर प्रतिभाग किया और 62 यूनिट रक्तदान किया। कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए बाबू बनारसी दास विश्वविद्यालय के प्रो कुलपति प्रो डॉ एस सी शर्मा ने कहा की रक्तदान को महादान कहा जाता है आवश्यकता पड़ने पर ब्लड बैंक या रक्तदाता ही है, जो आपकी मदद करता है, और लोगों के जीवन को बचाने में सहयोग करता है। विश्वविद्यालय के डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रो डॉ एस एम के रिजवी ने कहा कि रक्तदान एक महान उपहार की तरह है, क्योंकि यह न केवल जीवन बचाता है, बल्कि मानवता की सच्ची सेवा भी करता है, इसलिए हमें नियमित अन्तराल पर रक्तदान करते रहना चाहिए। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम समन्वयक प्रो डॉ प्रभास पाठक ने बताया कि नियमित रक्तदान शरीर के विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है और यह समाज में सहयोग और सहानुभूति का संदेश फैलाता है, जिससे सामुदायिक भावना भी मजबूत होती हैं। अन्त में राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम समन्वयक प्रो डॉ प्रभास ने इस रक्तदान शिविर के सफल आयोजन के लिए और रक्तदान करने वालों को धन्यवाद ज्ञापित किया और सभी के उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर एनएसएस के सभी वालेंटियर्स मौजूद रहे।

प्रदेश सरकार बिजली दरें कम करने का निर्देश दे

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। विद्युत नियामक आयोग द्वारा बिजली दरों पर सुनवाई की प्रक्रिया पूरी करने के बाद अब दरों को तय कर जारी करने की तैयारी में है।

लेकिन जो उपभोक्ता का बकाया पैसा है उसको पावर कार्पोरेशन नही वापस कर रहा है। ऐसे में सरकार नियामक आयोग को निर्देश देना चाहिए कि बिजली दर कम होना चाहिए। इस बीच राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश वर्मा ने प्रदेश सरकार से मांग की है कि वह आयोग को निर्देश दें कि उपभोक्ताओं की बिजली दरें कम की जाएं। यूपी के बिजली उपभोक्ताओं का बिजली कंपनियों पर 33122 करोड़ रुपये सरप्लस निकल रहा है। उपभोक्ताओं की सरप्लस धनराशि के एवज में बिजली दरें कम होनी चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया है कि नियामक आयोग में उपभोक्ता परिषद द्वारा लगाई गई याचिकाओं के मामले में 90 फीसदी का जवाब बिजली कंपनियां गोलमोल दे रही हैं।

एलएसए ने लांच की वेबसाइट और मोबाइल एप्लिकेशन

लखनऊ। शहर के पांच जोनों में कचरा उठान के लिए लखनऊ स्वच्छता अभियान (एलएसए) ने एकीकृत कचरा प्रबंधन की शुरुआत की है। कमांड और कंट्रोल सेंटर में चौबीस घंटे टोल फ्री आईवीआरएस नंबर 1800-1234-999 के माध्यम से सार्वजनिक शिकायत की जा सकती है। जवाबदेही को मजबूत करने के लिए, एलएसए ने शिकायतों के समाधान के लिए एक वेबसाइट और मोबाइल एप्लिकेशन भी लॉन्च किया है। इस एप्लिकेशन के माध्यम से नागरिक शिकायतें दर्ज कर सकते हैं। एसएसए के प्रवक्ता के अनुसार इस नियंत्रण केंद्र से वास्तविक समय में वाहनों के मार्गों की निगरानी की जाती है।

नगर निगम सदन आज, हंगामेदार होगी बैठक

सीवर, सफाई, व पानी के मुद्दे पर अफसरों को घेरेंगे सत्ता व विपक्ष

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। नगर निगम में सदन की बैठक शुक्रवार को हंगामेदार होगी। सदन में महापौर और अधिकारियों को घेरने के लिए सत्ता व विपक्षी पार्षदों ने पूरी तैयारी की है। हैदराबाद की रेमकी कंपनी को लेकर भाजपा पार्षदों में पहले से नाराजगी है। हालांकि एक दिन पहले विपक्ष से मिलने के बाद नगर निगम प्रशासन ने रेमकी को सफाई का काम देने के फैसले पर रोक लगा दी है। मगर सदन में इस मुद्दे पर जोरदार बहस के लिए रणनीति बनाई है। इसके अलावा लॉयन सिक्योरिटी का टेंडर खुलने पर भी हंगामा होना तय है। वहीं शहर में नालों की सफाई, जलभराव, सीवर की सफाई करने वाली कंपनी सुएज व पेयजल जैसे शहर के कई मुद्दों पर सदन का माहौल गरम होगा।

शहर के कई इलाकों में गंदे पानी की सप्लाई होने से डायरिया फैल रहा है। तकरोही और मायावती कॉलोनी में कई लोगों की मौत हो गई। रोजाना 100 से अधिक मरीजों को अस्पतालों में भर्ती किया गया। बालू अड् ?डा, पान दरीबा, बर्फ खाना, नई बस्ती, मॉटिनपुरवा, बली खेत में लोग मजबूरन टंकियों का गंदा पानी पीस रहे हैं। वार्ड में यह आज की नहीं, लगभग 25 साल से यही हाल है। जबकि इसी महात्मा गांधी-विक्रमादित्य वार्ड में सीएम कार्यालय, विधानसभा और मुख्यमंत्री आवास भी है। स्वच्छता रैकिंग में लखनऊ नगर निगम की स्थिति लगातार खराब होती जा रही है। 3 साल में निगम 11वें स्थान से 44वें स्थान पर पहुंच गया है। ऐसे में सफाई और कूड़ा निस्तारण सबसे बड़ा मुद्दा रहेगा। पार्षदों का दावा है कि बेहतर काम का हवाला देकर जिस हैदराबाद की रेमकी कंपनी को डोर-टू-डोर कचरा उठाने का काम दिया गया है।

शिवरी में ढेर कचरे के लिए वेस्ट टू एनर्जी प्लांट लगाने का प्रस्ताव

लखनऊ। शहर में प्रतिदिन निकलने वाले कचरे के वैज्ञानिक निस्तारण के के लिए वेस्ट टू एनर्जी प्लान्ट लगाये जाने का प्रस्ताव सदन में रखा जाएगा। नगर निगम प्रशासन की ओर से एजेंडे में रखे गये प्रस्ताव के अनुसार लखनऊ नगर की वर्तमान जनसंख्या लगभग 40 लाख हो गयी है। यहां प्रतिदिन लगभग 4-5 लाख फ्लोटिंग जनसंख्या भी आती है। जिससे लखनऊ नगर निगम क्षेत्र में प्रतिदिन लगभग 2000 से 2200 मीट्रिक टन कूड़े का उत्पादन होता है। नगर में कूड़े के समग्र निस्तारण के लिए मेसर्स ज्योति इन्वायरो प्रा.लि. से वर्ष 2010 में अनुबन्ध किया गया था जिसके अन्तर्गत 1200 मीट्रिक टन प्रतिदिन क्षमता का कम्पोस्ट एवं आरडीएफ प्लान्ट शिवरी में लगाया गया था। कंपनी के ठीक प्रकार से न करने के कारण मेसर्स इकोग्रीन एनर्जी लखनऊ प्रा.लि. से सेलेक्टी एग्रीमेन्ट वर्ष-2017 में किया गया। मेसर्स इकोग्रीन द्वारा वर्ष-2017 से वर्ष 2023 में टर्मिनेट होने तक शिवरी प्लांट में कूड़े के निस्तारण के सम्बन्ध में कोई गंभीर प्रयास नहीं किया गया। इस वजह से प्लांट में कूड़े को डम्प किया जाता रहा। फ्रेश वेस्ट का नियमित प्रसंस्करण कार्य न किये जाने के कारण शिवरी प्लान्ट पर कचरे की मात्रा में लगातार वृद्धि हो रही है।

कौशांबी से पटना के लिए चल रही है जनरथ, लेकिन नहीं मिल रहे है यात्री

लखनऊ। उत्तर प्रदेश से बिहार जाने के लिए जनरथ बस में बुकिंग शुरू हो गयी है। बीते दो वर्षो से इस पर समहमती बन गयी थी पर बसें नही चल पा रही थी जिसे अब परिवहन विभाग बीते दो माह पहले शुरू हो गयी है। इसके लिए न्यूनतम 1872 रूपये किराया निर्धारित कर दिया गया है। लेकिन कुछ दिन तक तो इस रुट पर बस में यात्री खुब मिले लेकिन एक माह बाद यात्रियों की संख्या कम हो गयी। परिवहन निगम के मुख्य प्रधान प्रबंधक (संचालन) ने कहा कि बिहार परमिट का मुद्दा काफी दिनों से लटका रहा है। दोनों राज्यों के बीच आपसी बातचीत के बाद परमिट मंजूर किए गए है। इनमें यूपी के चार शहरों से बिहार के चार शहरों के बीच बस संचालन होने जा रहा है। यूपी के कौशांबी से नोएडा, लखनऊ, कानपुर, दरभंगा होते हुए किशनगंज जायेंगी, जिसका किराया प्रति यात्री 2443 होगा। कौशांबी से आगरा, कानपुर, प्रयागराज, वाराणसी होते हुए नालंदा जायेंगी उसका किराया 2089 होगा। कौशांबी से नोएडा, लखनऊ देवरिया, सिवान, छपरा होते हुए पटना जायेगी। जिसका किराया 1872 होगा। कौशांबी से नोएडा, आगरा, प्रयागराज, मधेनियां होते हुए बक्सर जायेंगी उसका किराया 1708 होगा।

वर्षो पुराने 12 लाख लगे 2जी, 3जी मीटर को बदला जाये

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में सभी बिजली कंपनियों मे लगभग 12 लाख पुरानी तकनीकी के 2 जी 3 जी स्मार्ट प्रीपेड मीटर जो वर्तमान में उपभोक्ताओं के लिए उत्पीडन मीटर साबित हो रहे हैं लगभग 4 से 5 साल पहले शुरू हुआ यह प्रोजेक्ट पूरी तरह फेल साबित होता नजर आ रहा है। एनर्जी एफिशिएंसी सर्विसेज लिमिटेड की उदासीनता का खामियाजा प्रदेश के विद्युत उपभोक्ता को भुगतना पड़ रहा है। उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने विद्युत नियामक आयोग के अध्यक्ष अरविंद कुमार व सदस्य संजय कुमार सिंह से मुलाकात कर एक जनहित प्रतिवेदन दाखिल करते हुए लेसा का उदाहरण देते हुए यह मांग उठाई की कि लेसा सहित इलाहाबाद, मथुरा, बरेली, अलीगढ, आगरा, मेरठ, नोएडा, गाजियाबाद सहित अन्य जनपदों में जो 12 लाख स्मार्ट मीटर लगाए गए हैं वह पूरी तरह ऑटोमेटिक काम नहीं कर रहे हैं कहने को स्मार्ट मीटर है लेकिन वह उत्पीडन मीटर साबित हो रहे हैं पूरे प्रदेश में यदि कोई भी स्मार्ट मीटर विद्युत उपभोक्ता जिसका बकाया पर बिजली कनेक्शन कट जाता है जब वह बकाया जमा करके अपना कनेक्शन पुनः जुड़वाना चाहता है तो आनेको मामलों में 8 से 10 घंटे तक उसका बिजली कनेक्शन जुडी नहीं पाता उपभोक्ता पसीने बहा देता है बिजली अधिकारियों के चक्कर लगाते लगाते तब कहीं उसका बिजली कनेक्शन जुडता है इसी प्रकार कभी बारिश में बिजली चमकी तो मीटर बंद हो जाता है कभी स्वता सप्लाई बंद कर देता है लंबे समय से उपभोक्ता परिषद इसकी लडाई लड रहा है जिसकी एसटीएफ जांच तक हुई।

पुलिस भर्ती के अभ्यर्थी आज करेंगे बस में फ्री यात्रा

लखनऊ। गोरखपुर, देवरिया, मऊ, जौनपुर सहित अन्य जिलो के अभ्यार्थी बस में आसानी से आ और जा सकेगें। इसके लिए प्रत्येक जिले से अतिरिक्त बस की व्यवस्था किया गया है। लखनऊ में लाखो की संख्या में अभ्यार्थी आयेगें और परीक्षा देकर जायेगें। इसके लिए बस डिपो के अन्दर बस संख्या के साथ-साथ सभी को सूचित भी किया जायेगा कि कौन सी बस किस समय पर कहा जायेगी। इसके अलावा किसी भी यात्री को परेशानी न हो इसके लिए भी अलग से बैठने और बस की व्यवस्था किया गया है।

दो सितम्बर को केडी सिंह बाबू स्टेडियम में होगा मैच

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। कलेक्ट्रेट सभागार में डीएम सूर्य पाल गंगवार ने 2 सितंबर 2024 को केडी सिंह बाबू स्टेडियम में ईस्ट बंगाल बनाम मोहनबगान स्पोटिंग के मध्य खेले जाने वाले फुटबाल मैच के आयोजन के संबंध में बैठक किया।

बैठक में क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी द्वारा बताया गया कि ईस्ट बंगाल की टीम का जिले में शनिवार को मोहनबगन स्पोर्ट्स आ जायेगी। जिसके संबंध में जिलाधिकारी द्वारा निर्देश दिए गए की एयरपोर्ट पर टीमों की रिसीविंग के लिए ड्यूटी लगाना सुनिश्चित किया जाए और टीमों के आगमन पर उनका स्वागत करते हुए उनको उनके होटल पहुंचाया जाए। उन्होंने बताया की टीमों के अराइवल और डिपार्चर के लिए डेडीकेटेड स्कार्ट की व्यवस्था के साथ-साथ नायब तहसीलदार स्तर के अधिकारी की ड्यूटी लगाना सुनिश्चित की जाए।

162 करोड़ से अंतरराष्ट्रीय शूटिंग रेंज का प्रस्ताव

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। बीजिगं ओलम्पिंक में निशानेबाजी में स्वर्ण पदक प्राप्त करने के उपरान्त इस खेल से जुड़ी प्रतिभाओं को आगे लाने के उददेश्य से नगर निगम ने वर्ष 2008 में शूटिंग रेंज की स्थापना का प्रस्ताव पारित किया था।

ग्राम हड़ियनखेड़ा में उस समय शूटिंग रेंज का निर्माण कार्य कराया गया था जो धनाभाव के कारण पूर्ण नही किया जा सका। वर्तमान मे उसी स्थल पर अंर्तरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप शूटिंग रेंज विकसित किये जाने के लिए वास्तुविद फर्म का चयन कर 162.27 करोड़ का विस्तृत परियोजना प्रस्ताव तैयार कर शासन को प्रेषित किया गया है। शूटिंग रेंज के लिए अतिरिक्त भूमि के व्यस्थापन एवं नामकरण के प्रस्ताव को कार्यकारणी से स्वीकृति प्रदान की गई थी। अब यह प्रस्ताव सदन से स्वीकृत कराने के बाद शासन भेजा जाएगा।

इन प्रस्तावों पर होगी चर्चा

कुत्तों, पालतू जानवरों के ब्रीडिंग सेंटर, क्लीनिक, पेट शाप, स्टोर, वेटनरी डायग्नोस्टिक लैब चलाने वालों को लाइसेंस लेना अनिवार्य होगा। अनुज्ञप्ति लाइसेंस न लेने पर प्रति दिन के हिसाब से 50 रुपये विलम्ब शुल्क देना होगा। सदन से अनुमोदन के बाद शासन को प्रस्ताव भेजे जाएंगे। अमृत दो के तहत एसटीपी के लिए सरोजनीनगर, अमौसी में तीन हेक्टेयर भूमि मुहैया कराने, बिजनौर में थाना निर्माण के लिए दी जमीन के नीचे हाईटेंशन लाइन आने से दूसरी जमीन देने की पुष्टि व कार्यकारिणी में रखे गए छह नए सदस्यों की पुष्टि, पार्षदों के अन्य प्रस्तावों पर भी बैठक की जाएगी।

यह प्रस्ताव भी एजेंडे में शामिल

खरिका प्रथम वार्ड के अन्तर्गत मोहल्ला विनैकी तालाब, बल्देव विहार मोड़ तेलीबाग में राम लीला मंच का निर्माण कराये जाने के लिए अनापत्ति प्रमाण नगर निगम से मांगी गई है। इसके अलावा फैजुल्लागंज चुतर्थ वार्ड के अंतर्गत भिठौली खुर्द, मधुपुरम होते हुए महिर्ष नगर तक, साई विहार, न्याय विहार कॉलोनी से मुख्य नाला रायपुर बारी इन्क्लेव, मुतक्कीपुर होते हुए भरतकुण्ड तक आरसीसी नाला का निर्माण कार्य किये जाने का प्रस्ताव भी एजेंडे में रखा गया है।

नगरायुक्त ने अफसरों संग देखी सफाई व्यवस्था

लखनऊ। संचारी रोगों जैसे डेंगू व मलेरिया इत्यादि से बचाव एवं इनकी व्यापक रोकथाम के लिए नगर निगम सघन अभियान और जागरूकता कार्यक्रम कर रहा है। इसके लिए नगर निगम के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी भी मौके पर उपस्थित हो रहे हैं। नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह समेत अपर नगर आयुक्त व पार्षदों के साथ चार प्रमुख वार्डों- जानकीपुरम प्रथम वार्ड, जानकीपुरम द्वितीय वार्ड, जानकीपुरम तृतीय वार्ड, भारतेंदु हरीश चंद्र वार्ड का निरीक्षण किया।

प्रातः 06:00 बजे समस्त चारों वार्डों में अभियान चलाते हुए संचारी रोगों से बचाव के लिए टीमों को बनाकर क्षेत्रान्तर्गत मौजूद समस्त बड़े व छोटे नाले नालियों में, यहां मौजूद घरों में एन्टी-लार्वा का छिड़काव कराते हुए फॉगिंग कराई गई। इसके अतिरिक्त बड़े नाले नालियों की सफाई भी वृहद रूप से कराई गई। साथ ही नगर आयुक्त महोदय द्वारा समस्त कर्मचारियों को प्रतिदिन नियमित रूप से टीमें बनाकर साफ सफाई इत्यादि कार्यों को किये जाने के लिए निर्देशित किया गया। इसके अतिरिक्त स्थानीय लोगों को डेंगू व मलेरिया जैसे घातक संचारी रोगों की जानकारी देते हुए इनसे बचाव के तौर तरीकों इत्यादि के विषय मे जागरूक भी किया गया।

मत्स्य मोबाइल बिक्री केन्द्रों की संख्या बढ़ेगी

लखनऊ। मत्स्य विकास मंत्री डा. संजय कुमार निषाद ने गत दिवस देर शांम यहां लखनऊ मत्स्य निदेशालय में विभागीय योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये। डॉ. निषाद ने कहा कि उप्र मत्स्य पालक कल्याण कोष की धनराशि का मछुआ पालकों को अधिक से अधिक लाभ प्राप्त हो, पोखरों की संख्या में वृद्धि की जाये। मत्स्य मोबाइल बिक्री केन्द्रो एवं मत्स्य दुकानों की संख्या में वृद्धि की जाये। उन्होंने कहा कि प्रदेश की अर्थव्यवस्था को 1 ट्रिलियन डॉलर बनाने में मत्स्य विभाग द्वारा योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन किया जाय। मत्स्य विकास मंत्री ने कहा कि उप्र को मत्स्य उत्पादन के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाना और मछुआ समुदाय का सर्वांगीण विकास करना राज्य सरकार की प्राथमिकताओं में से है। उन्होंने प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना, मुख्यमंत्री मत्स्य संपदा योजना, निषादराज बोट योजना, उप्र मत्स्य पालक कल्याण कोष के अंतर्गत विभिन्न परियोजनाओं, सघन मत्स्य पालन के लिए एयरेशन सिस्टम की स्थापना तथा सहकारी समितियों के गठन की समीक्षा की। निषादराज बोट सब्सिडी योजना 2024-25 के तहत अब तक 2604 आवेदन प्राप्त हुए है। योजना की समीक्षा करते हुए मत्स्य विकास मंत्री ने कहा कि इस योजना के तहत जो भी आवेदन प्राप्त हुए हैं, उसका जिला स्तरीय चयन समिति से पात्र आवेदकों के चयन एवं रैंडमाइज्ड सूची पोर्टल पर अपलोड करते हुए निदेशालय को समय से प्रेषित किया जाए। जिससे पात्र लाभार्थियों को इस योजना का लाभ मिल सके। मत्स्य विकास मंत्री डा. संजय निषाद ने कहा कि मत्स्य क्षेत्र के भूमिहीन मछुआरों को किसान क्रेडिट कार्ड के माध्यम से भी लाभान्वित कराया गया है।

औद्योगिक कार्य करने पर मिलेगी जमीन और बिजली

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। उद्यमी आगे आये तो उनके लिए जमीन, बिजली और पानी की व्यवस्था को पूरा करने की जिम्मेदारी शासन के अफसर को तत्काल दिया जाय। जिला उद्योग बन्धु समिति की बैठक को डीएम सूर्य पाल गंगवार की अध्यक्षता में औद्योगिक क्षेत्र सरोजनीनगर में बैठक हुई।

जिसमें उद्यमियों के मध्य उपस्थित होकर उनकी समस्याओं के निस्तारण के लिए वार्ता किया गया। डीएम द्वारा उद्यमिता विकास संस्थान में चलाये जाने वाले प्रशिक्षण कार्यक्रमों के सम्बन्ध में जानकारी ली। उद्यमिता विकास संस्थान, औद्योगिक इकाईयां तथा औद्योगिक संगठन मिलकर इस प्रकार का कोर्स डिजाइन करें जिससे कि भविष्य में बाजार की मांग के अनुसार नई उत्पाद तथा नई इकाईयों की स्थापना में सहयोग मिल सके। बैठक में डीएम द्वारा जनपद में प्राप्त एमओयू प्रस्तावों को क्रियान्वित किये जाने के सम्बन्ध में भूमि उपलब्धता की दिशा में सरकार द्वारा किये जा रहे प्रयासों के सम्बन्ध में अवगत कराया गया। निजी औद्योगिक पार्को को विकसित किये जाने के सम्बन्ध में सरकार द्वारा संचालित प्लेज योजना के विषय में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि कि उद्यमीगण आर्थिक सहयोग एवं समन्वय से इकाईयों की स्थापना एवं विस्तार के लिए आवश्यक भूमि का आंकलन करते हुए यदि निजी औद्योगिक पार्क की स्थापना के लिए आगे आये तो सरकार उपयुक्त भूमि चिन्हांकन के लिए आवश्यक भूमि विनियमन, सीमांकन, नाम परिवर्तन तथा लैंड यूज चेंज जैसी प्रक्रियाओं को निर्धारित समय सीमा में जल्द से जल्द पूर्ण करायेगें। स्थापित होने वाले ऐसी औद्योगिक पार्को तक विद्युत लाइन, सड़क आदि प्राथमिकता के आधार पर उपलब्ध कराये जायेगें। बैठक में अमौसी, नादरगंज एवं सरोजनीनगर के उद्यमियों तथा संगठन के पदाधिकारियों द्वारा औद्योगिक क्षेत्रों में टूटी हुई सड़क का निर्माण तथा जल निकासी के लिए अपर नगर आयुक्त को निर्देशित किया गया कि बरसात के दृष्टिगत जिन सड़कों में गढ़ढा हो गया है।

हिन्दी भाषा को लेकर बैंक ऑफ इंडिया ने किया कार्यक्रम

लखनऊ। हिन्दी माह 2024 में बैंक ऑफ इंडिया लखनऊ के विद्यार्थियों के लिए भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अग्रणी जिला प्रबंधक मनीष पाठक ने की। जिसमें प्रधानाचार्य ध्यान पाल सिंह ने सभी का स्वागत किया और प्रतियोगिता की शुरूआत की। मनीष पाठक ने बैंक ऑफ इंडिया एवं हिन्दी भाषा के महत्व के विषय में विद्यार्थियों को जानकारी दी। इस कार्यक्रम का आयोजन राजभाषा हिन्दी के प्रचार-प्रसार हेतु किया गया। प्रतिभागियों ने भारतीय लोकतंत्र की सफलता, देश के आर्थिक विकास में सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों की भूमिका, देश के विकास में हिंदी की भूमिका पर भाषण प्रस्तुति दी। इस प्रतियोगिता में 23 विद्यार्थियों ने भाग लिया एवं 80 विद्यार्थी उपस्थित रहे। जिसमे 6 विद्यार्थियों को बैंक द्वारा प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं 3 प्रोत्साहन पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।

लगाये जायें प्राचीन धरोहरों, स्मारकों व किलों के शिलालेख

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने पुरातत्व निदेशालय को निर्देश दिये हैं कि प्रदेश के विभिन्न जिलों में स्थित प्राचीन धरोहरों, स्मारकों, किला एवं भवनों के गौरवशाली इतिहास, सांस्कृतिक योगदान को पर्यटकों को अवगत कराने के लिए सभी स्थलों पर पूर्ण विवरण के साथ तीन महीने के अंदर शिलालेख लगाया जाए। इस शिलालेख में धरोहर का इतिहास, कहानी तथा किवदंतियों आदि को भी दशार्या जाए।

पर्यटन मंत्री गुरुवार को गोमतीनगर स्थित पर्यटन भवन में उप्र राज्य पुरातत्व परामर्शदात्री समिति की बैठक को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि उप्र प्राचीन एवं ऐतिहासिक धरोहरों से समृद्ध प्रदेश है। यहां कदम-कदम पर प्राचीन स्मारकों के अवशेष तथा ढांचे हैं। पर्यटन की दृष्टि से ऐसे भवनों को पीपीपी मॉडल पर रखरखाव तथा हेरीटेज होटल विकसित करने के लिए इनको संरक्षित किया जाना जरूरी है। उन्होंने कहा कि स्मारकों के मौलिक स्वरूप से छेड़छाड़ किये बिना इनका निरीक्षण कार्य विशेषज्ञों की देखरेख में कराया जाए। जयवीर सिंह ने कहा कि जिन स्थलों को संरक्षित तथा जिन स्थलों को असंरक्षित घोषित किया जाना है, उसके बारे में विस्तार से अध्ययन की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि जिन जिलों में सर्वेक्षण नहीं हुआ है उनके सर्वेक्षण के लिए ग्लोबल टेण्डर आमंत्रित किये जाए। धरोहरों को संरक्षण में लिये जाने से पूर्व राजस्व अभिलेखों को भी देखा जाए ताकि पता चले कि इसका क्षेत्रफल कितना है। उन्होंने यह भी कहा कि स्मारकों को संरक्षित करने के बाद वहां तक पहुंचने के लिए पहुंच मार्ग तथा सम्पूर्ण सांस्कृतिक इतिहास का शिलापट्ट लगाया जाए। उन्होंने सर्वेक्षण में विलम्ब के लिए विभागीय अधिकारियों के प्रति नाराजगी जाहिर करते हुए तेजी से कार्य करने के निर्देश दिये। इस बैठक में पुरातत्व निदेशालय लखनऊ एवं सभी क्षेत्रीय पुरातत्व इकाईयों द्वारा असंरक्षण के लिए प्रस्तावित स्मारकों के संबंध में विस्तार से सुझाव लिये गये। बैठक में बताया गया कि पुरातत्व विभाग द्वारा अब तक 34 जिलों में ग्राम स्तरीय सर्वेक्षण का कार्य पूरा करा लिया गया है। शेष 41 जिलों में चार चरणों में सर्वेक्षण कराने की योजना है। पुरातत्व निदेशक रेनू द्विवेदी ने बताया कि राज्य संरक्षित स्मारकों को असंरक्षित करने के लिए भवनों/स्मारकों की सूची प्रस्तावित की गयी है। जिसमें राज मंदिर गुप्तार घाट अयोध्या, सासनी किला हाथरस, बालाबेहट किला ललितपुर, दिगारा की गढ़ी ललितपुर, बादशाहीबाग फतेहपुर आगरा, सेनापति महल कुलपहाड़ महोबा, सीताराम महल कोटवन मथुरा, आलमबाग भवन लखनऊ आदि शामिल हैं। इस अवसर पर प्रमुख सचिव पर्यटन एवं संस्कृति मुकेश कुमार मेश्राम, विशेष सचिव संस्कृति वीरेन्द्र सिंह, पर्यटन सलाहकार जयप्रकाश सिंह एवं पुरातत्व विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

महत्वपूर्ण नंबर
वूमेन पावर लाइन 1090
पुलिस 100
2629999
पुलिस स्टेशन गंज 2622556

फायर स्टेशन
हजरतगंज- कंट्रोल रूम 9454418642
गोमती नगर-9454418657

एम्बुलेंस
मेडिकल सेवा- 102, 108

कड़ी सुरक्षा के बीच आज होगी पुलिस परीक्षा, अफसर अलर्ट

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। यूपी सिपाही भर्ती परीक्षा का दूसरा चरण कल शुक्रवार से कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शुरू होगा ।हालांकि अब तक उन्तीस रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।इसके अलावा करीब 318 लोग संदिग्ध पाए गए है।यह लोग पुलिस और सुरक्षा एजेंसियों के जांच के दायरे में है।प्रथम चरण की परीक्षा के बाद यूपी पुलिस और भर्ती बोर्ड ने दूसरे चरण की परीक्षा में और भी पुख्ता प्रबंध करने का निर्णय लिया है।

इस बाबत डीजीपी प्रशांत कुमार और भर्ती बोर्ड के डीजी राजीव कृष्ण की आपस में विचार विमर्श भी हो गया है। दूसरे चरण की परीक्षा में और भी कड़ी व्यवस्था की जाएगी।यूपी पाही भर्ती परीक्षा का दूसरा चरण कल शुक्रवार 30 अगस्त से शुरू हो रहा है ।31 अगस्त को भी परीक्षा आयोजित होगी ।इन दिनों दो पालियों में परीक्षा आयोजित होगी ।यातायात व्यवस्था के समुचित प्रबंध किए गए है।परीक्षा सुबह 10 से 12 और शाम 3 से 5 दो पालियों में होगी ।उत्तर प्रदेश

पुलिस के सिपाही भर्ती परीक्षा का दूसरा चरण शुक्रवार और शनिवार को होगा ।पहले चरण में 23, 24 और 25 अगस्त को परीक्षाएं हुई थीं ।पहले चरण की परीक्षा खत्म होने के बाद तीन सिपाही समेत कुल 40 सॉल्वर्स और अभ्यर्थी गिरफ्तार हुए।29 एफआईआर दर्ज हुईं और करीब 318 संदिग्ध भी भर्ती बोर्ड की जांच के दायरे में आ गए।यूपी पुलिस कांस्टेबल भर्ती परीक्षा 31 अगस्त को समाप्त हो जाएगी।परीक्षा को लेकर प्रदेश भर में सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किए गए है ।इसके अलावा एसटीएफ और क्राइम ब्रांच तथा अभिसूचना इकाइयों को अलर्ट मोड पर रखा गया है।इसके अलावा पूरी परीक्षा की मॉनिटरिंग डीजीपी प्रशांत कुमार द्वारा की जाएगी। वह खुद किसी न किसी परीक्षा केंद्र पर पहुंच कर स्थिति को देखेंगे।

पुलिस यूपी सिपाही भर्ती परीक्षा में संदिग्ध लोगो पर नजर लगाए हुए है। वही परीक्षा केंद्रों के आस पास और अन्य जगहों पर बने साइबर कैफे और फोटो स्टेट की दुकानों पर भी कड़ी नजर रहेगी ।इसके अलावा डीजीपी मुख्यालय में बने सोशल मीडिया सेल से पुलिस भर्ती को लेकर उड़ाई जा रही अफवाहों पर कड़ी नजर रखी जा रही है ।डीजीपी ने अफवाह फैलाने वालो पर कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए है ।रेंज और जोन तथा जिले के बड़े अफसर परीक्षा के दौरान परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्था को दुरुस्त रखेंगे।

खेत में जानवर चराने का विरोध करने पर हुई थी बलवंत की हत्या

- पुलिस ने आरोपी को दबोचा कब्जे से आलाकत्ल व डंडा बरामद

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। राजधानी के बंथरा इलाके में बलवंत सिंह की हत्या का खुलासा करते हुए हत्यारे को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से घटना में इस्तेमाल आलाकत्ल व डंडा बरामद किया है।इंस्पेक्टर बंथरा राम सिंह का कहना है कि अभियुक्त अजय मृतक के खेत में जानवर चराता था जिसका विरोध करता था। फिलहाल पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

जानकारी के अनुसार इंस्पेक्टर बंथरा राम सिंह ने बताया कि इसी 27 अगस्त को भटगांव निवासी बलवंत उम्र 85 की कुल्हाड़ी से अज्ञात बदमाशों द्वारा निर्मम हत्या कर दी गयी थी।पुलिस ने बताया कि इस घटना के बाद कई लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की गयी जिससे यह बात सामने आई कि गांव के ही अजय यादव से बलवंत की कई बार कहा सुनी हुई थी। पुलिस ने आखिरकार अजय को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने हत्या की बात कबूल करते हुए बताया कि मैं मृतक के खेत में जानवर चराता था जिसका वह विरोध करते

थे। 27 अगस्त को भी मृतक ने उसका विरोध किया जिसके बाद आरोपी ने बताया कि उसने मृतक की कुल्हाड़ी और डंडों से पीटकर हत्या कर दी और मौके से फरार हो गया था।फिलहाल पुलिस ने आरोपी को जेल रवाना कर दिया है।

डीजीपी से पांच दिन मिल सकेंगे मातहत: डीजीपी प्रशांत कुमार ने पीपीएस अफसर और अराजपत्रित अधिकारियों से मिलने के लिए दिन तय कर दिए हैं। ये पुलिसकर्मी अपनी समस्या को लेकर उनसे सोमवार से शुक्रवार तक मुलाकात कर सकते हैं।इसके लिए पीपीएस अफसरों को अपने प्रभारी से अनुमति लेना जरूरी होगा।

मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड अल्पकालीन निविदा सूचना
अद्योहस्ताक्षरी द्वारा विद्युत वितरण मण्डल, अयोध्या के अन्तर्गत निम्नलिखित कार्य कराने हेतु अनुभवी एवं पंजीकृत निविदाकारों से दो अलग-अलग भागों में निविदायें ई-टेण्डिरिंग के माध्यम से आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र उ.प्र. सरकार की बेवसाइट www. etender. up.nic.in पर डाउनलोड / देखे जा सकते है। द्वितीय भाग में मूल्य / दरें निविदादाता द्वारा उ.प्र. सरकार की वेबसाइट www.etender.up.nic.in पर दिनॉक 16.09.2024 को 17.00 बजे तक अपलोड की जायेगी जो दिनॉक 17.09.2024 को 12.00 बजे अधोहस्ताक्षरी अथवा उनके नामित प्रतिनिधि के द्वारा ई-निविदा पोर्टल पर आन-लाइन सिस्टम द्वारा खोली जायेगी। निविदा खुलने की तिथि पर सार्वजनिक अवकाश होने की दशा में निविदा अगले कार्य दिवस पर खोली जायेगी। निविदा के प्रथम भाग के मूल्यांकन के बाद उपयुक्त पाये गये निविदा के द्वितीय भाग खोले जायेंगे जिसकी सूचना पत्र द्वारा / ई - मेल द्वारा अन्य माध्यम से दी जाएगी। निविदा शुल्क एवं धरोहर धनराशि अद्योहस्ताक्षरी के बैंक खाते में आर.टी.जी.एस. / एन.ई.एफ.टी. के माध्यम से (Punjab National Bank, Branch Chowk, Bajaja, Faizabad A/c No. 0166002100017035, IFSC Code-PUNB0016600 of Superintending Engineer, Electricity Distribution Circle, Faizabad) जमा करायी जायेगी तथा बैंक जमा की साक्ष्य यथा योज्य यू.टी.आर. संख्या, पे-इन- स्लिप मूल की प्रति (इश्यूडस बैंक के कन्फरमेशन मेल की प्रति) ई-टेण्डर के प्रपत्रों के साथ आन-लाइन अपलोड की जायेगी। कोई भी निविदा प्रपत्र ऑफ लाइन अथवा निविदा बाक्स में स्वीकार नहीं किया जायेंगा। निविदा प्रपत्र का मूल्य निविदा के सम्मुख अंकित है। अधोहस्ताक्षरी को बिना कारण बताये एक या सभी निविदाओं को निरस्त करने / विभिन्न फर्मों के मध्य कार्य विभक्त करने / त्रुटि सुधार / पुनः प्रकाशन करने का अधिकार सुरक्षित होगा। निविदा मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लि. की वेबसाइट www.mvvnl.in पर देखे जा सकते है। निविदा में कोई संशोधन अथवा निविदा खुलने की तिथि में विस्तार होता है तो इसकी सूचना ई-निविदा की बेवसाइट www.etender.up.nic.in पर एवं संबंधित निगम की बेवसाइट पर उपलब्ध कराये जायेगे। निविदा का विवरण निम्नवत हैः- **1. ई-निविदा संख्या 70 एच (एफ) (कार्य) / 2024-25** अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड- प्रथम, अयोध्या के अन्तर्गत आने वाले उपखण्ड कार्यालय फेसू-1/फेस-2 एवं अयोध्या पर लगें प्रिन्टरों के अनुरक्षण एवं लेजर प्रिन्टरों की रीफिलिंग के 09 माह हेतु अनुरक्षण का कार्य। ई - निविदा प्रपत्र शुल्क रू. 1180.00 जी.एस.टी. सहित तथा धरोहर राशि रू. 2,000.00 **2. ई-निविदा संख्या 71 एच (एफ) (कार्य) / 2024-25:** अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड-द्वितीय, अयोध्या के अन्तर्गत आने वाले उपखण्ड कार्यालय बाकरगंज, बीकापुर एवं गोसाईगंज में स्थापित कम्प्यूटर सिस्टम के रखरखाव एवं लगें प्रिन्टरों के अनुरक्षण एवं लेजर प्रिन्टरों की रीफिलिंग के 09 माह हेतु अनुरक्षण का कार्य । ई - निविदा प्रपत्र शुल्क रू. 1180.00 जी.एस.टी. सहित तथा धरोहर राशि रू. 2,000.00 **3. ई - निविदा संख्या 72 एच (एफ) (कार्य) / 2024-25:** अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड-तृतीय, मिल्कीपुर अयोध्या के अन्तर्गत आने वाले उपखण्ड कार्यालय रानीबाजार, मिल्कीपुर एवं कुमारगंज में स्थापित कम्प्यूटर सिस्टम के रखरखाव एवं लगें प्रिन्टरों के अनुरक्षण एवं लेजर प्रिन्टरों की रीफिलिंग के 09 माह हेतु अनुरक्षण का कार्य। ई - निविदा प्रपत्र शुल्क रू. 1180.00 जी.एस.टी. सहित तथा धरोहर राशि रू. 2,000.00
अधीक्षण अभियन्ता विद्युत वितरण मण्डल अयोध्या।
''राष्ट्र हित में ऊर्जा बचायें, बल्ब की जगह एलईडी लगायें''
(पत्रांक 8737 / दि. 29.08.2024)

चोरों ने युवक की जेब से पार किया कीमती मोबाइल फोन, रिपोर्ट दर्ज

लखनऊ। आलमबाग कोतवाली इलाके स्थित चंदर नगर चौराहे पर सरेराह भीड का फायदा उठा चोरों ने युवक की जेब से कीमती मोबाइल फोन पार कर दिया ।आलमबाग कोतवाली प्रभारी शिव शंकर महादेवन ने बताया कि थाना कृष्णा नगर कोतवाली इलाके स्थित एलडीए कालोनी निवासी योगेश भाटिया पुत्र स्व० रमेश भाटिया के अनुसार वह बुधवार शाम थाना क्षेत्र स्थित चंदर नगर चौराहे से गुजर रहा था उस दौरान चोरों ने भीड़ का फायदा उठा उसकी जेब से कीमती मोबाइल फोन पार कर दिया।जानकारी होने पर पीडित ने स्थानीय थाने में पुलिस से शिकायत की है।पुलिस के अनुसार पीडित की शिकायत पर चोरी की धारा में रिपोर्ट दर्ज कर चोरों की तलाश की जा रही है।

श्रद्धांजलि संदेश

पिता जी आपकी तीसरी पुण्य तिथि पर नम आंखों से विनम्र श्रद्धांजलि

मैं आपकी तीसरी पुण्य तिथि पर आपको बताना चाहते हैं की हम सभी आपको बहुत याद करतें हैं तथा आपके साथ बिताए गए पलों को संजो कर रखते हैं। हलांकी दुख हमारे दिलों में आज भी ताजा हैं। आपकी तीसरी पुण्य तिथि पर आपके बच्चे, महेश, बृजेश, गायत्री, आशीष, कृष्णा देवी, पोती (पीहू) एवं आपके भाई श्री प्रेम चंद्र, हरिश्चंद्र समेत हम सब मिलकर आशा एवं प्रार्थना करते हैं कि अब आप बेहतर जगह पर होंगे। कृपया मेरी हार्दिक संवेदना स्वीकार करें।

कार्यालय ग्रामपंचायत श्रीरामपुर लमौली, वि.खं. मोतिगरपुर जनपद-सुल्तानपुर
पत्रांक मेमो   दिनांक - 29.08.2024

अल्पकालीन निविदा/कोटेशन

ग्राम पंचायत-श्रीरामपुर लमौली,विकासखंड मोतिगरपुर में आईसीडीएस/15वां वित्त/पंचम वित्त/ राज्यवित्त/ मनरेगा योजनान्तर्गत वर्ष 2023-24 में प्राप्त धनराशि से होने वाले निर्माण कार्यो हेतु सामग्री आपूर्तिकताओं/ठेकेदारों से निविदा/कोटेशन दरें दिनांक- 29-08-2024 से 04-09-2024 के अपराहन 2:00 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं। निविदा दिनांक 04-09-2024 को अपराह्न 3:00 बजे निविदादाताओं/प्रतिनिधियों के समक्ष खोली व निरस्त की जाएगी। दरें पी.डब्ल्यू.डी के दरों द्वारा जारी दरों अधिक नहीं होनी चाहिए। विवरण निम्न प्रकार है।

क्र. सं.	कार्य का नाम	अनुमानित लागत	सामग्री
1	आगनबाड़ी केंद्र का निर्माण कार्य।	12 लाख रुपये	ईंट, ईंट गिट्टी, सीमेंट, मोरंग, सरिया, व अन्य सामग्री।
2	बुद्धू यादव के घर से शुकुलतारा तक पक्की नाली निर्माण कार्य।	906741 लाख	सामग्री- ईंट, मोरंग, गिट्टी, सीमेंट, सरिया व अन्य सामाग्री।

नोट- सभी शर्ते व नियम लागू होंगे। कार्यालय के किसी भी कार्यदिवस में देखी जा सकती हैं।
ग्रामप्रधान/सचिव
ग्रामपंचायत श्रीरामपुर लमौली, वि.खं. मोतिगरपुर
जनपद-सुल्तानपुर

कार्यालय ग्राम पंचायत छतांगुर विकास खण्ड बेहटा, सीतापुर
पत्रांकः मेमा/एस.एल.डब्लू.एम./निविदा सूचना प्रकाशन/वर्ष 2024-25   दिनांक 28.08.2024

अल्पकालीन निविदा सूचना

सर्व साधारण को सचित किया जाता है कि एस.एल.डब्लू.एम. वित्त योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत के कार्यालय में वित्तीय वर्ष 2024-25 में निम्न निर्माण हेतु निम्न दरों पर केवल सामग्री आपूर्ति हेतु पंजीकृत एवं स्थानीय फर्म जिनका आयकर वाणिज्य कर विभाग में पंजीकृत हो तथा मोहर बंद दिनांक 30.08.2024 से 05.09.2024 को अपरान्ह 02 बजे तक आमंत्रित की जाती है। प्राप्त टेण्डर को ग्राम पंचायत छतांगुर के द्वारा गठित समिति के समक्ष दिनांक 05.09.2024 को समय 03 बजे दिन में सार्वजनिक रूप से खोली जायेगी।

क्र.सं.	कार्य का नाम	मात्रा	अनुमानित लागत
1	सोक पीट निर्माण कार्य।	10 नग	147104.00

1. निविदा फर्म क्रय की जाने वाली सामग्री सम्बन्धित दिशा अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में निविदा मूल्य के साथ जमा करके प्राप्त किये जा सकते है।
2. किसी भी वाद विवाद की दशा में जनपद न्यायालय सीतापुर होगा।
3. निविदा/स्वीकृत/निरस्त करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा।
4. सामग्री आपूर्ति कार्य स्थल पर ही की जायेगी।

श्री मनोज कुमार, **प्रधान**, **ग्राम पंचायत छतांगुर**, **विकास खण्ड बेहटा, सीतापुर**
श्री गौरव मिश्रा, **सचिव**, **ग्राम पंचायत छतांगुर**, **विकास खण्ड बेहटा, सीतापुर**

कार्यालय ग्राम पंचायत छतांगुर विकास खण्ड बेहटा, सीतापुर
पत्रांकः मेमा/पंचत राज्य वित्त/15वां वित्त/निविदा सूचना प्रकाशन/वर्ष 2024-25 दिनांक 28.08.2024

अल्पकालीन निविदा सूचना

सर्व साधारण को सचित किया जाता है कि पंचत राज्य वित्त/15वां वित्त योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत के कार्यालय में वित्तीय वर्ष 2024-25 मे निम्न निर्माण हेतु निम्न दरों पर केवल सामग्री आपूर्ति हेतु पंजीकृत एवं स्थानीय फर्म जिनका आयकर वाणिज्य कर विभाग में पंजीकृत हो तथा मोहर बंद दिनांक 30.08.2024 से 05.09.2024 को अपरान्ह 02 बजे तक आमंत्रित की जाती है। प्राप्त टेण्डर को ग्राम पंचायत छतांगुर के द्वारा गठित समिति के समक्ष दिनांक 05.09.2024 को समय 03 बजे दिन में सार्वजनिक रूप से खोली जायेगी।

क्र.सं.	कार्य का नाम	समग्री का विवरण	अनुमानित लागत
1	इण्टरलाकिंग से रमेश के घर तक खडण्जा निर्माण।	प्रक्कलन के अनुसार	194288.00
2	अमरीश के घर के पीछे से चकमार्ग तक नाली निर्माण।	प्रक्कलन के अनुसार	197607.00

1. निविदा फर्म क्रय की जाने वाली सामग्री सम्बन्धित दिशा अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में निविदा मूल्य के साथ जमा करके प्राप्त किये जा सकते है।
2. किसी भी वाद विवाद की दशा में जनपद न्यायालय सीतापुर होगा।
3. निविदा/स्वीकृत/निरस्त करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत मे निहित होगा।
4. सामग्री आपूर्ति कार्य स्थल पर ही की जायेगी।

श्री मनोज कुमार, **प्रधान**, **ग्राम पंचायत छतांगुर**, **विकास खण्ड बेहटा, सीतापुर**
श्री गौरव मिश्रा, **सचिव**, **ग्राम पंचायत छतांगुर**, **विकास खण्ड बेहटा, सीतापुर**

प्रॉपर्टी डीलर के मकान का ताला तोड़कर 10 लाख के जेवरात और नकदी चोरी

- घर के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे तोड़े
- गांव गया था परिवार
- पीजीआई कोतवाली क्षेत्र के तेलीबाग की घटना

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। पीजीआई कोतवाली क्षेत्र के तेलीबाग पुलिस चौकी अंतर्गत कुम्हार मंडी में रहने वाले, प्रापर्टी डीलर के मकान का ताला तोड़कर बेखौफ बदमाशों ने करीब साढ़े नौ लाख रुपए कीमत के जेवरात और नकदी चुरा ले गए, घर के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे तोड़ डाले,घटना के समय परिवार अपने पैतृक गांव जनपद बलिया गया था ।घटना पड़ोस में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। पड़ोसी से मिली सूचना पर गुरुवार को लौटे पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर दी है।

पुलिस मुकदमा दर्ज कर सीसीटीवी कैमरे में सुराग तलाश रही है। पूर्व सैनिक व प्रापर्टी कारोबारी,प्रभुनाथ सिंह,पत्नी ,एक पुत्र और पुत्री के साथ, कुम्हार मंडी, तेलीबाग,कोतवाली पीजीआई, लखनऊ में रहते हैं।

मूल रूप से बलिया, उत्तरप्रदेश के रहने वाले प्रभूनाथ सिंह बीते मंगलवार को पत्नी और बेटी के साथ, अपने पैतृक गांव चले गए थे,बेटा मुंबई स्थित किसी कंपनी में कार्यरत है ।घर में ताला बंद था,मंगलवार रात को चोरों ने बाउंड्री वॉल फांद कर अंदर गए,और कमरों के ताले तोड़कर लॉकर में रखे करीब साढ़े नौ लाख रुपए कीमत के जेवरात और 35 हजार रूपए नकद चोरी कर ले गए।

बुधवार सुबह पड़ोसी ने दी सूचना : बुधवार सुबह जब पड़ोसी ने छत का दरवाजा खुला देखा तो प्रभूनाथ सिंह को सूचना दी,गुरुवार सुबह गांव से लौटे पीड़ित ने पुलिस को सूचना दी,सूचना पर पहुंची पीजीआई कोतवाली पुलिस ने घटना स्थल की जांच पड़ताल की,पीड़ित ने अज्ञात चोरों के खिलाफ तहरीर दी, पुलिस मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल कर रही है। इन्स्पेक्टर पीजीआई ब्रजेश चंद्र तिवारी ने बताया कि, चोरों ने पीड़ित के घर में लगे सीसीटीवी कैमरे तोड़ दिया था,और बॉक्स उठा ले गए,लेकिन पड़ोस में लगे सीसीटीवी कैमरे में चोर कैद हुए हैं,चेहरे कपड़े से ढक रखा है,टीमों का गठन कर दिया गया है। जल्दी खुलासा कर दिया जाएगा।

विवाहिता ने सौतेली मां पर लगाया धोखाधड़ी का आरोप, मुकदमा दर्ज

- आरोप पिता की संपत्ति को सौतेली माँ फर्जी दस्तावेजों के आधार पर कर रही है क्रय विक्रय

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। आशियाना थाने पर एक विवाहिता ने अपनी सौतेली माँ के खिलाफ मृतक पिता की संपत्ति को फर्जी दस्तावेजों के आधार पर विक्रय करने का आरोप लगाते हुए लिखित शिकायत की है।

आशियाना थाना प्रभारी छत्रपाल सिंह ने बताया कि हजरतगंज थाना क्षेत्र स्थित शालिमार एमेरेल्ड में रहने वाली ईवा पाठक पत्नी आशुतोष पाठक के अनुसार उनके पिता स्व दीपांशु चौधरी आशियाना क्षेत्र के बंगला बाजार स्थित उद्यान प्रथम के आराधना अपार्टमेंट में रहते थे वर्तमान में उस मकान में उनकी सौतेली माँ शिखा चौधरी रहती है `पिता ने अपने रजिस्टर्ड वसीयत में अपनी कुछ सम्पत्ती उनके नाम पर किये थे` पिता द्वारा की गई वसीयत में उनका और उनकी दूसरी माँ का बराबर का अधिकार है इसके बावजूद उनकी सौतेली माँ पिता के कुछ संपत्ति को जो वसीयत में अंकित नहीं फर्जी दस्तावेजों के आधार पर विक्री कर रही है` आरोप है कि उनकी सौतेली माँ ने पिता की कार को गलत दस्तावेजों के आधार पर अपने नाम ट्रांसफर करा लिया और उस कार को बेच दिया जिसकी जानकारी होने पर पीडिता पुत्री ने आईटीओ कार्यालय में आपत्ति पत्र लगा स्थानीय थाने पर शिकायत की है। पुलिस के अनुसार पीड़िता की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

फैमिली कोर्ट से बाहर आते ही ननद को पीटा

लखनऊ। कैसरबाग फैमिली कोर्ट के बाहर बुधवार दोपहर जमकर हंगामा हुआ। मनमुताबिक मध्यस्थता नहीं होने पर भाभी ने ननद को बीच सड़क पीट दिया। आरोप है कि मारपीट के दौरान युवती से छेड़छाड़ भी की गई।युवती के भाई ने कैसरबाग कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया है।मड़ियांव निवासी युवक की पत्नी ने बीकेटी कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया था। बुधवार को कैसरबाग फैमिली कोर्ट में मीडिएशन की तारीख थी। इस पर युवक और छोटी बहन पहुंचे थे।शाम को वह लोग मीडिएशन सेंटर से बाहर निकले थे। तभी युवक की पत्नी और परिवार वाले गाली गलौज करने लगे। आरोपियों ने युवक के साथ आई छोटी बहन से गलत हरकत की और विरोध पर मारपीट करने लगे।इससे युवती के कपड़े भी फट गए।इंस्पेक्टर कैसरबाग सुनील सिंह के मुताबिक केस दर्ज कर जांच की जा रही है।

कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता विद्युत नगरीय वितरण मण्डल - पुरनिया (लेसा) मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लि. 33/11 के.वी. उपकेन्द्र, पुरनिया अलीगंज, लखनऊ अल्पकालिक ई-निविदा सूचना अधोहस्ताक्षरी द्वारा विद्युत नगरीय वितरण मण्डल - पुरनिया, लेसा लखनऊ के कार्यक्षेत्र में, प्रतिष्ठित व अनुभवी ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य कराये जाने हेतु ई-टेण्डरिंग पोर्टल 'https://etender.up.nic.in' के माध्यम से ई-निविदायें दो भागों में आमंत्रित की जाती है। ई - निविदाओं से सम्बन्धित पूर्ण विवरण (धरोहर धनराशि, निविदा प्रपत्र का मूल्यः एवं कार्यावधि) ई-टेण्डरिंग पोर्टल से डाउनलोड कर दिनांक 12.09.2024 को 14:00 बजे तक अपलोड किये जा सकते है। निविदायें दिनांक 12.09.2024 को 17:00 बजे या उसके बाद खोली जायेगी। विस्तृत विवरण एवं अन्य कोई सुधार / परिवर्तन / संशोधन / विस्तार / शुद्धिपत्र केवल ई-टेण्डरिंग वेबसाइट पर ही अपलोड किये जायेंगे जिसे उक्त ई-टेण्डरिंग पोर्टल पर देखा जा सकता हैं। अधोहस्ताक्षरी को एक अथवा समस्त निविदा प्रपत्रों को बिना कारण बताये निरस्त/विभक्त करने का अधिकार सुरक्षित है, विवरण निम्नवत् है :- **क्र.सं. 1 ई-निविदा संख्या** 38/EUDC-PURANIA/2024-25 **धरोहर धनराशि (रू.)** 2000.00 **निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू.)** 1000+180 =1180 (Inclusive GST) **कार्य का विवरण** विद्युत वितरण खण्ड-रहीमनगर, लेसा, लखनऊ के कार्यालय व अधीनस्थ उपखण्ड कार्यालयों में स्थापित विभिन्न मेक के कम्प्यूटर प्रिंटरों की कार्ट्रिज रिफिलिंग व वार्षिक अनुरक्षण ओ.एण्ड एम. मद में कराये जाने का कार्य। **क्र.सं. 2 ई-निविदा संख्या** 39/EUDC-PURANIA/2024-25 **धरोहर धनराशि (रू.)** 25000.00 **निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू.)** 3000+540=3540 (Inclusive GST) **कार्य का विवरण** विद्युत वितरण खण्ड-बी.के.टी., लेसा, लखनऊ के कार्यक्षेत्रान्तर्गत ओ.एण्ड एम. मद 2024-25 के तहत अवस्थित विभिन्न 33/11 के.वी. विद्युत उपकेन्द्रों में स्थापित 11 के.वी. ब्रेकरों के अनुरक्षण एवं मरम्मत व अन्य तत्सम्बन्धी विद्युतीय कार्य। **अधीक्षण अभियन्ता।**
''राष्ट्र हित में बिजली बचायें''
(पत्रांक 6636 / दि. 29.08.2024)

दो शातिर चोर गिरफ्तार, स्कूटी समेत दो बाइक बरामद

- दोनों शातिरों पर दर्ज हैं कई अपराधिक मुकदमें

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ।राजधानी की सैरपुर पुलिस ने दो शातिर चोरों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से स्कूटी समेत दो बाइक बरामद की है। पुलिस का कहना है कि आरोपियों पर कई अपराधिक मुकदमें दर्ज हैं।

एडीसीपी उत्तरी ने बताया कि सैरपुर इलाके में लगातार हो रही बाइक चोरी की घटनाओं को देखते हुए इंस्पेक्टर सैरपुर पुलिस को आदेशित किया गया था। पुलिस इन्हीं शातिरों की गिरफ्तारी के लिए प्रयास कर रही थी तभी पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि दो शातिर चोर इलाके में मौजूद हैं। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर भरोसा किया और ततकाल मौके पर पहुंचकर दोनों शातिरों को दबोच लिया। पुलिस पूछताछ में शातिरों ने अपना नाम तकरोही इंदिरानगर निवासी शुभम कुमार व आलमबाग निवासी मोहित विश्वाकर्मा बताया। पुलिस ने बताया कि अभियुक्तों के कब्जे से स्कूटी समेत दो बाइक बरामद हुई हैं। पुलिस ने बताया कि दोनों आरोपियों पर नौ नौ अपराधिक मुकदमे दर्ज हैं।

पूर्व सैनिक के बंद मकान में ताला तोड़कर लाखों की चोरी

लखनऊ। पीजीआई कोतवाली क्षेत्र के सुभानी खेड़ा में बेखौफ चोरों ने,मंगलवार रात, एक पूर्व सैनिक के बंद मकान का ताला तोड़कर लाखों रुपए कीमत के जेवरात चुरा ले गए , घटना के समय परिवार किसी काम से बाहर गया हुआ था।गुरुवार को घर लौटने पर घटना की जानकारी हुई, पीड़ित की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना स्थल की जांच पड़ताल की। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश कर रही है।आर के चौधरी सेना से सेवानिवृत्त हैं और परिवार के साथ,सुभानी खेड़ा,तेलीबाग, पीजीआई लखनऊ में रहते हैं।पुलिस के मुताबिक वह परिवार के साथ बाहर गए हुए थे।मंगलवार रात जब बरसात हो रही थी,उसका फायदा उठाकर चोरों ने घर का ताला तोड़ डाला, पड़ोसियों की सूचना पर गुरुवार को घर पहुंचे पीड़ित ने देखा कि घर अस्त व्यस्त है,लॉकर का ताला तोड़कर चोर उसमें रखे उनकी बहू के ढाई से तीन लाख रुपए कीमत के जेवरात चोरी कर फरार हो गए।पीजीआई कोतवाली पुलिस मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश कर रही है।

मुकदमा वापस लेने को सैलून में घुसकर हमला

लखनऊ। चिनहट स्थित सैलून में बाल कटवा रहे युवक पर दबंगों ने हमला कर दिया। आरोपियों ने दुकान से घसीटकर युवक को बुरी तरह पीटा और धमकी देते हुए भाग निकले।पीड़ित ने कुछ वक्त पूर्व महानगर कोतवाली में मारपीट की रिपोर्ट दर्ज कराई थी।इसे वापस नहीं लेने पर हमला किया गया है। डूडा कॉलोनी नन्दपुर निवासी विनोद कुमार एल्डिको तिराहे के पास बाल कटवाने गए थे। तभी लक्की यादव और

अक्शीर आ धमके।उन्होंने विनोद को ललकारते हुए हमला बोल दिया। पीड़ित को सैलून से घसीटकर पीटा।झगड़ा होते देखकर राहगीरों के बीच बचाव पर आरोपी गाली गलौज करते हुए भाग निकले।विनोद ने पुलिस को बताया कि वह कुछ वक्त पूर्व तक अकबरनगर में रहता था।उसी कॉलोनी में लक्की, अक्शीर भी रहते थे। पहले भी उन्होंने विनोद से मारपीट की थी।विस्थापन के बाद विनोद डूडा कॉलोनी में रहने लगे, जिन पर आरोपियों ने रिपोर्ट वापस लेने का दबाव भी बनाया था। इंस्पेक्टर अश्विनी चतुर्वेदी ने बताया कि केस दर्ज कर जांच की जा रही है।

कारोबारी ने फांसी लगाकर दी जान

मोहनलालगंज। मोहनलालगंज के बैरीसालपुर स्टेशन रोड पर किराए पर रह रहे एक प्रोपर्टी कारोबारी ने कमरा बंदकर गमछे के फंदे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया।सुबह परिवार जब सोकर उठा तो दरवाजा बंद पाया जाली से झांक कर देखा तो दंग रह गए शव लटकता देख पुलिस को सूचना दी पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।पत्नी ने बताया कि उसके पति ने जमीन लेने के लिए कुछ लोगों को लाखों रुपये दिए थे न ही जमीन मिली और न ही रुपए जिसके चलते उसके पति डिप्रेशन में थे।

उ0प्र0 राज्य विद्युत उत्पादन निगम लि0
अनपरा तापीय परियोजना

सूचना

श्री विरेन्द्र प्रताप चौहान, श्रमिक, पुत्र स्व0 गामा प्रसाद, ग्राम–देउखा, पो0–बोधा छापर, थाना–उच्चायकोट, जिला–गोपालगंज (बिहार)–841501 जो दिनांक 12.05.2024 से बिना पूर्व सूचना के कार्यस्थल से अनुपस्थित चल रहे है। आपको अनेको पत्रो के माध्यम से कार्यभार ग्रहण करने हेतु निर्देशित किया गया था परन्तु अभी तक आपके द्वारा कार्यभार ग्रहण नही किया गया है।

अतः आपको सूचित किया जाता है कि आप इस पत्र के प्रकाशित होने के 10 दिनों के अन्दर अपने कार्यस्थल पर उपस्थित हो अन्यथा आपके विरूद्ध नियमानुसार / प्रशासनिक कार्यवाही की जायेगी।

पत्रांक : 2547 / मु0अभि0(स्तर–1) / अ0ता0प0 / कला अनु0   दिनांकः 29 / 08 / 2024

''राष्ट्रहित में बिजली बचायें''

पर्सनल लाइफ कभी पब्लिक के सामने नहीं लाती : दीपशिखा नागपाल

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। शक्तिमान, सोनपरी और रामायण जैसे लोकप्रिय टीवी सीरियल में अपनी अदाकारी का जलवा दिखाने वाली मशहूर टीवी एक्ट्रेस दीपशिखा नागपाल इन दिनों कलर्स के सीरियल मेघा बरसेगा में छाई हुई है. सीरियल की पृष्ठभूमि से लेकर अपने किरदार तक क्या कुछ है खास, इस बारे में उन्होंने वॉयस ऑफ लखनऊ से खास बातचीत की।

आप इस शो के बारे में क्या कुछ कहना चाहेंगी ?

यह शो एक पंजाबी फैमिली पर आधारित है, जो अमृतसर में रहती है। शो में मैं मेरे भाई-भाभी, उनके बेटा-बहू और मेरी भतीजी मेघा है। ये कोई टिपिकल टीवी सीरियल नहीं लगता है। ये ऐसे लगता है जैसे आयुष्मान खुराना की बधाई हो फिल्म को लेकर पैरेलल सिनेमा चल रहा हो। सौरभ सर ने इस सीरियल के लिए बहुत अच्छे किरदार चुने है।

आप अपने किरदार के बारे में कुछ बताएं ?

इस सीरियल में मेरे करेक्टर का नाम गोल्डी है। जो मेघा की बुआ है और जिसकी शादी हो चुकी है, लेकिन वो भी एक छोड़ी हुई औरत है। यही वजह है कि वो मेघा से खुद को जुड़ा हुआ पाती है। गोल्डी इन्फ्लुएंसर को अन्फ्लुएंसर कहती है, कोरियोग्राफर को चोरियोग्राफर बोलती है। गलत इंग्लिश बोलने के बाद भी उसका कॉन्फिडेंस ऐसा है कि मानो वो ही सही बोल रही हो और आप गलत। गोल्डी बहुत कॉन्फिडेंट रहती है, लेकिन आते-जाते सबको ताने मारती है। कहीं भी फोन निकालकर रील बनाने लगती है। वह अपनी फैमिली से बहुत प्यार भी करती है।

आप अपने किरदार से खुद को कितना कनेक्ट फील करती है ?

मैं गोल्डी से बहुत कनेक्ट फील करती हूं। मैं भी गोल्डी की तरह कभी-कभी गलत इंग्लिश बोल देती हूं। कभी-कभी अकबकाने लगती हूं, मैं भी उसी की तरह नाम भूल जाती हूं, मैं भी मस्तीखोर हूं। और तो और मैं भी गोल्डी की तरह ही सब बातें दिल में रखती हूं और अपनी पर्सनल लाइफ कभी पब्लिक के सामने नहीं लाती, बस खुश रहती हूं। गोल्डी के लिए मुझे कोई एक्टिंग नहीं करनी पड़ी, मैं असल में ऐसी ही हूं।

सबके साथ काम करके आपको कैसा लगा ?

मुझे सबके साथ काम करके अच्छा लगा। शो में मेरे भाई का रोल निभाने वाले अक्षय के साथ मैंने फिल्म में काम भी किया है। मैंने उन्हें 20 साल बाद देखा। सेट पर मैं सिर्फ उनको ही जानती थी, बाकी सबसे मैं बाद में मिली। नेहा जो मेघा का किरदार निभा रही है, ने बहुत अच्छा काम किया है। वह बहुत ही नेचुरल एक्टर है। शो में मेरी भाभी का रोल करने वाली गीता बिस्ट सब अच्छे हैं। ऐसा लगता है सब अपने रोल के लिए एकदम परफेक्ट है। मेरी सबके साथ एक बॉन्डिंग हो गई है। मेघा और मेरा किरदार छोड़ी हुई औरतों का है। ये बहुत ही इमोशनल है। गोल्डी मेघा से बहुत प्यार करती है। गोल्डी के अपने बच्चे नहीं हैं इसलिए वह चाहती है कि मेघा खुश रहे, उसे सारी खुशियाँ मिले।

आप अपने फैंस को क्या कहेंगी ?

फैंस के लिए मैं कहूंगी कि आप सब मुझसे पूछ रहे थे कि मेरा नया शो कब आएगा तो ये मेरा नया शो है। कई दिनों तक वो घंटी नहीं बजी थी जो कहे कि हाँ मुझे ये रोल करना चाहिए, लेकिन हाँ इस रोल ने ऐसा महसूस करवा दिया था। इसलिए मैंने ये किया। आपने हमेशा ही मुझे अपना प्यार दिया है। इसी तरह मेरे इस किरदार को भी अपना प्यार दें और आप सभी मेरा ये सरियल जरूर देखें।

सुदेश बेरी अमरजीत की भूमिका में आ रहे नजर

लखनऊ। सोनी सब का वंशज उत्तराधिकार के मानदंडों से संबंधित जटिलताओं को दर्शाते हुए, पुरुष उत्तराधिकारियों के प्रति सामाजिक पूर्वाग्रह को उजागर किया गया है। इन मानदंडों के कारण युविका (अंजलि तत्रारी) और दिग्विजय महाजन उर्फ डीजे (माहिर पांधी) के बीच दुश्मनी की आग भड़क जाती है, क्योंकि वे महाजन एम्पायर के प्रमुख की गद्दी पाने के लिए प्रतिस्पर्धा करते हैं। आगामी एपिसोड्स में, युविका महाजन एम्पायर की कमान संभालती है। व्यवसाय को आगे बढ़ाने और कई सौदे हासिल करने के दौरान, उसकी मुलाकात तलवार परिवार से होती है, जो महाजनों का व्यावसायिक प्रतिद्वंद्वी है। वरिष्ठ अभिनेता सुदेश बेरी ने शो में एक अनुभवी व्यावसायी और तलवार परिवार के मुखिया, अमरजीत तलवार की भूमिका में कदम रखा है। भानुप्रताप महाजन का पूर्व व्यावसायिक साझेदार होने के नाते, अमरजीत पिछले विवादों के कारण महाजन परिवार को अपना कट्टर दुश्मन मानता है। अमरजीत का किरदार कहानी में साज़िश के पहलू को और भी प्रबल बना देगा, जिससे दोनों परिवारों के बीच की प्रतिद्वंद्विता बढ़ जाएगी, और लंबे समय से दबे रहस्य उजागर होंगे, जिससे उनके बीच के संबंध बदलने का खतरा भी पैदा हो जाएगा। वंशज के नए अध्याय में, अमरजीत का मजबूत रवैया और पुरानी बातों का बदला लेने का दृढ़ संकल्प युविका के लिए बड़ी चुनौतियां पेश करेगा। अमरजीत के आने से न केवल उनके परिवारों के बीच प्रतिद्वंद्विता बढ़ेगी बल्कि कुछ छिपे हुए सच भी सामने आएंगे, अमरजीत तलवार का किरदार निभाने वाले सुदेश बेरी ने कहा, मैं वंशज में अमरजीत तलवार की डायनेमिक भूमिका निभाने के लिए रोमांचित हूं। इस जटिल किरदार से मुझे एक अभिनेता के तौर पर आकर्षक चुनौती मिली है। मैं अमरजीत की भूमिका निभाने के लिए उत्सुक हूं, जो भले ही काफी करिश्माई और आकर्षक किरदार है, लेकिन फैसला लेने के मामले में बहुत ही शानदार और निर्दयी है। मेरे किरदार के आने से कहानी एक नया मोड़ लेने के लिए तत्पर हो गई है, और दर्शकों को ऐसी नई प्रतिद्वंद्विता देखने को मिलेगी जो युविका और महाजन परिवार के लिए बड़ा खतरा बन जाएगी।

कहानी सुनकर बोलीं छात्राएं, हिम्मत से करेंगे परेशानियों का सामना

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। अगर दूसरों का भला करोगे तो ऊपर वाला तुम्हारा भला करेगा। कहानियों के माध्यम से बच्चों को नैतिक शिक्षा देने के अभियान के तहत गुरुवार को मोहिबुल्लापुर के श्रीनगर कालोनी स्थित बाल निकुंज इण्टर कालेज की बालिकाओं को कहानी सुनायी गयी। लोक संस्कृति शोध संस्थान द्वारा आयोजित दादी नानी की कहानी जीतेश की जुबानी कार्यक्रम में बच्चों ने कथा सुनकर उन पर आधारित प्रश्नों के उत्तर भी दिये।

कार्यक्रम की शुरूआत कठिन वाक्यों के उच्चारण अभ्यास से हुई। स्टोरीमैन जीतेश श्रीवास्तव ने एक गांव की छोटी बच्ची खुशी के माध्यम से बच्चों में दूसरों की भलाई करने, बड़ों की बात मानने, हमेशा खुश रहने, आलस्य का त्याग करने तथा सभी तरह की परेशानियों का सामना हिम्मत से करने की सीख दी। कहानी से मिली सीख को बच्चियों ने अपने शब्दों में बताया। इस अवसर पर बाल निकुंज विद्यालय समूह के प्रबंधक एचएन जायसवाल ने कहा कि हम सब एक दूसरे पर निर्भर हैं, इसलिये हमें एक दूसरे की मदद करनी चाहिए। हमें ऐसा कार्य करना चाहिए जिसमें सब की भलाई हो। प्रधानाचार्य भगवती भण्डारी ने कथा प्रस्तोता समूह का स्वागत किया। कार्यक्रम में लोक संस्कृति शोध संस्थान की सचिव सुधा द्विवेदी, एसबीआई के सेवानिवृत मुख्य प्रबंधक राजनारायण, समाजसेवी शम्भूशरण वर्मा, डा. एस.के.गोपाल के साथ ही अध्यापिकायें और गर्ल्स विंग की छात्रायें उपस्थित रहीं।

काशी बदली, अयोध्या बदली, अब मथुरा की बारी है...

- सुर ताल संगम के वार्षिकोत्सव में अनूप जलोटा ने संगीतकार केवल कुमार को लाइफ टाइम अवार्ड से किया सम्मानित
- अभा भजन प्रतियोगिता में नवीन, अंशिका व स्वरित प्रथम

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। धन-दौलत, जमीन आदमी के जाने के साथ ही छूट जाती है पर बड़ी बात ये होगी कि वह अपना ज्ञान नयी पीढ़ी को सौंपकर जाये। अपने 60 साल के संगीत के सफर और 71 वर्ष की उम्र का जिक्र करने के साथ संगीतकार केवल कुमार को लाइफ टाइम अवार्ड से सम्मानित करते हुए भजन सम्राट अनूप जलोटा ने उक्त विचार व्यक्त किये। उनकी मौजूदगी में उनके और डा.जया श्रीवास्तव के गाये भजन-बरसाने वाली राधा.. की लांचिंग के संग भजनों की रसधारा श्रोताओं को मधुर भक्तिभावों से भर गयी। संत गाडगेजी महाराज प्रेक्षागृह गोमतीनगर में आज शाम सुर ताल संगम संस्था का तेरहवें वार्षिकोत्सव का आयोजन था।

भजन सम्राट ने राम भजन-राम रमैया गाये जा में काशी बदली अयोध्या बदली अब मथुरा की बारी है....से गाना शुरू किया तो श्रोताओं की फरमाइशों की झड़ी लग गयी। आगे उन्होंने ऐसी लागी लगन...से श्रोताओं को भावविभोर किया। उन्होंने यहां प्रतियोगियों और कलाकारों को देखन में छोटे लगें, घाव करे गम्भीर की संज्ञा देते हुये सम्मानित किया। केवलकुमार के लिये उन्होंने कहा कि व्यक्ति ऐसा ही होना चाहिये जो दूसरों को बनाता है। जया श्रीवास्तव को उन्होंने मेहनत कर प्रतिभाओं को खोजने और नये कलाकारों को मौका देने वाला समर्पित संगीतकर्मी बताया।

राम से कृष्ण के भजनों से लेकर निर्गुण रचनाओं से सजे कार्यक्रम में संस्थापिका डा. जया ने संगीत को समर्पित संस्था के विगत वर्षों में खोजी गयी अनगिनत प्रतिभाओं की जानकारी देते हुए पद्मश्री अनूप जलोटा और अन्य अतिथियों का स्वागत किया। समारोह में बरसाने वाली राधा...की लांचिंग करते हुए स्क्रीन पर प्रदर्शित किया गया। बाल, युवा और वरिष्ठ, इन तीन वर्गों में हुई अखिल भारतीय भजन प्रतियोगिता के फाइनल में बाल वर्ग में स्वरित अग्रवाल पहले व अद्विका श्रीवास्तव दूसरे स्थान पर तो नवयुवा वर्ग में अंशिका प्रथम व दिव्यांशु द्वितीय रहे। सीनियर वर्ग में पहले तीन स्थान क्रमशः नवीन चन्द्रा, सुशीलकुमार सिंह राठौर व चंदन रैतानी को मिले। विजेताओं को क्रमशः 31सौ, 21सौ और 11सौ का पुरस्कार, स्मृतिचिन्ह व प्रमाणपत्र दिये गये। इससे पहले संस्था के बर्लिंग्टन चौराहा स्थित प्रशिक्षण केन्द्र की शुरूआत के साथ इस मौके पर संस्था की वेबसाइट, संस्था गीत की लांचिंग और युवा संगीतकार अभिजीत के नेतृत्व में आकार बैण्ड की भी शुरूआत हो गयी। इस वाद्यवृंद ने ऐसी लागी लगन..., रंग दे चुनरिया..., और जग में सुंदर हैं दो नाम..., चदरिया झीनी रे झीनी..., और सूरदास के पद- मैया मोरी मैं नहीं माखन खायो.... जैसे भजन सुनाये। इसी क्रम में 20 दिवसीय भजन कार्यशाला के करीब 40 प्रतिभागियों ने आज सम्मानित निर्देशक संगीतकार केवल कुमार के निर्देशन में मोहक भजन प्रस्तुतियां दीं। प्रतिभावान गायिका शबीना सैफी और ऐमन जावेद फारुकी भी मधुर गीत पेश किये। संस्था के अध्यक्ष अजय श्रीवास्तव व अन्य अतिथियों ने भी विचार व्यक्त किये।

हिन्दी साहित्य महोत्सव में प्रतिभागियों ने जीते पुरस्कार

लखनऊ। हिन्दी साहित्य महोत्सव में गुरुवार को वाद विवाद प्रतियोगिता के अंतिम चरण में लॉ मार्टिनियर कॉलेज लखनऊ प्रथम स्थान पर रहा जबकि दूसरे पर सेठ एमआर जयपुरिया व तीसरे पर लॉ मार्टिनियर गर्ल्स कॉलेज को सफलता मिली। विषय के पक्ष में सर्वोत्तम वक्ता का पुरस्कार सेठ एमआर जयपुरिया की छात्रा कृणाली नायक को प्राप्त हुआ जबकि विपक्ष में यह पुरस्कार मनस्वी प्रकाश श्रीवास्तव को मिला।

संयोजक डॉ. अमित अवस्थी में बताया कि लॉ मार्टिनियर कॉलेज में चल रहे साहित्य महोत्सव में आशु भाषण में वरदान इंटरनेशनल एकेडमी की छात्रा श्रेया श्रीवास्तव को प्रथम, स्टडी हॉल स्कूल की इशिता चौधरी को दूसरा, लोयोला इंटरनेशनल स्कूल की अंशु यादव को तीसरा स्थान मिला। कहानी लेखन में सेठ एमआर जयपुरिया स्कूल की छात्रा अनन्या को पहला, लॉ मार्टीनियर कॉलेज के गौरांग शुक्ला को द्वितीय व सीएमएस कैम्पस प्रथम तथा माउंट फोर्ट इंटर कॉलेज लखनऊ के विद्यार्थी अदिति द्विवेदी व रुद्र मिश्रा संयुक्त रूप से तृतीय स्थान पर रहे। कविता पाठ में प्रथम स्थान पर स्टडी हॉल स्कूल के शुकोह नवाब, दूसरे पर जीडी गोयनका की इशिता कृष्णा व लॉ मार्टिनियर कॉलेज के पुष्कर शर्मा संयुक्त रूप से रहे। सर्वश्रेष्ठ विद्यालय का पुरस्कार लॉ मार्टिनियर कॉलेज व दूसरा पुरस्कार स्टडी हॉल स्कूल को मिला। कवि समागम में सौरभ त्रिपाठी, डॉ. शोभा दीक्षित, चंद्रदेव दीक्षित व जीवन जोशी ने अपनी कविताओं से श्रोताओं का मन मोह लिया। हिन्दी विभाग के प्रमुख डॉ. देशबंधु त्रिपाठी ने कहा कि बच्चों को खुला मंच देने से उनका आत्म विश्वास बढ़ता है।

भोजपुरी फिल्म 'सास वर्सेज बहू' का ट्रेलर रिलीज

लखनऊ। भोजपुरी फिल्म 'सास वर्सेज बहू' जल्द ही रिलीज होने वाली है। इससे पहले मेकर्स ने फिल्म का जबरदस्त ट्रेलर रिलीज किया है, जिसमें सास और बहू के बीच घमासान को दिखाया है, लेकिन आखिरी में जो कुछ भी होता है, वो हर किसी को इमोशनल कर देगा ।फिल्म के 4 मिनट 12 सेकेंड के ट्रेलर में दिखाया गया है कि एक मां अपनी बेटी के लिए कौशल्या जैसी सास ढूंढने का वादा करती है, लेकिन शादी करके वो जिस घर में जाती है, वहां उसे सिवाय दुख के कुछ नहीं मिलता। सास बड़ी बहू के साथ भी बहुत बुरा बर्ताव करती है, जिसे वो सबक सिखाने का फैसला लेती है। रिश्तों की इस लड़ाई में आखिरी में किसकी जीत होती है, ये देख आपकी आंखों में आंसू आ जाएंगे ।इस फिल्म में शुभी शर्मा, रिचा दीक्षित, देव सिंह, रितेश उपाध्याय, जे. नीलम, कंचन मिश्रा, राम सुजान सिंह,सोनिया मिश्रा, रोहित सिंह मटरू और अन्य सितारे नजर आएंगे।

भादो का पहला प्रदोष कल, भक्त करेंगे शिवजी की पूजा

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। प्रदोष व्रत भगवान शिव को समर्पित है। हर महीने की त्रयोदशी तिथि को प्रदोष व्रत रखा जाता है। हर साल कुल 24 प्रदोष व्रत आते हैं। 20 अगस्त से भाद्रपद मास शुरू हुआ है। भाद्रपद मास के कृष्ण त्रयोदशी को प्रदोष व्रत रखा जाएगा। प्रदोष व्रत में भगवान शिव व माता पार्वती की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की जाती है। प्रदोष व्रत रखने से भगवान शिव अपने भक्तों के कष्टों को दूर करते हैं और जीवन में सुख-समृद्धि व खुशहाली लाते हैं। हिंदू पंचांग के अनुसार, भाद्रपद मास के कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी तिथि 31 अगस्त को देर रात 02 बजकर 25 मिनट पर शुरू होगी और 01 सितंबर को देर रात 03 बजकर 40 मिनट पर समाप्त होगी। भाद्रपद प्रदोष व्रत 31 अगस्त, शनिवार को है। शनिवार के दिन प्रदोष व्रत होने के कारण शनि प्रदोष व्रत का संयोग बन रहा है।

प्रदोष व्रत पूजन मुहूर्त: प्रदोष व्रत में भगवान शिव की पूजा-अर्चना की जाती है। भाद्रपद प्रदोष व्रत की पूजा का समय शाम 06 बजकर 43 मिनट से रात 08 बजकर 59 मिनट तक है।

प्रदोष व्रत की पूजा सामग्री: प्रदोष व्रत में शाम के समय की पूजा के लिए आक के फूल, बेलपत्र, धूप, दीप, रोली, अक्षत, फल, मिठाई और पंचामृत समेत सभी पूजा सामग्री एक थाली में रख लें।

प्रदोष व्रत की पूजाविधि: भौम प्रदोष व्रत के दिन सुबह सूर्योदय से पहले उठें। स्नानादि के बाद साफ-सुथरे कपड़े पहनें। मंदिर साफ करें और शिवजी की प्रतिमा के सामने दीपक प्रज्जवलित करें। शिवलिंग पर जलाभिषेक करें। शिवजी की विधिविधान से पूजा करें। इसके बाद शाम को प्रदोष काल में शिवलिंग पर फिर से जलाभिषेक करें। भोलेनाथ को बेलपत्र, धतूरा और आक के फूल अर्पित करें। इसके बाद सभी देवी-देवताओं के साथ शिवजी की आरती उतारें।

राधा कृष्ण गोपियों के साथ नौका विहार को निकले

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। मित्तल परिवार की ओर से अमीनाबाद रोड स्थित न्यू गणेशगंज में शहर की एकमात्र डिजिटल मूविंग जन्माष्टमी झांकी की शुरूआत 26 अगस्त से हो चुकी है। 31 अगस्त तक चलने वाली इन स्वचालित झांकियों में प्रतिदिन कृष्ण लीलाओं का प्रदर्शन किया जा रहा है। झांकी संयोजक अनुपम मित्तल ने बताया कि डिजिटल मूविंग जन्माष्टमी झांकी की श्रृंखला में चौथे दिन नौका विहार का दृश्य दिखाया गया। नौका विहार की स्वचालित एनिमेटेड मूविंग झांकी में एक बार शरद् ऋतु ने अपनी समूची शोभा वृन्दावन धाम में प्रकट कर दी। जलाशय में खिले हुए कमलों की सुगन्ध चारों ओर व्याप्त हो गयी। मानो लक्ष्मीजी अपने हाथ की सुगन्ध सब ओर छोड़ गयी हैं। ऐसी ही सुन्दर मनभावन शरद ऋतु में राधा कृष्ण व गोपियों के साथ यमुना जल में नौका विहार का आनंद उठा रहे थे। उनके चारों ओर गुनगुनाते हुये भौंरे उड़ रहे थे मानो गन्धर्वराज कान्हा की कीर्ति का गान कर रहे हों। यमुना जल में गोपियों ने प्रेमभरी चितवन से कृष्ण की ओर देख-देखकर तथा हंस-हंसकर उन पर इधर-उधर से यमुना जल की बौछार कर खूब अठखेलियाँ कीं। विमानों पर चढ़े हुये देवता पुष्पों की वर्षा करके उनकी स्तुति का गान करने लगे। इसी समय श्रीकृष्ण की मुरली बज उठी। मुरली की सुमधुर धुन सुनते ही ब्रजवासियों का मन कृष्णमय होकर सुधबुध खोकर नृत्य करने लगे थे। न्यू गणेशगंज की जन्माष्टमी झांकी में 5 फुट ऊंची अयोध्या वाले रामलला के दर्शन, पूतना वध की झांकी एवं मंगल पर लैंड करता रोवर वाला सेल्फी कार्नर सभी भक्तों के लिए आकर्षण केंद्र बना हुआ है। निधि वन में सभी भक्तगण राध कृष्ण को झूला झुलाकर आनंदित हो रहे है। वहीं अन्य झांकियों में हनुमानजी के हृदय में राम सीता के अलौकिक दर्शन, 20 फुट ऊंचे शिवलिंग से मां गंगा का अवतरण, मदारी का खेल दिखाते हुए बंदर, सपेरा की बीन धुनों पर नाचते हुए सांप की एनिमेडेट स्वचालित झांकियां सभी भक्तगणों को अपनी ओर आकर्षित कर रही थी। न्यू गणेशगंज झांकी स्थल को कोलकाता की रंग बिरंगी मूविंग एलईडी लाइटों, पैनलों एवं विशालकाय तोरण द्वारों पर कान्हा की लीलाओं को बहुत सुन्दर ढंग से उकेरा गया था। झांकी स्थल को दोनों ओर कृष्ण की विविध लीलाओं को विशालकाय पटिट्काओं के माध्यम से सचित्र दिखाया जा रहा है। मंगल पर रोवर वाला थ्रीडी सेल्फी कार्नर में क्या बच्चें क्या जवान सभी सेल्फी फोटो खीचकर आनंद उठा रहे थे। 30 अगस्त शुक्रवार को गोवर्धन लीला का दृश्य दिखाया जाएगा। झांकियों का खुलने का समय प्रतिदिन सांय 6 बजे से रात 12 तक कर सकेंगे।

लखनऊ नगर निगम

टी.एन.मार्ग, लालबाग, लखनऊ-226001 (उ0प्र0)
ई-टेण्डर पोर्टल – https://etender.up.nic.in

निम्नलिखित भवनों के नाम परिवर्तन हेतु आवेदन पत्र प्राप्त होने के उपरान्त नगर निगम अधिनियम 1959 की धारा–213(बी–2)के अन्तर्गत नोटिस जारी की जा चुकी है निम्नलिखित नाम परिवर्तन में यदि कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 20 दिन के अन्दर लिखित आपत्ति साक्ष्यों सहित सम्बन्धित जोनल कार्यालय में प्रस्तुत करें। आपत्ति प्राप्त न होने की दशा में नाम परिवर्तन की कार्यवाही सम्पादित कर दी जायेगी।

नगर निगम कर विभाग जोन–4

क्र0 सं0	भवन संख्या व मोहल्ला	दर्ज भवन स्वामी का नाम	जिसके नाम दर्ज होना है	नाम परिवर्तन का आधार
1	617/2/313 विजय खण्ड	शफीकुर्ररहमान	सिराज अहमद खान	रजिस्ट्री
2	2/841–बी विवेक खण्ड	बबिता गोयल	चेतना गोयल	गिफ्ट डीड
3	एल–03/76 विनय खण्ड	भान बहादुर सिंह	मतण्डि प्रताप सिंह	मृत्यु
4	ई–4/922	पंकज वर्मा	सुमन गुप्ता	रजिस्ट्री
5	2/138 विराट खण्ड	लोकेन्द्र सिंह	कृष्णावती	रजिस्ट्री
6	5/294 विराम खण्ड	ए0के0सिंह	श्वेता सिंह	रजिस्ट्री
7	2/284 विराम खण्ड	राममनी	राकेश अग्रवाल	वसीयत
8	347/जी0पी0/265 गोमती नगर विस्तार सेक्टर 1	रामपाल शर्मा	शालू सुदर्शन यादव उर्फ शालू यादव	रजिस्ट्री
9	12/10/3/टी–बी/मेट्रो सिटी	सुजाता चौधरी व सुयस कुमार	श्येद मोनीब, ओमर व आश्मा बानो	रजिस्ट्री
10	TEMP-256 खरगापुर सरसंवा	दिनेश कुमार यादव	पद्ममिनी प्रकाश	रजिस्ट्री
11	ख0–538MIN खरगापुर सरसंवा	किस्टीना चरन	निशांत माहेश्वरी	रजिस्ट्री
12	4/27 विवेक खण्ड	शान्ति	मुनि टण्ड	रजिस्ट्री
13	2/458 विवेक खण्ड	विनीता सिंह, कमला देवी, सुधा चौहान	विनीता सुधा विजय कुमार सिंह	मृत्यु /वसीयत
14	बी–2/117 विशाल खण्ड	संतोष शर्मा व अजय वर्मा	अजय शर्मा, संजय शर्मा	मृत्यु
15	5/102 विपुल खण्ड	एस0बी0सिंह	मुकेश कुमार सिंह, रूपेश कुमार सिंह व चन्द्र लेखा	मृत्यु
16	डी–119 सहारा प्लाजा	रानी नरौला	संदीप कुमार, विजय प्रताप सिंह	रजिस्ट्री
17	डी–120 सहारा प्लाजा	जगमोहन कौर	संदीप कुमार, विजय प्रताप सिंह	रजिस्ट्री
18	3/239 विशाल खण्ड	ओम् प्रकाश	प्रबोध आर्य, प्रवीर आर्य	मृत्यु
19	71 ए नारायन नगर	सुरेन्द्र लाल श्रीवास्तव	श्री अरूण कुमार श्रीवास्तव	मृत्यु
20	3/8 विवेक खण्ड	जयशंकर मिश्रा	इन्दू विनय गौरव मिश्रा	मृत्यु
21	टी0सी0/जी–2/2/2/5/ एस0एफ/222 ए विभूति खण्ड	पंकज श्रीवास्तव शक्ति श्रीवास्तव	काजी तारि हुसैन निशांत फतिमा	रजिस्ट्री
22	5/29 विराम खण्ड	किशन श्रीवास्तव	अंकित श्रीवास्तव	गिफ्ट डीड
23	5/331 विराम खण्ड	प्रदीप कुमार	पूनम सिंह	रजिस्ट्री
24	6/49 विनीत खण्ड	श्रीमती नईमा खातून	हारिश रफी	रजिस्ट्री
25	2/131 विवेक खण्ड	श्रीमती सीता देवी	शैलन्द्र सिंह, अरविन्द सिंह चौहान	मृत्यु
26	4/250 विवेक खण्ड	बी0एम0 बरमानी	गीता, सुमित बरमानी एवं नूपुर भार्गव	मृत्यु
27	फ्लैट नं0–1802 (अम्ब्रोसिया–डी) गोमती नगर विस्तार	अर्पण गुप्ता	श्री खुशाल वाधवानी व श्रीमती दिव्या वाधवानी	रजिस्ट्री
28	2/293 विकास खण्ड	विजय कुमार	विवेक अग्रवाल	वसीयत
29	3/171 विशाल खण्ड	रमाशंकर सिंह	आदित्य सिंह मालती सिंह	मृत्यु
30	2/315 विकास खण्ड	यश करन लाल वर्मा	रितेश कुमार वर्मा, अभिषक कुमार वर्मा कुश वर्मा लव वर्मा रोज वर्मा	वसीयत
31	1/50 विशाल खण्ड	शान्ति ठठानी	किरन वरयानी, विकम वरयानी भवना वरयानी नेहा, नारायण दास वरयानी	रजिस्ट्री
32	624एफ/पी0एन0–आर–15ए/ ख–242 बुद्ध विहार चिनहट	मो0 हामिद आबिदी सैयद	श्रीमती हुस्न आरा	रजिस्ट्री
33	624एफ/पी0एन0–आर–15/ ख–242 बुद्ध विहार चिनहट	श्रीमती शहिदा बेगम	मो0 हामिद आबिदी	रजिस्ट्री
34	509/383(168)जी0एफ–1	सूरज	शईस्ता हिज्जाजी	मृत्यु
35	509/383(168)जी0एफ–2	सूरज	शईस्ता हिज्जाजी	मृत्यु
36	509/117–1 पुराना हैदराबाद	आर0के0 सिंह	अश्वनी कुमार सिंह	मृत्यु
37	3/668 विनीत खण्ड	मो0 रिजवान	श्री वेद व्यास उपाध्याय	रजिस्ट्री
38	ई–03/574 विनीत खण्ड	श्रीमती माधुरी मिश्रा	श्रीमती समीक्षा अवस्थी	वसीयत
39	फ्लैट नं0–801 गोमती नगर विस्तार–7 खरगापुर	अनाम(कपिल दर्शन वसुवीता दर्शन)	श्री शुलभ सक्सेना	रजिस्ट्री
40	ई–3/133 विनय खण्ड	विनीता शर्मा	सविता शर्मा	रजिस्ट्री
41	ई–4/581 विनय खण्ड	नारायण सिंह चौहान	अंजू राय	रजिस्ट्री
42	एल–4/169 विनय खण्ड	विधानाथ द्विवेदी	ओमकार द्विवेदी	वसीयत
43	512/262 निशांतगंज	परमानन्द	सुशील कुमार अगवाल व श्वेता अग्रवाल	रजिस्ट्री
44	512/294 निशांतगंज	रामकुमार शुक्ला	विनोदनी शुक्ला	वसीयत
45	बी–1/096 विपुल खण्ड	रजत सेन गुप्ता	कशिश गुप्ता दर्शित गुप्ता अरविन्द गुप्ता व केतकी गुप्ता	रजिस्ट्री
46	5/769 विकास खण्ड	लाल बहादुर सिंह	अभिषेक सिंह	वसीयत
47	भ0सं0 ई0जी0 328 एल्डिको ग्रीन	फैय्यज खान प फिरोज फैय्यज	कविता खूबानी व संजीव कुमार खूबानी	रजिस्ट्री
48	2/190 विभव खण्ड	बसन्त बल्लभ पंत	गिरीश चन्द्र पन्त	गिफ्ट डीड
49	2/183 विकल्प खण्ड	धर्मेन्द्र सिंह एवं पूनम चौहान	अल्का सिंह	रजिस्ट्री
50	सी–4/034 विशेष खण्ड	नवीन कुमार	किशन कुमार सिंह	रजिस्ट्री
51	1/188 विराज खण्ड	गौरव शर्मा	मोनिका शर्मा	वसीयत
52	2/104 विनम्र खण्ड	अशोक कुमार यादव	कलावती यादव एवं कुमार क्षितिज यादव	मृत्यु
53	3/136 विनम्र खण्ड	संगीता वर्मा	प्रियंबदा यादव	मृत्यु
54	पी–95 भरवारा गाँव	राधिका देवी	कौशल कुमार गिरि	गिफ्ट डीड
55	3/156 विवक खण्ड	इन्दू सिंह	विजय कृष्ण	गिफ्ट डीड
56	एम–1/520 विनय खण्ड	मन्जीत माघा	लीलानाथ मिश्रा	रजिस्ट्री
57	4/305 विवेक खण्ड	जारीना टी शेख	रूबीना, इरफाना, उमर खान, साजिया, नाजिया फैज़ल	वसीयत

जोनल अधिकारी

संस्कृत संस्थानों के 1.5 लाख विद्यार्थियों को मिलेगा नयी छात्रवृत्ति योजना का लाभ

- वर्ष 2019 से अब तक दो आईएएस, दो एसडीएम, एक डिप्टी एसपी, 3 नायब तहसीलदार सहित कुल 49 अभ्यर्थियों का विभिन्न सेवाओं में हो चुका चयन

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। योगी सरकार की ओर से आयोजित कैबिनेट के तहत राज्य के संस्कृत संस्थानों के छात्रों को छात्रवृत्ति देने के निर्णय का लाभ करीब 1.5 लाख से ज्यादा विद्यार्थियों को मिलेगा। 24 साल बाद संस्कृत संस्थानों के छात्रों की छात्रवृत्ति में की गई वृद्धि से योगी सरकार ने न सिर्फ वर्ष 2001 से चली आ रही व्यवस्था में बड़ा सुधार किया है बल्कि युवाओं को संस्कृति से जोड़ने की दिशा में भी सरहनीय पहल की है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में 27 अगस्त को हुई कैबिनेट की बैठक में संस्कृत के विद्यार्थियों को दी जाने वाली छात्रवृत्ति में तीन गुना तक इजाफा करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई थी। खास बात यह है कि पहली बार कक्षा 6, 7 और 8 के छात्रों को भी छात्रवृत्ति से जोड़ा गया है। इसमें वार्षिक आय की शर्त को भी हटा लिया गया है, जिससे अब किसी भी आय वर्ग के विद्यार्थी छात्रवृत्ति पाने के लिए योग्य होंगे।

वर्ष 2001 में संस्कृत के विद्यार्थियों के लिए छात्रवृत्ति की जो व्यवस्था थी, उसके अनुसार पूर्व मध्यमा (कक्षा 9-10) के छात्रों को 50 रुपये प्रति माह, उत्तर मध्यमा (कक्षा 11-12) के छात्रों के लिए 80 रुपये प्रति माह, शास्त्री के लिए 80 और आचार्य के लिए 120 रुपये प्रति माह दिये जाते थे। योगी सरकार ने 24 साल बाद इस छात्रवृत्ति में संशोधन करते हुए इसमें तीन गुना तक वृद्धि की है। सरकार का मानना है कि संस्कृत शिक्षा ग्रहण करने वाले ज्यादातर छात्र-छात्राएं गरीब परिवारों से होते हैं इसलिए अब नई व्यवस्था के तहत प्रथमा (कक्षा 6,7 और 8) के छात्रों को भी पहली बार छात्रवृत्ति दिये जाने की व्यवस्था की गयी है। पहले की व्यवस्था में इन कक्षाओं के छात्रों को किसी भी तरह की छात्रवृत्ति की सुविधा नहीं थी। नई व्यवस्था में प्रथमा के कक्षा 6 एवं 7 के छात्रों के लिए 50 रुपये प्रतिमाह और कक्षा 8 के लिए 75 रुपये प्रति माह तय किये गये हैं। इसके साथ ही, पूर्व मध्यमा (कक्षा 9 व 10) के लिए 100 रुपये, उत्तर मध्यमा (कक्षा 11 व 12) के लिए 150 रुपये, शास्त्री के लिए 200 रुपये एवं आचार्य के लिए 250 रुपये प्रति माह की दर से छात्रवृत्ति दिये जाने के प्रस्ताव पर मंत्रिपरिषद ने स्वीकृति दी है।

संस्कृत को उचित स्थान दिलाने के लिए निरंतर हो रहे प्रयास: योगी सरकार का लक्ष्य है कि संस्कृत को उचित स्थान मिलना चाहिए। सरकार लगातार संस्कृत भाषा के पुनरुत्थान के लिए प्रयास कर रही है। इसके तहत माध्यमिक शिक्षा विभाग द्वारा संस्कृत विद्यालयों के पुनरुद्धार की योजना लागू की जा चुकी है। उप्र संस्कृत संस्थान की तरफ से निशुल्क कोचिंग भी दिलाई जा रही है। संस्कृत के माध्यम से प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए भी छात्रों को प्रोत्साहित किया जा रहा है। 2019 से अब तक दो आईएएस, दो एसडीएम, एक डिप्टी एसपी, 3 नायब तहसीलदार सहित कुल 49 अभ्यर्थियों का विभिन्न सेवाओं में चयन हो चुका है। यही नहीं 11 नये राजकीय संस्कृत माध्यमिक विद्यालयों और 5 नये आवासीय संस्कृत विद्यालयों को मंजूरी मिली है। इस सम्बन्ध में श्रीकाशीविद्वत परिषद, वाराणसी के महामंत्री प्रो. रामनारायण द्विवेदी ने कहा कि संस्कृत भाषा का अध्ययन करने वाले निर्धन छात्रों के उत्साह के लिए छात्रवृत्ति को बढ़ाकर प्रदेश सरकार के इस प्रशंसनीय कार्य का श्रीकाशीविद्वत्परिषद् परिवार स्वागत करता है। वहीं माध्यमिक संस्कृत शिक्षक कल्याण समिति के महामंत्री विनोद कुमार मिश्र ने कहा कि प्रदेश के संस्कृत विद्यालयों में अध्ययनरत छात्रों को प्रोत्साहन के लिए छात्रवृत्ति की घोषणा से संस्कृत विद्यालयों में छात्रों की संख्या में वृद्धि होगी।

यह मुख्यमंत्री के प्रयासों से संभव हो पाया है। इसके लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को बहुत-बहुत बधाई व धन्यवाद। श्री स्वामी आत्मानन्द संस्कृत शिक्षण संस्थान, नैमिषारण्य, सीतापुर के संस्थापक आचार्य सर्वेश शुक्ल ने बताया कि इसमें कोई दो राय नहीं है कि प्रदेश सरकार लगातार संस्कृत के संरक्षण और संवर्धन के लिए कार्य कर रही है। यह निर्णय भी बहुत ही सराहनीय है। इससे संस्कृत के छात्रों को आर्थिक सहायता प्राप्त होगी और वे भी संस्कृत को आधुनिक युग की भाषा बनाने के लिए प्रेरित होंगे।

नगर निगम ने खाली करायी 1300 करोड़ की जमीन

बसहा में 5 करोड़ की 20 हजार वर्गफुट पर हो रही थी प्लॉटिंग

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। बीकेटी के ग्राम बसहा में लगभग 20,000 वर्गफीट सरकारी जमीन की प्लाटिंग कर खरीद फरोख्त की जा रही थी। इसकी जानकारी होने पर नगर निगम के संपत्ति विभाग ने पड़ताल के बाद गुरुवार को अभियान चलाकर कार्रवाई की। कब्जा मुक्त कराई गई सरकारी भूमि की बाजारू कीमत लगभग 5 करोड रु है। नगर निगम की ओर से अभी तक अभियान चलाकर लगभग 200 गाटा और लगभग 1300 करोड़ की 170 बीघा जमीन खाली कराई जा चुकी है।

नायब तहसीलदार संजय सिंह के नेतृत्व में की कार्रवाई की गई। यहां गाटा संख्या-176/0.085 हे., 222ख/0.311 हे., 288/0.164 जो क्रमशः कब्रिस्तान, तालाब, नई परती व तालाब के खातें में राजस्व अभिलेखों में दर्ज है। नगर निगम में निहित सम्पत्ति है, जिस पर अवैध रूप से रोड नाली व बाउण्ड्री वाल बना कर प्लाट के रूप में विकसित कर खरीद फरोख्त की जा रही थी। नगर निगम के राजस्व निरीक्षक अविनाश कुमार तिवारी के नेतृत्व में क्षेत्रीय लेखपाल आशुतोष, लालू प्रसाद, रवीन्द्र सिंह बिष्ट, नवोदित प्रताप सिंह व प्रदीप गिरी थाना गुडम्बा के पुलिसबल व नगर निगम के ईटीएफ बल की उपस्थिति में शान्ति पूर्वक ढंग से अनधिकृत अवैध कब्जे को हटवा दिया गया। बता दें कि जिले की पांच तहसीलों के 15 गांवों में सरकारी जमीनों पर भू माफियाओं का कब्जा है। शासन के निर्देश पर इनके खिलाफ कमिश्नर स्तर से कार्रवाई शुरू हो गई है। कमिश्नर की स्पेशल टास्क फोर्स में नए तैनात लेखपाल, कानूनगो, नायब तहसीलदार समेत नगर निगम के अधिकारियों को लगाया गया है। ये टीम समस्त क्षेत्र के सरकारी भूमियों की पैमाइश, जीएस मैपिंग व जीरो टेगिंग करा रही है। सरकारी जमीनों का चिन्ह्यांकन सीमांकन करके अपने स्वामित्व में लिया जाएगा। कमिश्नर की कार्रवाई में संबंधित तहसील के राजस्वकर्मियों और अधिकारियों को दूर रखा जा रहा है। इसकी वजह है कि प्रभावशाली भू माफिया कार्रवाई के दौरान तहसील कर्मियों पर दबाव नहीं बना पा रहे हैं। करीब 3500 गाटे अवैध कब्जे वाले चिह्नित किए गए हैं। हर सप्ताह एक तहसील के पांच गांवों से संबंधित गाटों को चुना जा रहा है, जहां पैमाइश के बाद जमीन सुरक्षित की जा रही है।

प्रशासन के अनुसार सरकारी जमीनों पर तहसील कर्मियों की मदद से कब्जे होते गए। इन पर कार्रवाई भी प्रभावी रूप से नहीं हुई। बीते सप्ताह डीएम सूर्य पाल गंगवार ने एंटी भू माफिया टास्क फोर्स को फिर से सक्रिय किया। इस दौरान 1.393 हेक्टेयर जमीनों पर अवैध रूप से कब्जा मिला। इनको खाली कराया गया। बावजूद इसके कई बेशकीमती जमीनें भू माफियाओं के कब्जे में हैं। कमिश्नर की कार्रवाई जिला प्रशासन से अलग चल रही है जिसमें नगर निगम सीमा क्षेत्र में आने वाली जमीनें प्रमुख हैं। इन जमीनों पर कार्रवाई के लिए नगर निगम से तहसीलदार व लेखपालों की टीम लगाई गई है।

कल के लिए जल बचाने वालों का हुआ सम्मान

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। जल संरक्षण और जल जागरूकता के क्षेत्र में विशेष योगदान देने वाले विभिन्न जिलों के रेडियो जल क्लब के 13 अध्यक्षों को गुरुवार सम्मानित किया गया। साथ ही जल संरक्षण संबंधी प्रसारण के लिए 22 रेडियो जॉकी भी सम्मानित हुए।

आकाशवाणी एफएम पर प्रतिदिन प्रसारित ह्यबूंदों की न टूटे लड़ी कार्यक्रम की पहली वर्षगांठ के उपलक्ष्य में गुरुवार को आकाशवाणी केन्द्र सभागार में आयोजित भव्य समारोह में इन सभी को प्रतीक चिह्न व प्रमाणपत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस मौके पर ह्यकल के लिए जल विषय पर आयोजित परिसंवाद में विशेषज्ञों और समाजसेवियों ने जल संरक्षण पर अपने विचार साझा किए। कार्यक्रम प्रमुख मीनू खरे ने कहा कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य जनसाधारण को जल संरक्षण और जल जागरूकता के प्रति प्रेरित करना और समाज में जागरूकता फैलाना है। आकाशवाणी के उपनिदेशक अजीत चतुर्वेदी ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने में सहायक सिद्ध होते हैं। जल जैसे महत्वपूर्ण संसाधन के महत्ता को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करते हैं।

सम्मान पाने वाले रेडियो जल क्लब के अध्यक्ष: शोभित गुप्ता (लखनऊ), प्रमोद कुमार श्रीवास्तव (अमेठी), रूबी पाठक व सरिता मिश्रा (लखीमपुर खीरी), इरफान शाह, लक्ष्मी मौर्या व पुष्पा श्रीवास्तव (गोंडा), नीलिमा द्विवेदी व नितिन श्रीवास्तव (बारबंकी), हाफिज कुतबुद्दीन (सुल्तानपुर), कुलदीप तिवारी (उन्नाव), हफीज अमेठीवी (अमेठी) व अर्जुन सिंह भदौरिया।

खेल भावना राष्ट्र को एक सूत्र में बांधती है : प्रो आलोक कुमार राय

लखनऊ। राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर लखनऊ विश्वविद्यालय में विश्वविद्यालय स्तरीय संगोष्ठी एवं परिचर्चा का आयोजन किया गया। खेल एवं राष्ट्र निर्माण विषय पर आयोजित परिचर्चा में खेल से जुड़े विभिन्न सामाजिक, सांस्कृतिक एवं व्यावहारिक पक्षों पर चर्चा की गयी।

लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो आलोक कुमार राय ने अपने संदेश में कहा कि खेल और राष्ट्र निर्माण के बीच एक गहरा संबंध है। खेल न केवल व्यक्तिगत स्वास्थ्य को बढ़ावा देते हैं बल्कि वे जीवन से जुड़े अन्य व्यावहारिक पक्षों को मजबूत करते हैं। खेल भावना समुदायों और राष्ट्रों को एक सूत्र ने बांधने और एक पहचान बनाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। विभिन्न स्तर पर आयोजित होने वाले खेलों में हमारा सांस्कृतिक प्रतिनिधित्व एक संस्कृतिक और राष्ट्रीय सोच एवं एकाग्रता को भी बढ़ावा देता है। संगोष्ठी की अध्यक्षता प्रति कुलपति प्रो मनुका खन्ना ने किया और उन्होंने खेल और विद्यार्थी जीवन पर व्यापक प्रकाश डाला। डीन स्टूडेंट वेलफेयर ऑफिस द्वारा यह संगोष्ठी डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रो वीके शर्मा के निर्देशन में हुई। उन्होंने लखनऊ विश्वविद्यालय में क्रीड़ा एवं स्वास्थ्य सेवाओं पर चर्चा किया और प्रतिभागियों को शिक्षा एवं स्वास्थ्य में सतत सामंजस्य स्थापित करने की बात किया। संगोष्ठी के संयोजन इंटरनेशनल सेल के निदेशक प्रो आरपी सिंह ने किया। संगोष्ठी में चीफ प्रोवोस्ट प्रो अनूप कुमार सिंह, निदेशक संस्कृतिकी प्रो आंचल श्रीवास्तव, एडिशनल डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रो एके कैथल और अन्य शिक्षक एवं छात्र उपस्थित रहे।

तनिष्क ने हीरा कंपनी डी बीयर्स के साथ किया करार

लखनऊ। पूरे भारत में प्राकृतिक हीरों को बढ़ावा देने के लिए हीरा कंपनी डी बीयर्स ग्रुप व आभूषण रिटेल ब्रांड तनिष्क मिलकर काम करेंगे। तनिष्क और डी बीयर्स के बीच यह सहयोग ज्यादा से ज्यादा उपभोक्ताओं तक पहुंचने, प्राकृतिक हीरों के बारे में जानकारी दे पाने के लिए तनिष्क के रिटेल कर्मचारियों की क्षमताओं को बढ़ाने, हीरों की प्रामाणिकता के बारे में उपभोक्ताओं को जानकारी देने और उपभोक्ताओं के लिए प्राकृतिक हीरों और स्टडेड आभूषणों की खरीदारी के अनुभवों को आकार देने पर अपना ध्यान केंद्रित करेगा। डी बीयर्स ब्रांड्स के सीईओ सैंड्रिन कॉन्सिलर ने कहा जागरूकता बढ़ाने के लिए यह सहयोग 360 डिग्री मार्केटिंग कैम्पेन चलाएगा। दुनिया में प्राकृतिक हीरों के आभूषणों की मांग का 11 प्रतिशत हिस्सा भारतीय उपभोक्ताओं से आता है। प्राकृतिक हीरे के आभूषणों के लिए दुनिया के दूसरे सबसे बड़े बाजार के रूप में चीन की जगह अब भारत ने ली है। भारत में हीरे की खरीद की दरें अमेरिका जैसे पुराने बाजारों की तुलना में काफी कम हैं।

उर्स मुबारक में भाईचारे की दुआ की

लखनऊ। हजरत मखदूम शाहमीना रह के पांच रोजा सालाना उर्स मुबारक के तीसरे दिन बाद नमाजे असर हजरत मखदूम शाहमीना रह का कुल हुआ। मुल्क में अमन व शांति व भाईचारा कायम रहने की दुआ की गई। बाद नमाजे मगरिब अजमते मसखदूम शाह मीना के उन्वान से एक जलसा शैख सगीर अली मिनाई मुन्ने मिया सज्जादा नशीन की सरपरस्ती और पीरजादा शैख शाकिर अली मिनाई बाबू की सदारत में हुआ। खिताब करते हुए मौलाना असलम मिनाई कलकततवी ने कहा कि हजरात मखदूम शाहमीना रह. ने बिना भेदभाव के अल्लाह के बंदों की खिदमत की। इस मौके पर पीरजादा नासिर अली, मिनाई पीरजादा शेख फाखिर अली, मिनी खालिद हुसैन मौलाना जाकिर, मिनाई करि मोहम्मद अजमल आदि रहे।

अभ्यर्थियों की फिजिकल रिपोर्टिंग शुरू

लखनऊ। डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय से संबद्ध संस्थानों में इंजीनियरिंग एवं मैनेजमेंट पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए गुरूवार से आवंटित सीटों पर अभ्यर्थियों की फिजिकल रिपोर्टिंग शुरू हो गयी। यह रिपोर्टिंग 4 सितंबर तक चलेगी। पहले दिन बीटेक के लिए करीब सात हजार अभ्यर्थियों ने विभिन्न संस्थानों में रिपोर्टिंग की। वहीं एमबीए एवं एमसीए के लिए 13 सौ से ज्यादा ने रिपोर्टिंग किया। रिपोर्टिंग करने वाले अभ्यर्थियों के प्रमाणपत्रों की जांच के बाद फीस जमा करायी जा रही है। साथ ही हॉस्टल भी आवंटित किया जा रहा है।

रस्साकसी प्रतियोगिता में चंद्रशेखर आजाद हॉस्टल की छात्राएं अव्वल

लखनऊ। राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर लखनऊ विश्वविद्यालय क्रीड़ा परिषद एवं हॉस्टल टीम के संयुक्त तत्वावधान में कैलाश छात्रावास में खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कुलपति प्रो आलोक कुमार राय ने किया। कार्यक्रम के दौरान सभी अधिकारियों शिक्षकों एवं हॉस्टल अंतःवासियों को कुलपति ने खेल की शपथ दिलाई। इसी के साथ सम्मानित अतिथियों द्वारा विश्विद्यालय खेल कैलेंडर का लोकार्पण किया गया। खेल प्रतियोगिताओं में सर्वप्रथम विभिन्न छात्रावासों के मध्य रस्साकसी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें चंद्रशेखर आजाद हॉस्टल की लड़कियों को प्रथम तथा कैलाश छात्रावास को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ। बैडमिंटन सिंगल में कैलाश छात्रावास की छात्रा कृष्णा तथा द्वितीय स्थान पर चन्द्रशेखर छात्रावास की श्रेया और तृतीय स्थान पर बीरबल साहनी की अश्विनी और कैलाश की रक्षिता रहीं। विजयी छात्राओं को कुलपति द्वारा मेडल एवं प्रमाणपत्र वितरित किए गये। इसके बाद विभिन्न छात्रावास की अंतःवासियों के मध्य अनेक खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में प्रति कुलपति प्रो मनुका खन्ना, अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो वीके शर्मा, चीफ प्रोवोस्ट प्रो अनूप कुमार सिंह, कुलानुशासक प्रो राकेश द्विवेदी, कार्य अधीक्षक प्रो डीके सिंह, डीन प्रबंध संकाय प्रो संगीता साहू, डीन एकेडमिक प्रो गीतांजलि मिश्रा, लखनऊ विश्वविद्यालय क्रीड़ा परिषद के अध्यक्ष प्रो रुपेश कुमार, सांस्कृतिकी निदेशक प्रो अंचल श्रीवास्तव, कैलाश छात्रावास की अभिरक्षिका प्रो बबीता जयसवाल, विभिन्न छात्रावासों के प्रोवोस्ट, असिस्टेंट प्रोवोस्ट एवं उनके अंतःवासी उपस्थित थे।

लविवि में एमएड पाठ्यक्रम की च्वॉइस फिलिंग शुरू

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में शैक्षिक सत्र 2024-25 परास्नातक प्रवेश प्रक्रिया के तहत एमएड पाठ्यक्रम की च्वाइस फिलिंग शुरू कर दी गई है। इस संबंध में प्रवेश समन्वयक की ओर से निर्देश जारी कर दिए गए हैं। प्रवेश समन्वयक डॉ. अनित्य गौरव ने बताया कि 31 अगस्त तक अभ्यर्थी च्वाइस फिलिंग कर सकेंगे। इसके लिए उन्हें आधिकारिक वेबसाइट के एडमिशन पेज पर जाकर पूर्व में दिए गए लॉगिन आईडी व पासवर्ड का इस्तेमाल करना होगा।

लविवि कर्मचारी परिषद ने मनाया डिमांड डे, सौंपा ज्ञापन

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। अखिल भारतीय विश्वविद्यालय कर्मचारी महासंघ के आहवान पर गुरुवार को लखनऊ विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन के सामने लविवि कर्मचारी परिषद में डिमांड डे दिवस मनाया। इस अवसर पर कर्मचारियों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को ज्ञापन लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति के माध्यम से प्रेषित किया। कर्मचारी परिषद के अध्यक्ष राकेश कुमार यादव, महामंत्री संजय शुक्ला, उपाध्यक्ष अभिषेक सिंह, संगठन मंत्री शिवानंद द्विवेदी, मंत्री बाबू लाल बाबू, दिनेश बाल्मिकी, केपी सिंह सदस्य मुकेश धर दुबे, बच्चा सिंह, पवन कुमार, अमित कुमार सहित बड़ी संख्या में कर्मचारियों ने जुलूस निकाल कर प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन प्रति कुलपति प्रो. मनुका खन्ना को सौंपा।

लखनऊ विश्वविद्यालय कर्मचारी परिषद द्वारा प्रेषित मांग पत्र में शिक्षा बजट में सकल घरेलू उत्पाद का 6 फीसदी आवंटित करने, सार्वजनिक वित्त पोषित विश्वविद्यालयों को पर्याप्त धन सुनिश्चित करने, अंशदायी पेंशन योजना और एकीकृत पेंशन योजना को समाप्त करने के साथ-साथ पुरानी पेंशन योजना लागू करने और समान वेतनमान और सेवा शर्तें प्रदान करने आदि शामिल है। अखिल भारतीय विश्वविद्यालय कर्मचारी महासंघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं लखनऊ विश्वविद्यालय कर्मचारी परिषद के अध्यक्ष राकेश कुमार यादव ने बताया कि यह कार्यक्रम देश भर के सभी विश्वविद्यालय में आयोजित किया गया था और सभी जगह से कर्मचारी संघो एवं निकायों द्वारा अपनी मांगों से संबंधित ज्ञापन प्रधानमंत्री को ज्ञापन प्रेषित किया गया।

बिजली परन के अलावा कवित्त, गत निकास का दिखा सुंदर समावेश

- सितारा देवी की मौजूदगी में भातखंडे विवि की कार्यशाला समापन

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय की दो दिवसीय कथक कार्यशाला का गुरुवार को समापन हुआ। कार्यशाला में प्रसिद्ध कथक नृत्यांगना एवं गुरू सितारा देवी की बेटी और बनारस घराने की प्रतिनिधि कलाकार जयंतीमाला मिश्रा ने लखनऊ के कलाकारों को गुर सिखाए। कार्यशाला विवि की कुलपति प्रो डॉ मांडवी सिंह की परिल्पना में हुआ। संयोजन नृत्य विभाग के अध्यक्ष ज्ञानेन्द्र दत्त वाजपेयी व डॉ रुचि खरे ने किया। पं राममोहन महाराज मौजूद रहे। दो दिवसीय कार्यशाला के दौरान सीखी गई बंदिशों का कलाकारों ने शानदार मंचन किया। बनारस घराने की पारंपरिक बंदिशों के साथ साथ ताल-तीनताल, राग बसंत में निबद्ध आचार्य सुखदेव जी की रचना- ₹वृंदावन कुंजन मच्चो रास आली..आली वनमाली निरतत सब सखी दें ताली₹ की मनमोहक प्रस्तुति किया। जिसमें फरमाइशी चक्करदार बिजली परन के अलावा कवित्त, गत निकास का सुंदर समावेश देखने को मिला। कुछ समय से विश्वविद्यालय की कुलपति महोदया के निर्देश के क्रम में कई कार्यशालाओं का आयोजन किया गया। जिसमें यह कार्यशाला अपने आप में एक उपलब्धि है तथा इस पाठ्यक्रम में सम्मिलित बोल बंदिशों को जयंती माला मिश्रा ने सिखाया।

पीडब्ल्यूडी दलित महिला कर्मी की मौत पर नहीं गंभीर

बैठक में आख्या न होने पर जताया गया रोष, 3 सितम्बर को विधान मण्डल की समिति में होनी हैं साक्ष्य बैठक

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। लोक निर्माण विभाग के कार्यालय प्रमुख अभियन्ता मुख्यालय लखनऊ में कार्यरत अनुसूचित जाति की महिला कर्मी, ऊषा गौतम, वरिष्ठ सहायक/महिला संगठन मंत्री का यौन शोषण का मामला उत्तर प्रदेश विधान मण्डल की अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों तथा विमुक्त जातियों संबंधि संयुक्त समिति की साक्ष्य बैठक आगामी 3 सितम्बर को उठाये जाने से विभाग के प्रमुख सचिव अजय चौहान ने बीते 23 अगस्त को प्रकरण की समीक्षा के दौरान पीडब्लूडी नियमित वर्कचार्ज कर्मचारी संघ उप्र के बीते 11 जून के पत्र में उल्लिखित ऊषा गौतम (अनुसूचित जाति) की मृत्यु की जांच कराकर जांच आख्या उपलब्ध कराये जाने की अपेक्षा शासन द्वारा की गई थी।

इस सम्बन्ध में विभाग में आख्या उपलब्ध कराने को लेकर गुरुवार को भी बैठक हुई लेकिन विभाग के जिम्मेदारों ने बीती बैठक को गंभीरता से न लेते हुए आख्या तैयार नहीं की। इस पर बैठक के दौरान आख्या उपलब्ध न कराये जाने पर रोष व्यक्त किया गया। आरोप है कि अनुसूचित जाति की महिला कर्मी ऊषा गौतम, वरिष्ठ सहायक/महिला संगठन मंत्री का यौन शोषण कार्यालय प्रमुख अभियन्ता/क्षेत्रीय मुख्य अभियन्ता मिनिस्टीरियल एसोसिएशन के अध्यक्ष वीरेन्द्र यादव एवं महामंत्री ओम प्रकाश पटेल द्वारा किये जाने तथा गर्भधारण होने पर शादी की मांग करने को लेकर, जबरन गर्भपात कराकर बीरेन्द्र यादव व ओम प्रकाश द्वारा चालक संघ के प्रदेश अध्यक्ष शिव कुमार यादव और सर्किल ऑफिसेस मिनिस्ट्रीरियल एसोसिएशन के अध्यक्ष सुनील यादव द्वारा करंट लगाकर प्रताड़ित कर ऊषा गौतम की आत्महत्या की जांच की मांग करने को लेकर पीडब्लूडी नियमित वर्कचार्ज कर्मचारी संघ के अध्यक्ष भारत सिंह ने मुख्यमंत्री और लोक निर्माण विभाग के विभागाध्यक्ष को शिकायती पत्र दिया है। इस पर विधायक त्रिभुवन राम, सेवानिवृत्त प्रमुख अभियन्ता (विभागाध्यक्ष) द्वारा सदन की समिति के समक्ष प्रकरण को प्रकाश में लाया गया है। शिकायतकर्ता भारत सिंह द्वारा पत्र की पुष्टि की जा चुकी है। अब इस प्रकरण को लेकर जांच समिति को अपनी रिपोर्ट देनी है, लेकिन अभी तक तैयार नहीं हुई।

आरोपी कर रहे समिति अध्यक्ष की परिक्रमा

सूत्रों के अनुसार आरोपी बाबू ओम प्रकाश पटेल, वीरेन्द्र कुमार यादव, सुनील यादव एवं शिव कुमार यादव जांच समिति के अध्यक्ष अधीक्षण अभियन्ता, राष्ट्रीय मार्ग, लखनऊ के कार्यालय की परिक्रमा करने में जुटे है और अपने संघ के पद का प्रभाव का इस्तेमाल करके जांच को प्रभावित करने में लगातार लगे हुए है।

विधायक लगातर जांच की उठा रहे मांग

सूत्रों के अनुसार दूसरी ओर पुरवा विधानसभा क्षेत्र से विधायक अनिल सिंह द्वारा वर्षों से एक ही पटल पर जमे बिरेन्द्र कुमार यादव, ओम प्रकाश पटेल, सुनील कुमार यादव, शिव कुमार यादव के विरूद्ध लिखे गये तीन शिकायती पत्रों पर तत्काल कार्यवाही करने के लिए विभाग के तकनीकी सलाहकार वीके सिंह से भी मिले है और तत्काल इन आरोपी बाबुओं को मुख्यालय से दूरस्थ मण्डलों में स्थानांतरण करते हुए आय से अधिक संपत्ति की जांच भी कराने की बात कही है।

वॉलीबाल प्रतियोगिताओं के विजेताओं को मेडल देकर किया सम्मानित

लखनऊ। बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय (बीबीएयू) में 20 यूपी 67 यूपी बटालियन एनसीसी इकाई एवं विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. एनएमपी वर्मा, कर्नल रत्नाकर त्रिवेदी कमांडिंग अधिकारी 20 यूपी गर्ल्स बटालियन एनसीसी, पुनीत श्रीवास्तव कमांडिंग अधिकारी 67 यूपी बटालियन एनसीसी के दिशा निर्देशन में विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय खेल दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के संरक्षक बीबीएयू कुलपति ने सभी उपस्थित जन को फिट इंडिया शपथ भी दिलवाई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जयसपाल सिंह, संयुक्त सचिव, कराटे इंडिया संगठन ने उपस्थित जन समूह को राष्ट्रीय खेल दिवस की बधाई देते हुए बताया कि खेल दिवस मेजर ध्यानचंद की जयंती पर मनाया जाता है, जो भारतीय हॉकी के दिग्गज खिलाड़ी थे, मेजर ध्यानचंद को हॉकी में उनकी असाधारण प्रतिभा और खेल के प्रति उनके समर्पण के लिए जाना जाता है।

संक्षेप

राष्ट्रीय खेल दिवस पर किया शिविर का आयोजन

कुशीनगर। उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ की कार्ययोजना वर्ष 2024- 2025 के क्रियान्वन के क्रम में तथा माननीय जनपद न्यायाधीश / अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शैलेन्द्र मणि त्रिपाठी के कुशल निर्देशन में आज दिनांक 29.08.2024 को ए०डी०आर० भवन में राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर शिविर का अयोजन किया गया।

श्री सचिव द्वारा बताया गया कि साल 2012 में भारत सरकार ने भारतीय खेलों में उनके योगदान को मान्यता देने के लिये मेजर ध्यानचंद के जन्मदिन को राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में घोषित किया। इस दिन उनके असाधारण समर्पण, आत्म-अनुशासन और जुनून का जश्न मनाया जाता है, जो पूरे देश के एथलीटों को प्रेरित करता है। श्री सचिव द्वारा बताया गया कि राष्ट्रीय खेल दिवस 2024 का थीम है ₹शांतिपूर्ण और समावेशी समाजों को बढ़ावा देने के लिये। यह इस बात पर जोर देता है कि कोई कैसे सामाजिक बंधनों को मजबूत कर सकता है, एकता को तेज कर सकता है और समावेशिता का समर्थन कर सकता है। आगे उन्होनें बताया कि हॉकी के दिग्गज खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद के सम्मान में यह राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया जाता है। यह उनकी जयंती भी है। इस दिन का उद्देश्य खेल और शारीरिक फिटनेस के महत्व को उजागर करना है, जो एक स्वस्थ, अधिक सक्रिय जीवन शैली को बढ़ावा देने के लिये भारत सरकार की पहलों को दर्शाता है।

सर्वदलीय श्रद्धांजलि सभा आज

देवरिया। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के पूर्व राष्ट्रीय सचिव एवं उत्तराखंड व हिमाचल प्रदेश के प्रभारी रहे स्वर्गीय डॉ भोला पांडे पूर्व विधायक को आज नागरिक प्रचारिणी सभागार में आयोजित सर्वदलीय शोक सभा में श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी।

उक्त जानकारी देते हुए शहर कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष ऋषिकेश मिश्र ने कांग्रेस जनों से दिवंगत नेता की श्रद्धांजलि सभा में भाग लेने की अपील की है।

प्राथमिक विद्यालय के बच्चों को बांटी शिक्षण सामग्री

जिला संवाददाता(vol)

कुशीनगर। नयी दिशा पर्यावरण सेवा संस्थान द्वारा जन सहयोग से सरकारी विद्यालयों में पढ़ने वाले जरूरतमंद बच्चों को शिक्षण सामग्री वितरण करने के क्रम में गुरुवार को नगर पालिका परिषद कुशीनगर स्थित प्राथमिक विद्यालय कुरमौटा में खेल दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन कर सभी बच्चों को कॉपी, कलम, रबर, पेंसिल, कटर आदि शिक्षण सामग्री भेंट कर पढ़ने व आगे बढ़ने हेतु प्रेरित करते हुए खेल दिवस व मेजर ध्यानचंद के व्यक्तित्व से परिचित कराया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते मुख्य अतिथि बुद्ध पीजी कॉलेज कुशीनगर के दर्शनशास्त्र विभाग के अध्यक्ष प्रो0 राघवेंद्र मिश्र ने कहा कि जीवन में शिक्षा व स्वास्थ्य का महत्वपूर्ण स्थान है। शिक्षण सामग्री का समुचित उपयोग कर आगे बढ़ें और स्वस्थ रहने के लिए खेल कूद में भाग लेते रहे। उन्होंने बच्चों को उत्तम स्वास्थ्य हेतु कुछ देसी उपाय भी बताए। पूर्व प्राचार्य प्रो0 अमृतांशु शुक्ल ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए बच्चों को उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं और अच्छे से पढ़ाई कर गांव, समाज का नाम रौशन करने की बात कही। कार्यक्रम का संचालन नयी दिशा सचिव डॉ0 हरिओम मिश्र ने किया। इस अवसर पर प्रो0 गौरव तिवारी, राजेश शुक्ल, बदरुज्जमा सिद्दीकी, कृष्णमोहन, प्रधानाध्यापक हरीन्द्र कुमार चौरसिया, दीनदयाल द्विवेदी, अनुराधा सिंह, हेमलता जायसवाल, दिव्या शुक्ला, धर्मेंद्र कुमार दूबे, आसपति देवी, सुशीला देवी, संगीता देवी, राजेश पांडेय आदि उपास्थित रहे।

राष्ट्रीय खेल दिवस पर आयोजित हुई सदभावना दौड़

रुद्रपुर,देवरिया। स्थानीय रामजी सहाय पी. जी कॉलेज में गुरुवार को मेजर ध्यान चंद की जयंती राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में मनाई गई। कार्यक्रम का आयोजन इंडोर हाल में किया गया। जहां प्रो संतोष कुमार यादव अध्यक्ष हिंदी विभाग ने मेजर ध्यान चंद के चित्र पर माल्यार्पण कर उनके कृतित्व एवम व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए उनकी उपलब्धियों का जिक्र किया। डॉ.आशुतोष कुमार सिंह ने कहा कि खेल हमारे जीवन में अनुशासन लाते है, अनुशासित खिलाड़ी ही जीवन की हर प्रतिस्पर्धा में सफल होते है, कहा कि खेल से हमारे अंदर टीम भावना का विकास होता है। इस से पूर्व प्रातः काल महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा डॉ बृजेश कुमार,एवम डॉ सुधीर श्रीवास्तव के नेतृत्व में सदभावना दौड़ का आयोजन किया गया। जिसे नगर पंचायत चेयरमैन प्रतिनिधि छट्ठेलाल निगम एवम महाविद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष सूरज प्रकाश जायसवाल ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

आज से प्रभावी होगी नयी सर्किल रेट

देवरिया। जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल ने बताया है कि उत्तर प्रदेश स्टाम्प (सम्पत्ति का मूल्यांकन) नियमावली 1997, एवं (द्वितीय संशोधन) नियमावली 2013 के नियम 4 (1) के अंतर्गत जनपद देवरिया में स्थित भू- सम्पत्तियों से सम्बन्धित न्यूनतम मूल्य दर सूची के पुनरीक्षण की कार्यवाही की गयी है। जन सामान्य से प्राप्त जानकारी एवं उप निबन्धक सदर, सलेमपुर, रुद्रपुर, बरहज एवं भाटपाररानी की बैठक कर प्रचलित दर सूची के पुनरीक्षण पर विचार विमर्श किया गया। विचार विमर्श करने के उपरान्त भू- सम्पत्तियों के कय-विक्रय की वास्तविक स्थिति का परीक्षण करने पर यह पाया गया कि जनपद में स्थित भू- सम्पत्तियों की दरें वर्तमान में लागू मूल्य दर सूची में दी गयी दरों के समतुल्य नहीं है, और वर्तमान में प्रभावी मूल्यांकन सूची में निर्धारित की गयी दरों की पुनरीक्षित किये जाने की संस्तुति की गयी। अतः वर्तमान में प्रचलित मूल्यांकन मूल्याकंन सूची में पुनरीक्षित किया जाता है।

आईटीआई में द्वितीय चरण के प्रवेश उपरांत रिक्त सीटों के लिए ऑनलाइन आवेदन

कुशीनगर। आलोक कुमार मौर्य प्रधानाचार्य राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान कुशीनगर ने अवगत कराया है कि राज्य व्यावसायिक प्रशिक्षण परिषद, उत्तर प्रदेश, अलीगंज, लखनऊ द्वारा प्रदेश में चल रहे राजकीय / निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आई०टी०आई०) में सत्र अगस्त-2024 द्वितीय चरण प्रवेश प्रक्रिया के उपरान्त परिणामी रिक्त सीटों का विवरण जनपदवार / संस्थानवार / व्यवसायवार ई-फार्म में वेबसाइटः ३३स्त्रः//६६६.२५३४स्त्र.ल्ल पर उपलब्ध है। निर्धारित प्रवेश प्रक्रिया-2024 के अनुसार पंजीकृत अभ्यर्थियों से संस्थान, व्यवसाय, स्थानीय आरक्षरण (केवल राजकीय संस्थानों हेतु), उपवर्ग एवं लिंग का नवीन विकल्प परिणामी रिक्त सीटों के सापेक्ष आमंत्रित किया गया है।

उन्होंने बताया कि ऐसे अभ्यर्थी जिनको प्रथम एवं द्वितीय चरण में कोई सीट आवंटित नहीं हुई है, उनसे यह अपेक्षा की जाती है, कि वेबसाइट पर बने लिंक ₹प्रदेश के राजकीय एवं निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में प्रवेश सत्र अगस्त-2024 हेतु द्वितीय चरण के प्रवेश के उच्चीकरण के उपरान्त परिणामी रिक्तियों के सापेक्ष नये विकल्पों का ऑनलाइन र४ु२२ङ्ग्ल्ल ₹ पर क्लिक करें, अपना मो०न०, जन्म तिथि तथा वर्ग की प्रविष्टि करनी होगी। तदोपरान्त अभ्यर्थी आवेदन पत्र में प्रवेश हेतु इच्छित संस्थान, व्यवसाय, स्थानीय आरक्षण (केवल राजकीय संस्थानों हेतु), उपवर्ग एवं लिंग का विकल्प पुनः पंजीकृत करा सकते हैं। उन्होंने बताया कि पुनरीक्षित विकल्प पंजीकृत न कराये जाने की दशा में अभ्यर्थी द्वारा मूल आवेदन में प्रस्तुत किये गये विकल्प के अनुसार तृतीय चरण की सीट आवंटन प्रकिया में सम्मिलित कर लिया जायेगा। अभ्यर्थी द्वारा अपना मो०न०, जन्म तिथि तथा वर्ग की प्रविष्टि अंकित कर वेबसाइट पर नवीन विकल्प की कार्यवाही पूर्ण की जा सकेगी। नवीन विकल्प पंजीकृत किये जाने की कार्यवाही वेबसाइटः ३३स्त्रः//६६६.२५३४स्त्र.ल्ल पर दिनांक- 31.08.2024 से 02.09.2024 रात्रि 12:00 बजे तक की जा सकेगी।

तीन ब्लॉकों के बीडीओ और एडीओ पंचायत को प्रतिकूल प्रविष्टि

देवरिया। जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभागार में सीएम डैशबोर्ड की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में डीएम ने सीएम डेशबोर्ड से जुड़ी योजनाओं में लापरवाही बरतने पर तीन खंड विकास अधिकारी तथा तीन एडीओ पंचायत को मध्यावधि विशेष प्रतिकूल प्रविष्टि देने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों में कोताही बरतने पर सख्त कार्रवाई तय है। डीएम ने सीएम डेशबोर्ड की समीक्षा में पाया कि भागलपुर, बनकटा तथा रामपुर कारखाना ब्लॉक में ग्राम पंचायतों को मॉडल ग्राम पंचायत घोषित करने, पीएम/सीएम आवास योजना में खराब प्रगति तथा 15 वें वित्त आयोग एवं 5वें राज्य वित्त आयोग में खराब व्यय से जनपद की रैंकिंग प्रभावित हो रही है। उन्होंने उत्तरदायित्व तय करते हुए तीनों ब्लॉकों के खंड विकास अधिकारी तथा एडीओ पंचायत को मध्यावधि प्रतिकूल प्रविष्टि देने का निर्देश दिया। साथ ही सभी अधिकारियों को सीएम डेशबोर्ड से संबंधित योजनाओं को पूरी गंभीरता से लेने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि अगस्त माह में जिन योजनाओं में ग्रेडिंग खराब होगी उनके जिम्मेदार अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। सभी अधिकारी अपनी जिम्मेदारी को समझें और समय से आंकड़े भरे। बैठक में सीडीओ प्रत्यूष पांडेय, पीडी अनिल कुमार, डीसी मनरेगा आलोक पांडेय, सीवीओ डॉ अरविंद कुमार वैश्य सहित विभिन्न अधिकारी मौजूद थे।

भाकियू की बैठक में किसानों ने कहा जान दे देंगे पर जमीन नहीं देंगे

जिला संवाददाता(vol)

देवरिया। हाटा रोड स्थित परसा बरवा उर्फ परसिया मल्ल में भारतीय किसान यूनियन में एक बैठक आयोजित की गई जिसमें बैठक की अध्यक्षता गौरा ग्राम सभा के पूर्व ग्राम प्रधान कृष्णकांत तिवारी ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए भाकियू के पूर्वी उत्तर प्रदेश के उपाध्यक्ष किसान नेता विनय सिंह सैंथवार ने कहा कि किसानों की उपजाऊ भूमि को एवं सड़क के किनारे कमर्शियल जमीन को जिला प्रशासन औने पौने दाम देकर जबरन अधिग्रहण करना चाहता है जो सरासर अन्याय है। हाटा रोड के किनारे परसिया मल्ल की जमीन 15 से 20 लाख रुपए कट्ठा बिक रहा है, कसया रोड पर भी भीमपुर चौराहा पर रोड के किनारे 40 से 50 लाख रुपए कट्ठा की जमीन बिक रही है। महुआनी से देवरिया रोड पर रोड के किनारे 40 से 50 लाख रुपए कट्ठा की जमीन बिक रही है तथा सोनू घाट से महुआनी वाले रोड पर भी घटईला चेती, घटईला गाजी में सड़क के किनारे 30 से 40 लाख रुपए कट्ठे की जमीन बिक रही है। ईतना ही नहीं देवरिया सलेमपुर मार्ग पर रोड के किनारे अहिलवार मंदिर गेट के बगल में जमीन का दाम आसमान छूरहा है मगर जिला प्रशासन किसानों को 2020 के सर्किल रेट का चार गुना करके और उसमें वन थर्ड की कटौती करते हुए कुल 67 परसेंट की कटौती कर रहा है जो अब बर्दाश्त से बाहर है और किसान अब चुप बैठने वाला नहीं है। भाकियू जिलाध्यक्ष गिरीश नारायण शाही उर्फ बड़े शाही ने कहा किसानों की लड़ाई को भारतीय किसान यूनियन पूर्वांचल की सबसे बड़ी लड़ाई बनाने जा रही है और भाकियू का एक-एक कार्यकर्ता इस आंदोलन में जी जान से लगा हुआ है। श्री शाही ने कहा कि जिस दिन किसानों की हजारों लाठियां इकट्ठा होगी उस दिन प्रशासन किसानों की आवाज को दबा नहीं पाएगा। किसान राजीव राय ने कहा कि किसी भी किसान को अभी कोई भी पेपर बनवाने की आवश्यकता नहीं है पहले प्रशासन हमको क्या देगा यह तय हो जाए उसके बाद ही हम कोई भी पेपर जमा करने का काम करेंगे। इसलिए उन्होंने जोड़ देते हुए कहा कि सारे किसान संगठित हो जाए और कोई भी किसान अभी कोई भी पेपर अपना नहीं जमा करेगा। अंत में सभी किसानों ने एक स्वर में कहा कि जिला प्रशासन ने हम किसानों को सर्किल रेट में बिना कोई कटौती किए चार गुना मुआवजा अगर नहीं दिया तो हम जान दे देंगे मगर जमीन नहीं देंगे। बैठक में लाल प्रताप सिंह, राधेश्याम यादव, मनीष सिंह, हरिशंकर मल्ल, अतुल सिंह, दीनानाथ यादव, युनुष सेख, आनंद यादव, तेज प्रताप मल्ल, विश्वंभर यादव, जोखन मल्ल, समीन सेख, राम इकबाल यादव, सुरेश गुप्ता, पन्नेलाल प्रजापति, अमरजीत शर्मा इत्यादि सैकड़ो किसान उपस्थित रहे।

बाइक सवार बदमाशों ने चाकू की नोक पर महिला का मंगलसूत्र छीना

रूद्रपुर, देवरिया। एकौना थाना क्षेत्र के पचलड़ी चौराहे से पैदल अपने घर बेलवा दुबौली जा रही महिला को चाकू दिखाकर बाइक सवार दो युवकों ने मंगलसूत्र छीन लिया और फरार हो गये। जानकारी के अनुसार उक्त महिला प्रतिमा चौहान पत्नी शत्रुघ्न चौहान ठकुराई मुंडेरा स्थित अपने मायके से गुरुवार को दिन में लगभग 11 बजे पचलड़ी पहुंची। वहां से पैदल जा रही थी कि पचलडी -बिसनपुर मार्ग पर दो मोटरसाइकिल सवार युवक आये और चाकू दिखाकर डरा धमकाकर गले में पहनी मंगलसूत्र छीन कर फरार हो गए।

डीएम की अध्यक्षता में निराश्रित गोवंश संरक्षण, अनुश्रवण और मूल्यांकन समिति की बैठक आयोजित

देवरिया। जिलाधिकारी दिव्या मित्तल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद में निराश्रित गोवंश संरक्षण हेतु अनुश्रवण एवं मूल्यांकन समिति की बैठक आहूत की गयीं। जिलाधिकारी द्वारा चयनित चारागाह की भूमि पर नेपियर घास/हरा चारा रोपण एवं संरक्षण, एस०एफ०सी० पूलिंग द्वारा लक्ष्य के सापेक्ष संचित धनराशि एवं व्यय, गो आश्रय स्थलों की आवश्यक आवश्यकताओं, नवीन वृहद गो संरक्षण हेतु भूमि के प्रस्ताव, सान्द्र आहार/साइलेज, हरा चारा नेपियर के उत्पादन हेतु टैग्ड की गयी चारागाह, शेड की स्थिति/अतिरिक्त शेड की आवश्यकता, वर्षा ऋतु से गोवंश को बचाने के उपाय तथा गो आश्रय स्थलों में जल जमाव एवं खडंजा, गो आश्रय स्थलों पर अभिलेखों की उपलब्धता, रख-रखाव की स्थिति, गो आश्रय स्थल पर आवश्यक आवश्यकताओं यथा सिक रूम निर्माण, अतिरिक्त भूसा/साइलेज भण्डार की स्थिति, छोटे एवं बड़े पशुओं को पृथक-पृथक वैरीकेटिंग/रखने की व्यवस्था, गोबर का निस्तारण एवं बिक्री की स्थिति तथा शव निस्तारण हेतु प्रबन्धन तथा भूमि की उपलब्धता, सी०सी० टी०वी० कैमरा लगवाने की समीक्षा की गयी तथा सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गय जिलाधिकारी द्वारा एस०एफ०सी० पुलिंग द्वारा गो आश्रय स्थलों के संचालन हेतु एस०एफ०सी० पूलिंग पर चर्चा की गयी तथा पूलिंग के पैसे से समस्त गो आश्रय स्थलों पर सिक रूम की स्थापना करने हेतु कहा गया एवं अस्थाई गो आश्रय स्थल भैंसाडाबर एवं घांटी-भटनी में विद्युत कनेक्शन हेतु सम्बन्धित खण्ड विकास अधिकारी को निर्देशित किया गया तथा साथ ही गो०आ०स्थ० घाटी में रात्रि निवास हेतु एक केयर टेकर नियुक्त करने हेतु निर्देशित किया गया। जनपद में निराश्रित गोवंश संरक्षण हेतु विशेष अभियान चलाकर सड़कों एवं खेतों में घूम रहे निराश्रित गोवंश को पकड़ कर निकट के गो आश्रय स्थलों में संरक्षित कराने एवं चारागाह की जमीन को गो आश्रय पोर्टल पर अंकित करने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया। जनपद में संचालित मोबाईल वेटनरी यूनिट 1962 के प्रचार-प्रसार हेतु ग्रामीण स्तर पर सार्वजनिक वितरण प्रणाली की दुकान एवं ग्राम पंचायत सचिवालय पर बैनर अथवा पेन्टिंग के माध्यम से जागरूक किया गया बैठक में अपर पुलिस अधीक्षक, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी, अपर मुख्य अधिकारी-जिला पंचायत, उपायुक्त मनरेगा, जिला कृषि अधिकारी, अपर जिला सांख्यिकी अधिकारी, उप निदेशक-कृषि, अधिकारी-गोशाला, समस्त उपमुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी तथा पशु चिकित्सा अधिकारी उपस्थित थे।

देशी तमंचे के साथ दो अभियुक्त गिरफ्तार

देवरिया। उ0नि0 धर्मेन्द्र सिंह पुलिस बल के साथ ग्राम जमुना मोड के पास वाहन चेकिंग कर रहे थे कि एक दोपहिया वाहन सवार दो संदिग्थ व्यक्ति चेकिंग देखकर मोटर साइकिल मोड़कर भगाने लगे पुलिस टीम द्वारा संदेह होने पर पीछा किया गया तो उनके द्वारा पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी गयी। पुलिस टीम द्वारा घेराबंदी करते हुए दोनों अभियुक्तों को पकड़ लिया गया। पकडे गये अभियुक्तों से नाम पता पूछने पर उनके द्वारा अपना नाम पता क्रमश सोनू चौधरी पुत्र अशोक चौधरी निवासी धुंसुना थाना बांसगांव जनपद गोरखपुर व सुशील चौधरी पुत्र राकेश चौधरी निवासी धुंसुना थाना बांसगांव जनपद गोरखपुर बताया। उनके पास से एक अदद अवैध देशी तमन्चा 315 बोर व एक अदद खोखा कारतूस 315 बोर व एक अदद जिन्दा कारतुस 315 बोर व एक अदद अवैध देशी पिस्टल 0.32 बोर व 03 अदद जिन्दा कारतुस 0.32 बोर बरामद किया गया।

पुलिस इकाई की हुई मासिक समीक्षा बैठक

देवरिया। पुलिस लाईन देवरिया के प्रेक्षा गृह में विशेष किशोर पुलिस इकाई (एस0जे0पी0यू0) की मासिक समीक्षा बैठक माह अगस्त, का आयोजन सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के प्रतिनिधि ओम प्रकाश तिवारी डिप्टी लीगल एड डिफेंस काउंसिल देवरिया की अध्यक्षता में किया गया है। बैठक का संचालन जय प्रकाश तिवारी संरक्षण अधिकारी जिला बाल संरक्षण अधिकारी के द्वारा किया गया।

बैठक में थाना प्रभारी ए0एच0टी0यू0 राकेश सिंह के द्वारा एस0जे0पी0यू0 के कर्तव्य एवं दायित्व के बारे में अवगत कराया गया, तथा किशोर न्याय अधिनियम के अनुरूप कार्य करने के लिए निर्देशित किया गया। श्री जय प्रकाश तिवारी संरक्षण अधिकारी जिला बाल संरक्षण इकाई के द्वारा एजेण्डावार समीक्षा बिन्दु पर चर्चा करते हुये जे0जे0एक्ट कानून, बाल-विवाह प्रतिषेध अधिनियम, एडाप्सन की प्रकिया के बारे में जानकारी दिया गया। जनपद में बाल-विवाह की रोकथाम एवं किसी भी अवैध तरीके से बच्चों को गोद न दिया जाय, गोद देने की प्रक्रिया कारा के वेबसाइट के माध्यम से कराया जाये। इसके अतिरिक्त राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग द्वारा विकसित एक युद्ध नशे के विरूद्ध जन जागरूकता कार्यक्रम हेतु प्रेरित किया गया, तथा स्कूल कालेज, हास्टल के समीप शराब की दुकानें, लिकर गुटका, तम्बाकू अन्य हानिकारक पदार्थो को बच्चो के द्वारा सेवन किये जाने एवं बेचे जाने पर रोक लगाने के लिए नियमित निगरानी रखने के बारे मे बताया गया, तथा विद्यालयों में गठित प्रहरी क्लब के बारे में जानकारी दिया गया, इसी कड़ी में जे0जे0 एक्ट की धारा 77 एवं 78 के बारे में विस्तृत रूप से प्रशिक्षित किया गया, श्री तिवारी द्वारा बताया गया कि अगर कोई व्यक्ति नाबालिक बच्चों से नशीली दवायें, लिकर, शराब, पान, गुटका, तम्बाकू इत्यादि की बिक्री कराता है, एक स्थान से दूसरे स्थान पर पहुचाने के लिये कहता है, फेरी लगवाता है, तो ऐसे व्यक्तियों के विरूद्ध इन धारा में एफ0आई0आर0 दर्ज किये जाने का प्राविधान है, बैठक में डा0 सावित्री राय अध्यक्ष बाल कल्याण समिति के द्वारा पॉक्सो से संबंधित प्रकरण को 24 घण्टे के अन्दर बाल कल्याण समिति को उपलब्ध कराये जाने के बारे मे बताया गया। नीतू भारती प्रबन्धक एवं मीनू जायसवाल मनोवैज्ञानिक वन स्टाप सेन्टर के द्वारा वन स्टाप सेन्टर के कार्य एवं वन स्टाप सेन्टर पर पीड़िता को 05 दिन तक रखे जाने के प्राविधान के बारे में जानकारी दिया गया। दिनेश कुमार श्रम विभाग के द्वारा बाल श्रम से संबंधित विषयों की जानकारी से अवगत कराया गया।

बैठक की अध्यक्षता कर रहे ओम प्रकाश तिवारी के द्वारा किशोर न्याय बोर्ड की प्रक्रिया एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के द्वारा उपलब्ध करायी जाने वाली विधिक सहायता के बारे मे कार्य करने एवं आपसी समन्यवक बनाकर बच्चो के हितों को ध्यान में रखकर कार्य करने के बारे में बताया गया।

पडरौना डोल मेला सकुशल सम्पन्न

पडरौना, कुशीनगर। जन्माष्टमी के दो दिन बाद निकलने वाले डोल मेले को लेकर नपाध्यक्ष विनय जायसवाल के द्वारा समस्त डोल समितियों के साथ बैठक कर उनकी आवश्यकताओं और सुविधाओं के बारे में जानकारी लेने व नगरपालिका द्वारा व्यवस्था सुनिश्चित करने के बाद पालिकाध्यक्ष ने डोल मेले में सभी अखाड़ों के बीच अपनी उपस्थिति दर्ज की। बता दें कि नपा द्वारा पहले ही डोल झाँकियों वाले प्रमुख मार्गो की विशेष साफ सफाई, बिजली व्यवस्था के साथ पानी टैंकर की व्यवस्था भी चाक चौबंद कर दी गयी थी, साथ ही धूल मिट्टी की समस्या से बचने के लिए टैंकर से पानी भी गिरवाया जाता रहा। डोल मेले के दिन नपा के जलकल परिसर में सभी भक्तजनों और श्रद्धालुओं के लिए चाय, जलपान के साथ मेडिकल किट की व्यवस्था भी रही। अपने सम्बोधन में पालिकाध्यक्ष श्री जायसवाल ने बताया कि डोल मेला पूरे उत्तरप्रदेश में कुशीनगर जनपद मुख्यालय पडरौना की विशेष पहचान के रूप में जाना जाता है जिसमें भगवान श्री कृष्ण की विशेष झाँकी के अलावा तरह तरह की मनमोहक झाँकियों के प्रदर्शन के साथ ही युवा खिलाड़ी अपनी कला का प्रदर्शन करते हुए अखाड़ा खेलते हैं। उन्होंने बताया कि इस तरह के स्थानीय त्योहार जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से हजारों की संख्या में ठेले, खोमचेवाले और अन्य स्ट्रीट वेंडर्स की अर्थव्यवस्था का बड़ा स्रोत साबित होते हैं। साथ ही उन्होंने बताया कि नगर के सबसे बड़े पर्व में से एक डोल मेले में एक लाख से अधिक लोगों ने प्रत्यक्ष भागीदारी दर्ज की साथ ही उन्होंने मेले के सफल आयोजन के लिए आयोजन समिति, नपाकर्मियों, पुलिस प्रशासन सहित आमजन को धन्यवाद भी ज्ञापित किया उक्त मौके पर उनके साथ अध्यक्ष प्रतिनिधि मनीष जायसवाल के अलावा रितेश जायसवाल, आद्या राय, ब्रजेश शर्मा, आलोक चौबे, अंशु जायसवाल, संतोष चौहान, अमित तिवारी ,सबलू दुबे, राजेश जायसवाल, राजेश कुशवाहा, भास्कर शर्मा, आर्यन शर्मा, अनूप गोंड, सुनील चौहान, ललित जायसवाल, आकाश वर्मा, राहुल सिंह, गौरव रौनियार, पवन जायसवाल, मंथन सिंह, प्रदीप कुशवाहा, प्रदीप चौधरी, सन्नी सिंह, मुरारी मद्धेशिया, पिंटू साह, भोलू यादव, संतोष गुप्ता, मनीष सिंह अलावा कार्यकर्ता गण व नपा के कर्मचारी उपस्थित रहे।

ग्राम पंचायतों में पंचायत भवन बनाने के लिए निजी भूमि का होगा क्रय

जिला संवाददाता(vol)

देवरिया। जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल के निर्देश पर प्रभारी जिला पंचायत राज अधिकारी ने बताया कि अपर मुख्य सचिव, उ०प्र० शासन पंचायती राज द्वारा जिन ग्राम पंचायतों में पंचायत भवन निर्माण हेतु भूमि अनुपलब्धता के कारण पंचायत भवन निर्माण कार्य प्रारम्भ नही हो पाया है, उन ग्राम पंचायतों में पंचायत भवन के निर्माण हेतु 15वें वित्त आयोग अनटाइड/राज्य वित्त आयोग या स्वयं के स्रोत की आय (ओ०एस०आर०) मद की धनराशि से आबादी के निकटतम स्थल व आवागमन की सुलभता वाले मार्ग के समीप 500 वर्ग मीटर अथवा यथा आवश्यक निजी भूमि क्रय किये जाने हेतु निर्देश दिये गये हैं। जनपद में कुल 21 ग्राम पंचायतों में पंचायत भवन बनाने के लिए निजी भूमि क्रय की जाएगी।

पंचायत भवन निर्माण हेतु भूमि क्रय किए जाने हेतु जिलाधिकारी की अध्यक्षता में समिति का गठन किया गया है। समिति में जिलाधिकारी अध्यक्ष, जिला पंचायत राज अधिकारी सदस्य सचिव तथा मुख्य विकास अधिकारी एवं अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व सदस्य नामित है।

सम्बन्धित ग्राम पंचायतों के ऐसे व्यक्ति जो अपनी भूमि पंचायत भवन निर्माण हेतु ग्राम सभा को विक्रय करना चाहते हों वे कार्यालय जिला पंचायत राज अधिकारी, देवरिया के माध्यम से अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) की अध्यक्षता में गठित समिति के समक्ष उपस्थित होकर अपना प्रस्ताव समिति को दे सकतें है। अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) की अध्यक्षता में गठित समिति में सम्बन्धित अपर जिलाधिकारी (भू०अ०) /विशेष भूमि अध्याप्ति अधिकारी/उप भूमि अध्याप्ति अधिकारी, सम्बन्धित उपजिलाधिकारी (परियोजना प्रशासक), सम्बन्धित सब रजिस्ट्रार / उपमहानिरीक्षक स्टैम्प एवं निबन्धन / सहायक महानिरीक्षक स्टैम्प एवं निबन्धन को सदस्य एवं क्रय निकाय/विभाग द्वारा प्राधिकृत अधिकारी को सदस्य सदस्य सचिव नामित किया गया है। प्रभारी जिला पंचायत राज अधिकारी श्रवण कुमार ने बताया कि ब्लॉक रुद्रपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत भेड़ी, बौरडीह एवं कुरैती के के लिए पंचायत भवन निर्माण हेतु भूमि उपलब्ध नहीं है। इसी प्रकार ब्लॉक भागलपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत गोहरिया, बेलवा, कटियारी, ब्लॉक भटनी अंतर्गत डुमरी, लक्ष्मीपुर, ब्लॉक सलेमपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत हड़हुआ उर्फ औरंगाबाद, खुरधरखोर, धनपुरवा, ब्लॉक लार अंतर्गत ग्राम पंचायत बौरडीह, माधोपुर, पड़री गजराज, विरनी, सहियागढ़, ब्लॉक बैतालपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत महुअवा 2, इजरही, ब्लॉक पथरदेवा अंतर्गत ग्राम पंचायत बसडीला जदूधरी, ब्लाक रामपुर कारखाना अंतर्गत ग्राम पंचायत परसा बरवां एवं ब्लॉक देवरिया सदर अंतर्गत ग्राम पंचायत परसिया के पंचायत भवन निर्माण हेतु भूमि उपलब्ध नहीं है।

पुलिस भर्ती परीक्षा के लिए सात जोडी अनारक्षित परीक्षा विशेष ट्रेन का होगा संचालन

जिला संवाददाता(vol)

भटनी(देवरिया)। उत्तर प्रदेश प्रशासन द्वारा पुलिस भर्ती परीक्षा के क्रम में 30 एवं 31 अगस्त 2024 को शेष लिखित परीक्षा आयोजित किया जाना है। पुलिस भर्ती परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु परीक्षार्थियों के आवागमन के कारण प्रमुख स्टेशनों पर अत्यधिक भीड़ होने की सम्भावना है। यात्री यातायात में सामान्य से अधिक भीड़ की सम्भावना को ध्यान में रखकर यात्रियों की यात्रा को सुगम बनाने हेतु वाराणसी मंडल के सभी प्रमुख स्टेशनों जैसे प्रयागराज रामबाग, देवरिया सदर, भटनी, बलिया, गाजीपुर सिटी, मऊ, बनारस एवं आजमगढ़ स्टेशनों पर विशेष व्यवस्थाएं की गईं है साथ ही इन स्टेशनों से परीक्षा स्पेशल ट्रेन चलाई जा रहीं हैं। पुलिस भर्ती परीक्षा के अंतर्गत 30 एवं 31 अगस्त,2024 को पुनर्निर्धारित कर चलाई जाने वाली गाड़ियाँ में वाराणसी सिटी से 30 एवं 31 अगस्त,2024 को चलने वाली 15007 वाराणसी सिटी-लखनऊ जं0 कृषक एक्सप्रेस गाड़ी वाराणसी सिटी से 60 मिनट रिशेड्यूल कर 17:00 बजे के स्थान पर 18:00 बजे चलाई जायेगी।-गोरखपुर से 30 एवं 31 अगस्त,2024 को चलने वाली 15131 गोरखपुर-वाराणसी सिटी अनारक्षित विशेष गाड़ी गोरखपुर से 95 मिनट रिशेड्यूल कर 23:00 बजे के स्थान पर 00:35 बजे चलाई जायेगी।

-वाराणसी सिटी से 30 एवं 31 अगस्त,2024 को चलने वाली 05428 वाराणसी सिटी-आजमगढ़ अनारक्षित विशेष गाड़ी वाराणसी सिटी से 35 मिनट रिशेड्यूल कर 17:40 बजे के स्थान पर 18:15 बजे चलाई जायेगी। पूर्वोत्तर रेलवे, वाराणसी मंडल के विभिन्न रूटों पर 07 जोड़ी परीक्षा स्पेशल ट्रेनें चलाई जाएंगीः- 05129/05130 गोरखपुर-वाराणसी सिटी-गोरखपुर परीक्षा विशेष गाड़ी गोरखपुर से 30 एवं 31 अगस्त को 02 ट्रिप में तथा वाराणसी सिटी से 30 एवं 31 अगस्त को 02 ट्रिप में चलाई जायेगी। 05182/05181 प्रयागराज रामबाग-बलिया- प्रयागराज रामबाग परीक्षा विशेष गाड़ी प्रयागराज रामबाग से 30 एवं 31 अगस्त को 02 ट्रिप में एवं बलिया से 30 एवं 31 अगस्त को 02 ट्रिप में चलाई जाएगी।

संक्षेप

योजनाओं में हो रहे घोटाले, शासन से शिकायत

सीतापुर। मिश्रित नगर पालिका क्षेत्र में विकास कार्यों में जमकर धांधली हो रही है। ऐसा आरोप मिश्रित नगर पालिका परिषद के सभासद कमाल अहमद ने लगाया है। जिन्होंने चेयरमैन व ईओ को सवालों के कटघरे में खड़ा किया है। इस मामले को लेकर उन्होंने शिकायत शासन स्तर से की है। सभासद कमाल अहमद ने आरोप लगाया कि बगैर टेंण्डर के कार्य कराए गए और रूपए भी निकाल लिए गए। सभासद के आरोप के बाद शासन स्तर से जांच के आदेश हो गए हैं सभासद का कहना है कि जिस जांच को शासन करवा रहा है, वही जांच तहसील और जिला प्रशासन स्तर से हो सकती थी। लेकिन नही हुई। जो चर्चा का विषय बना हुआ है। आरोप है कि वर्षो से नपाप मिश्रित में बोर्ड बैठक का आयोजन तक नहीं किया गया है। मिश्रित के साथ साथ तपोभूमि नैमिष में भी नगर पालिका ने नाली निर्माण से लेकर आरसीसी निर्माण में जमकर लूट मचाई है। अगर जांच निष्पक्ष तरीके से हुई तो एक के बाद एक राज खुलकर जनता के सामने आएंगे।

प्रभारी मंत्री ने किया अस्पताल का निरीक्षण

जिला संवाददाता(vol)

सीतापुर। संसदीय कार्य एवं शिक्षा राज्यमंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह गुरुवार को सीतापुर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने बिसवां सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया। वहां भर्ती मरीजों का हालचाल लिया और सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। उन्होंने अस्पताल में पर्यावरण की दृष्टि से पीपल के पौधे का भी रोपण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विधायक निर्मल वर्मा से कहा कि अस्पताल में मरीजों को बेहतर सुविधाएं मिल रही है तथा महिलायों का प्रसव आपरेशन द्वारा कराए जाना बेहद खुसी की बात है। शासन की सुविधाएं और योजनाओं का लाभ मरीजों को मिल रहा है। उन्होंने कहा की अस्पताल में जगह कम है, यहां पर मरीजो की संख्या देखते हुए सौ बेड का हॉस्पिटल, ट्रामा सेंटर तथा महिला रोगियों के लिए अलग से चिकित्सायल होना चाहिए। उन्होंने जिला अधिकारी से इसके लिए जमीन उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए। विधायक निर्मल वर्मा ने कहा कि बिसवां में और बेहतर सुविधाओ के लिए अस्पताल का उच्चीकरण होना आवश्यक है। इस मौके पर अधीक्षक डॉ. अमित कपूर, सुमित मेहरोत्रा, डॉ.कैलाश चंद्रा मौजूद रहे। इस दौरान प्रभारी मंत्री ने शारदा नहर के कटान स्थल को देखा। प्रभावित पीडितो को मदद के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मदद में लगे अधिकारी कर्मचारी मुस्तैदी से काम करे। कटान के निरीक्षण के बाद वहां मौजूद जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द को पीड़ितों की मदद के निर्देश दिए। उन्होंने सिचाई विभाग के अधिकारियों से जानकारी ली कि कटान को रोकने के लिए जो व्यवस्था की जा रही है। इस मौके पर विधायक महमूदाबाद आशा मौर्या ने प्रभावित गांव रमुवापुर में महिलाओं को किट का वितरण किया।

● नहर कटान का हाल देखा

भारतीय हिन्दू परिषद के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मुख्य प्रकोष्ठ बनाये गये एस्ट्रो शिवा जी महराज

जिला संवाददाता(vol)

महोली/सीतापुर। भारतीय हिन्दू परिषद के संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष पवनेश जी महराज ने संगठन को मजबूती प्रदान करने के लिए एस्ट्रो शिवा जी महराज को प्रदेश का राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मुख्य प्रकोष्ट के पद पर नियुक्त किया है।

शिवा जी महराज ने कहा सनातन को जागरूक किया जाएगा। गौसेवा, रक्तदान, महिलाओं को सबल बनाना, राष्ट्रीय सनातन बोर्ड का गठन, गुरुकुलों का निर्माण, गौशालाओं का निर्माण, संत महात्माओं और पुजारी जनों के मार्गदर्शन से सनातन को मजबूती देने एवं आम जनता के हितो को लेकर भारतीय हिन्दू परिषद प्रयासरत है। इसका और विस्तारीकरण किया जाएगा। शिवा जी महराज ने कहा संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष के सरंक्षण मे भारतीय हिन्दू परिषद का परचम जगह जगह फहरा रहा है। भारतीय हिन्दू परिषद एक गैर राजनैतिक संगठन है, । संगठन की बेबसाइड ,मोबाइल ऐप, सोशल मीडिया के माध्यम से भी निरन्तर किये जा रहे सामाजिक कार्यों को जन जन तक पहुंचाने का प्रयास किया जारी है। शिवा जी महराज के मनोनीत होने पर कारेदेव बाबा के पुजारी रमाकांत मिश्र समेत संगठन के पदाधिकारी ,कार्यकर्ता तथा सनातनी लोगो ने खुशी जाहिर कर आतिशबाजी कर एक दूसरे का मुंह मीठा कराकर खुशी जाहिर की।

नेशनल अवार्ड के चयन के लिए नेशनल टीम ने मूल्यांकन किया

सफीपुर, उन्नाव। सीएचसी को नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस स्टैंडर्ड सार्टिफिकेशन अवार्ड के चयन हेतु नेशनल टीम ने मूल्यांकन किया। आपको बताते चले कि नेशनल लेवल के मानक को पूरा करने वाले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों को नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस स्टैंडर्ड सार्टिफिकेशन अवार्ड दिया जाता है। अवार्ड हेतु स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सफीपुर का चिन्हाकन करने हेतु गुरुवार तीन दिवसीय राष्ट्रीय मूल्यांकन टीम ने पहले दिन ऑपरेशन थेटर, लैब व फामेर्सी की जांच की। मूल्यांकन टीम में डॉक्टर भवर लाल देवना जोधपुर व डॉक्टर नीलिमा वर्मा गुड़गांव ने लैब, ओपीडी, ओटी व फामेर्सी का बारीकी से जांच किया। मानक के अनुरूप व्यवस्था संतोषजनक पाई गई, स्वच्छता में सुधार के आवश्यक दिशा निर्देश दिए। शौचालय, अस्पताल की सुविधाओं का डिस्पले आदि व्यवस्थित मिलने पर टीम संतुष्ट दिखी। इस मौके पर अधीक्षक डॉक्टर राजेश वर्मा, ब्रजेश सिंह समेत समस्त स्वास्थ्य स्टॉप मुस्तैद रहा।

अज्ञात महिला का नहर में मिला शव

सीतापुर। थाना तालगांव इलाके के कला बहादुरपुर गांव के कुछ ग्रामीण बुधवार को गांव के निकट से गुजरी शारदा सहायक नहर की तरफ गए थे। इसी बीच उन्होंने नहर में एक महिला का शव बहते देखा। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और पुलिस ने महिला के शव को नहर से बाहर निकलवाया। महिला की उम्र करीब 30 वर्ष के आसपास बताई जा रही है। शव की शिनाख्त नहीं हो सकी है। महिला कौन है, उसकी मौत किन परिस्थितियों में हुई और उसका शव नहर में कैसे आया, यह सब रहस्य बना हुआ है। इधर क्षेत्र के ग्रामीण अज्ञात हत्यारों पर महिला की हत्या कर शव नहर में फेंकने का संदेह जता रहे हैं। प्रभारी निरीक्षक दीपक कुमार राय का कहना है कि घटना के हर पहलू को ध्यान में रखकर जांच पड़ताल की जा रही है। मृत्यु का कारण स्पष्ट करने के लिए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। शव की शिनाख्त के भी प्रयास किए जा रहे हैं। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद कार्रवाई आगे बढ़ाई जाएगी।

संदिग्ध हालात में विवाहिता की मौत

सीतापुर। थाना सकरन इलाके के सैदापुर गांव निवासी रहमत की पत्नी सोफिया उम्र 24 वर्ष गर्भवती थी। प्रसव पीड़ा होने पर परिजनों ने उसे सीएचसी सांडा में भर्ती कराया। जहां डॉक्टरों ने उसकी हालत नाजुक बताते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। परिजनों ने उसे सीतापुर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां आपरेशन से उसने मृत बच्चे का जन्म दिया। इसके बावजूद सोफिया की हालत में सुधार नही हुआ। परिजनों ने उसे लखनऊ के एक निजी हास्पिटल में भर्ती कराया। वहां इलाज के दौरान गुरुवार को सोफिया ने दम तोड़ दिया। घटना के संबंध में मृतका की मां जैनब निवासी धौरहरा जिला लखीमपुर खीरी ने ससुराल पक्ष पर दहेज हत्या का आरोप लगाते हुए सोफिया के पति रहमत अली, ससुर बडे बाबू व सास के विरूद्ध सकरन थाने पर तहरीर दी है। पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। थानाध्यक्ष कृष्ण कुमार ने बताया मृतका की मां की तहरीर पर पति समेत तीन लोगों के खिलाफ दहेज हत्या का केस दर्ज किया गया है। घटना की जांच की जा रही है।

पूर्व विधायक की प्रथम पुण्यतिथि पर मूर्ति का हुआ अनावरण

तंबौर/सीतापुर। ग्राम चंदीभानपुर में पूर्व विधायक स्वः रामपाल यादव की प्रथम पुण्यतिथि पर हाई कोर्ट इलाहाबाद के रिटायर्ड न्यायाधीश वीरेन्द्र सिंह यादव, आर के चैधरी सांसद मोहनलाल गंज पूर्व विधायक बी.के.टी. राजेन्द्र यादव पूर्व विधायक महेन्द्र सिंह झीन बाबू ने प्रतिमा का अनावरण किया व शोक सभा कर श्रद्धांजलि दी।

इस मौके पर तमाम नेतागणों ने कार्यक्रम में भाग लिया। कार्यक्रम में पूर्व न्यायाधीश वीरेंद्र सिंह यादव ने कहा कि रामपाल यादव जी के देहांत का एक वर्ष पूर्ण हो गया लेकिन हम लोगो को यकीन नही हो रहा है। रामपाल यादव जी विचारों के बहुत धनी थे। वह आज भी लोगो के दिलो में जिन्दा है उन्हें लोग हमेशा याद करते रहेंगे। गांजर के लिए रामपाल यादव जी अमर रहे है और रहेंगे। मोहनलाल गंज सांसद आर. के. चैधरी ने कहा कि रामपाल यादव इस क्षेत्र के नही बल्कि प्रदेश स्तर के नेताओ में उनका शुमार था। बी.के.टी. पूर्व विधायक राजेन्द्र यादव ने कहा रामपाल यादव बहुत ही हिम्मती विचार धारा के व्यक्ति थे रिश्ते में हमारे समधी भी थे। इतनी जल्दी हम सबको छोड़ गए कुछ पता ही नही चल पाया। ईश्वर के आगे किसी का बस नही चल पाता।

जिला पंचायत सदस्य तौकीर अहमद अल्लन ने कहा रामपाल यादव की यादें अभी भूली नही थी कि एक साल गुजर गया। यह कमी जीवन मे कभी पूरी नही जा सकती है।

इस मौके पर विधायक लहरपुर अनिल वर्मा, पूर्व मंत्री नरेन्द्र वर्मा, पूर्व विधायक महेन्द्र सिंह झीन बाबू पूर्व सांसद राजेश वर्मा पूर्व विधायक सुनील वर्मा, अजय भार्गव, छत्रपाल यादव जिलाध्यक्ष सपा, ब्लॉक प्रतिनिधि नीरज वर्मा झल्लर, पूर्व ब्लॉक प्रमुख अनुपम वर्मा पूर्व प्रमुख मोल्हेराम, नूर नेता तौकीर अहमद अल्लन, हाजी शामून खां समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

सपाइयों ने ली नहर कटान से प्रभावित पीड़ितों की सुध, बांटी राहत सामग्री

जिला संवाददाता(vol)

सीतापुर। विसवा के रूसहन पुल के पास सोमवार को शारदा सहायक नहर पटरी कटने से 5 0 गांव के लोग प्रभावित लोग विस्थापित होकर सडको पर रह रहे पीड़ितों को समाजवादी छात्र सभा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष दिग्विजय सिंह देव ने अपने सहयोगी छात्र सभा सीतापुर के जिलाध्यक्ष सदीप कस्यप के साथ गुरूवार को राहत सामग्री का वितरण किया। दिग्विजय सिंह देव सपा कार्यकताओं के साथ पीडित परिवारों के पास पहुचे उन्हे राहत सामग्री का देकर उन्हे सरकार से मुआबजा दिलाने के लिये लडाई लडने का अश्र्वासन दिया। यहां पर लगभग 250 बाढ़ पीड़ितों को राहत सामग्री का वितरण सपा जनों की ओर से किया गया इस मौके पर सीतापुर छात्रसभा के जिलाध्यक्ष सदीप कश्यप , बिसवां विधानसभा के अध्यक्ष सुनील यादव, सपा जिलाउपाध्यक्ष राजन मिश्रा, समाजवादी छात्र सभा के जिलाउपाध्यक्ष रिंकल जोशी, मो०माझ,, सानू मालिक, शालू नेता रुसहन ग्राम सभा के प्रधान, राजा, शिवा कश्यप, सुनील निषाद, आभाष यादव, रवि कश्यप, लवकुश यादव, राकेश वर्मा आदि ने कटान पीड़ितों को राहत सामग्री वितरित किया। सपा नेता सदीप कश्यप ने बताया कि कटान पीडिंतों की समस्याओं को सरकार गम्भीरता से नही ले रहा है और न ही राहत के लिये कोई ठोस कदम उठा रही है समाजवादी पार्टी पीडितों के साथ साथ है।

हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन

सीतापुर। हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद के जन्मदिवस के अवसर पर राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया गया। इस मौके पर दो दिवसीय हाकी प्रतियोगिता का आयोजन स्थानीय मेजर ध्यान चन्द स्टेडियम में किया गया। प्रतियोगिता शुभारम्भ के मुख्य अतिथि सचिन जोशी ने किया। प्रतियोगिता के समापन के मुख्य अतिथि डॉ रजनीकान्त श्रीवास्तव प्राचार्य - आरएमपी डिग्री कालेज रहे। इस मौके पर मेजर दादा ध्यानचन्द की चित्र का माल्यार्पण व पुष्प अर्पित किये। हॉकी मैच का फाइनल मुकाबला केन्द्रीय विद्यालय प्रथम पाली, बनाम स्पोंटस स्टेडियम ए टीम के बीच खेला गया। जिसमें केन्द्रीय विद्यालय प्रथम पाली 4-2 से विजय रही। इस मौके पर निर्णायक के रूप मंयक आनंद, रवि सिंह, उदय सिंह, अंजली, प्रियांजली सिंह आदि रहे। जिला व्यायाम शिक्षक राज शर्मा एवं मो वसीम, अंकुर सिंह, सुमित यादव, विकास, शुभम, विशाल आदि मौजूद रहे।

बाइक चोर गैंग सक्रिय, तीन घटनाओं की नहीं दर्ज हुई रिपोर्ट

जिला संवाददाता(vol)

महोली/सीतापुर। कस्बे मे बाइक चोरी की घटनाएं थमने का नाम नही ले रही है। आए दिन बाइक चोरी हो रही है और महोली पुलिस कुंभकर्णी नींद मे सोई हुई है। पीडित जब बाइक चोरी की तहरीर लेकर कोतवाली जाता है तो कोतवाल विनोद मिश्र उसे समझा बुझाकर कार्रवाई का आश्वासन देकर चलता कर देते है। इसी का फायदा उठाकर बदमाश बाइक चोरी कर आसानी से फरार हो जा रहे है। गौरतलब है जब पुलिस केस दर्ज ही नही करती अपराध को जीडी पर तो जरूर कम किया जा रहा है लेकिन बाजार मे लोग बाइक लेकर आने से कतराने लगे है। गुरूवार दोपहर हाजीपुर कमल कुमार पुत्र जगदीश बडागांव रोड स्थित डा. बंगाली केशयहां दवाई लेने आए थे। दवाई लेकर वह बाहर निकले तो उनकी बाइक गायब थी। इधर उधर तलाश करने पर भी पता नही चल सका। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर दी है। इसके पहले इंडियन बैंक के पास तथा गत सोमवार को थाना मैगलगंज के सीताराम राजपूत कोतवाली के निकट डा. प्रमोद गुप्ता के यहां पोते की दवाई लेने आए थे बाहर निकले तो बाइक नही मिली। सप्ताह भर मे कस्बे से तीन बाइक चोरी हो गई और महोली पुलिस ने केस तक दर्ज तक नही किया। इससे पुलिस कार्यशैली पर सवाल उठ रहे है। बाइक चोरी का केस न दर्ज करने का जवाब पुलिस के पास नही है आखिर वह क्यो बाइक चोर गैंग को अभयदान दे रही है यह भी एक यक्ष पश्न है ?

चोरों ने पार कर दी लेखाकार की बाइक दिया शिकायतीपत्र

उन्नाव। कोतवाली पुलिस की सुस्त कार्यशैली के चलते इन दिनों चोरों के हौसले बुंलद है। सरकारी लेखाकार के पद परकार्यरत एक कर्मी की मोबाइक चोरो ने कार्यालय से पार कर दी। मामला शहर कोतवाली क्षेत्र के अंर्तगत का बताया जा रहा है। मिली जानकारी के अनुसार पीडीनगर निवासी लेखाकार रमेश कुमार रावत रोज की तरह ही गुरुवार को कार्यालय पहुंचे। नियमित की तरह काम निपटाने के बाद शाम को जब 5 बजे के करीब घर जाने के लिए निकले तो कार्यालय परिसर में निधारिंत स्थान पर बाइक नही मिली। बता दें कि उनकी तैनाती बीएसए कार्यालय में स्थित डीआईओएस कार्यालय में लेखाकार के पद पर हुयी है। पीडित ने मामले की जानकारी कोतवाली पुलिस को दी है। अब देखने वाली बात होगी कि कोतवाली पुलिस चोरो के खिलाफ कडी कार्यवाही करते हुए बाइक की बरामदगी कर पाती है या पहले की तरह मामले फाइल में धूल खाते रहेगे।

फांसी के फंदे पर लटकता मिला विवाहिता शव

सीतापुर। इमलिया सुल्तानपुर थाना इलाके में एक महिला का शव घर के अंदर फांसी के फंदे पर लटकता मिला। विवाहिता के पिता ने दहेज के लिए प्रताड़ित कर हत्या करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है। महिला की मौत से परिवार में कोहराम मचा है। बताते चले कि मामला इमलिया सुल्तानपुर थाना इलाके का है। यहां क्षेत्र के ग्राम बंडिया में गुरुवार दोपहर एक विवाहिता का शव घर के अंदर कुंडे से लटकता मिला। क्षेत्र के ग्राम फदिलापुर निवासी श्रवण तिवारी ने थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया कि उनकी बेटी मुस्कान की शादी करीब 3 साल पहले काजीकमालपुर चैकी क्षेत्र के ग्राम बंडिया निवासी नरेंद्र पुत्र ओमकार के साथ हुई थी। मुस्कान के पिता ने दहेज की खातिर प्रताड़ित करते हुए लगाया है। सीओ ने घटनास्थल का बारीकी से मौका मुआयना कर शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है। पुलिस का कहना है कि हत्या और आत्महत्या की गुत्थी पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही स्पष्ट हो सकती है।

बुखार से दो और लोगों की गयी जान

सीतापुर। थाना सकरन इलाके के इटौवा गांव निवासी जगदम्बा द्विवेदी उम्र 60 वर्ष तथा इसी गांव के निवासी मनोहर गोड़िया उम्र 55 वर्ष बुखार से पीड़ित थे। दोनों ने तेज बुखार की शिकायत बताई थी। परिजन दोनो को लेकर क्षेत्र के झोलाछाप डाक्टरों के यहां गये थें जहां से दवा लेकर वापस आयें। देर रात दोनो की मौत हो गयी। इसके अलावा गांव में सौ से ऊपर लोग जाड़ा बुखार जैसी बीमारियों से पीडित हैं। से सभी अपना इलाज क्षेत्र के प्राइवेट डाक्टरों के यहां कराने के मजबूर हैं। इस पूरे मामले को सीएचसी अधीक्षक डॉ मनोज कुमार वर्मा ने बताया सूचना मिली है। गांव में स्वस्थ्य विभाग की टीम भेजी गई हैं। वे जांच कर रही हैं। और दवाईयों भी वितरित कर रही हैं।

बांग्लादेश में हिंदुओ पर अत्याचार की घटना पर महंत ने पीएम को संबोधित ज्ञापन दिया

जिला संवाददाता(vol)

सफीपुर, उन्नाव। बांग्लादेश में हिंदुओ पर अत्याचार किए जाने को लेकर भिनकीपुर धाम के महंत रामस्वरूप ब्रम्हचारी के नेतृत्व के हिन्दू संगठनों ने कस्बे में गुरुवार को हिंदू संगठनों ने विरोध प्रदर्शन कर प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंप उनकी सुरक्षा की मांग की। गुरुवार को कस्बे के भगवती चरण वर्मा पार्क में एकत्र होकर भिनकीपुर धाम के महंत रामस्वरूप ब्रम्हचारी के नेतृत्व में विश्व हिंदू परिषद, आरएसएस, बजरंग दल आदि संगठनों के लोग सड़को पर उतर कर जोरदार प्रदर्शन करते हुए विभिन्न मोहल्लों में मार्च निकाला संगठनों के लोग हाथ में बैनर और झंडे लिए थे और बांग्लादेश विरोधी नारे लगाते हुए तहसील पहुंच प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी नवीन चन्द्र को सौंपा। ज्ञापन में कहा कि बांगलादेश में सत्ता परिवर्तन के बाद से अल्पसंख्यक लोग वहां के हिंदुओं व धार्मिक स्थलों पर लगातार नुकसान कर रहे है। उनकी सुरक्षा किए जाने की मांग की है। इस मौके पर चेयरमैन प्रतिनिधि ऊगू अनुज दीक्षित, हरिशरण लाला, ऋषीकान्त शास्त्री, बबलू चैहान, राधेश्याम, कौशल, संजीव गुप्ता, राजू स्वर्णकार, बद्री प्रसाद मिश्रा, हरिशरण लाला, श्यामनरेश सिंह, शिवबालक सिंह, कंचन गुप्ता, विजय गुप्ता, व्यापार मण्डल अध्यक्ष रामजी गुप्ता, मंजू राहुल सिंह, आशीष कनौजिया, पुष्पेंद्र, बबलू मिश्रा आदि समेत सैकड़ो की संख्या में लोग मौजूद रहे।

उर्स-ए-रजवी: परचम कुशाई के साथ आगाज

बरेली। उर्स-ए-रजवी की दरगाह की तरफ से तैयारियां पूर्ण कर ली गई थी। कल शाम को परचम कुशाई जुलूस निकालने के बाद उर्स का आगाज हो गया था। कल शाम से ही जुलूस चार बजे परचमी जुलूस हाजी अल्लाह वख्श के निवास से दरगाह के सज्जादानशीन मुफ्ती अहसन मियां की कयादत में कुमार टॉकीज, इंदिरा मार्केट होते हुए बिहारीपुर ढाल के रास्ते दरगाह पहुंचा। यहां पर सलामी देने के बाद जुलूस दरगाह से मौलाना रसुव्हानी मियां की कयादत में वापस इस्लामियां मैदान पहुंचेगा। देशभर के उलेमाओं की मौजूदगी में परचम कुशाई की रस्म अदा हुई। इस के साथ ही कुल का ऐलान हुआ। उर्स की तैयारियां को लेकर दरगाह आला की तरफ से सारी तैयारियां पहले ही पूर्ण कर ली गई थी। देश विदेश से उलेमाओं और जायरीन के आने का सिलसिला भी शुरू हो गया है। पुलिस और प्रशासन अफसरों ने इसको लेकर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम कर लिए है। शासन प्रशासन के निर्देश पर उर्स में आने वाले जायरीन को असुविधा का सामना करना ना पड़े। वहीं रोडवेज बस स्टैंड पर शिविर लगाकर आने वाले जायरीन के लिए राह दिखाने को टीम गठित की गई है। रेलवे स्टेशन उर्स-ए-रजवी को लेकर प्रशासन के निर्देश पर नगर निगम की तरफ से स्वच्छता का ख्याल रखा जा रहा है। साफ सफाई से लेकर चूना डाला गया है। जायरीन की सुविधा के लिए इस्लामिया ग्राउंड और बिहारीपुर में ट्राली टॉयलेट की सुविधा देने के साथ ही पेयजल के लिए टैंक भी भिजवाया गया है। इस के साथ ही बिजली विभाग के द्वारा जेई को निगरानी की जिम्मेदारी दी गई है। इस्लामियां ग्राउंड में लाइट की व्यवस्था के लिए अलग ट्रांसफार्मर लगाकर सप्लाई दी जाएगी।

आला हजरत ने दिलाई बरेली को दुनिया में अलग पहचानः

आला हजरत इमाम अहमद रजा खां फाजिले बरेलवी वो नाम है जिनके नाम से भारत के इस शहर बरेली को पूरी दुनिया में शोहरत वा इज्जत मिली है। हिंद ही नहीं बल्कि सऊद अरब, मिस्त्र, तुर्की, इराक, फांस, साउथ अफ्रीका, ऑस्ट्रेलिया, नीदरलैंड, हालैंड, इंग्लैंड, अमेरिका, पाकिस्तान, मॉरीशस, श्रीलंका, बांग्लादेश, नेपाल आदि में बज रहा है। यही वजह है आपके दर पर समय समय पर मजहबी, सियासी, खेल व फिल्म जगत से देश विदेश की मशहूर हस्तियां हाजिरी देने आती रही हैं। जिनमे पूर्व राष्ट्रपति फखरुद्दीन अली अहमद, पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी, पूर्व प्रधानमंत्री वीपी सिंह, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी, उत्तर प्रदेश के राज्यपाल रहे अकबर अली, मिजोरम के राज्यपाल रहे अजीज कुरैशी, पूर्व केंद्रीय मंत्री व मौजूदा झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे हेमवती नंदन बहुगुणा, नारायण दत्त तिवारी, मायावती, अखिलेश यादव, मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे दिग्विजय सिंह, दिल्ली की मुख्यमंत्री रहीं शीला दीक्षित, बिहार के मुख्यमंत्री लालू यादव, रीता बहुगुणा जोशी, पूर्व विदेश मंत्री सलमान खुर्शीद, अमर सिंह, लोकदल के मुखिया अजीत सिंह, असदुद्दीन ओवैसी, शिवपाल सिंह यादव के अलावा खेल जगत से भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रहे अजहरुद्दीन, अन्ना हजारे, श्री श्री रविशंकर, फिल्म जगत से दिलीप कुमार, राजबब्बर, संजय दत्त, अमजद खान आदि। इसके अलावा कांग्रेस के पूर्व प्रधानमंत्री नरसिंहा राव द्वारा आला हजरत के नाम से ट्रेन बरेली से अजमेर शरीफ के बीच चलाई।

अटल बिहारी बाजपेई हुकूमत द्वारा उसें रजवी में हेलीकॉप्टर द्वारा दरगाह समेत शहर भर में जायरीन पर पुष्प वर्षा कराई। इसके अलावा आज भी कांग्रेस मुखिया बनर्जी, गडकरी, आदि भी अपनी चादर भेजते रहे है। नासिर कुरैशी ने बताया कि इस वर्ष 106 वा उर्स मनाया जा रहा है।

डॉक्टर के इंजेक्शन से गर्भवती महिला की मौत

तंबौर/सीतापुर। झोलाछाप डॉक्टर के गलत इंजेक्शन ने ली गर्भवती महिला की जान, परिजन 3 दिनो से शव रखकर कार्यवाही की कर रहे मांग। झोलाछाप डॉक्टरों के इलाज से हो रही मौतों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा ताजा मामला जनपद सीतापुर थाना तंबौर के सिकरोहर खुर्द गांव का है जहां 5 महीने की गर्भवती महिला को उल्टी दस्त की शिकायत होने पर पड़ोस में अवैध क्लीनिक संचालित कर रहे डॉ. शिवम शुक्ला के पास इलाज के लिए गई थी। जहां झोलाछाप डॉक्टर शिवम ने देखते ही गर्भवती महिला को इंजेक्शन लगा दिया जिसके तुरंत बाद महिला की हालत बिगड़ गई जिसे परिजनों ने एंबुलेंस की सहायता से सीएचसी तंबौर लेकर पहुंचे जहां ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर ने महिला की हालत गंभीर देखते हुए इलाज न करके जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। जिसे परिजनों ने एंबुलेंस की सहायता से सीएचसी तंबौर से 5 किलोमीटर दूर बेहटा पहुंचे ही थे कि गर्भवती महिला ने दम तोड दिया। महिला के दम तोड़ते ही परिजनों में कोहराम मच गया जिसकी सूचना पुलिस को लिखित रूप में दे दी थी। सूचना पर पहुंची पुलिस से परिजनों ने पीएम कराकर कार्यवाही की मांग की थी लेकिन कुछ ही पल में पुलिस ने मृतक महिला के परिजनों पर उल्टा सुलह समझौता करने का दबाव बनाने लगी। हालांकि परिजन 3 दिनो से मृतक गर्भवती महिला के शव को रखकर पुलिस से पीएम कराकर कार्यवाही की मांग कर रहे हैं इंस्पेक्टर विजयेंद्र सिंह ने बताया शव पीएम के लिए भेजा गया है पीएम रिपोर्ट आने के बाद विधिक कार्यवाही की जायेगी।

राष्ट्रीय खेल दिवस पर पुरस्कार का वितरण

सीतापुर। सिंघानिया एजुकेशनल इंस्टीट्यूट में गुरूवार को राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर संपन्न की गई इंटर हाउस खेल प्रतियोगिताओं फ्रिस्बी, बास्केटबॉल, चेस एवं पाठ्य सहगामी क्रियाएं श्लोक वाचन, फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता तथा विज्ञान प्रश्नोत्तरी के विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कार का वितरण किया गया। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्य, ह्यपरीक्षित त्रिपाठी, प्रधानाचार्य, शिक्षकगण एवं छात्र भी उपस्थित रहे।

संक्षेप

लोहिया वाहिनी ने चलाया सदस्यता अभियान

ललितपुर। समाजवादी लोहिया वाहिनी के जिलाध्यक्ष छात्र परवेज पठान में नेतृत्व नौजवान पीडीए जागरूकता सदस्यता अभियान के तहत ललितपुर विधान सभा के ब्लॉक जखौरा क्षेत्र के ग्राम गोरा में सदस्यता अभियान चालाया गया, जिसमें समाजवादी पार्टी की नीतियों और विचारधारा से प्रेरित होकर छात्र-छात्राओं एवं नौजवानों सदस्यता ग्रहण की।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में ज्योति सिंह लोधी लोकसभा प्रभारी ने अपने विचारों को रखते हुये समाजवादी पार्टी में अधिक से अधिक संख्या में सदस्य बनने के लोगों को प्रेरित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजवादी पार्टी के पूर्व महासचिव लक्ष्मीनारायण विश्वकर्मा आचार्यजी ने की। उन्होंने सदस्यता अभियान के दौरान समाजवादी पार्टी की नीतियों के बारे में अवगत कराया। इस अवसर पर साकिब अली, विशाल यादव, राजेंद्र यादव, अजय प्रजापति, राहुल अहिरवार, बीपी राजपूत, जगभन सिंह, राममिलन, दयाराम, आसिफ मंसूरी, सुनील यादव आलापुर, मनोज, अखिलेश, प्रीतम योगी आदि ऊपस्थित रहे। आभार जखौरा ब्लाक अध्यक्ष लोहिया वाहिनी अरुण सिंह लोधी ने व्यक्त किया।

दुर्घटना में हुई मौत का मामला दर्ज

ललितपुर। शहर क्षेत्र के मोहल्ला रामनगर निवासी सतीश पंथ पुत्र प्रकाश ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह अपने बड़े भाई राजेन्द्र पंथ उर्फ नागराज के साथ बीती 19 अगस्त को गल्ला मण्डी में पल्लेदारी करके घर वापस आ रहा था।

बताया कि वह जैसे ही आरएमवी कॉलेज मोड से आगे बढ़े कि तभी झांसी की ओर से आ रहे अज्ञात वाहन ने शाम करीब 7 बजे तेजी व लापरवाही से उसके भाई राजेन्द्र पंथ उर्फ नागराज को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे उसका भाई गंभीर रूप से घायल हो गया। बताया कि राहगीरों ने उसके घायल अवस्था में एम्ब्युलेंस के जरिए जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसके भाई को मृत घोषित कर दिया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ बीएनएस 2023 की धारा 281, 125 (बी) व 106 के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

दरवाजे पर खड़ी कार को किया क्षतिग्रस्त

ललितपुर। थाना मड़ावरा अंतर्गत रहने वाले गोलू उर्फ चन्द्रभान लोधी पुत्र भरत लोधी ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बीती 25 अगस्त की सुबह करीब 4 बजे कोतवाली महरौनी के ग्राम किसरदा में रहने वाले रविशंकर उर्फ गोटीराम पुत्र कुंवर सिंह, भूपेन्द्र यादव, अंकित यादव व एक अज्ञात व्यक्ति एकराय होकर उसके घर के बाहर खड़ी कार संख्या यू.पी. 93 ए.के. 7778 को बुरी तरह क्षतिग्रस्त कर तोडफोड़ करने लगे। तोडफोड़ की आवाज सुनकर जब वह दरबाजा खोलकर बाहर आया और उक्त लोगों को मना किया तो उक्त लोगों ने गालियां देते हुये जान से मारने की धमकी दी और भाग गये। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर उक्त लोगों के खिलाफ बीएनएस 2023 की धारा 324 (4), 324 (5), 352, 351 (2), 351 (3) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

पुलिस से मुठभेड़, हत्यारोपी गिरफ्तार

महोबा। थाना अजनर क्षेत्रांतर्गत ग्राम इन्द्रहटा के पास दिनांक 18 अगस्त 2024 को अज्ञात मोटरसाइकल सवार अभियुक्तों द्वारा मुकेश पाल पुत्र रघुवीर पाल उम्र करीब 30 वर्ष निवासी ग्राम भटगोरा, थाना खरगापुर जिला टीकमगढ़ (मध्य प्रदेश) को गोली मार कर हत्या कर दी गयी थी। प्राप्त सूचना पर पुलिस अधीक्षक अपर्णा गुप्ता द्वारा पुलिस उच्चाधिकारियों एवं फॉरेंसिक टीम के साथ घटना स्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य संकलन की कार्यवाही की गयी एवं घटना के सम्बन्ध में वादिया भारती पाल द्वारा दी गयी तहरीर के आधार पर धारा 103(1) बीएनएस के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया। पुलिस अधीक्षक अपर्णा गुप्ता द्वारा इस दुस्साहसिक घटना का संज्ञान लेते हुए घटना के सफल अनावरण किये जाने व घटना कारित करने वाले सम्बन्धित अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तारी सुनिश्चित किये जाने हेतु अपर पुलिस अधीक्षक सत्यम व क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ हर्षिता गंगवार के निकट पर्यवेक्षण में जनपदीय स्वॉट व सर्विलांस एवं थाना अजनर की संयुक्त पुलिस टीमों का गठन किया गया। गठित टीमों द्वारा थाना अजनर क्षेत्र सहित पडोसी राज्य मध्य प्रदेश के जनपद टीकमगढ़ में भी मुखबिर तंत्रों को विकसित कर घटना के सम्बन्ध में लगातार सुरागरसी एवं पतारसी की जा रही थी, जिसके क्रम में पुलिस टीमों की सक्रियता के परिणामस्वरुप मुखबिर ने सूचना दी कि हत्या की घटना को अंजाम देने वाले अभियुक्तगण मोटर साइकिल से स्यावन की ओर आ रहे हैं, इस पर थाना अजनर एवं जनपदीय स्वाट की संयुक्त पुलिस टीमों ने गौंड बाबा मन्दिर ग्राम स्यावन के पास पहुंचे, इस दौरान एक मोटरसाइकिल आती हुई दिखी जिसमें 03 लोग सवार थे, उन लोगो ने पुलिस टीम को सामने देखा तो तेजी से मोटरसाइकिल रोंकी जिससे मोटरसाइकिल फिसल गई और वह लोग वहीं गिर पड़े और तेज आवाज में पुलिस टीम को ललकारते हुए जान से मारने की नीयत से पुलिस टीम पर फायर कर दिया, पुलिस टीम ने हवाई फायरिंग कर रुकने व आत्मसमर्पण की चेतावनी दी फिर भी उपरोक्त बदमाशों ने पुलिस टीम पर एक और फायर कर दिया। पुलिस टीम द्वारा अपनी आत्मरक्षार्थ जवाबी फायरिंग की गयी जिसमें एक गोली एक अपराधी के लग गई और वह वहीं पर गिर पड़ा। पास जाकर देखा तो गोली उसके पैर में लगी थी जिसकी तलाशी लेते हुए, उसका नाम पता पूछा गया उसने अपना नाम पुष्पेन्द्र कुमार उर्फ कल्लू पुत्र मलखान अहिवार उम्र करीब 30 वर्ष निवासी मंगरौलखुर्द थाना कुलपहाड़ जनपद महोबा बताया जिसकी जामातलाशी से 1 तमंचा, 2 खोखा कारतूस व 1 मिस कारतूस बरामद हुए। घायल अभियुक्त को पुलिस अभिरक्षा में लेकर उपचार हेतु नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इसके साथ 2 अभियुक्त राहुल पुत्र नन्दलाल अनुरागी उम्र करीब 25 वर्ष निवासी बुधौरा थाना कुलपहाड़ जिसके कब्जे से 1 तमंचा, 1 खोखा व 1 जिन्दा कारतूस तथा अभियुक्त अजय उर्फ अज्जू उम्र करीब 20 वर्ष निवासी मंगरौलखुर्द थाना कुलपहाड़ जनपद महोबा को भी मौके से गिरफ्तार किया गया है।

महाग्रंथ है श्रीमद् भागवत गीताः अतुल कृष्ण शास्त्री

बरेली। जहां भगवान के श्री चरणों में मानव का अनुराग समर्पित हो जाता है वही भक्ति के साथ ज्ञान वैराग्य की पूर्ति करने वाला महाग्रंथ है श्रीमद् भागवत गीता। यह सद्विचार पठानकोट से आए कथा व्यास अतुल कृष्ण शास्त्री ने व्यक्त किए। वे श्री हरि मंदिर के 64 वें वार्षिक महोत्सव के दौरान भागवत कथा सुनाने आए हुए हैं। श्री हरि मंदिर के वार्षिक महोत्सव के दौरान श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया गया है। मंदिर के सभागार में शाम को 6:00 बजे से 3 सितंबर तक कथा सुनने का अवसर भक्तों को मिलेगा। कथा व्यास अतुल कृष्ण शास्त्री ने दूसरे दिन की कथा में कहा कि अधिकार प्रेम में होता है ₹भक्त का भगवान से और भगवान का भक्त सेह₹। जो भगवान के प्रति समर्पण कर देता है भगवान भी उस पर कृपालु हो जाते हैं।

कथा के दौरान उन्होंने भक्ति पूर्ण रचना श्यामा प्यारी हमारी सरकार हमें डर काहे का सुना कर भाव विभोर कर दिया।

श्रीमद् भागवत कथा का आनंद लेने वालों में मंदिर कमेटी के अध्यक्ष सतीश खट्टर, सुशील अरोड़ा, सचिव रवि छाबड़ा, संजय आनंद, गोविंद तनेजा, अनिल चड्ढा, मुख्य यजमान मनोज अरोड़ा, विम्मी अरोड़ा, मदनलाल अरोड़ा, रेनू छाबड़ा, कंचन अरोड़ा, नेहा आनंद सहित बड़ी संख्या में भक्तजन उपस्थित रहे।

ढाबा पर दबंगों ने कर्मचारियों को पीटा

ललितपुर। हाई-वे से सटे होटलों व ढ़ाबों से रंगदारी मांगने वाला एक गिरोह काफी सक्रिय होकर इन दिनों सुर्खियां बटोर रहा है। इस सम्बन्ध में ढ़ाबा संचालक ने निकटवर्ती ग्राम मैलवारा में रहने वाले दबंग लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। प्रकरण को लेकर पुलिस ने जांच-पड़ताल शुरू कर दी है। शहर के मोहल्ला नेहरूनगर देवगढ़ रोड के पास रहने वाले राजीव राय पुत्र रामबाबू ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 25 अगस्त 2024 को

● संचालक की तहरीर पर रानू राजा मैलवारा व उसके साथियों के खिलाफ दर्ज हुई एफआईआर

रात करीब साढ़े दस बजे जब वह अपने मराठा विलेज ढ़ाबा जो कि मन्नू पेट्रोल पम्प के सामने स्थित है पर अपने कर्मचारियों के साथ था। तभी ग्राम मैलवारा में रहने वाले दबंग रानू राजा पुत्र रजऊ राजा बुन्देला अपने 4-5 अज्ञात साथियों के साथ ढ़ाबे पर आये और खाना खाकर पैक भी कराया। बताया कि खाना पूरा होने के बाद जब कर्मचारी उससे खाने के रुपये मांगने गया तो उक्त लोगों ने कहा कि उनके खाने के पैसे नहीं लगते हैं। यह भी आरोप है कि उक्त लोगों ने एकराय होकर 3 हजार रुपये प्रत्येक सप्ताह हफ्ता वसूली लेते हैं और अभी तक 30 हजार रुपये ले चुका है। कर्मचारी द्वारा रुपये मांगने के बाद उक्त लोगों ने गाली-गलौज करते हुये बोले की रानू राजा हूँ और तुम मुझे नहीं जानते हो। आरोप है कि उक्त लोग करीब एक घण्टे बाद चार पहिया कार मारुति बलेनो संख्या यू.पी. 94 ए.एफ. 7944 में सवार होकर आये बदमाशों ने हाथों में हथियार व तमंचे लहराते हुये तीस हजार रुपये की मांग करने लगे। मना करने पर उक्त लोगों ने कर्मचारियों के साथ मारपीट कर दी और जब वह बचाने गया तो रानू राजा व उसके साथ आये अन्य लोगों ने उसके साथ भी मारपीट कर दी। यह भी आरोप लगाया कि उक्त लोगों ने घर जाते समय किसी बड़ी घटना को अंजाम देकर मौत के घाट उतारने की धमकी दी। ढ़ाबा संचालक ने बताया कि रानू राजा काफी आपराधिक किस्म का व्यक्ति है और उसका रिकॉर्ड थाना व कोर्ट में है और कुछ दिनों पहले ही जेल से निकलकर आया है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने रानू राजा व उसके साथ आये बदमाशों के खिलाफ बीएनएस 2023 की धारा 191 (2), 352, 115 (2), 351 (3) व 119 (1) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

मारपीट का आरोप

ललितपुर। कोतवाली क्षेत्रांतर्गत ग्राम महेशपुरा में रहने वाले जाहर सिंह पुत्र गोकुल प्रसाद ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसके भाई तिलक सिंह ने मूलचंद्र पुत्र बडू को करीब 7 माह पहले 15 हजार रुपये घरेलू खर्च के लिए उधार दिये थे। बताया कि उसके भाई मूलचंद्र से कई बार रुपये मांगे पर उसने नहीं दिये। बताया कि बीती 21 अगस्त को अपराह्न करीब 3 बजे जब उसका भाई अपने घर के पीछे बेड़ा में था कि तभी मूलचंद्र, उसका पुत्र सुनील व अजीत, रवि पुत्र कमलेश व राकेश पुत्र बडू अहिरवार हाथों में लाठी-डण्डा, कुल्हाड़ी व छुरा इत्यादि लेकर एक राय होकर आये और उसके भाई को गालियां देने लगे। विरोध करने पर उक्त लोगों ने जान से मारने की धमकी देते हुये उसके भाई से मारपीट शुरू कर दी। यह देखकर जब वह अपने पिता के साथ पहुंचा तो उक्त सुनील ने कुल्हाड़ी से उसके सिर पर प्रहार कर दिया और अजीत ने उससे मारपीट कर दी। बताया कि शोरगुल से उसके परिवार के नरेन्द्र पुत्र राजपाल, द्रोपती पत्नी अजय व रिश्तेदार पूरन पुत्र मौजीलाल ग्राम बरौदिया थाना पाली, केहर पुत्र हरलाल निवासी बख्खर जो कि उसके घर पर थे ने मौके पर आकर उन्हें बचाया। आरोप है कि उक्त लोग इसे जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गये। उसने बताया कि उसका पिता की हालत गंभीर है, उसका उपचार जिला अस्पताल में किया जा रहा है। इसके अलावा पीड़ित ने उक्त लोगों पर महिलाओं से भी अभद्रता किये जाने का आरोप लगाया है।

आउटसोर्सिंग कर्मियों ने बीएसए को सौंपा ज्ञापन

बांदा। बेसिक शिक्षा विभाग के ब्लाक स्तरीय आउटसोर्सिंग कर्मचारियों ने समय पर वेतन न मिलने और हो रहे शोषण के विरूद्ध जिला बेसिक शिक्षाधिकारी को ज्ञापन सौंपा आउटसोर्सिंग वर्कर्स वेलफेयर एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष वैभव मिश्रा के आह्वान पर गुरूवार को जिलाध्यक्ष नरेन्द्र सिंह की अगुवाई में पदाधिकारी व ब्लाक स्तरीय कर्मियों ने ज्ञापन दिया।

ज्ञापन में कहा गया है कि बजट मिलने के बावजूद समय से मानदेय नही दिया जाता। चयनित फर्म ने वित्तीय वर्ष बीते 2021-22 में 10 माह का ईपीएफ जमा नही किया। शासन के निदेर्शों के चलते कार्यालय में काम का समय प्रातः 10 से सायं 5 बजे तक निर्धारित है ऐसी स्थिति में आउटसोर्सिंग कर्मचारियों से निर्धारित समय तक ही कार्य कराया जाए। ओवर टाइम कार्य किए जाने के लिए कार्य योजना बनाई जाए।

समय-समय पर शासन की अनेक सूचनाओं एवं डीसीएफ को आउटसोर्सिंग कर्मचारियों से कार्यालय समय के बाद भी देर रात तक कार्य कराया जाता है जिससे उन्हे समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। जिला बेसिक शिक्षाधिकारी से समय पर मानदेय दिए जाने के लिए पटल प्रभारी को निदेर्शित करने, आउटसोर्सिंग कर्मियों की समस्याओं का निस्तारण करने की मांग की गई।

किसानों की योजनाओं का प्रचार-प्रसार होः डीएम

जिला संवाददाता(vol)

बिजनौर। जिलाधिकारी अंकित कुमार अग्रवाल ने किसानों का आह्वान करते हुए कहा कि भारत को तिलहन के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने के लिए अपना महत्वपूर्ण योगदान दें। उन्होंने कहा कि देश में तिलहन की कम पैदावार होने के कारण बाहर से तिलहन को आयात करना पड़ता है जिससे देश की अर्थव्यवस्था पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। उन्होंने कहा कि अपने देश में ही तिलहन की पैदावार की अपार संभावनाएं मौजूद हैं यदि सार्थक प्रयास किए जाएं तो भारत तिलहन के क्षेत्र में भी आत्मनिर्भर बन सकता है। उन्होंने कहा कि यह गोष्ठी कृषि विभाग की एक अच्छी पहल है जिसमें किसानों की समस्याओं को सुनने के साथ-साथ उनका निस्तारण भी किया जाता है।

जिलाधिकारी अंकित कुमार अग्रवाल की अध्यक्षता में गुरुवार को विकास भवन सभागर में नेशनल मिशन ऑन एडिबिल ऑयल (ऑयल सीड्स) योजनान्तर्गत जनपद स्तरीय खरीफ किसान तिलहन किसान मेला-2024 का आयोजन किया गया। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि शासन द्वारा किसानों के हितार्थ संचालित कार्यक्रमों और योजनाओं का व्यापक रूप से इस तरह प्रचार-प्रसार कराएं कि ग्राम पंचायत स्तर पर उनके प्रति जागरूकता पैदा हो सके और छोटे स्तर के किसान भी जागरूक एवं प्रेरित होकर उनसे लाभान्वित हो सकें। उन्होंने जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक को निर्देशित करते हुए कहा कि बैंकों से संबंधित किसनों की जो भी समस्याएं उत्पन्न हो रही उनका तत्परता के साथ निस्तारण करना सुनिश्चित करें साथ ही उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि जिन बैंकों मे बैंक मैनेजर एवं ब्रांच मैनेजर से संबंधित जो भी शिकायतें प्राप्त हो रही है की जांच कर उन मैनेजरस् को चिन्हित करते हुए उनके खिलाफ आवश्यक कार्यवाही करना सुनिश्चित करें। उन्होंने किसानों का आह्वान करते हुए यह भी कहा कि गन्ना उत्पादन के साथ-साथ ट्रेंच विधि का प्रयोग करते हुए अन्य फसलें विशेष रूप से तिलहन का उत्पादन करें, जिससे उनकी आर्थिक आए में वृद्धि हो सके और तिलहन के पोषक तत्वों से खेत की मिट्टी भी स्वस्थ और उपजाऊ बन सके। उन्होंने कहा कि किसानों को कृषि से समुचित आर्थिक लाभ फसलों के विविधीकरण एवं व्यवसायीकरण से शीघ्रता से संभव हो सकता है। उन्होंने किसानों को सलाह देते हुए कहा कि कृषि के क्षेत्र में हो रहे आविष्कारों और अनुसंधानों पर नजर रखें और खेतों में वैज्ञानिक विधियों और आधुनिक तकनीक एवं यंत्रों का प्रयोग करते हुए कृषि क्षेत्र को विकसित करें। उन्होंने कहा कि जैविक खेती करने से जहां रसायन युक्त खेती से बचा जा सकता है और जैविक खेती में अधिक उत्पादकता होती है और वह मिट्टी को शक्तिशाली और उपजाउ बनाती है।

तीन लोगो को अपनी खुराक बनाने वाला नरभक्षी गुलदार पिंजरे में हुआ कैद

बिजनौर। तीन लोगो को मौत के घाट उतारने वाला नरभक्षी गुलदार गांव कुलचाना के जंगल में पिंजरे में कैद हो गया। वन विभाग ने पकडे गए गुलदार को सुरक्षित स्थान भेज दिया है। बिजनौर जनपद के चांदपुर क्षेत्र के पिलाना और जलालपुर हसना में तीन लोगो को मौत के घाट उतारने वाले नरभक्षी गुलदार को पकडने के लिए मंगलवार को वन विभाग ने गांव कुलचाना निवासी सुखवीर सिंह के खेत में पिंजरा लगाया था। बुधवार को वन विभाग की टीम जब निरीक्षण करने पहुंची तो गुलदार पिंजरे में कैद हुआ मिला। एसडीओ ज्ञान सिंह ने बताया कि लोगो की सुरक्षा को देखते हुए गुलदार को सुरक्षित चिड़ियाघर भेजा गया हैं। वन्य जीव विशेषज्ञों का कहना है कि पकडे गए गुलदार के दोनों बड़े दांत टूट चुके थे, जिन्हें कैनाइन भी कहते है। गुलदार इन दांतों का इस्तेमाल जानवरों को मारने में करता है। गुलदार के दांत जब टूट जाते हैं तो जानवरों का शिकार करना बहुत मुश्किल हो जाता है। गुलदार के लिए इंसान का शिकार आसान होता है ऐसी स्थिति में गुलदार जीवित रहने व पेट भरने के लिए नरभक्षी बन जाता है और इंसानो को शिकार करने लगता है।

जिला प्रशासन बिजनौर की धरती पर पर्यटन के पंख लगाने की तैयारी में जुटा

बिजनौर। जनपद में ऐतिहासिक और सांस्कृतिक धरोहरों को पहचान दिलाने की कवायद शुरू हो गई है। लगभग एक दर्जन ऐसे स्थल हैं, जिनको देखने के लिए दूर-दूर से पर्यटक आने मजबूर हो सकते हैं। पर्यटकों को आकर्शित करने के लिए इस दिशा में कदम बढ़ाते हुए जिला मुख्यालय पर पर्यटन विभाग का कार्यालय खोलने की तैयारी चल रही है। बिजनौर की धरती पर अब राजा दुष्यंत और शकुंतला की प्रणय स्थली और महात्मा विदुर की तपोभूमि के नाम से प्रसिद्ध पर्यटन के पंख लगाने की तैयारी है। मुरादाबाद में ही अभी तक पर्यटन कार्यालय था और वहीं से एक अधिकारी जिले के लिए पर्यटन की योजनाओं का काम करते थे। अंदेखी के चलते इन स्थलों को लेकर आज तक कोई खास काम नहीं हो पाया। पिछले कुछ सालों में विदुरकुटी, कण्वऋषि आश्रम, मोरध्वज किला के लिए चार करोड़ रुपये बजट आया। अब शासन ने पर्यटन विभाग का ऑफिस बिजनौर कलक्ट्रेट में खोलने को हरी झंडी दे दी गई है। अपर जिलाधिकारी (राजस्व एंव वित्त) अरविंद कुमार सिंह ने बताया कि पर्यटन विभाग के लिए कलक्ट्रेट में जमीन चिन्हित कर दी गई है। विभागीय अधिकारी द्वारा जमीन देखने के बाद वह जमीन पर्यटन विभाग को कार्यालय खोलने के लिए आवंटित कर दी जाएगी।

सुमेरा तालाब से वोट क्लब हटाये प्रशासनः समिति

ललितपुर। श्रीरामलीला हनुमान जयंती महोत्सव समिति का एक प्रतिनिधि मंडल ने जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी, एसपी मो.मुश्ताक, एसडीएम, ईओ, नपाध्यक्ष से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। बताया कि आगामी 14 सितंबर दिन शनिवार को विगत वर्षो की भाती इस वर्ष भी जल बिहार पर्व धूम धाम से

● जलबिहार पर्व को लेकर समिति ने उठायी मांग

मनाया जाना है। उक्त त्यौहार से पूर्व सभी देवालयों के मार्ग सामतीकरण व सफाई व्यवस्था तथा शोभा यात्रा रघुनाथ जी मंदिर से रावरपुरा, सुभाषपुरा, घंटाघर, सावरकर चैक, तालाबपुरा रोड से सुमेरा तालाब घाट एवं जलबिहार मैदान तक जाना है। इसलिए सुमेरा तालाब के बांध एवं घाटों की सफाई एवं बिजली की व्यवथा किया जाना अति आवश्यक है। बताया कि वर्तमान में जिस घाट पर बिहार होता है इस स्थान पर वोट कल्ब बना दिया गया है। इसलिए पर्व पर परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है।

अतएव समिति ने जिला प्रशासन से वोट कल्ब को गत वर्ष की भांति पहले से किसी अन्य जगह पर स्थांतरित किये जाने पर बल दिया। जल बिहार पर्व नगर की जनमानस के अनुसार विशाल पर्व है। समिति ने समय पूर्व विवस्थाये सुनिश्चित किए जाना आवश्यक पर बल दिया। पुलिस अधीक्षक से भी ट्रैफिक व्यवस्था, गोताखोर, पुरुष एवं महिला पुलिस व्यवस्था कराए जाने के लिए ज्ञापन सौंपा।

इस दौरान वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्यामाकांत चैबे, उपाध्यक्ष राजेश दुबे, प्रबंधक हरविंदर सिंह सलूजा, महामंत्री डा.प्रबल सक्सेना, कोषाध्यक्ष अमित तिवारी, मंत्री राकेश तामिया, जगदीश पाठक, चंद्रशेखर राठौर, शिवकुमार शर्मा, धर्मेंद्र चैबे, अवधेष कौशिक, भरत रिछारिया, मुन्नालाल त्यागी आदि मौजूद थे।

पुलिस ने पकड़ा 65 किलो हरा गांजा, एक गिरफ्तार

बांदा। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर चलाए जा रहे आपरेशन ईगल के तहत पुलिस की कार्रवाई जारी है। जिले को नशा मुक्त बनाए जाने के लिए अपर पुलिस अधीक्षक लक्ष्मी निवास मिश्र के पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी नरैनी अंबुजा त्रिवेदी के नेतृत्व में थाना कालिंजर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 65 किलोग्राम अवैध हरा गांजा व 350 ग्राम सूखा गांजा बरामद किया है। इस मामले में आरोपी राजकुमार यादव पुत्र गोला यादव निवासी नौगवां थाना कालिंजर को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस को मुखबिर से जानकारी मिली कि ग्राम नौगवां में एक व्यक्ति तस्करी के उद्देश्य से बड़े पैमाने पर घर के पीछे बाड़े में अवैध रूप से गांजा की खेती किए हुए है और यह हरे गांजा को सुखाकर बिक्री करता है। इस जानकारी पर पुलिस ने छापा मारकर आरोपी के बाड़े में लगे अवैध गांजा की खेती करते हुए पकड़ लिया। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थानाध्यक्ष कालिंजर रामदिनेश तिवारी, चैकी प्रभारी हनुमंतधाम गुढ़ाकला सुभाषचंद्र, हेड कां0 वजीद अहमद, कां0 शिवम प्रताप सिंह, कमलेश यादव अवधेश यादव, सौरभ शुक्ला, कृष्ण कुमार व महिला कां0 सुनीता रहीं।

45 अभ्यर्थियों का हुआ चयन

ललितपुर। जिला सेवायोजन कार्यालय परिसर गोविन्द नगर में एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के प्रारम्भ में कम्पनी द्वारा अभ्यर्थियों को मेले में प्रतिभाग करने से पूर्व नवीनीकृत रोजगार संगम पोर्टल पर पंजीकरण सम्बन्धी जानकारी दी गयी। रोजगार मेले में प्रतिभागी कन्सट्रक्शन कम्पनीं द्वारा साक्षात्कार उपरान्त 45 अभ्यर्थियों का चयन किया गया। यह जानकारी रोजगार सहायता अधिकारी आकांक्षा यादव ने दी है।

रोजगार मेला 31 को

बांदा। क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय परिसर में आगामी 31 अगस्त को रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। सहायक निदेशक सेवायोजन वकील अहमद अंसारी ने बताया कि निदेशक प्रशिक्षण एवं सेवायोजन निदेशालय के निदेशों के चलते रोजगार मेला का आयोजन किया जा रहा है। इसमें विभिन्न कंपनियां कई पदों के लिए साक्षात्कार के पश्चात बेरोजगार अभ्यर्थियों का चयन करेंगी। उन्होने बेरोजगार अभ्यर्थियों से अपील की, कि वह अधिक से अधिक संख्या में मेला स्थल पर पहुंचकर स्वर्णिम मौके का लाभ उठाएं। उन्होने कहा कि इच्छुक अभ्यर्थी मेला स्थल पर साक्षात्कार के समय अपनी सभी शैच्छिक योग्यता की छाया प्रतियां और फोटो अवश्य लाएं। उन्होने बताया कि साक्षात्कार के पश्चात अभ्यर्थियों को कंपनियां उनकी योग्यता के अनुसार चयनित कर रोजगार उपलब्ध कराएंगी।

नपा का विशेष अभियान, मुख्य मार्गों की सफाई

ललितपुर। पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक के निर्देशन व एएसपी/नोडल अधिकारी अनिल कुमार के पर्यवेक्षण और सीओ महरौनी अजय कुमार की उपस्थिति में थाना ए.एच.टी.यू.प्रभारी व एस.जे.पी.यू. व समस्त थानों के बाल कल्याण पुलिस अधिकारी के साथ एस.जे.पी.यू. व

● एएचटीयू की मासिक समीक्षा बैठक में एसपी ने दिये निर्देश

एएचटी की मासिक गोष्ठी माह अगस्त 2024 की समीक्षा बैठक एवं प्रशिक्षण कार्यशाला पुलिस लाइन जनपद ललितपुर स्थिति सभागार कक्ष में आहूत की गयी। समीक्षा बैठक में महिला व बाल सुरक्षा संगठन उ.प्र. लखनऊ द्वारा जारी एस.ओ.पी. अनुसंधान एवं थानों पर नियुक्त बाल कल्याण पुलिस अधिकारी के समक्ष आ रही समस्या एवं सुझाव पीड़ितों के आवासन, बाल गुमशुदा, बाल श्रम, नशा मुक्त अभियान, बाल विवाह, बाल भिक्षावृत्ति की रोकथाम, लैंगिक समानता, नारी शक्ति किशोर न्याय अधिनियम 2015 मे हुए नवीनतम संशोधन पोस्को एक्ट के अभियोग पंजीकृत होने के 24 घंटे के अंदर सीडब्ल्यूसी को सूचित करना, पॉस्को के मामले में फार्म ए.व.बी. पुलिस द्वारा भरकर संबंधित को समय से भेजा जाना बाल कल्याण अधिकारी के कर्तव्य का पालन, जे.जे एक्ट के अंतर्गत सामाजिक पृष्ठभूमि आदि तथा पॉक्सो एक्ट से संबंधित अभियुक्तों की उच्च न्यायालय से प्राप्त बेल नोटिस को बाल कल्याण समिति एवं वादी, पीड़िता को अंदर समय उपलब्ध कराना के संबंध में विस्तृत रूप से चर्चा की गई। साथ ही साथ जनपद मे गुमशुदा बच्चों के पंजीकृत व लंबित मामलो व पॉस्को एक्ट के अन्तर्गत पंजीकृत अभियोगों पर चर्चा व जेजे एक्ट से सम्बंधित आदेश निर्देश एवं जागरुकता के अभियान चलाने हेतु निर्देशित किया गया। बैठक में सी.डब्लू.सी., प्रोबेशन, श्रम विभाग, चाइल्ड लाइन, प्रधान किशोर न्याय बोर्ड, जिला अभियोजन, वन स्टाफ सेन्टर एवं अन्य विभागों के अधिकारीगण व सभी थानों से सम्बन्धित बाल कल्याण अधिकारी ने बैठक में प्रतिभाग किया।

गड्ढा युक्त सड़क में भरा पानी और फैला कचरा

महोबा। महोबा नगर पालिकाध्यक्ष संतोष चौरसिया एवं अधिशासी अधिकारी अवधेश कुमार यादव की कार्यप्रणाली के चलते शहर नर्क बना हुआ है, यहां तक की पुलिस अधीक्षक निवास से चंद कदमों की दूरी पर गड्ढे युक्त सड़कों

● नगर पालिका में भ्रष्टाचार चरम पर

में कीचड़ व कचड़ा भरा हुआ हैं, जिससे आमजनमानस का सड़क पर चलना दुभर हो गया है, सड़क पर मौजूद गड्ढों में भरा पानी मलेरिया एवं डेंगू जैसी बीमारियों को दावत दे रहा है।

क्योंकि गंदा पानी अधिक दिन तक भरा रहने से तरह-तरह के कीटाणुओं के साथ-साथ तरह-तरह के बैक्टीरिया और मच्छर उत्पन्न हो रहे हैं। बता दें कि ऐतिहासिक कजली मेले में भी नगर की ऐसी ही दुर्दशा रही है। कई बार समाचार लिखने के बावजूद भी बीजेपी से जीते नगर पालिकाध्यक्ष संतोष चौरसिया व अधिशासी अधिकारी अवधेश कुमार यादव के कान में जूं तक नहीं रेंग रही है। जिससे प्रधानमंत्री मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के स्वच्छ भारत अभियान को झटका लगता दिखाई पड़ रहा है।

लगता है कि 2027 के विधानसभा चुनाव में बीजेपी के ही नगर पालिकाध्यक्ष बीजेपी की लूटिया डूबोने में पीछे नहीं रहना चाहते है। अब देखने वाली बात यह होगी की बार-बार समाचार छापने के बाद भी नगर पालिकाध्यक्ष एवं अधिशासी अधिकारी की कार्यशैली में सुधार आता है या नहीं।

शहर में अतिक्रमण की समस्या को लेकर हुई बैठक

बांदा। शहर में बढ़ते अतिक्रमण की समस्या को लेकर व्यापारियों की की मौजूदगी में गुरूवार को व्यापरी सुरक्षा प्रकोष्ठ की बैठक पुलिस लाइन में हुई। बैठक में नगर मजिस्ट्रेट संदीप केला, पुलिस क्षेत्राधिकारी सदर, बिजली विभाग के अभियंता, आरटीओ व अन्य अधिकारी शामिल हुए।

नगर में बढ़ते हुए अतिक्रमण के बारे में निर्णय लिया गया कि आगामी 1 सितंबर को कोतवाली नगर में शहर के व्यापारियों के साथ बैठक आयोजित की जाएगी। इसमें शहर के मुख्य बाजारों में अतिक्रमण संबंधी समस्या का निराकरण कराए जाने की कार्य योजना बनाकर उसे अमलीजामा पहनाया जाएगा। बताते चलें कि मुख्य बाजार में व्यवसायियों के अतिक्रमण, सड़क किनारे हांथ ठेला लगाने वालों तथा ई-रिक्शा की दिन प्रतिदिन बढ़ रही तादाद की वजह से खरीदारों व आम लोगों को सारा दिन समस्या का सामना करना पड़ रहा है। मुख्य बाजार में सवेरे से लेकर देर रात तक जाम की स्थिति बनी रहती है।

जाति पर अनर्गल प्रलाप

आधुनिक समाज में जाति का महत्व अब सियासत में ही बचा है। क्योंकि नेता जातिवाद को अपनी सियासी पूंजी के रूप में बचाये-बढ़ाये रखना चाहते हैं ताकि 'पॉलिटिक्स ऑफ परफारमेंस' की राष्ट्रीय जरूरत के बीच नेता अपनी नाकामियों को जाति की खोल में ढककर सियासत के ऊंचे पायदान तक पहुंच जायें। जब देश की आकांक्षाओं, युवाओं के सपनों और राष्ट्रीय अखण्डता की कीमत पर कुनबों की सियासत को आगे बढ़ाने का कुचक्र रचा जाये, तो जनमानस को सावधान हो जाना चाहिए। मिस इंडिया, बॉलीवुड, ओलंपिक, क्रिकेट टीम, उद्योगपति, मीडिया और उच्च न्याय पालिका आदि में आरक्षण लागू नहीं होता। इन क्षेत्रों का सरकार और आरक्षण से क्या लेना-देना है? मिस इंडिया सौंदर्य, फैशन और बौद्धिकता के संगम का खुला मंच है, यदि दलित, आदिवासी, पिछड़े प्रतियोगिताओं में शामिल होंगे तो एक दिन मिस इंडिया ही नहीं, मिस वर्ल्ड और मिस यूनिवर्स के ताज भी पहन सकती हैं। रीता फारिया पहली भारतीय और एशियाई महिला हैं, जिन्होंने 1966 में मिस वर्ल्ड का खिताब जीता था। रीता सवर्ण नहीं थीं, बल्कि घोर अल्पसंख्यक पारसी समुदाय की थीं। इस समुदाय की आबादी 1.40 अरब के देश में आज भी एक लाख से कम है। किसी ने आज तक सवाल नहीं किया कि रीता ने ऐसी अभूतपूर्व और अंतरराष्ट्रीय सफलता कैसे अर्जित की? डाइना हेडेन 1997 में मिस वर्ल्ड बनीं वे अल्पसंख्यक ईसाई समुदाय से हैं। मैरीकॉम कुकी आदिवासी हैं। ओलंपिक पदक विजेता हॉकी टीम में अक्सर सिख और जाट समुदाय के खिलाड़ी ज्यादा खेलते हैं, वे अल्पसंख्यक और ओबीसी हैं। ओडिशा के आदिवासी खिलाड़ियों ने ओलंपिक व अंतरराष्ट्रीय हॉकी खेली है। दुनिया उनके बेमिसाल खेल को जानती है। उन्हें दलित, ओबीसी, आदिवासी के आधार पर टीम में शामिल नहीं किया गया। वे सक्षम, बेजोड़ खिलाड़ी रहे हैं, इसलिए देश का प्रतिनिधित्व करते रहे हैं। बॉलीवुड कला, अभिनय और साहित्य का संगम है। रचनात्मक प्रतिभा बड़ी ही दुर्लभ होती है। किसी को आरक्षण के जरिए अभिनेता, निर्देशक, गीतकार, संगीतकार, पटकथा लेखक, कैमरामैन आदि नहीं बनाया जा सकता। अलबत्ता लगातार अभ्यास और प्रशिक्षण से प्रतिभाओं में निखार जरूर आता है। बॉलीवुड के समंदर में दलित, पिछड़े, आदिवासी भी हैं। वर्तमान में तीन बड़े सुपर स्टार शाहरुख खान, सलमान खान, आमिर खान अल्पसंख्यक समुदाय से हैं। ऐसे में कांग्रेस नेता राहुल गांधी कैसे दावा कर सकते हैं कि वहां इन जातियों के चेहरे नहीं हैं? मीडिया का हुनर व रचनात्मक कौशल भी विशेष है। हर आदमी यह काम नहीं कर सकता। जोखिमों से खेलना पड़ता है और एक अच्छा लेखक होना भी इस व्यवसाय में जरूरी कौशल है। हम बहुत से दलितों, पिछड़ों, आदिवासियों को जानते हैं जिन्होंने राष्ट्रीय मीडिया में बुलंदियां छुई हैं। संपादक भी रहे। उद्यमिता भी एक बुनियादी कौशल है। सबमें यह नहीं होता है। लेकिन उद्योग जगत में भी हर जाति और धर्म के लोग मिलेंगे जिन्होंने अपनी उद्यमिता का लोहा मनवाया है। उद्योग निजी क्षेत्र है, जिसमें आबादी के आधार पर आरक्षण नहीं है और न ही दिया जा सकता है। फिर भी इसमें दलित, पिछड़े, आदिवासी, अल्पसंख्यक सभी हैं। राहुल गांधी की रिसर्च टीम ने उन्हें ऐसे तथ्य नहीं बताये होंगे। सवाल है कि क्या किसी को आरक्षण के आधार पर मिस इंडिया, उद्योगपति या किसान तक भी बनाया जा सकता है? कदापि नहीं। दरअसल कांग्रेस पर आजकल जातीय जनगणना का जुनून सवार है। वे आरक्षण की सीमा बढ़ाने की बात भी करते हैं, लेकिन यह बात ध्यान रखना चाहिए कि संकीर्ण सियासत में जिसका हक मारा जायेगा, उसकी प्रतिक्रिया क्या होगी? इसलिए पार्टियां विभाजनकारी सियासत के बजाय विकास की राजनीति करें, यही उनके सियासी साख के लिए बेहतर होगा।

जातिवाद की राजनीति में कांग्रेस जिस हद तक उतर गयी है, उसमें उसे कोई खास सियासी लाभ नहीं मिलेगा।

विचार

जब तक मन नहीं जीता जाता और राग द्वेष शान्त नहीं होते, तब तक मनुष्य इंद्रियों का गुलाम बना रहता है।

-आचार्य विनोबा भावे.

मनुष्य का मूल्य उसके काम या कथन से नहीं, बल्कि वह जीवन में क्या बन रहा है इसे देखकर आंकना चाहिए।

-महर्षि अरविन्द.

इस सनातन नियम को याद रखो- यदि तुम प्राप्त करना चाहते हो तो अर्पित करना सीखो।

-सुभाष चन्द्र बोस.

आवश्यकताएं कम करें। आवश्यकताएं जितनी कम होंगी उतना ही अधिक सुख मिलेगा।

-स्वामी रामथीर्थ.

उद्योग तो मनुष्य को करना ही चाहिए। वह तो उसका कर्तव्य है। गाय न पालकर भी बिल्ली अपने उद्योग से नित्य दूध पीती है।

-संस्कृत लोकोक्ति.

जांच एजेंसियों को सुप्रीम कोर्ट का सख्त संदेश

डॉ. अनिता राठौर

हाल ही में अपने अलग अलग आदेशों के जरिये तीन व्यक्तियों को जमानत प्रदान करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने जांच एजेंसीज व हाईकोर्ट्स सहित अन्य निचली अदालतों को प्रमुखता से दो स्पष्ट संदेश दिए हैं- एक, पीएमएलए जैसे गंभीर मामलों में भी 'बेल नियम, जेल अपवाद' सिद्धांत लागू होता है। दूसरा यह कि आरोपी ने हिरासत में जो अन्य केस के बारे में वक्तव्य दिया है, वह साक्ष्य के रूप में प्रयोग नहीं किया जा सकता। सुप्रीम कोर्ट ने 28 अगस्त 2024 को झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के सहयोगी प्रेम प्रकाश को उसी केस में जिसमें सोरेन को जमानत दी थी बेल देते हुए इन बातों को न केवल दोहराया बल्कि एक तरह से उनका नजीर होने पर मोहर लगा दी है। इससे एक दिन पहले यानी 27 अगस्त 2024 को सुप्रीम कोर्ट ने भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) की कविता को दिल्ली शराब नीति मामले में जमानत दी थी और उससे कुछ समय पहले दिल्ली के पूर्व उप-मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को जमानत दी थी।

इन तीनों मामलों का एक साथ अध्ययन करने पर सभी अदालतों व जांच एजेंसीज के लिए संदेश एकदम स्पष्ट है। कविता की याचिका पर सुनवायी करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने जांच एजेंसीज को एक बार फिर फटकार लगायी और साथ ही दिल्ली हाईकोर्ट को भी, जिसने पिछले पांच माह के दौरान कविता को दो बार जमानत देने से इंकार किया था। सुप्रीम कोर्ट ने जो यह जमानतें दी हैं और इनमें की गई प्रत्येक टिप्पणी उन सभी विचाराधीन आरोपियों के लिए उचित व न्यायपूर्ण प्रक्रिया की उम्मीद की किरण है, जो सख्त कानूनों के तहत जेल में हैं और बाहर निकलने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। बीआरएस के प्रमुख केसी राव की बेटी कविता को ईडी ने 15 मार्च 2024 को गिरफ्तार किया था और फिर 11 अप्रैल 2024 को सीबीआई ने उन्हें तिहाड़ जेल से गिरफ्तार किया। सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें दोनों केसों (भ्रष्टाचार व मनी लॉन्ड्रिंग) में जमानत दी और दिल्ली हाईकोर्ट के एकल-न्यायाधीश खंडपीठ को फटकार लगायी। सुप्रीम कोर्ट ने आरोपी की गिरफ्तारी में ईडी व सीबीआई की 'निष्पक्षता' व 'पिक एंड चूज' दृष्टिकोण को भी कटघरे में खड़ा किया। न्यायाधीश बीआर गवई व न्यायाधीश केवी विश्वनाथन की खंडपीठ ने कविता को जमानत देते हुए कहा, 'वह पांच माह से सलाखों के पीछे हैं। निकट भविष्य में ट्रायल का पूर्ण होना असंभव है...अंडरट्रायल कस्टडी सजा में नहीं बदलनी चाहिए। अगर दिल्ली हाईकोर्ट के आदेश को कानून बनने दिया जायेगा ... किसी शिक्षित महिला को जमानत नहीं मिलेगी ... (हाईकोर्ट) ने कृत्रिम निर्णय तलाश किया है, जो कानून में नहीं है। हमने पाया है कि (हाईकोर्ट की) विज्ञ एकल-न्यायाधीश खंडपीठ स्वयं को पूर्णतः गलत दिशा में ले गई है। ... अभियोग पक्ष को निष्पक्ष होना चाहिए। जो व्यक्ति स्वयं को दोषी ठहराता है उसे गवाह बना लिया गया है। कल को आप जिसे चाहेंगे उसे पकड़ लेंगे और जिसे चाहेंगे उसे छोड़ देंगे? आप किसी भी आरोपी को पिक एंड चूज नहीं कर सकते। क्या यह निष्पक्षता है?' पहले सिसोदिया के मामले में और नवीनतम घटना में कविता के मामले में जमानत का विरोध करने के लिए जांच एजेंसीज को अपनी जांच की गुणवत्ता व स्वरूप के लिए सुप्रीम कोर्ट की फटकार सुननी पड़ी है।

एक केस के बाद दूसरे केस में सुप्रीम कोर्ट ने दोहराया है कि विशेष कानूनों जैसे पीएमएलए, यूएपीए व पीएसए के तहत भी जमानत नियम है और जेल अपवाद है और यह सिद्धांत अनुच्छेद 21 का हिस्सा है, जिसका संबंध जीवन व स्वतंत्रता के मौलिक अधिकारों से है। सुप्रीम कोर्ट ने 28 अगस्त 2024 को निश्चित व अविवादित तौरपर स्पष्ट किया कि यह सिद्धांत मनी लॉन्ड्रिंग मामलों में भी लागू होता है और पीएमएलए प्रावधानों को इसके अनुरूप किया जाना चाहिए। पीएमएलए की धारा को सशर्त रिहाई देने के लिए उचित तौरपर हल्का किया जाना चाहिए। न्यायाधीश बीआर गवई व न्यायाधीश केवी विश्वनाथन की खंडपीठ ने इस मुद्दे को बिना किसी संदेह के हल करते हुए पीएमएलए केसों में यह दो शर्तें पूरी होती हैं कि आरोपी प्रथम द्दष्टया दोषी नहीं है और जमानत पर रिहा होने के बाद उसके द्वारा अपराध करने की संभावना नहीं है, तो उसे जमानत दे देनी चाहिए।

सर्वोच्च अदालत की यह रूलिंग प्रेम प्रकाश को जमानत प्रदान करते हुए सामने आयी। प्रेम प्रकाश हेमंत सोरेन के सहयोगी हैं जिन्हें तथाकथित भूमि घोटाले में गिरफ्तार किया गया था। सुप्रीम कोर्ट का कहना है कि अनुच्छेद 21 उच्च संवैधानिक अधिकार है और इसलिए वैधानिक प्रावधानों को उसके अनुरूप होना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट के अनुसार पीएमएलए की धारा 45 केवल निश्चित शर्तों की संतुष्टि की बात कहती है, जबकि 'जमानत नियम है और जेल अपवाद है' का सिद्धांत संविधान के अनुच्छेद 21 की संक्षिप्त व्याख्या है। अनुच्छेद 21 कहता है कि किसी व्यक्ति को उसके जीवन या व्यक्तिगत स्वतंत्रता से वंचित नहीं किया जा सकता, सिवाय कानून द्वारा स्थापित प्रक्रिया के। सुप्रीम कोर्ट के अनुसार व्यक्तिगत स्वतंत्रता हमेशा नियम है और उससे वंचित किया जाना अपवाद है। वैध व उचित प्रक्रिया से ही किसी को व्यक्तिगत स्वतंत्रता से वंचित किया जा सकता है। सुप्रीम कोर्ट ने एक अन्य महत्वपूर्ण मुद्दे को भी सेटल किया। उसने कहा कि आरोपी ने हिरासत में रहते हुए अगर किसी अन्य मामले में कोई वक्तव्य दिया है, तो उसे साक्ष्य के तौरपर स्वीकार नहीं किया जा सकता। दरअसल, प्रेम प्रकाश पहले ही झारखंड में स्टोन माइनिंग केस में बंद था, जब उसने ईडी को तथाकथित भूमि घोटाले में बयान दिया, जिसके बारे में सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि उस पर विश्वास नहीं किया जा सकता। बहरहाल, कविता व सिसोदिया के मामलों में सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली हाईकोर्ट व जांच एजेंसीज से तीन महत्वपूर्ण बातें कहीं। एक, जांचकर्ता जमानत के विरुद्ध उन 'साक्ष्यों' के आधार पर बात नहीं कर सकते जो ट्रायल आरंभ होने पर पेश किये जाते हैं। सिसोदिया, कविता या प्रेम प्रकाश के मामलों में जांचकताओं ने यह साबित नहीं किया कि इन्हें जमानत क्यों नहीं देनी चाहिए।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि 'अनुमान' 'साक्ष्य' नहीं होता है। दो, जांच पूर्ण होने के बाद भी एजेंसीज जमानत न देने की बेकार की जिद पर अड़ी रहीं, जिस पर सुप्रीम कोर्ट को कहना पड़ा कि अगर साक्ष्यों की गुणवत्ता पर उसकी टिप्पणी जमानत आदेश का हिस्सा बनती है, तो वह ट्रायल को प्रभावित करेगा। मसलन, सुप्रीम कोर्ट ने इन बातों पर सवाल उठाये थे कि किस तरह मनमर्जी से इकबालियों को सरकारी गवाह बनाया गया, 'आरोपियों' का 'चयन' किया गया और गिरफ्तारी से महीनों पहले फॉर्मेट किये गये फोन को विश्वसनीय साक्ष्य नहीं माना। तीन, प्रेम प्रकाश को जमानत देते हुए सुप्रीम कोर्ट ने 9 अगस्त को सिसोदिया को जमानत देते हुए जो कहा था उसे दोहराया कि पीएमएलए की धारा 45 व्यक्तिगत स्वतंत्रता से वंचित करने का नियम नहीं है। सुप्रीम कोर्ट की यह सख्त टिप्पणियां कानूनी नजीर तो नहीं हैं, लेकिन इस किस्म के ओबिटर डिक्टम का उद्देश्य पुलिस और विशेषकर हाईकोर्ट्स के लिए सबक है कि जमानत याचिकाएं सुनते हुए वह इनका ध्यान रखें। उचित प्रक्रिया का पालन करने पर ही सही जांच होती है और न्याय मिलता है।

> कोर्ट ने सिसोदिया को जमानत देते हुए जो कहा था उसे दोहराया कि पीएमएलए की धारा 45 व्यक्तिगत स्वतंत्रता से वंचित करने का नियम नहीं है। सुप्रीम कोर्ट की यह सख्त टिप्पणियां कानूनी नजीर तो नहीं हैं, लेकिन इस किस्म के ओबिटर डिक्टम का उद्देश्य पुलिस और विशेषकर हाईकोर्ट्स के लिए सबक है कि जमानत याचिकाएं सुनते हुए वह इनका ध्यान रखें। उचित प्रक्रिया का पालन करने पर ही सही जांच होती है और न्याय मिलता है।

सोशल मीडिया

हमे नफरत के बाजार में मोहब्बत की दुकान खोलनी है, नफरत की काट नफरत से नहीं, मोहब्बत से ही हो सकती है। हम सब मिलकर नफरत को मोहब्बत से हरायेंगे। राहुल गांधी.

हॉकी में भारत को वैश्विक स्तर पर नई पहचान दिलाने वाले, हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद जी की जयंती 'राष्ट्रीय खेल दिवस' पर कोटि-कोटि नमन्।

-शिवराज सिंह चौहान.

सुल्तानपुर से मिले लूट की सीसीटीवी तस्वीरों में स्पष्ट दिख रहा है कि प्रदेश में अपराधी पूरी तरह से बेखौफ हैं, फिर लॉ एंड ऑर्डर को लेकर जीरो टॉलरेंस कैसा?

-शिवपाल सिंह यादव.

सगुण ईश्वर की धारणा

स्वामी विवेकानन्द कहते हैं- ईश्वर एक वृत है जिसकी परिधि कहीं नहीं है और केंद्र सर्वत्र है। उस वृत में प्रत्येक बिन्दु सजीव, सचेतन, सक्रिय और समान रूप में क्रियाशील है। हम सीमित आत्माओं में केवल बिन्दु सचेतन है और वह केंद्र आगे पीछे गतिशील रहता है। जिस प्रकार विश्व की तुलना में शरीर की सत्ता अत्यल्प है उसी प्रकार ईश्वर की तुलना में समस्त विश्व कुछ नहीं है। जब हम कहतें हैं, ईश्वर बोलता है। तो इसका अर्थ यह है के वह अपनी सृष्टि के माध्यम से बोलता है। जब हम उसका वर्णन उस देश काल से परे रहकर करते हैं तब हम कहतें हैं कि वह निर्गुण सत्ता है। किन्तु वह रहता वही है। उपरोक्ता विवेचन के आधार पर हम कह सकते है कि विवेकानन्द आचार्य शंकर के समान सगुण ईश्वर की मान्यता का समर्थन करते हैं। वे कहतें हैं 'जब तक हमारा शरीर है, तब तक हम स्थूल जगत की स्थूल जगत की ओर दृष्टि किये हुए हैं, तब तक हमें सगुण ईश्वर को स्वीकार करना ही होगा। ऐसी अवस्था में ईश्वर को स्वीकार न करना निरा पागलपन है। संसार के अधिकांश व्यक्ति द्वैतवादी हैं। ऐसे व्यक्ति जो साधारण बुद्धि के हैं, निर्गुण ब्रह्म की धारणा को ग्रहण करने में असमर्थ हैं। अतः एक व्यक्ति विशेष के रूप मैं ईश्वर की उपासना किये बिना मनुष्यौं का काम नहीं चलता। वेदांत दर्शन का एक ही उद्देश्य है और वह है एकत्व की खोज। स्वामी विवेकानन्द का कहना है कि 'ईश्वर प्रकृति एवं आत्मा का एक रूप है। मानव जीव और प्रकृति तथा आत्मा उसके शरीर है। जिस तरह मेरा एक शरीर है, एक आत्मा है उसी तरह सम्पूर्ण विश्व एवं सारी आत्मायें ईश्वर के शरीर है और ईश्वर सारी आत्माओं की आत्मा है। शरीर परिवर्तित हो सकता है, तरूण या बृद्ध सबल या दुर्बल किन्तु इससे आत्मा पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता। एक ही सास्वत सत्ता शरीर के माध्यम से सदा अभिव्यक्त होती है। जगत रूपी उपादान से वह सृष्टि करता है और हर कार्य के रूप में उसका शरीर सूक्ष्म होता है वह संकुचित होता है फिर परवर्ती कल्प के रूप में वह विस्तृत होने लगता है।

अंतर्दृष्टि

देश में विकास की मारामारी

व्यंग्यलोक

हमारे देश को विकास की बीमारी आजादी के बाद ही लग गई थी। जो भी सत्ता में आया उसने विकास का नारा दिया। सो विकास की मारामारी ऐसी चली कि विकास चल निकला। हम विकासशील हो गये। यही विकास एक दिन मेरे गाँव भी आ गया। नये चंद सिरफिरों को पसन्द भी आ गया। उन्हें लगा कि विकास की यह प्रक्रिया अपनाई जा सकती है इसलिए वे भी विकासशील हो गये। इसे अपनाने वाले वे लोग थे जो बेकार थे, जिनके हाथ खाली थे। उन्होंने विकास को आजीविका के रूप में अपना लिया। वह विकास ही किस काम का जिसे अपनाने से सर्व प्रथम स्वयं का कल्याण न हो। बस दनादन पुख्ता मकानों की नींव धरी जाने लगी। अकाल अलग हो गया-इसलिए नेताजी ने जो राहत भेजी उसका खून गाँव के विकासशीलों के पृथक् से मुँह लग गया। इस तरह वे आबाद हो गये। गाँव के विकास के लिये 'नवयुवक मण्डल नाम से एक संस्था का गठन किया गया। जो चंद लोग शहर में विकास की चकाचौंध देख आये थे-वे तमाम उसके सदस्य थे। मण्डल की पहली बैठक हुई तो उसके एजेण्डा में- मेरा नाम स्थानान्तरित कराये जाने वाले लोगों में शामिल था। मैं घबरा गया कि यह नवयुवक मण्डल का गठन क्या मेरे लिए ही किया गया है। दौड़कर मैं विकासशीलों के अध्यक्ष से मिला और बोला-'अमां यार तुम हमारे गाँव के हो और हमारा ही तबादला करवा रहे हो। गाँव में पड़े हैं। अपने बच्चों का लालन-पालन कर रहे हैं, यदि तबादला हो गया तो सारा घर अव्यवस्थित हो जायेगा। अध्यक्ष जी तो विकास की लहर के शिकार थे सो बोले-'गाँव के विकास के लिए आपका इस गाँव से स्थानान्तरण अत्यावश्यक है। मण्डल की बैठक में भी यह प्रस्ताव सर्व सम्मति से पास हो गया है, इसलिए अब कुछ नहीं किया जा सकता। 'लेकिन मैं विकास में आड़े कहाँ आ रहा हूँ और मैंने बिगाड़ा क्या है? मैंने पूछा। वे बोले- 'विकास में तुम ही तो सबसे बड़ी बाधा हो। दरअसल आपने ईमानदारी का प्रमाण-पत्र ले रखा है और हमें ईमानदारों से डर लगता है। स्कूल में जो निर्माण कार्य चल रहा है, उसका सारा हिसाब-किताब आपके पास है। आप पूरी ईमानदारी से उसे निपटाते हैं। तीन वर्ष से कोई घपले के चांसेज नहीं मिल रहे हैं। ऐसे में आपके खिलाफ चार्जेज लगाकर तबादला करवाने के अलावा हमारे पास और क्या विकल्प रह जाता है? 'लेकिन इसमें मैं बाधा कहाँ उत्पन्न कर रहा हूँ। यदि मैं हिसाब-किताब सही रखता हूँ तो इसमें विकास को बल ही मिलेगा। पूरा पैसा विकास में लगेगा। मैंने कहा। 'इसका मतलब आप विकास का अर्थ ही नहीं जानते। 'मैं तो विकास का अर्थ यही जानता हूँ कि जन-कल्याण अधिक-से-अधिक हो तथा लोगों को सभी प्रकार की सुख-सुविधाएँ मिले। मैंने कहा। इस पर वे दाँत पीस कर बोले-'तो फिर आप अपने इस गाँव से बोरिया-बिस्तर बाँध लीजिए।

पूरन सरमा

उमड़ते घुमड़ते बादलों के बीच यहां दौड़ेगी ट्रेन

चिनाब रेलवे ब्रिज

भले दुनिया के सबसे ऊंचे रेलवे ब्रिज बनाने में चीन को महारत हासिल हो, लेकिन आजतक उसके बनाये गये दुनिया के नौ सबसे ऊंचे रेल पुलों पर हमारा एक चिनाब रेलवे ब्रिज भारी पड़ता है। क्योंकि यह चीन के बनाये गये सभी पुलों से ऊंचा है। खास क्वालिटी के स्टील और कंकरीट से बना चिनाब रेलवे ब्रिज, एक आर्च ब्रिज है, जो भारत के जम्मू-कश्मीर राज्य के जम्मू डिवीजन के रियासी जिले में बक्कल और कौरी के बीच चिनाब नदी पर स्थित है।

यह रेलवे ब्रिज 359 मीटर ऊंचा है, जो कि दुनिया की किसी भी रेलवे ब्रिज की अब तक की सबसे ज्यादा ऊंचाई है। इसके बाद दूसरे से दसवें तक दुनिया के सारे ऊंचे रेलवे ब्रिज चीन ने बनाये हैं। दुनिया का दूसरे नंबर का सबसे ऊंचा रेलवे ब्रिज चीन का नजीहे रेलवे ब्रिज है, जिसकी ऊंचाई 310 मीटर है। चिनाब रेलवे ब्रिज की ऊंचाई का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि यह एफिल टॉवर, कुतुबमीनार और स्टैच्यू ऑफ लिबर्टी के साथ साथ स्टैच्यू ऑफ यूनिटी से भी ऊंचा है। एफिल टॉवर की कुल ऊंचाई 300 मीटर है और अगर इसके ऊपर लगे एंटीना को भी जोड़ लिया जाए तो यह ऊंचाई 334 मीटर तक पहुंचती है, जबकि देश की राजधानी दिल्ली में स्थित कुतुबमीनार 73 मीटर यानी 239.5 फीट तथा स्टैच्यू ऑफ लिबर्टी की ऊंचाई 92.96 मीटर या 305 फीट है। इसी क्रम में नर्मदा नदी पर बनाये गये सरदार सरोवर बांध के निकट सरदार पटेल की प्रतिमा स्टैच्यू ऑफ यूनिटी की ऊंचाई भी सिर्फ 142 मीटर है। कल्पना करिये जब इस पुल से होकर भारत की मौजूदा समय में सबसे तेज रफ्तार ट्रेन वंदे भारत गुजरेगी तो यात्रियों को ऐसा एहसास होगा, मानो वे बादलों को चीरकर सफर कर रहे हैं।

दरअसल साल 2002 में उत्तर रेलवे ने जम्मू-कश्मीर में जम्मू के पास ऊधमपुर और कश्मीर घाटी के उत्तर पश्चिमी छोर पर बसे बारामूला शहर के बीच रेलवे लाइन के निर्माण हेतु एक मेगा परियोजना बनायी, जिसे साल 2002 में राष्ट्रीय परियोजना का दर्जा दिया गया। दिसंबर 2003 में इस परियोजना को स्वीकृत मिली। लेकिन इसके निर्माण कार्य के शुरू होने में लगातार देरी हुई, क्योंकि लंबे समय तक यह ही नहीं तय हो पा रहा था कि चिनाब नदी पर इतनी ऊंचाई पर पुल का निर्माण कैसे हो? दर्जनों तरीके से इस पर सोचा गया, अंत में उस निर्माण तकनीकी पर अंतिम मोहर लगी, जिसके चलते 19 सालों में बनकर यह दुनिया का सबसे ऊंचा रेलवे पुल तैयार हुआ। चिनाब रेलवे ब्रिज की डेक की ऊंचाई नदी तल से 359 मीटर है, जबकि नदी की सतह के ऊपर से यह ऊंचाई 322 मीटर है। अंतिम रूप से तैयार पुल की लंबाई 4,314 फीट या 1315 मीटर है, जिसमें उत्तर की तरफ 650 मीटर लंबा अतिरिक्त पुल भी शामिल है। पुल के मेहराब का विस्तार 467 मीटर है तथा इस मेहराब की लंबाई कुल 480 मीटर है। चिनाब रेलवे ब्रिज महज एक ब्रिज नहीं है बल्कि यह तकनीकी कुशलता का नायाब नमूना भी है। वैसे आजतक दुनिया में कुल 16 पुल ऐसे बने हैं, जो कई सौ मीटर ऊंचे हैं। उनमें सबसे ऊंचा यही है और चिनाब रेलवे ब्रिज दुनिया का 11वां सबसे लंबा आर्च ब्रिज भी है। इसके ऊपर से गुजरने वाला रेलवे ट्रैक 5 फीट 6 इंच यानी 1676 मिमी. का ब्रॉड गेज है। इस पुल के निर्माण में सिर्फ वक्त नहीं लगा बल्कि असाधारण दुस्साहस की अनेक कहानियां भी लिखी गई हैं। क्योंकि यह रेल मार्ग दर्जनों सुरंगों (कुल 63 मीटर लंबाई) तथा अनेक पुलों से सुसज्जित है।

हिमालय के सबसे दुगर्म भूगोल में इस पुल का बनना अपने आपमें एक कहानी है। यह पुल चिनाब नदी की सबसे गहरी खाईं को पार करता है, जिसके पास सलाल हाईड्रो पावर बांध स्थित है। सबसे ज्यादा वक्त इस पुल की दुर्लभ डिजाइन में लगा है। इस डिजाइन को अंतिम रूप देने के पहले सैकड़ों लंबी लंबी मीटिंगे हुई हैं, जिनमें इंजीनियरिंग के दुर्लभ कौशल पर विस्तार से बहस हुई। सिर्फ इसकी मजबूती और भौगोलिक स्थिति को लेकर ही डिजाइन सोचने में देर नहीं हुई बल्कि इसे सौंदर्यशास्त्र की द्दष्टि से भी अद्भुत रूप देना था, इसलिए भी इस पर गहन विचार विमर्श हुआ। पुल में लगने वाली सामग्री को ज्यादा से ज्यादा स्थानीय भौगोलिकता के अनुकूल रखा गया है। जिस कारण सितंबर 2008 से शुरू होकर इसका निर्माण अगस्त 2022 में पूरा हुआ। वैसे पहले इसके निर्माण को पूरा करने का लक्ष्य जनवरी 2020 रखा गया था, लेकिन पहले तकनीकी रूप से और फिर कोरोना के कारण देरी हुई। जिस कारण इस पुल से होकर अभी भी रेलगाड़ियों का संचालन शुरू नहीं हुआ। लेकिन जल्द ही प्रधानमंत्री इस ट्रैक पर वंदे भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखायेंगे। **वीओएल.**

आप की बात

जरूरी है सामाजिक सुरक्षा

केन्द्र सरकार ने असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को व्यापक स्तर पर सामाजिक सुरक्षा मुहैया कराने के लिए बीमा योजना, पेंशन योजना और आयुष्मान भारत योजना जैसे अनेक कार्यक्रम लांच किये हैं। इस योजना के तहत एक श्रमिक जो दिहाड़ी मजदूर है या ऐसे रोजी-रोजगार से जुड़ा है जिसमें उसकी उसको किसी तरह से सामाजिक सुरक्षा का कवर उपलब्ध नहीं है, ऐसे लोग नयी पेंशन योजना में शामिल हो सकते हैं जिसमें उनको साठ साल पूरे होने पर प्रतिवर्ष तीन हजार रुपये पेंशन मिलेगी। श्रमिकों को सुरक्षा कवर उपलब्ध कराने का यह फैसला न सिर्फ सराहनीय है बल्कि उन करोड़ों श्रमिकों तक सामाजिक सुरक्षा का विस्तार होगा जिनको वृद्धावस्था में कोई मदद नहीं मिलती थी। लेकिन इस योजना में कुछ खामियां हैं। अगर सरकार इनमें सुधार करती है तो यह और अधिक प्रभावी एवं कल्याणकारी बन जायेगी। दरअसल हर साल चार-पांच फीसद की महंगाई रहती है। उसी हिसाब से रुपये का वैल्यू कम होता जाता है। ऐसे में जो लोग आज इस योजना के सदस्य बनेंगे उनको साठ साल पूरा होने पर जो पेंशन मिलेगी उसकी वैल्यू बहुत कम होगी। इसलिए सरकार को इसमे डायनॉमिक सिस्टम लागू करना चाहिए जिसमें हर साल श्रमिक का कंट्रीब्यूशन उसकी कमाई के अनुसार बढ़ता जाये।

प्रमोद कुमार शर्मा, लखनऊ.

चीन से घटायें आयात

चीन में जब शी चिनफिंग की तीसरी बार ताजपोशी हुई थी तभी उन्होंने जैसे इरादे जाहिर किये थे उससे स्पष्ट हो गया था कि चीन की मंशा भारत को लेकर ठीक नहीं है। चीन की हरकतें लगातार बढ़ रही हैं इसलिए सीमा पर कड़ा जवाब देने के साथ ही अब चीन पर आर्थिक प्रहार भी करने की जरूरत है। कुछ समय पहले जब चीन ने भारत के आर्थिक प्रतिष्ठानों पर कब्जा करने का प्रयास किया तो उसे एफडीआई नीति में बदलव के जरिये रोका गया। भारत सरकार ने एफडीआई नीति में जरूरी बदलाव करके अपने कारपोरेट को बचाने का जो प्रयास किया है वह सही समय पर उठाया गया कदम था। चीन के शातिर चाल पर रोक लगाने के लिए भारत सरकार ने एफडीआई नीति में जो बदलाव किया है वह स्वागतयोगय कदम है। इससे भारतीय कंपनियों के अधिग्रहण का खतरा कम होगा। उदारीकरण की नीतियों को लागू किये जाने के बाद देश में बड़े पैमाने पर विदेशी निवेश आया है और भारतीय कंपनियां एवं उद्यमियों ने भी आक्रामक अधिग्रहण के जरिये विदेशों में बड़ी-बड़ी कंपनियों को अपने कब्जे में लिया है। कोरोना काल में भी चीन के केन्द्रीय बैंक 'पीपुल्स बैंक ऑफ चाइना' ने अचानक भारत की सबसे बड़ी हाउसिंग फाइनेंस कंपनी एचडीएफसी में अपनी हिस्सेदारी को एफडीआई रूट के जरिये 0.80 से बढ़ाकर 1.01 फीसद कर लिया था। बैंक ऑफ चाइना के इस कदम ने भारत के कारपोरेट जगत में हलचल पैदा कर दी थी। इसके बाद केन्द्र ने एफडीआई नियमों में संशोधन किया है। अब चीनी कंपनियों एवं नागरिकों के लिए भारतीय कंपनियों का अधिग्रहण सरकार की मंजूरी के बिना नहीं हो सकेगा। भारत सरकार ने एफडीआई नियमों में संशोधन कर एक नया प्रावधान जोड़ा है जिसमें भारत के साथ सीमा साझा करने वाले देश की कंपनी, व्यक्ति, संस्था या किसी ऐसी कंपनी जिसका स्वामी सीमावर्ती देश के नागरिक या कंपनी के पास हो, उसको भारतीय कंपनी में निवेश के लिए मंजूरी लेनी होगी। एफडीआई में एक प्रावधान और जोड़ा गया है कि किसी भी ऐसे वर्तमान या भावी निवेश के लिए भारत सरकार से मंजूरी लेनी होगी जिसमें स्वामित्व हस्तांतरण शामिल हो। वैश्वीकरण के इस युग में कंपनियों में निवेश, अधिग्रहण सामान्य बात है, लेकिन अगर भारत की किसी कंपनी का मालिकाना हक चीन, पाकिस्तान जैसे देशों के पास चला जाये तो यह राष्ट्रीय सुरक्षा व राष्ट्रीय हित पर बहुत गहरी चोट भी है। इसके अलावा अब चीनी आयात पर भी लगाम लगाने की जरूरत है।

विवेक कुमार सिंह, लखनऊ.

संक्षेप

विद्युत संविदा कर्मियों ने किया धरना -प्रदर्शन

मिल्कीपुर-अयोध्या। मिल्कीपुर के इनायतनगर स्थित बिजली घर पर विद्युत वितरण खंड तृतीय पर कार्यरत समस्त विद्युत संविदा कर्मियों ने धरना प्रदर्शन कर अधिशासी अभियंता को अपना ज्ञापन सौंपा। संविदा कर्मियों ने एकजुट होकर विगत माह के मानदेय का भुगतान न होने पर धरना प्रदर्शन एवं नारेबाजी किया। विद्युत कर्मियों ने इसके बाद अधिशासी अभियंता के कार्यालय का घेराव किया। धरने के बीच पहुंचे अधिशासी अभियंता विनोद कुमार ने सभी विद्युत कर्मियों को समझाया बुझाया और आश्वासन दिया कि 10 दिनों के अंदर जुलाई माह के साथ-साथ अगस्त माह का भी मानदेय दिलाया जाएगा।

अधिशासी अभियंता के आश्वासन पर सभी विद्युत संविदा कर्मियों ने धरना समाप्त कर दिया।संविदा कर्मी संतोष कुमार के नेतृत्व में आयोजित हुए धरने में प्रमुख रूप से विनोद श्रीवास्तव,रामकुमार सिंह,जितेंद्र मिश्रा,रवि मिश्रा,पंकज शर्मा,रोलू सिंह,अवधेश शुक्ला,पंकज उपाध्याय,राजेंद्र तिवारी,हृदय राम, आलोक मिश्रा,जितेंद्र मोहन,दिलीप कुमार,राम प्रकाश पाठक समेत बड़ी संख्या में विद्युत संविदाकर्मी मौजूद रहे।

एडवांस लाइफ स्पोर्ट सिस्टम से लैस 10 एम्बुलेंस को डिप्टी सीएम ने किया रवाना

जिला संवाददाता(vol)

अयोध्या। सूबे के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक गुरुवार को धर्मनगरी अयोध्या पहुंचे। हनुमंत लाल और रामलला का दर्शन पूजन कर आशीर्वाद लिया। जिसके बाद बिड़ला धर्मशाला के आडोटोरियम में सिक्स सिग्मा हेल्थकेयर एम्बुलेंस को झण्डी दिखाकर रवाना किया। अपने सम्बोधन में डिप्टी सीएम ने कहा कि स्वास्थ्य के क्षेत्र में तथा अयोध्या के विकास के लिए हमारे मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में अथक प्रयास व चैमुखी विकास किया जा रहा है। अयोध्या तीर्थ यात्राओं के लिए चिकित्सा सेवाओं को और अधिक सशक्त करने का एक महत्वपूर्ण कदम है, जिसमें सिक्स सिग्मा हेल्थकेयर को उन्नत कार्डियक लाइफ सपोर्ट सिस्टम से लैस एम्बुलेंस प्रदान की गई।

- **श्रद्धालुओं के लिए चिकित्सा सेवाओं को और सशक्त करने का संकल्प**

उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य एवं जनहित कल्याण के लिए सरकार द्वारा चलायी जा रही योजनाओं को सभी पात्र लाभार्थियों को लाभान्वित किया जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान महापौर अयोध्या महंत गिरीश पति त्रिपाठी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी संजय जैन व सिक्स सिग्मा ग्रुप के एडिटर इन चीफ डा प्रदीप भरद्वाज ने अपना सम्बोधन व्यक्त किया।

सिग्मा ग्रुप के प्रशंसनीय कार्य करने वाले डॉक्टर व अन्य कार्मिकों को स्मृति चिन्ह व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया तथा उप मुख्यमंत्री को पंच ध्वज भेंट कर सम्मानित किया गया। उन्होंने जेके सुपर सीमेंट और सिक्स सिग्मा हेल्थकेयर के बीच सहयोग की सराहना करते हुए कहा कि यह साझेदारी तीर्थ यात्रियों की सुरक्षा और स्वास्थ्य सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण योगदान देगी। अत्याधुनिक चिकित्सा उपकरणों से सुसज्जित ये एम्बुलेंस विभिन्न तीर्थ यात्राओं पर तैनात की जाएंगी, जिससे आपातकालीन स्थिति में महत्वपूर्ण चिकित्सा सहायता उपलब्ध हो सकेगी।

जेके सुपर सीमेंट के सीएमडी सिंघानिया ने इस अवसर पर कहा ये एम्बुलेंस केवल एक योगदान नहीं हैं, बल्कि यह हमारी उस प्रतिबद्धता का प्रतीक है जिससे हम यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि तीर्थयात्रियों की सुरक्षा और स्वास्थ्य के प्रति हमारी जिम्मेदारी है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने भी इस मौके पर मंच से सिक्स सिग्मा हेल्थकेयर के योगदान की सराहना की, विशेष रूप से श्री राम जन्मभूमि के प्राण प्रतिष्ठा के दौरान उनकी निःशुल्क चिकित्सा सेवाओं की तारीफ की। उन्होंने कहा कि इस संस्था ने मानवता की सेवा करते हुए हजारों श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित की है। सिक्स सिग्मा हेल्थकेयर इन एम्बुलेंस को केदारनाथ, बद्रीनाथ, तुंगनाथ और अन्य ऊंचाई वाले तीर्थ स्थलों पर तैनात करेगी, जहाँ ये यात्राओं को अधिक सुरक्षित और सुलभ बनाएंगी। इस पहल से तीर्थ यात्राओं के चिकित्सा ढांचे को मजबूती मिलेगी और यात्रियों को यह विश्वास होगा कि उनकी सुरक्षा के लिए हर संभव उपाय किए गए हैं।

अयोध्या को जल्द ही मिलेगी सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल की सौगात

अयोध्या। जिले में मंकी पाक्स को लेकर कहा कि सतर्कता बरतने के लिए स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिया है। किसी भी तरह से घबराने की कोई जरूरत नहीं है। हम सभी स्थितियों में तैयार हैं। अयोध्या की तरफ से एक मेडिकल कॉलेज की मांग की गई थी। अयोध्या को उसकी आवश्यकता को देखते हुए जल्द ही सुपर स्पेशलिटी हास्पिटल की सौगात मिलेगी। इससे पहले महापौर महंत गिरीशपति तिवारी ने अयोध्या में श्रद्धालुओं के बीमार पड़ने और मौत की जानकारी देकर इस सुविधा की मांग की थी। वहीं डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने कहा कि हमारी सरकार अयोध्या में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए प्रतिबद्धता से काम कर रही है। हम रामलला से यही प्रार्थना करते हैं कि अयोध्या वासियों और अयोध्या आने वाले श्रद्धालुओं को अपना आशीर्वाद प्रदान करें। उप चुनाव को लेकर उन्होंने कहा-भारतीय जनता पार्टी सभी 10 सीटों को जीतने जा रही है इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव सिंह सहित अन्य अधिकारीगण व सिक्स सिग्मा टीम के कर्मचारी उपस्थित रहे।

नयी बड़ी रेल लाइन के निर्माण से प्रभावित कृषको से मिले तेज नारायण पांडे

अयोध्या। ग्राम मांझा बरहटा तथा ग्राम वासुपुर सिरसा उर्फ. जयसिंहपुर में प्रस्तावित नई बड़ी रेल लाइन के निर्माण (प्रस्तावित) से प्रभावित कृषको से आज पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडे पवन ने मुलाकात कर उनकी समस्याओं को सुना , सभी कृषकों ने बताया कि पहले ये लाइन दूसरी तरफ से जा रही थी लेकिन अब जानबूझकर इस लाइन को ऊपर से दबाव आ जाने के वजह से बदल दिया गया पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडे पवन ने कहा कि हम भारत सरकार के मा० रेलमंत्री से माँग करते हैं कि उनकी समस्याओं पर ध्यान दें और जहाँ से पहले रेल लाईन बिछनी थी वहीं से बिछायें ताकि हजारों परिवारों एवं सैकड़ों घरों को टूटने से बचाया जा सके, इस तरफ लाइन ले जाने से सैकड़ों घर टूट जायेंगे गरीब बर्बाद हो जाएगा।। महानगर प्रवक्ता राकेश यादव एडवोकेट ने बताया इस मौके पर महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव, महासचिव हामिद जाफर मीसम,उपाध्यक्ष श्रीचंद यादव, संजय सिंह मंजीत यादव, जगन्नाथ यादव, रमेश यादव, पार्षद कृष्ण गोपाल यादव, शहबाज लकी इत्यादि लोग मौजूद थे।

बीमारियों से निपटने के लिए अस्पताल परिसर में चला स्वच्छता अभियान

जिला संवाददाता(vol)

मिल्कीपुर-अयोध्या। मानसून आते ही साफ सफाई और स्वच्छता संबंधी चुनौतियां बढ जाती है. इसके साथ ही जलजनित और वेक्टर जनित बीमारियों भी फैल जाती हैं। मानसून से जुड़े स्वास्थ्य जोखिमों को कम करने के लिए सक्रिय उपाय के महत्व को पहचानते हुए।

सौ सैय्या संयुक्त चिकित्सालय कुमारगंज के सीएमएस डॉ अनिल कुमार की अगुवाई में गेट नंबर 2 के पास साफ सफाई की गई एवं गेट नंबर 2 से प्रवेश के लिए रास्तों को भी दुरुस्त किया गया। तथा अस्पताल में आने वाले मरीजों के तीमारदारों के लिए साइकिल स्टैंड पार्किंग, बाइक पार्किंग एवं कार पार्किंग की भी व्यवस्था की गई। अस्पताल के सीएमएस डॉ अनिल कुमार ने बताया कि अस्पताल की जब से शुरूआत हुई है तभी से दो नंबर गेट बंद था उसके आसपास झाड़ियां उग आई थी, झाड़ियां को हटाया जा रहा है तथा दो नंबर गेट पर सड़क का भी निर्माण किया जाएगा जिससे अस्पताल आने वाले मरीजों को बेहतर सुविधा मिल सके। उन्होंने बताया कि अस्पताल परिसर में छायादार एवं फलदार वृक्षों का भी रोपण किया जाएगा।

अस्पताल के आसपास स्वच्छता का वातावरण बना रहे चाहे वह अस्पताल के अंदर हो या बाहर हो अस्पताल साफ सुथरा होना चाहिए जिससे मरीजों को बेहतर ट्रीटमेंट मिले उन्होंने बताया कि वाहनों की बढ़ती हुई संख्या को देखते हुए गेट नंबर 2 खोलना आवश्यक था। जिसे आसानी से वहां प्रवेश कर सके उन्होंने बताया कि मंकीपाक्स को देखते हुए अस्पताल में सभी प्रकार की तैयारी की गई है फिलहाल इस तरीके के अपने यहां कोई केस नहीं है।

टेबल टेनिस में रमन, शुभी व बास्केटबॉल में ग्रीन हाउस चैंपियन

अयोध्या। आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी क्रीड़ा परिसर में राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। कृषि विवि के कुलपति डा. बिजेंद्र सिंह ने हाकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की जयंती के अवसर पर माल्यार्पण एवं फीता काटकर खेल प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। इस अवसर पर कुलपति ने छात्र-छात्राओं के साथ टेबल टेनिस मैच व बास्केटबॉल भी खेला। प्रतियोगिता में कुल छह हाउस की टीमों के साथ लगभग 200 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया प्रतियोगिता का पहला मैच टेबल टेनिस का खेला गया जिसके फाइनल में रमन तोमर ने 3-0 से अविरल मिश्रा को करारी शिकस्त दी। वहीं टेबल टेनिस महिला में चारू सिंह ने 3-1 से शुभी गुप्ता को पराजित किया। बास्केटबॉल प्रतियोगिता के फाइनल राउंड का मैच ग्रीन हाउस और

यलो हाउस के बीच खेला गया। ग्रीन हाउस ने 25 प्वाइंट हासिल करते हुए यलो हाउस को पराजित किया। यलो हाउस की टीम को 8 प्वाइंट पर ही संतोष करना पड़ेगा। बैडमिंटन फाइनल प्रतियोगिता के डबल में, पुरुष वर्ग में अखिल चैधरी और हर्षित ने 2 प्वाइंट के साथ जितेंद्र यादव एवं रजनीश वर्मा को हराया। तो वहीं बैडमिंटन डबल महिला वर्ग की फाइनल प्रतियोगिता में इशिता श्रीवास्तव और कृष्ठा सेंगर ने जान्ह्वी एवं वंशिका का खाता भी नहीं खुलने दिया और 2-0 से पराजित कर दिया। समाचार लिखे जाने तक वालीबॉल प्रतियोगिता का फाइनल मैच खेला जा रहा था। इस मौके पर कुलपति ने सभी हाउस के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्षों के साथ खेल का आनंद लिया और खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाते रहे। कुलपति ने कहा कि खिलाड़ियों को खेल की भावना से खेलना चाहिए। खेलने से बच्चों की प्रतिभाएं निखरकर सामने आतीं हैं। कुलपति ने कहा कि छात्र-छात्राओं को अपने जीवन में एक खेल अवश्य खेलना चाहिए, छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए खेलकूद बहुत जरूरी है।

डा. ऋषिकांत, डा. आदेश, डा. देवनारायण, वी.के. सिंह, अभिषेक सिंह ने मैच रेफरी की भूमिका निभाई और स्कोरर पंकज सिंह रहे। खेल प्रतियोगिता का आयोजन क्रीड़ा प्रभारी अधिकारी डा. संजय पाठक के संयोजन में हुआ एवं सह छात्र कल्याण अधिष्ठाता डा. एस.पी सिंह ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर समस्त अधिष्ठाता एवं निदेशक भी मौजूद रहे।

प्राचीन शिव हनुमान मंदिर की पुनर्स्थापना को लेकर डीएम से मिला प्रतिनिधिमंडल

अयोध्या। सीतापुर आंख अस्पताल के तिराहे पर स्थित प्राचीन सिद्धपीठ शिव हनुमान मंदिर रामपथ निर्माण के चैड़ीकरण के दौरान हटाये गये मंदिर को पुनः स्थापित करने की मांग को लेकर गुरुवार को फैजाबाद बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष पारसनाथ पाण्डेय व पंचायती मंदिर के प्रमुख सदस्य व अधिवक्ता राकेश वैद तथा सदस्य अंकित वैद की अगुवाई में एक प्रतिनिधिमंडल जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह से मिला। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने उनका ध्यान दिलाते हुए बताया कि रामपथ चैड़ीकरण के दौरान सीतापुर आंख अस्पताल के तिराहे स्थित प्राचीन सिद्धपीठ शिव हनुमान मंदिर को वैकल्पिक व्यवस्था के तहत हटा दिया गया था साथ ही पूर्व के अफसरों ने आश्वासन दिया था कि रामपथ चैड़ीकरण के उपरान्त प्राचीन शिव हनुमान की पुर्नस्थापना के लिए जमीन मुहैया कराया जायेगा। बावजूद इसके एक साल बीत जाने के बाद भी अभी तक प्राचीन शिव हनुमान मंदिर के लिए जमीन मुहैया नहीं कराया गया। इसे लेकर मंदिर के सदस्यों व आसपास के प्रबुद्ध लोगों तथा श्रद्धालुओं में भारी आक्रोश है। इसलिए प्राचीन मंदिर की पुर्नस्थापना के लिए, आगामी नवरात्रि के पूर्व सीतापुर आंख अस्पताल के सामने खाली पड़ी जमीन को अविलम्ब प्रदान किया जाय जिससे मंदिर की पुर्नस्थापना हो सके। जिलाधिकारी ने प्रतिनिधिमंडल के लोगों को आश्वासन देते हुए कहा है कि इसको हम गम्भीरता से दिखवाकर शीघ्र ही मंदिर की स्थापना के लिए भूमि मुहैया कराया जायेगा। तत्पश्चात उन्होंने मांगपत्र को एसडीएम सदर को जांच के लिए दे दिया है। प्रतिनिधिमंडल में भाजपा के अध्यक्ष कुमार, रवि वैद सहित भारी संख्या में मंदिर समर्थक मौजूद रहे।

प्रभारी मंत्री ने दीवानपुरवा का किया भ्रमण

बहराइच । प्रदेश के मंत्री मत्स्य/जनपद प्रभारी मंत्री डॉ. संजय कुमार निषाद ने एमएलसी डॉ. प्रज्ञा त्रिपाठी, विधायक नानपारा राम निवास वर्मा, भाजपा जिला अध्यक्ष बृजेश पाण्डेय, निषाद पार्टी के जिलाध्यक्ष मनोज निषाद, भाजपा पदाधिकारी रणविजय सिंह, राघवेन्द्र प्रताप सिंह, देवेन्द्र मिश्रा व अन्य पाटी

- **शोकाकुल परिवार को बंधाया ढांढस**

पदाधिकारियों तथा अधिकारियों के साथ तहसील महसी अन्तर्गत ग्राम रायपुर के मजरा दीवानपुरवा पहुंचकर हिंसक वन्य जीव के हमले में मृतक 6 वर्षीय आयांश पुत्र सजन पासवान के परिजनों से भेंट कर शोक संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि इस दुख की घड़ी में सरकार, शासन व प्रशासन आपके साथ है। उन्होंने आश्वस्त किया कि पीड़ित परिवार को हर संभव सहायता प्रदान की जायेगी। इस अवसर पर प्रभारी मंत्री ने कहा कि हिंसक वन्यजीवों के हमलों को लेकर प्रदेश के मा. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी भी चिन्तित हैं तथा स्थिति पर निगाह रखे हुए हैं।

डॉ. निषाद ने कहा कि मा. मुख्यमंत्री जी के निर्देश पर वन्य राज्य मंत्री ने बुधवार को प्रभावित क्षेत्र का भ्रमण भी किया है। प्रभारी मंत्री ने कहा कि सभी विभाग अपनी ओर हर संभव प्रयास कर रहे हैं। उन्हें आशा है कि शीघ्र ही सभी हिंसक जीव शीघ्र ही पकड़ लिये जायेंगे। प्रभारी मंत्री ने अपील की कि सभी ग्रामवासी भी अपने स्तर पर सर्तकता बनाये रखें तथा घर के बाहर कदापि न सोये। उन्होंने ग्रामवासियों से अपील की कि इस सर्च आपरेशन में जिला प्रशासन को सहयोग प्रदान करें। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव, उप जिलाधिकारी अखिलेश कुमार सिंह, सीओ महसी रूपेन्द्र गौड़, सहायक निदेशक मत्स्य डॉ जितेन्द्र, खण्ड विकास अधिकारी महसी हेमन्त यादव, एसडीओ वन नानपारा अशोक कुमार व अन्य अधिकारी, भाजपा व निषाद पार्टी के पदाधिकारी तथा अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

राम की पैड़ी के समीप बनेगी मुंबई के जुहू जैसी चौपाटी

अयोध्या। राम नगरी में रामलला की स्थापना के बाद से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विकास के विजन को मानों पंख लग गये हैं। अयोध्या में अवस्थापना, पर्यटन समेत विभिन्न प्रकार की सुविधाओं का विकास किया जा रहा है और सभी निर्माण कार्यों की गति में तेजी लायी जा रही है। इसी क्रम में, अब जल्द ही मुंबई के जुहू चैपाटी की तर्ज पर चैपाटी तैयार की कार्ययोजना पर भी कार्य हो रहा है। यह चैपाटी सरयू नदी के किनारे राम की पैड़ी पर बनने जा रही है। उत्तर प्रदेश आवास विभाग ने अयोध्या विकास प्राधिकरण (एडीए) के प्रस्ताव को मंजूरी देने के साथ ही अब 4.65 करोड़ रुपये की मंजूरी दी है। अयोध्या विकास प्राधिकरण सरयू नदी के किनार राम की पैड़ी के एक सेक्शन को शानदार चैपाटी में परिवर्तित करता चाहता हैं जहां देश व दुनिया से आने वाले सैलानियों के साथ स्थानीय लोग भी स्वच्छता के साथ निर्मित विभिन्न प्रकार के व्यंजनों का आनंद उठा सकेंगे।

आवास विभाग ने एडीए की इस परियोजना के लिए 04.65 करोड़ रुपए की धनराशि को मंजूरी दे दी है। उल्लेखनीय है कि रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद से ही अयोध्या में आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या कई गुना बढ़ गयी है। वर्तमान समय में हर दिन लाखों लोग अयोध्या पहुंच रहे हैं। ऐसे में, योगी सरकार ने कम खर्च में श्रद्धालुओं को अधिक से अधिक सुविधाओं का लाभ देने की कोशिश कर रही है। इसी क्रम में को चैपाटी के तर्ज पर फूडिंग एरिया को विकसित करने की योजना बनायी गयी है। यहां छोटी-छोटी स्थायी व अस्थायी दुकानें बनायी जाएंगी। इन दुकानों पर अयोध्या के लोकल व्यंजनों के साथ-साथ अन्य विविध प्रकार के व्यंजन भी मिलेंगे। चैपाटी के लिए चिह्नित क्षेत्र का सौन्दर्यीकरण तो किया ही जाएगा, साथ ही स्वच्छता के विभिन्न पहलुओं का भी खास ख्याल रखा जाएगा, ताकि इधर-उधर गंदगी न फैल सकें। यहां 84 दुकानें व रेस्टोरेंट बनाए जाएंगे। इसके अलावा यहां पार्किंग की भी सुविधा दी जाएगी। एडीए के सचिव सत्येंद्र सिंह ने बताया की चैपाटी के निर्माण व विकास का कार्य अब तक 45 प्रतिशत पूरा हो गया है। दीपोत्सव से पहले राम की पैड़ी पर भव्य चैपाटी का पर्यटक आनंद ले सकेंगे। राम की पैड़ी पर कुछ जगहें ऐसी भी होंगी जहां सिर्फ चबूतरे बनाए जाएंगे ताकि लोग यहां बैठकर शांति से कुछ वक्त सरयू तट पर बीता सकें। कुछ जगहों पर आधुनिक डिजाइन वाले ठेलों का संचालन भी किया जाएगा। यहां गंदगी को फैलने से रोकने के लिए जगह-जगह डस्टबिन रखवाया जाएगा। साथ ही, पर्यटकों की सुविधा को ध्यान में रखकर विभिन्न प्रकार के निर्माण व विकास कार्यों को भी पूर्ण कराया जाएगा।

जिले में खोदे जायेंगे 53 खेत तालाब खेतों की होगी मेड़बंदी

बहराइच । राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के अन्तर्गत नेशनल मिशन फार सस्टेनेबल एग्रीकल्चर के घटक वर्षा सिन्चित क्षेत्र विकास (आर.ए.डी.), प्रधानमंत्री कृषि सिचाई योजना अन्तर्गत खेत तालाब योजना एवं पं. दीन दयाल उपाध्याय किसान समृद्वि योजना अन्तर्गत भूमि संरक्षण विभाग (कृषि) द्वारा कराये गये कार्यों की समीक्षा हेतु कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी मोनिका रानी की अध्यक्षता बैठक सम्पन्न हुई।

बैठक के दौरान भूमि संरक्षण अधिकारी डॉ. सौरभ वर्मा ने बताया कि राष्ट्रीय कृषि विकास योजना अन्तर्गत नेशनल मिशन फार सस्टेनेबल एग्रीकल्चर के घटक वर्षा सिंचित क्षेत्र विकास (आर.ए.डी.) एवं प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना अन्तर्गत खेत तालाब योजना हेतु विभाग को धनराशि का आवंटन प्राप्त हुआ है। जिससे 53 खेत तालाब तथा खेतों की मेड़बन्दी का कार्य कराया जायेगा। बैठक के दौरान निर्देश दिये गये कि आंवटित धनराशि का सदुपयोग करते हुए शासन द्वारा निर्धारित मानक एवं गुणवत्ता के साथ कार्य कराये जायें। मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र द्वारा पं. दीन दयाल उपाध्याय किसान समृद्वि योजना अन्तर्गत अधिक से अधिक क्षेत्र को उपचारित करने तथा आर.ए.डी. योजना हेतु कलस्टर के स्थल चयन हेतु समयबद्धता के साथ नियमानुसार कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये।

बैठक के दौरान उप कृषि निदेशक टी.पी. शाही द्वारा विभाग द्वारा संचालित अन्य योजनाओ के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई जबकि भूमि संरक्षण अधिकारी डॉ. वर्मा द्वारा उपस्थित कृषको द्वारा पूछे गये प्रश्नो का उत्तर दिया गया। इस अवसर पर जिला कृषि अधिकारी डॉ. सुबेदार यादव, जिला कृषि रक्षा अधिकारी प्रिया नन्दा, जिला उद्यान अधिकारी दिनेश चैधरी, कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक डॉ. नन्दन सिंह, सदर के उप संभागीय अधिकारी उदय शंकर सिंह, कैसरगंज के शिशिर कुमार वर्मा, नानपारा के सुधीर कुमार मिश्रा, वरिष्ठ प्राविधिक सहायक ग्रुप ए सुरेन्द्र पाल, अवर अभियन्ता कृषि नितिन कुमार, प्रगतिशील कृषक लालता प्रसाद गुप्ता, हरी नरायन सिंह उर्फ बब्बन सिंह, शशांक सिंह, जियाउल हक सहित अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

एक दर्जन कार्ड धारकों का कार्ड काटे जाने का मामला गरमाया

जिला संवाददाता(vol)

मिल्कीपुर-अयोध्या। मिल्कीपुर ब्लॉक क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत सरूरपुर में एक दर्जन राशन कार्ड धारकों का अकारण ही राशन कार्ड काटे जाने का मामला प्रकाश में आया है। जानकारी के बाद पीड़ित राशन कार्ड धारकों ने एसडीएम मिल्कीपुर को शिकायती पत्र देकर अपने गांव के कोटेदार द्वारा अपनी पत्नी तथा अपनी

- **पीड़ित ग्रामीणों ने एसडीएम से मिलकर बतायी आप बीती और की लिखित शिकायत**
- **पूर्ति निरीक्षक मिल्कीपुर को एसडीएम ने दिए तत्काल प्रभावी कार्रवाई के आदेश**

सरकारी पेंशनर माता के नाम अंत्योदय अन्न योजना के दो अलग-अलग राशन कार्ड जारी कराते हुए गांव के पात्र एवं गरीब लोगों के हकों पर डाका डाले जाने का आरोप लगाया है। एसडीएम राजीव रतन सिंह ने पीड़ित ग्रामीणों की शिकायतों पर तत्काल प्रभावी कार्रवाई किए जाने के आदेश पूर्ति निरीक्षक मिल्कीपुर को दे दिए हैं। प्राप्त जानकारी के मुताबिक ग्राम पंचायत सरूरपुर निवासी मीरा पत्नी नमो शंकर, बृज कुमारी पत्नी राम नरेश, राजकुमारी पत्नी दीनानाथ, रामलली पत्नी देशराज, सुशीला पत्नी गिरजा शंकर, अमीना पत्नी मोहम्मद रईस, मिथिलेश पत्नी दीप नारायण, संजीदा बानो पत्नी अंसार अली सहित एक दर्जन ग्रामीणों का पात्र गृहस्थी योजना का राशन कार्ड बिना किसी शिकायत अथवा जांच पड़ताल के ही अकारण ही काट दिया गया।

इसकी जानकारी के बाद ग्रामीणों के होश उड़ गए और वह शिकायती पत्र लेकर एसडीएम मिल्कीपुर के समक्ष पहुंचे। पीड़ित ग्रामीण होने शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया कि उनके गांव के कोटेदार बृजलाल यादव द्वारा अपनी पत्नी शिव कुमारी के नाम अंत्योदय अन्न योजना का राशन कार्ड जारी कराया गया है यही नहीं वे अंदाज कोटेदार ने अपनी पेंशनर मां जय कला पत्नी स्वर्गीय राम फिर के नाम भी अंत्योदय अन्न योजना का ही एक दूसरा राशन कार्ड भी जारी करवा रखा है।

ग्रामीणों ने एसडीएम को बताया कि कोटेदार के पिता अहमदाबाद स्थित एक सरकारी इंटर कॉलेज में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी थे जो पेंशनर थे उनकी मौत के बाद उनकी पत्नी जय कला पेंशन भी पा रही है। इसके बावजूद भी कोटेदार ने गांव के गरीब एवं मेरी लोगों को दरकिनार कर फरेब रचते हुए अपनी माता के नाम भी अंत्योदय अन्न योजना का राशन कार्ड बनवा रखा है। एसडीएम ने मामले का संज्ञान लिया और उन्होंने पूर्ति निरीक्षक ऋषिश कुमार सिन्हा को तलब कर तत्काल मामले में प्रभावी कार्यवाही करते हुए काटे गए राशन कार्ड लाभार्थियों का राशन कार्ड पुनः जारी किए जाने के आदेश दिए। पूर्ति निरीक्षक ऋषिश कुमार सिन्हा ने बताया कि ग्रामीणों की शिकायत मिली है। पुनः सभी ग्रामीणों को राशन कार्ड जारी किया जाएगा, साथ ही कोटेदार मां एवं पत्नी के नाम से जारी अंत्योदय अन्न योजना का राशन कार्ड निरस्त कर दिया गया है।

अंडर 17 कबड्डी प्रतियोगिता मे हनुमान इंटर कालेज ने लहराया जीत का परचम

कुशीनगर। माध्यमिक शिक्षा विभाग के तत्वावधान मे आयोजित तहसील स्तरीय अंडर 17 कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन हनुमान इंटर कालेज के क्रीडांगन मे हुआ। बालिका वर्ग मे राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मोतिललहा की टीम 1 पॉइंट से विजयी रही जबकि बालक वर्ग मे हनुमान इंटरमीडिएट कॉलेज पडरौना तथा राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के बीच हुए फाइनल मुकाबला में हनुमान इंटरमीडिएट कॉलेज की टीम ने 10 अंकों से जीत का परचम लहराया। अंडर 17 कबड्डी प्रतियोगिता मे उदित नारायण इंटर कॉलेज पडरौना, राजकुमार उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुबेरस्थान, हनुमान इंटरमीडिएट कॉलेज पडरौना तथा राजकीय माध्यमिक विद्यालय मोतीलाल की टीम ने हिस्सा लिया। फाइनल मुकाबला हनुमान इंटरमीडिएट कॉलेज पडरौना तथा राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के बीच हुआ। रोमांचक मुकाबले में हनुमान इंटरमीडिएट कॉलेज की टीम ने राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की टीम 10 अंकों से पछाड़ते हुए जीत हासिल की। प्रतियोगिता का उद्घाटन हनुमान इंटर कालेज के प्रबंधक मनोज शर्मा सारस्वत व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी बीएन मिश्रा ने किया। विकास मिश्र व सच्चिदानंद त्रिपाठी ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य शैलेंद्र शुक्ला ने सभी आगंतुकों के प्रति आभार व्यक्त किया कार्यक्रम का संचालन राकेश त्रिपाठी एंव स्कोरिंग दिवाकर यादव किया। इस दौरान अनिल मिश्रा एवं शाहिद अनवर रेफरी के भूमिका में रहे।

संक्षेप

प्रधान ने खड़ंजा उखाड़ने की डीएम से की शिकायत

संग्रामपुर। मधुपुर खदरी ग्राम प्रधान ने गुरुवार को अमेठी डीएम को शिकायती पत्र देते हुए ग्रामसभा निवासी व्यक्ति पर खड़ंजा क्षतिग्रस्त कर कुछईंट घर पर और कुछईंट वहीं पर रख देने का आरोप लगाते हुए कार्यवाही की मांग की गई है। मधुपुर खदरी ग्राम प्रधान अंशुमाला ने अमेठी डीएम निशा अनंत को शिकायती पत्र देते हुए बताया कि मेरे द्वारा होरीलाल के घर से राम फिर के घर तक खरंजा निर्माण कार्य कराया गया था। संतलाल सुत रामखेलावन विश्वकर्मा और उनके पुत्र जयप्रकाश विश्वकर्मा द्वारा खड़ंजा उखाड़कर उसका कुछईंट घर में और कुछईंट वहीं पर रख दिया गया है। वहीं ग्राम प्रधान की शिकायत पर डीएम नेसंबंधित को जांच कर आख्या देने के लिए निर्देशित किया।

वांछित आरोपी गिरफ्तार

अमेठी। जनपद में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में गुरुवार को उ.नि. विमल किशोर पाण्डेय थाना मुसाफिरखाना मय हमराह द्वारा तलाश वांछित, देखभाल क्षेत्र व चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर मुअसं 12/24 धारा 30,411 भादवि थाना मुसाफिरखाना जनपद अमेठी में वांछित अभियुक्त रामप्रवेश उर्फ नन्हू पुत्र सुखराम निवासी करपिया थाना मुसाफिरखाना जनपद अमेठी उम्र करीब 30 वर्ष को जमुवारी तिराहा के पास से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी के संबंध में थाना मुसाफिरखाना पुलिस ने विधिक कार्यवाही कर जेल भेज दिया है।

सौरभ तिवारी ब्लॉक अध्यक्ष नियुक्त

सुलतानपुर। सामाजिक, शैक्षिक, खेल-कूद प्रतियोगी एवं सांस्कृतिक संगठन दरियापुर दल के विस्तार के क्रम में दूबेपुर ब्लॉक का अध्यक्ष सौरभ तिवारी को नियुक्त किया गया है। यह जानकारी संगठन के संस्थापक विकास राव ने दी है। उन्होंने सर्वसाधारण को सूचित किया है कि श्री तिवारी अपने कर्तव्यों का निर्वहन करेंगे और संगठन को आगे ले जाने में अहम भूमिका अदा करेंगे। बैठक में चेयरमैन मैन शुभम प्रधान ने सौरभ तिवारी को नियुक्ति पत्र सौंपा। इस मौके पर अध्यक्ष शुभम रावत, सचिव किशन सोनी, कोषाध्यक्ष आकाश, संरक्षक साहिल अंसारी, रेहान खान, मिथुन समेत आदि मौजूद रहे।

वालीबाल प्रतियोगिता का चयन, ट्रायल्स 4 को

अमेठी। खेल निदेशालय, उप्र के निर्देशानुसार जिला खेल कार्यालय के उपक्रीड़ाधिकारी मो. मोसर्रफ खॉ ने बताया कि वर्ष 24-25 में आयोजित होने वाली पं. दीनदयाल उपाध्याय जन्मशताब्दी वर्ष के अवसर पर प्रदेश स्तरीय सीनियर पुरुष वालीबाल प्रतियोगिता हेतु जिला एवं मण्डल स्तरीय चयन, ट्रायल्स निर्धारित किया गया है। उन्होंने बताया उक्त प्रतियोगिता का जिला स्तर ट्रायल्स अमेठी में 4 सितम्बर एवं मण्डल स्तर ट्रायल्स अयोध्या में 5 सितम्बर 2024 तथा क्षेत्रीय खेल कार्यालय अयोध्या में 9 सितम्बर से 11 सितम्बर तक प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा।

राज्यमंत्री सतीश चन्द्र ने बाढ़ पीड़ितों को बांटी राहत सामग्री

रामसनेहीघाट, बाराबंकी। विकास खंड पूरेडलई के खुजरी बाढ़ केंद्र पर ग्राम पंचायत गुनौली, जलालपुर, टीकरी, ढेमा, कोयलावर के लगभग 1200 बाढ़ पीड़ितों को खाद्य एवं रसद राज्यमंत्री सतीश चंद्र शर्मा ने राहत सामग्री किट वितरण किया। राज्यमंत्री श्री शर्मा ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर बाढ़ से प्रभावित इलाकों का दौरा किया जा रहा है। ताकि किसी भी बाढ़ पीड़ित को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। राजस्व टीम द्वारा क्षतिग्रस्त हुई किसानो की फसल एंव घाघरा मे समाहित जमीन का आकलन करवाया जा रहा है। शासन स्तर से सभी को मुआवजा दिलाया जायेगा। इस मौके पर उपजिलाधिकारी राम आसरे वर्मा, सीओ जटा शंकर मिश्रा, तहसीलदार महिमा मिश्रा, नायब तहसीलदार, अहिबरन यादव, रजेश सिंह, राजस्व कर्मचारी कपिल देव सिंह, लेखपाल प्रमोद कुमार, पूर्व प्रधान बब्बन द्विवेदी, विपिन द्विवेदी, पिंकू सिंह मौजूद रहे।

ड्रेन के पानी से आवागमन प्रभावित

सुलतानपुर। गोसाईगंज के मोतीगंज बाजार के पास सोनारा से निकली गेडौरा से वनमई ड्रेन की साफ सफाई न होने से क्षेत्र वासियों को बरसात के मौसम में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। लोगो की माने तो कई सालों से ड्रेन की सफाई नही हुई है जिससे ड्रेन चोक हो गया है। पानी बह नही पा रहा। जिससे पानी सार्वजनिक रास्तों पर आ गया है। लोगो को आवागमन में दिक्कत हो रही है। पानी में हलकर लोग आ जा रहे है गांव वालों के अनुसार शिकयत के बावजूद कई सालों से विभागीय अधिकारी साफ-सफाई न करवा लापरवाही बरत रहे है। समस्या का समाधान न होने पर गांव के मोनू दुबे, सुरेश सिंह समेत कई

लोगो ने समस्या का समाधान न होने पर विधायक से शिकायत की बात कही। वहीं इस बाबत एसडीओ देवेंद्र सिंह ने बताया की जानकारी नहीं है जल्द ही समस्या के निराकरण के लिए जांच की बात कही।

अटेवा मोतिगरपुर का पुनर्गठन

सुलतानपुर। ब्लॉक मोतिगरपुर बीआरसी कार्यालय पर पुरानी पेंशन बहाली के संगठन को मजबूत करने के लिए अटेवा की ब्लॉक कार्यकारिणी के पुनर्गठन, सदस्यता एवं ओपीएस बहाली कैसे हो आदि बिंदुओं पर बिचार करने के लिए संगोष्ठी आयोजित की गई। जिसमें जिला अध्यक्ष अशोक सिंह गौरा महामंत्री मोहम्मद हसीब कोषाध्यक्ष विवेकानंद मिश्र तथा उपाध्यक्ष मनोज कुमार दुबे व कुड़वार ब्लॉक अध्यक्ष देशराज ने प्रतिभाग किया।

ब्लॉक अध्यक्ष रामजीत व पदाधिकारियों ने जिला कार्यकारिणी के सदस्यों का बैठक में स्वागत किया। रामजीत एवं उपस्थित लोगों के अनुरोध पर जिला अध्यक्ष अशोक सिंह गौरा द्वारा ब्लाक कार्यकारिणी का पुनर्गठन करते हुए ब्लॉक संगठन की मजबूती एवं अटेवाध्एन एम ओ पी एस के अध्यक्ष विजय कुमार बन्धु जी के हाथों को मजबूत करने के लिए निम्न लोगों का मनोनयन किया जो क्रमशः इस प्रकार से है-रामजीत को एक बार पुनः अध्यक्ष, नवीन श्रीवास्तव को मंत्री, कौशिक सिंह वा रामजीत मौर्य को संरक्षक, ब्लॉक महिला संयोजिका एवं सहसंयोजिका के पद पर क्रमशः नीतू सिंह व माया वर्मा, उपाध्यक्ष पद पर क्रमशः अभिषेक सिंह, विनय विश्वकर्मा वा रामशिरोमणि वर्मा कोषाध्यक्ष के पद पर विमल वर्मा, संयुक्त मंत्री के पद पर बलवंत मौर्य एवं संगठन मंत्री के पद पर श्याम धनी को मनोनीत किया गया।मनोनीत पदाधिकारियों को बधाई देते हुए महामंत्री मो0 हसीब ने सभी पदाधिकारियों को संगठन की रीति नीति पर विस्तार से बताया एवं एनपीएस यूपीएस और ओपीएस में अंतर बताते हुए ओपीएस बहाली के लिए सभी को तैयार रहने के लिए आवाह्न किया।

बैठक में प्रा. शिक्षक संघ के ब्लाक पदाधिकारी मुकेश कुमार सिंह अध्यक्ष, मंत्री श्रीयुत श्रीलाल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्रीपाल यादव, जूनियर संघ के मंत्री नरेन्द्र प्रताप वर्मा, राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के मंत्री जयंत यादव प्राथमिक शिक्षक संघ के कोषाध्यक्ष मैथिली शरण मिश्रा उपस्थित रहे। संचालन मुकेश कुमार सिंह व कौशिक सिंह ने किया।

आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने किया प्रदर्शन सौंपा ज्ञापन

गौरीगंज, अमेठी। जिला मुख्यालय गौरीगंज में जनपद की तमाम आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों ने ब्लाक सभागार गौरीगंज विभिन्न मांगों को लेकर बैठक किया। बैठक के उपरांत प्रदर्शन करते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचकर प्रधानमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन डीएम को सौंपा। वृहस्पतिवार को जिलाध्यक्ष भानमती सरोज के नेतृत्व में आंगनबाड़ी एवं सहायिका एसोसिएशन की कार्यकत्रियों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर प्रदर्शन करते हुए ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है कि भारत सरकार तथा राज्य सरकार के द्वारा मानदेय छः हजार दिया जाता है जबकि कोलेकेटेड 10684 आंगनबाड़ी केंद्रों में ईसीसीई एजुकेटर रखें जायेंगे जिन्हें मानदेय 10313 दिया जायेगा जिससे आंगनबाड़ी कार्यकत्री अपने को ठगा महसूस कर रही है। उनकी प्रमुख मांगे हैं कि उन्हें राज्य कर्मचारी घोषित किया जाय, सभी मदों का पैसा अंकित हो और आंगनबाड़ी, सहायिकाओं को इपीएफ योजना का लाभ जाय, दस वर्ष पूर्ण हो चुकी कार्यकत्रियों को पदोन्नति किया जाय सहित अन्य मांगे थी। इस मौके पर विन्दु गुप्ता, ज्ञानमती सहित तमाम कार्यकत्रियां मौजूद रहीं।

रोडवेज बस सामने जा रही डंपर से टकरायी चालक की मौत, परिचालक घायल

अमेठी। जनपद के बाजारशूकुल छेत्र पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर तेज रफ्तार रोडवेज बस अनियंत्रित होकर सामने जा रही डम्फर से टकरा गई। हादसे में चालक की मौत हो गई, जबकि परिचालक मामूली रूप से घायल हो गया। बस पर सवार 9 यात्री सुरक्षित थे जिन्हें दूसरी बस से उनके गंतव्य की ओर रवाना कर दिया गया। मृतक के शव को कब्जे में लेकर पुलिस विधिक कार्रवाई में जुट गई है। दुर्घटना जनपद के बाजार शुकुल थाना क्षेत्र के पूर्वांचल एक्सप्रेसवे स्थित किलोमीटर संख्या 69 का है। जहां बलिया से कानपुर जा रही रोडवेज बस सामने जा रहे डंपर के अचानक ब्रेक लगाने से डंपर से टकरा गई। हादसे में ड्राइवर 35 वर्षीय अम्बरीश कुमार निवासी रतनपुर कानपुर गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि परिचालक विपिन कटियार भी मामूली रूप से घायल हो गया। आनन फानन में चालक को सीएचसी ले जाया गया। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। बस पर सवार सभी 9 यात्री सुरक्षित थे जिन्हें दूसरी बस से उनके गंतव्य की ओर रवाना कर दिया गया। परिवहन विभाग के एआरएम ने मौके पर जाकर घटनास्थल का निरीक्षण किया है। वही पूरे मामले पर एसओ बाजार शुकुल दयाशंकर मिश्र ने कहा कि शव को कब्जे में लेकर विधिक कार्यवाही की जा रही है। डम्फर चालक गाड़ी समेत मौके से फरार हुआ है उसकी तलाश की जा रही है।

व्यापारियों ने किया प्रदर्शन, सुलतानपुर में हुई डकैती को लेकर जताया आक्रोश

अमेठी। पड़ोसी जिले सुलतानपुर में एक दिन पहले सर्राफ के यहां हुई डकैती की घटना के बाद अमेठी के व्यापारियों में भी जबरदस्त आक्रोश है। गुरुवार को सुलतानपुर शहर से सटे अमेठी के रामगंज बाजार में सर्राफा व्यवसाइयों समेत अन्य दुकानदारों ने दुकानों को बंद कर विरोध जताया। व्यापारियों की मांग थी कि पुलिस जल्द मामले का खुलासा करसभी बदमाशों को गिरफ्तार करें। व्यापारियों के विरोध की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस व्यापारियों को समझाने बुझाने में जुटी हुई है। अमेठी के पड़ोसी जिले सुलतानपुर में एक हथियारों से लैस डकैतों सरार्फा की दुकान को निशाना बनाते हुए दो करोड़ के जेवर लेकर फरार हो गए। दिन-दहाड़े बीच चौराहे पर हुई घटना के बाद प्रशासनिक अमले में भी हड़कंप मच गया और आईजी समेत कई बड़े अधिकारी घटनास्थल का निरीक्षण कर घटना के खुलासे के लगे हुए हैं। पड़ोसी जिले में हुई डकैती की बड़ी वारदात के बाद अमेठी के भी व्यापारियों में जबरदस्त आक्रोश है। आज सुलतानपुर शहर से सटे रामगंज बाजार में सरार्फा व्यापारियों के अलावा अन्य व्यापारियों ने दुकानों को बंद कर विरोध जताया। व्यापारियों ने जल्द मामले का खुलासा करते हुए बदमाशों को गिरफ्तार करने की मांग की है। व्यापारियों के विरोध प्रदर्शन की सूचना मिलते ही रामगंज पुलिस मौके पर पहुंची और व्यापारियों को समझाने बुझाने का प्रयास कर रही है।

एनकार्ड की जिला स्तरीय समिति की बैठक आयोजित

अमेठी। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अर्पित गुप्ता ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद में नशीले पदार्थों की खेती एवं मादक पदार्थों के अवैध व्यापार पर अंकुश लगाए जाने के दृष्टिगत एनकार्ड की जिला स्तरीय समिति की बैठक कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

बैठक में अपर जिलाधिकारी द्वारा जनपद में नारकोटिक्स पदार्थ, ड्रग्स तथा अवैध शराब की बिक्री, निर्माण अथवा भंडार संचय नहीं होने देते हुए पुलिस विभाग, आबकारी विभाग तथा ड्रग्स विभाग के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये गये। मीटिंग में जनपद में कहीं भी अवैध नारकोटिक्स पदार्थ, ड्रग्स आदि की धरपकड़ हेतु सभी स्टेकहोल्डर्स को समन्वय स्थापित करते हुए कार्य करने के निर्देश दिए गये। एनडीपीएस से सम्बन्धित अभियोग में प्रभावी पैरवी करते हुए अभियुक्तों को सख्त से सख्त सजा दिलवाए जाने हेतु न्यायालय में प्रभावी पैरवी किये जाने का भी निर्देश दिया गया। जनपद के स्कूल, कॉलेज आदि शैक्षिक संस्थानों में युवा पीढ़ी को नशे की लत नहीं लगने पाए इस हेतु हर संभव प्रयास किया जायें तथा समय- समय पर जागरूकता अभियान भी चलाया जाए। स्वास्थ्य विभाग द्वारा भी इसमें विशेष प्रयास किए जायें। मेडिकल स्टोर पर कोई भी प्रतिबंधित दवाई ना बिकने पाए इसके लिए सभी मेडिकल स्टोर पर सीसीटीवी कैमरा लगवाने हेतु संबंधित को निर्देशित करने को कहा। वन विभाग को निर्देश दिए कि कहीं पर भी नशे की खेती न होने पाए इस पर निगरानी रखें। जिला विद्यालय निरीक्षक और जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को विद्यालयों में नशा मुक्ति अभियान चलाने के निर्देश दिए।

बैठक में सीएमओ डॉ अंशुमान सिंह, जिला आबकारी अधिकारी अखिलेश आर्य, जिला समाज कल्याण अधिकारी, बीएसए, डीआईओएस, क्षेत्राधिकारी गौरीगंज, आबकारी निरीक्षकगण सहित अन्य संबंधित उपस्थित रहे।

शिक्षा व स्वास्थ्य के क्षेत्र में योजना बनाकर कराया जायेगा विकास : तनुज पुनिया

- दर्जनों स्थानों पर हुआ कांग्रेस सांसद का स्वागत

बाराबंकी। कुर्सी विधानसभा क्षेत्र से हमारा पारिवारिक नाता तबसे है। जब ये विधानसभा क्षेत्र फतेहपुर हुआ करता था। हमारे परिवार की राजनीतिक शुरूआत 2007 के विधानसभा के चुनाव में इसी पावन धरती से हुई थी। तब हमारे पिता डा0 पी0एल0 पुनिया ने यहाँ से विधानसभा का चुनाव लड़े थे। इस विधानसभा के मतदाताओं से मेरी व्यक्तिगत पहचान है। उनका प्यार और सहयोग कभी भुलाया नहीं जा सकता। विधानसभा कुर्सी का चैमुखी विकास हो। इसके लिये अलग से कार्य योजना बनाकर विकास कराया जायेगा। जिससे विकास से कोई क्षेत्र अछूता न रहे।

हम हर समय लोकसभा क्षेत्र की जनता के लिये उपलब्ध हैं। क्षेत्र में विकास का रूका हुआ पहिया पूरी गति से चले। ऐसा मेरा प्रयास होगा। कि क्षेत्र स्वास्थ्य और शिक्षा के मामले में पिछड़ा है जो संज्ञान में है। हम समझते हैं कि शिक्षा ही वो माध्यम है जिसके द्वारा समाज में सकारात्मक बदलाव किया जा सकता है। और ये तभी सम्भव है जब मनुष्य शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ हो। इसीलिये मैं आपको विश्वास दिलाता हूँ कि विधानसभा क्षेत्र कुर्सी में शिक्षा और स्वास्थ के क्षेत्र में अधिक से अधिक लाभ यहाँ के लागों को मिले इसके लिये क्षेत्र के स्थानीय जिम्मेदार लोगों के साथ बैठकर रूपरेखा तय की जायेगी। उक्त उद्गार इण्डिया गठबन्धन से कांग्रेस सांसद तनुज पुनिया ने विधानसभा क्षेत्र कुर्सी क्षेत्रान्तर्गत आयोजित स्वागत समारोह मे स्थानीय आवाम के बीच व्यक्त किये। स्वागत समारोह में राजेन्द्र वर्मा, आमिर अय्यूब किद्वई, इन्द्रेश वर्मा, आदर्श पटेल, मोहम्मद सफी आजाद, मोहम्मद परवेज, नरेन्द्र वर्मा, राजेश वर्मा, मंगल जयसवाल, मंगल सिंह, सत्य प्रकाश तिवारी, मोहम्मद आसिफ, मोहम्मद अब्बास, राम प्रकाश रावत, दशरथ सिंह, बिजय बहादुर सिंह आदि मौजूद रहे।

भाजपा नेतृत्व लोकतंत्र के साथ छल कर रहा है : राकेश वर्मा

- पूर्व कारागार मंत्री ने दर्जनों युवाओं को दिलार्यी पार्टी की सदस्यता

बाराबंकी। भाजपा समाजवादी सरकार के विकास कार्यों पर पानी फेरने में लगी है। भाजपा ने सरकार में रहते हुए उत्तर प्रदेश में तो कोई विकास नही किया, दूसरे के कामों पर दावा ठोंकने में उसे कोई शर्म नहीं आती है। अब जनता ने इस भाजपा सरकार के जाने का समय तय कर लिया है। उक्त विचार समाजवादी लोहिया वाहिनी द्वारा आयोजित पीडीए जागरूकता सदस्यता अभियान के अंतर्गत युवाओ को पार्टी की सदस्यता दिलाने के पश्चात पूर्व कारागार मंत्री राकेश कुमार वर्मा ने व्यक्त किये। पूर्व कारागार मंत्री श्री वर्मा ने आगे कहा भाजपा नेतृत्व लोकतंत्र के साथ छल कर रहा है। झूठ और लूट उसका एजेंडा है। महंगाई और भ्रष्टाचार चरम पर है। बेरोजगारी से श्रम शक्ति पलायन को मजबूर है। नौजवानों का भविष्य अंधकारमय है। कानून व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त है। बहू-बेटियों की इज्जत सुरक्षित नहीं। स्वास्थ्य सेवाएं चरमरा गई है। दवा-इलाज के बिना मरीज दम तोड़ रहे हैं। इस अवसर पर अंकित वर्मा, सुरेश यादव, मोहम्मद उबेद, मोबिन सिकंदर, मोहम्मद रिजवान संजय, अभिषेक यादव, रवि यादव, पंकज यादव, धीरज दत्त वर्मा, रामसमुझ यादव मौजूद रहे।

मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना को लेकर संबंधित अधिकारियों के साथ की समीक्षा

अमेठी। उत्तर प्रदेश राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सदस्य ई. अशोक कुमार यादव ने अपने दो दिवसीय जनपद भ्रमण के दौरान आज दूसरे दिन आंगनबाड़ी केंद्र तथा कंपोजिट विद्यालय धनी जलालपुर का निरीक्षण किया एवं मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना को लेकर निरीक्षण भवन गौरीगंज में संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। सर्वप्रथम सदस्य ने कंपोजिट विद्यालय धनी जलालपुर का निरीक्षण किया यहां पर उन्होंने उपस्थित छात्र-छात्राओं से पढ़ाई के संबंध में जानकारी ली, मध्यान भोजन के बारे में पूछा मौके पर मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता सही नहीं पाई गई जिस पर उन्होंने प्रधानाचार्य को बच्चों को गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध कराने के निर्देश दिए, विद्यालय प्रांगण में सदस्य ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया तथा उपस्थित छात्र-छात्राओं से एक पेड़ मां के नाम अवश्य लगाने की अपील किया। इसके उपरांत उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्र धनी जलालपुर का निरीक्षण कर बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण, उन्हें पोषाहार उपलब्ध कराने, खेल सामग्री सहित अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया एवं उपस्थित आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इसके बाद सदस्य ने निरीक्षण भवन गौरीगंज में मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना को लेकर संबंधित अधिकारियों के साथ समीक्षा किया। बैठक में उन्होंने मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के अंतर्गत स्वास्थ्य विभाग, श्रम विभाग, बेसिक शिक्षा विभाग, बाल विकास, समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित बाल संरक्षण से जुड़ी योजनाओं की गहन समीक्षा किया एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में जिला प्रोबेशन अधिकारी अनिल कुमार मौर्य, जिला कार्यक्रम अधिकारी संतोष श्रीवास्तव, बीएसए संजय तिवारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

प्रदेश महामंत्री के नेतृत्व में व्यापारियों ने रखी डीएम के समक्ष समस्याएं, सौपा ज्ञापन

बाराबंकी। जन व्यापारी उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश महामंत्री/भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ जिला संयोजक रोहिताश्व दीक्षित के नेतृत्व मे व्यापारियों ने पूर्व की भांति रविवार को साप्ताहिक बंदी रखने की मांग को लेकर जिलाधिकारी को सम्बोधित 5 सूत्रीय मांग पत्र सौपा। ज्ञापन मे कहा गया है कि नगर मे रविवार के दिन साप्ताहिक बंदी लगभग 35 वर्षो.से हो रही है। पहले शुक्रवार को बिस्कुट और पुराने कपड़े की 4-6 दुकाने डा0रफी के दवाखाने के आसपास लगती थी। जो आज धनोखर तक पहुंच गई है। इस पटरी बाजार में लखनऊ से व्यापारी आते हैं। जिससे जनपद के व्यापारियों का नुकसान होता है। व्यापारियो ने सट्टी बाजार को यथास्थान पर रखते हुए पटरी बाजार को कहीं अन्य जगह स्थानांतरित व रविवार को बंदी पहले की भांति जारी रखने की मांग की है। ज्ञापन सौपने वालो मे जिलाध्यक्ष अंकुर जैन, जयदीप सिंह, संजय वर्मा, प्रदेश अध्यक्ष अल्पसंख्यक मो0 अकील, सरदार सतपाल सिंह, हसन अब्बास, डी0वी सिंह, अखिलेश वर्मा, संतोष गुप्ता, मनीष गुप्ता, प्रदीप मिश्रा, शशीकांत गुप्ता, मयंक गुप्ता, राजू अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

खेल दिवस का हुआ आयोजन

अमेठी। गुरुवार को संस्कार ग्लोबल स्कूल गौरीगंज में राष्ट्रीय खेल दिवस अत्यंत उत्साह के साथ मनाया गया जिसमें विद्यार्थियों ने अनेक खेलों में सहभागिता की, छात्र-छात्राओं ने कई खेलों के माध्यम से आज के दिवस को गरिमामयी बना दियो छात्र-छात्राओं के शिक्षकों ने उनका भरपूर सहयोग कियो विद्यालय में क्रिकेट, वॉलीबॉल, खो-खो, कबड्डी, दौड़, बैडमिंटन आदि खेलों में अपनी सहभागिता प्रदर्शित करते हुए विद्यार्थियों में अत्यधिक जोश एवं उत्साह दिखाई पड़ा कार्यक्रम के ही अंतर्गत एक कार्यक्रम में मेजर ध्यानचंद के राष्ट्र के लिए योगदान को याद करते हुए बच्चों को संबोधित करते हुए विद्यालय के प्रधानाचार्य देवांश भरतद्वाज उपाध्याय जी ने बच्चों को प्रत्येक खेल में समान रूप से सहभागी बनकर अपने अंदर देश के लिए कुछ कर गुजरने के लिए प्रेरित किया और बताया कि मेजर ध्यानचंद कैसे हॉकी जादूगर बने और अपने देश का नाम विश्व पटल पर स्थापित किया। संस्था के निदेशक संजय सिंह ने सभी को राष्ट्रीय खेल दिवस की शुभकामनाओं सहित सभी विद्यार्थियों से खेल जगत में भी अपना परचम लहराने की अपील और आशीर्वाद दिया और कहा कि सभी बच्चों को समान रूप से खेलों के प्रति जिज्ञासापूर्वक दृष्टि रखकर उनमें भाग लेना चाहिए। संस्था की चेयरपर्सन डॉक्टर अंजना सिंह सेंगर जी ने बच्चों को राष्ट्रीय खेल दिवस की शुभकामना देते हुए कहा कि खेल से जीवन में स्वास्थ्य लाभ एवं लक्ष्य प्राप्ति हेतु उचित समर्पण का भाव उत्पन्न होता है, आज सभी बच्चों को विभिन्न खेलों के प्रति समान भाव रखकर, सहभागी बनकर, देश और समाज का नाम रोशन करना चाहिए और उन्होंने कहा कि पूर्ण मनोयोग एवं अनुशासन से कोई भी खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद जैसा बन सकता है। उक्त कार्यक्रम में चित्रकेतु सिंह, मंजू सिंह, पूजा उपाध्याय, विमलेश पाण्डेय, विमल, नीरज मौर्य, सर्वेश मौर्य, आशीष सिंह, तिवारी आशीष, देशराज मौर्य, मोहित शर्मा, अमन सिंह, रघुराज प्रताप सिंह, धर्मेन्द्र वर्मा व जीतलाल पटेल सम्मिलित हुए।

केएनआईसीई में हुई कबड्डी प्रतियोगिता

जिला संवाददाता (vol)

सुलतानपुर। करौंदिया (विवेक नगर) स्थित कमला नेहरू इंस्टीट्यूट ऑफ चाइल्ड एजुकेशन में राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष्य में भाषण व जूनियर वर्ग की बालिका तथा बालक वर्ग की कबड्डी प्रतियोगिता हुई। आज का पूरा कार्यक्रम खेल पर आधारित रहा। प्रार्थना सभा में कक्षा दो की छात्राएं अरित्रिका और मिताक्षी ने कविता सुनाई। कक्षा पांच का छात्र शशांक सिंह ने सुविचार सुनाया। कक्षा आठ की छात्रा प्रगति सिंह ने शब्दार्थ सुनाया। कक्षा दस की छात्रा आभा तिवारी ने राष्ट्रीय शपथ दिलायी। कक्षा नौ की छात्रा राजलक्ष्मी पाठक ने आज का मुख्य समाचार पढ़ा। कक्षा नौ की छात्रा दिशा सिंह ने राष्ट्रीय खेल दिवस पर संक्षिप्त भाषण दिया, वहीं कक्षा बारह की छात्रा सुकृति श्याम मिश्रा ने विश्व शांति की दिशा में परमाणु परीक्षण के विरुद्ध अंतर्राष्ट्रीय दिवस पर ओजस्वी भाषण दिया। आज की प्रार्थना सभा का संचालन कक्षा दस की छात्रा आर्या गर्गवंशी ने किया।

राष्ट्रीय खेल दिवस हॉकी के जादूगर कहे जाने वाले मेजर ध्यानचंद के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। उनका जन्म 29 अगस्त सन 1905 में इलाहाबाद में राजपूत परिवार में हुआ था। उन्होंने अपने अंतर्राष्ट्रीय कैरियर के दौरान 400 से अधिक गोल किए। उन्हें भारत सरकार ने सन 1956 में भारत के तीसरे सर्वोच्च नागरिक सम्मान पद्म भूषण से सम्मानित किया। विद्यालय में कक्षा छ से आठ तक के होप, चैरिटी, ज्वाय तथा पीस हाउस की बालिका तथा बालक वर्ग की कबड्डी प्रतियोगिता हुई। इंटर हाउस की कबड्डी प्रतियोगिता का उद्घाटन डॉ.एन. डी. सिंह ने फीता काटकर किया। बालिका वर्ग में ज्वाय हाउस तथा बालक वर्ग में होप हाउस विजेता रहा। बालिका वर्ग में उप-विजेता होप हाउस तथा बालक वर्ग में चैरिटी हाउस रही। कबड्डी प्रतियोगिता की निर्णायक शालू सिंह तथा संचालक वीरेंद्र विक्रम सिंह तथा मो. हसानात रहे। इस अवसर पर विद्यालय की उप-प्रधानाचार्य तन्वी गोयल, समन्वयक रेनू सिंह, वरिष्ठ शिक्षक सी.बी.सिंह, विद्यालय के मीडिया प्रभारी जगराम भार्गव, विश्वासमणि त्रिपाठी, नरेंद्र कुमार पांडेय, सुनील राठी, अंकित सोनी, गया प्रसाद शर्मा, विभा पाण्डेय आदि शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहीं। विद्यालय के प्रबंधक पूर्व मंत्री तथा वर्तमान विधायक विनोद सिंह, आशा सिंह समाजसेवी पुलकित सिंह तथा पलक सिंह ने राष्ट्रीय खेल दिवस की सभी छात्र-छात्राओं को हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं।

दबंगों ने दलित युवक को पीटा, ट्रेन के सामने धक्का देकर गंभीर रूप से घायल किया

अमेठी। गौरीगंज थाना क्षेत्र स्थित कटरालालगंज में एक दलित युवक संदीप सरोज को चार दबंगों ने पीटकर ट्रेन के सामने धक्का दे दिया। ट्रेन की चपेट में आने से युवक का एक हाथ कट गया और वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल संदीप को ट्रामा सेंटर में इलाज चल रहा है घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है, जिसमें युवक आरोपियों के नाम बता रहा है। पुलिस ने दो नाबालिग आरोपियों को हिरासत में ले लिया है। संदीप की बहन रिचा सरोज ने 4 आरोपियों के खिलाफ शिकायत दर्ज करार्यी है। एसएचओ श्याम नारायण पांडेय के अनुसार, पुलिस ने तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर दो नामजद आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

छापेमारी कर बरामद की 20 लीटर कच्ची शराब

बाराबंकी। अवैध नशा तिजातियो के खिलाफ जिला आबकारी अधिकारी कुलदीप दिनकर द्वारा छेड़ी गयी मुहिम में आबकारी निरीक्षक ने छापेमारी अभियान चलाया है। आबकारी निरीक्षक सर्किल रामसनेहीघाट धर्मेन्द्र वर्मा की टीम ने क्षेत्रान्तर्गत पड़ने वाली विदेशी मदिरा बहरेला नहर, देवीगंज, देशी दुकान देवीगंज, बहरेला नहर, भिटरिया नम्बर-1, सुमेरगंज, बीयर दुकान देवीगंज, सुमेरगंज आदि सरकारी दुकानों की जाँच की। वही टीम ने थाना असंद्रा क्षेत्रान्तर्गत ग्राम जरौली, समधी का पुरवा समेत 8 संदिग्ध ग्रामों में छापेमारी की। लगभग 20 ली. कच्ची शराब बरामद किया। 1 अभियोग पंजीकृत किया गया। इसके अतिरिक्त टीम ने हाइवे से गुजरने वाले टैंकरों की भी तलाशी ली। अभियान के दौरान आबकारी दीवान दीप नारायण, अनिल कुमार मौर्य, सिपाही विशाल सिंह, दीपक मिश्रा मौजूद रहे।

संक्षेप

आगरा में कंप्रेसर फटने से एक मौत

आगरा। आगरा के ट्रांसपोर्ट नगर में बृहस्पतिवार को वाहनों के पुर्जो की दुकान में कंप्रेसर फटने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार मृतक की पहचान सद्दाम के रूप में हुई है, जो दुकान में 10-15 वर्ष से काम कर रहा था।पुलिस के अनुसार कंप्रेसर फटने से दुकान की छतें ध्वस्त हो गईं और दीवारें गिर गईं, आस-पास की दुकानों में काम कर रहे कारीगर और लोग दहशत में आ गए। हरीपर्वत थाने के निरीक्षक आलोक कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस जांच पता चला है कि कंप्रेसर हवा की अधिक दबाव की वजह से फटा है। उन्होंने कहा कि कार्यशाला का मालिक साजिद मृतक का रिश्तेदार भी बताया जा रहा है। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। परिजनों ने कोई कार्रवाई करने से मना कर दिया है।

27 दुकानदारों को नगर निगम का नोटिस

आगरा। पहले ही नगर निगम अधिकारियों द्वारा सभी खेल धकेल वालों को चेतावनी दी और गीला कूड़ा सूखा कूड़ा अलग-अलग डालने ने के लिए डस्टबिन की व्यवस्था की, चेतावनी दी।लेकिन नजरअंदाज करते हुए किसी ने भी नियमों का पालन नहीं किया ।नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर संजीव यादव के निर्देशन में चलाए गए अभियान के दौरान सूखा और गीला कूड़ा अलग-अलग न रखने वाले 40 ठेल व दुकानदारों पर 23500 रुपए का जुमार्ना लगाया गया।जबकि 27 लोगों को सूखे और गीले कूड़े के लिए अलग-अलग डस्टबिन रखने वाले की चेतावनी देते हुए नोटिस जारी किए गए। इसके अलावा सड़क किनारे अवैध रूप से रखी गई 11 ठेल धकेलो को जप्त कर नगर निगम लाया गया।

कटीले तारों में करंट आने से दो गायें मरीं

टूंडला। थाना पचोखरा क्षेत्र के गांव गढ़ी ऊसरा में विद्युत तार टूट कर गिर जाने से खेत में लगे कटीले तारो में करंट आ जाने से दो निराश्रित गायों की करंट की चपेट में आ जाने से मौत हो गई। गुरुवार की पूर्व रात्रि में गढ़ी उसरा माता मन्दिर के पास एक खेत में पशुओं से सुरक्षा के लिए लगाए गए कटीले तारों में पास मे ही स्थित विद्युत लाइन से करंट फैल गया जिससे चिपककर दो गाय की मौत हो गई है। सूचना पर मौके पर पहुंची थाना पचोखरा पुलिस ने मौका मुआयना किया और गायों को दफनवाया गया। वहीं थाना पचोखरा प्रभारी पारुल मिश्रा का कहना है कि इस मामले में किसी की कोई तहरीर प्राप्त हुई हैं।

पालिका ने सफाई प्रभारी निरीक्षक को हटाया

टूंडला। नगर पालिका परिषद टूण्डला के नगर क्षेत्र के वार्डो में साफ-सफाई अतिक्रमण व विकास न होने से संबंधित काफी शिकायतें प्राप्त हो रही थी। जिसको लेकर कुछ दिन पहले अधिशासी अधिकारी अध्यक्ष के नाम पालिका के सभासदगणों ने एक ज्ञापन सौंपा था। ज्ञापन को तत्काल संज्ञान लेते हुए,अधिशासी अधिकारी, अध्यक्ष पालिका कार्यालय में सभी सभासदों की उपस्थिति में एक बैठक आयोजित की गई बैठक में निर्णय लिया गया कि समय से विकास कार्य कराए जाएंगे। इसके साथ ही कुछ दिन पहले सुनील टैगोर को प्रभारी सफाई निरीक्षक, अतिक्रमण प्रभारी बनाया गया था। जिनको कार्य में लापरवाही को देखते हुए उक्त प्रभारी पद से कार्य मुक्त कर उन्हें उनके मूल पद सफाई कार्य पर भेज दिया गया है।

सांसद ने की जिला विकास समन्वय समिति की बैठक

मथुरा। कलेक्ट्रेट सभागार में ह्वजिला विकास समन्वय एवं निगरानी समितिह्व के अन्तर्गत दिशा की बैठक सांसद हेमा मालिनी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में जनप्रतिनिधिगण एवं अधिकारियों की उपस्थिति में विभागवार संचालित केंद्र व प्रदेश की जन कल्याणकारी योजनाओं और जिले में प्रायोजित विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा और चर्चा की गई। विकास कार्यों में तेजी लाए और जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्रों तक पहुंचाना सुनिश्चित करे। उन्होंने प्राथमिकता से जन शिकायतों के निस्तारण करने के निर्देश दिए।

सांसद की अध्यक्षता में आयोजित दिशा बैठक में 160 एजेंडा बिंदुओं की समीक्षा की गई ,बैठक में सांसद ने उपस्थित अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों से अनुरोध किया कि विभागीय योजनाओं का क्षेत्र में ज्यादा से ज्यादा प्रचार प्रसार किया जाए ताकि, अधिक से अधिक पात्र लाभार्थी विभिन्न विभागीय योजना अंतर्गत अपना पंजीकरण करा सके। समस्त अधिकारी अपने विभाग की संचालित योजनाओं की जानकारी जनप्रतिनिधियों को अवश्य उपलब्ध कराएं, ताकि शासन द्वारा दिए गए लक्ष्य की पूर्ति- प्रत्येक पात्र व्यक्ति का चयन करते हुए किया जा सके और लोगों को योजनाओं का लाभ प्राप्त हो सके।पात्र लाभार्थियों की सूची माननीय जनप्रतिनिधियों को उपलब्ध कराए जिससे, क्षेत्र भ्रमण के दौरान पात्र व्यक्ति का सत्यापन भी किया जा सके।

दिशा बैठक की अध्यक्षता करते हुए सांसद ने जल जीवन मिशन परियोजना की विस्तृत समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि योजना का कार्य जल्द से जल्द पूर्ण किया जाना सुनिश्चित किया जाए। हर घर पेयजल योजना के संचालन में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कार्यों एवं गुणवत्ता में लापरवाही बरतने वालो पर सख्त कार्यवाही किया जाना सुनिश्चित करे। इसके अतिरिक्त पाइप लाइन डालने के लिए क्षतिग्रस्त की गई सड़कों को पुनः ठीक करते हुए आवागमन योग्य बनाए जाने के निर्देश देते हुए कहा कि सड़कों की सूची जनप्रतिनिधियों को उपलब्ध कराए , ताकि क्षेत्र में जनप्रतिनिधियों द्वारा सड़कों का सत्यापन किया जा सके। माननीय सांसद जी द्वारा अमृत योजना की समीक्षा करते हुए जनपद में फेस-2 की धीमी प्रगति पर असंतोष व्यक्त किया। योजना में पिछड़ने पर नाराजगी व्यक्त की। कार्य की गति बढ़ाते हुए प्रगति की जानकारी जनप्रतिनिधियों से भी साझा की जाए।

समय-समय पर पेयजल योजना की समीक्षा अधिकारियों द्वारा की जाए, ताकि सही समय पर ग्रामीणों को योजना अंतर्गत पेयजल उपलब्ध कराया जा सके। जनपद में मनरेगा अंतर्गत कैंप आयोजित करते हुए जॉब कार्ड बनाए जाने के निर्देश दिए। कुपोषित बच्चों को मिलने वाले आहार के संबंध में विधायक मांट ने शिकायत की, कि कई गांव से शिकायत प्राप्त हो रही है कि आंगनबाड़ी केंद्र और कोटा राशन वाले आहार नही बांट रहे हैं। मांट विधायक श्री राजेश चैधरी एवं एम.एल.सी श्री योगेश नौहवार ने छाता, बाजना, नौहझील एवं मांट रोड को पूर्ण न किए जाने पर नाराजगी जताई। लोक निर्माण विभाग के कार्यों पर जनप्रतिनिधियों ने लोक निर्माण विभाग के दोनो अधिशासी अभियंताओं से नाराजगी जाहिर की, जिसपर जिलाधिकारी ने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि आगे से कोई भी ऐसी शिकायत प्राप्त न हो। मुखराई वाले रोड को शीघ्र प्रारंभ करे और शासन से निरंतर प्रयासरत रहे। इसी क्रम में मा0 सांसद जी ने बिजली विभाग की समीक्षा करते हुए बिजली विभाग के प्रति अपनी बेहद नाराजगी जाहिर की। उन्होंने कहा कि जनपद में विद्युत विभाग को विद्युत आपूर्ति समस्या से निपटने के लिए सभी विभागीय अधिकारियों को युद्ध स्तर पर कार्य करना होगी तथा निर्बाध आपूर्ति कैसे सुनिश्चित हो इसका विशेष ध्यान रखे। कृष्णा नगर से पोलो/ खंभों को सही जगह शिफ्ट किए जाएं। वृंदावन के चैतन्य विहार में सब स्टेशन बनाने के लिए जगह उपलब्ध कराए जाने पर विचार विमर्श किया गया, जिस संबंध में जिलाधिकारी ने जमीन उपलब्ध कराए जाने पर विद्युत विभाग से प्रपोजल मांगा है। सांसद ने कहा कि यदि नए सब स्टेशन स्थापित करने की आवश्यकता है तो उसके लिए भूमि चिन्हित करें और जल्द से जल्द नवीन सब स्टेशनों की स्थापना करें।

गोवर्धन विधायक ने राल में नया फीडर बनाने के लिए सुझाव रखा, कुंजेरा गांव को राधाकुंड से जोड़ा जाए, लोकल संविदा कर्मी को उस गांव से हटाकर किसी दूसरे गांव में लगाया जाए। एस.सी विद्युत ने अवगत कराया है की उक्त सुझाव पर कार्य करेंगे और कम से कम 50 किमी दूर लगाए जायेंगे। एम.एल.सी योगेश नौहवार ने कहा कि किसानों के एस्टीमेंट बनाने के लिए समय निर्धारित किया जाए। माननीय जनप्रतिनिधियों ने बताया कि रिफाइनरी एवं चैमुंहा के जेई का फोन नही उठाता है। झंडीपुर में शहीद स्मारक पर विद्युत कनेक्शन दिया जाए। नगर/ सिटी में पुराने ट्रांसफार्मर चेंज किए जाएं। डिस्ट्रीब्यूशन लाइन को ऊपर किए जाएं। जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति दिशा की बैठक में जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह ने आभार व्यक्त करते हुए सांसद श्रीमती हेमा मालिनी एंव राज्यसभा सांसद तेजवीर सिंह, विधायक मांट राजेश चैधरी, गोवर्धन विधायक मेघश्याम सिंह, एमएलसी ओम प्रकाश सिंह, एमएलसी योगेश नौहवार वं अन्य जनप्रतिनिधियों को विश्वास दिलाते हुए कहा कि बैठक में जो भी दिशा निर्देश अथवा सुझाव दिए गए हैं, उन सभी का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए सभी कार्य समय सीमा में पूर्ण कराना सुनिश्चित किया जाएगा।

महिला मोर्चा की अध्यक्ष बनीं मधु ठाकुर

मथुरा। आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए मधु ठाकुर को नरेंद्र मोदी विकास मिशन उत्तर प्रदेश महिला मोर्चा की अध्यक्ष बनाया गया। आज इसको को लेकर मिशन ने चलो गांव की ओर परिवार प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि राष्ट्रीय अध्यक्ष मोदी विकास मिशन के विनोद कुमार विधार्थी शामिल हुए। प्रशिक्षण में मौजूद कार्यकर्ताओं के बीच पूर्व मन्त्री डॉ प्रेम कुमार व मिशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष विनोद विद्यार्थी ने कहा कि प्रधानमंत्री की सभी योजनाओं को गांव- गांव में लोगों को लाभ मिलना चाहिए इसके लिए ही यह मुख्य रूप से प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है,जिसमें भ्रष्टाचार मुक्त चलो गांव की ओर करने का संकल्प लिया गया।

कार्यक्रम के दौरान सभी महिलाओं ने शपथ लिया कि इस मिशन के द्वारा हम लोग गांव - गांव में जा कर महिलाओं एवं पुरुषों को बताएंगे की प्रधानमंत्री के द्वारा जो भी योजना चल रही है, वह धरातल पर लागू करवाएंगे एवं गरीबों को सुविधा दिलाएंगे यही नरेंद्र मोदी विकास मिशन का संकल्प लिया है।

अग्निवीरों को स्थायी करो : भाकियू लोकशक्ति

मथुरा। भाकियू लोकशक्ति का राष्ट्रीय सम्मेलन डैम्पियर नगर स्थित किसान भवन में आयोजित किया गया। सम्मेलन में देश के विभिन्न राज्यों से किसान शामिल हुए। सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्योराज सिंह मौजूद रहे। पदाधिकारियों ने राष्ट्रीय अध्यक्ष का माल्यार्पण कर स्वागत किया। किसान भवन में आयोजित भाकियू लोकशक्ति के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने अग्निवीर जवानों का परमानेंट करने की मांग प्रमुखता से उठाई। कहा कि सेवानिवृत्ति के बाद सैनिकों को पूरी पेंशन दी जाए। उन्होंने संगठन पदाधिकारियों के समक्ष एमएसपी गारंटी कानून बनाने की मांग भी उठाई। कहा कि सरकारी योजनाओं का प्रकाशन किया जाए। देश में किसानों की फसलों की सुरक्षा के लिए बीएसएफ की तर्ज पर एएसएफ का गठन किया जाए। जिससे आवारा पशुओं से फसलों की सुरक्षा हो सके। किसानों को समय पर डीएपी, यूरिया, बिजली व पानी उपलब्ध कराया जाए। दूध उत्पादकों को सरकार द्वारा सब्सिडी दी जानी चाहिए।जिलाध्यक्ष मदन राघव ने डीजल व पेट्रोल के दाम कम करने की मांग उठाई। सभी निजी अस्पतालों में आयुष्मान कार्ड योजना लागू करने की बात कही। पदाधिकारियों ने अपनी मांगों को लेकर पीएम व मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा। इस अवसर पर मुकुल शर्मा, आकाश गुप्ता, मुन्ना पांडे, हरनाम वर्मा, प्रताप नागर, विश्वास नागर, मनोज ठाकुर, सुनील ठाकुर, महावीर आदि मौजूद रहे।

नोटिस का जवाब न देने पर 11 मीट की दुकानों के लाइसेंस रद

मथुरा। श्रीकृष्ण जन्मस्थान के समीप निर्धारित दायरे में आने वाली मीट की 11 दुकानों के पंजीकरण खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग ने रद कर दिए हैं। खाद्य सुरक्षा विभाग ने यह कार्रवाई नगर निगम की रिपोर्ट मिलने के बाद की है। विभाग ने पुलिस को भी इन दुकानों को बंद कराने को पत्र लिखा है। कोतवाली क्षेत्र के नवनीत नगर में पूर्व में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की ओर से मीट की 11 दुकानों का पंजीकरण हुआ था। इस मामले में नगर निगम ने खाद्य सुरक्षा विभाग को रिपोर्ट भेजी कि उनके द्वारा मीट की ऐसी 11 दुकानों के पंजीकरण कर दिए गए हैं, जो प्रतिबंधित क्षेत्र में हैं। इन सभी दुकानों के स्वामियों को एक सप्ताह पहले विभाग द्वारा नोटिस जारी किया गया था कि वे तीन दिन में नगर निगम की एनओसी जारी किए जाने की जानकारी दें। साथ ही यह भी बताएं कि उनकी दुकानें प्रतिबंधित क्षेत्र में आती हैं या नहीं।

ऊर्जा मंत्री व जनपद प्रभारी मंत्री की अध्यक्षता में हुई समीक्षा

आगरा। नगर विकास तथा ऊर्जा मंत्री व जनपद प्रभारी मंत्री ए.के. शर्मा की अध्यक्षता में हुई सर्किट हाउस में जिला प्रशासन तथा जनपद के माननीय जनप्रतिनिधियों के साथ समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक में सर्व प्रथम मा. प्रभारी मंत्री ने जानकारी देते हुए बताया कि केंद्रीय मंत्रिमंडल ने आज उत्तर प्रदेश के आगरा तथा प्रयागराज समेत 12 विश्व स्तरीय ग्रीनफील्ड औद्योगिक स्मार्ट शहर बनाने को मंजूरी दी है जिससे 10 लाख लोगों को प्रत्यक्ष तथा 30 लाख लोगों को अप्रत्यक्ष रोजगार मिलेगा। ये औद्योगिक स्मार्ट सिटी नेशनल इंडस्ट्री डेवलपमेंट कॉरिडोर प्रोग्राम के तहत बनाए जाएंगे अब आगरा में आईटी आधारित तथा अन्य उद्योगों की राह खुल गई है ।नॉन पॉलियूटिंग कैटेगरी उद्योग स्थापित किए जाएंगे। मा. प्रभारी मंत्री महोदय ने आगरा में इंडस्ट्रियल क्लस्टर बनाए जाने हेतु लगाए जाने वाले उद्योगों को चिन्हित करने, लैंड बैंक की उपलब्धता सुनिश्चित करने आदि हेतु प्लानिंग कर रूपरेखा बनाने हेतु डीएम तथा मंडलायुक्त को निर्देशित किया। बैठक में जनपद प्रभारी मंत्री ने मंडलायुक्त को एनजीटी, सुप्रीम कोर्ट, टीटीजेड इत्यादि की गाइडलाइन के बारे में जानकारी ली, मंडलायुक्त महोदया ने उपरोक्त के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि ग्लास उद्योग, फाउंड्री उद्योग आदि उद्योग स्थापित किए जाने हेतु दी गई नियमों में छूट, तथा सुप्रीम कोर्ट में विचाराधीन जनहित याचिकाओं तथा उनके प्रभाव के बारे में अद्यतन जानकारी देते हुए बताया कि दस गुना पेड़ लगाए जाने के बाद ही पेड़ कटान की अनुमति मिलती है, उन्होंने यूपीसीडा के एक 1100 एकड़ के लैंड बैंक की जानकारी देते हुए बताया कि उपरोक्त लैंड बैंक में कुछ पेड़ों के होने से उपयोग नहीं किया जा सका अब पुनः यूपीसीडा ने वृक्षों को छोड़कर रिवाइज प्रस्ताव तैयार किया गया है, मंडलायुक्त महोदया ने मंडल के नगर निकायों में अधिशासी अधिकारियों तथा सफाई कर्मचारियों की कमी आदि से भी प्रभारी मंत्री जी को अवगत कराया। जिलाधिकारी ने विभिन्न स्थानों सर्किट हाउस, ताज नेचर वॉक, दयाल बाग रोड आदि में सीवर समस्या, नगर निगम सीमा विस्तार में छूटे क्षेत्रों से विकास कराने में आ रहे अवरोध आदि से अवगत कराया। मंत्री ने टीम बनाकर आगरा में इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट हेतु प्लान तैयार करने के निर्देश दिए।

बैठक में उपस्थित जनप्रतिनिधियों से उनके क्षेत्र में शासन ने संचालित योजनाओं की प्रगति तथा समस्याओं के बारे में जानकारी ली, फतेहपुर सीकरी सांसद राजकुमार चाहर ने विद्युत विभाग के संविदा कर्मियों को उनके गृह क्षेत्र से बाहर तैनात करने, उनका पुलिस वेरिफिकेशन कराने आपराधिक रिकॉर्ड के कर्मियों को हटाने, जयपुर रोड स्थित लेदर पार्क प्रोजेक्ट में प्रगति न होने पर उस भूमि का किसी अन्य उद्देश्य यथा स्टेडियम आदि बनाने हेतु उपयोग करने, पॉलीटेक्निक कॉलेज फतेहाबाद को प्रारंभ करने, अजीत नगर खेरिया एयरपोर्ट रोड पर जलभराव, किसानों की विभिन्न विद्युत संबंधी समस्याओं, तहसील बाह में विभिन्न गांवों हेतु संपर्क मार्ग की व्यवस्था आदि विषयों को रखा, मा.विधायक पुरुषोत्तम खंडेलवाल जी ने मऊ रोड स्थित नगर वन का कीठम तक विस्तार कर नाइट सफारी विकसित करने, पुराने शहर में टॉरेंट तथा डीवीवीएनएल द्वारा किरायेदारों के घरों के विद्युत कनेक्शन काटे जाने, आगरा शहर में छोटी, नव विकसित कॉलोनी व रिहायशी क्षेत्रों में सीवरेज पाइप लाइन की समस्या, विधान परिषद सदस्य श्री विजय शिवहरे जी द्वारा शहर में संचालित अवैध बिना लाइसेंस रूफ टॉप होटल, रेस्टोरेंट आदि से उत्पन्न समस्या, कटरा गड़रियान वार्ड-1 में जलकल विभाग के कनेक्शन की समस्या, वायु बिहार रोड के निर्माण आदि को रखा, विधायक जीएस धर्मेश ने आयुष्मान कार्ड बनाए जाने हेतु राशन कार्ड में कम से कम 06 यूनिट होने बालों के ही बनाए जाने की पात्रता को संशोधित करने, बूंदू कटरा हर घर जल योजना की धीमी प्रगति, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ.मंजू भदौरिया जी ने बरौली अहीर रोड पर जलभराव, नाला निर्माण, नहरों की पटरी पर विद्युत पोल से हो रही समस्या को रखा, मा.विधायक भगवान सिंह कुशवाह ने विद्युत विभाग की समस्या, क्षमता वृद्धि करने ग्रामीण सड़कों के निर्माण तथा भाजपा नगर अध्यक्ष भानु महाजन जी ने मदिरा की दुकानों को नियत समय में ही खोले जाने का सख्ती से अनुपालन कराने की बात रखी, मा.मंत्री बेबीरानी मौर्य जी के प्रतिनिधि ने कई क्षेत्रों के किसानों के विद्युत कनेक्शन शहरी क्षेत्रों में आजाने से शहरी टैरिफ लगाने की बात को रखा, मा.विधायक छोटेलाल वर्मा जी तथा रानी पक्षालिका सिंह जी ने भी अपने क्षेत्र की समस्याओं को रखा म. प्रभारी मंत्री महोदय ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को तलब कर समस्याओं को गुणवत्तापूर्ण समाधान के कड़े निर्देश दिये।

मुठभेड़ में 2 हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार

फिरोजाबाद। थाना सिरसागंज पुलिस एवं एसओजी सर्विलांस टीम द्वारा 02 शातिर अभियुक्तों को पुलिस मुठभेड के दौरान गिरफ्तार कर कब्जे से 2 तमंचा 4 खोखा कारतूस,2 जिंदा कारतूस 1 काली पल्सर मोटरसाइकिल व लूट किये हुए 21,500 रुपये बरामद किए गए। गुरुवार पूर्व रात्रि को थाना सिरसागंज पुलिस एवं एसओजी सर्विलांस की टीम द्वारा कठफोरी चौकी से नंगला खंगर जाने वाले रोड़ पर चैकिंग की जा रही थी । चैकिंग के दौरान 02 संदिग्ध व्यक्ति मोटरसाइकिल से आते हुए दिखाई दिये जिन्हें पुलिस टीम द्वारा रुकने का इशारा किया गया तो वह तेजी से मोटर साइकिल वापस मोडकर भागने का प्रयास करने लगे जिससे हड़बडाहट में उनकी मोटर साइकिल फिसलकर गिर गई ।पुलिस टीम को अपनी तरफ आता देख उक्त संदिग्ध व्यक्तियों ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी गयी । पुलिस टीम द्वारा खुद को बचाते हुए आत्मरक्षार्थ की गयी फायरिंग में अभियुक्तों को गोली लग गयी जिन्हें पुलिस मुठभेड़ के दौरान घायल अवस्था में गिरफ्तार किया गया है । अभियुक्त के कब्जे से 2 तमंचा 4 खोखा कारतूस 2 जिंदा कारतूस 1मोटरसाइकिल पल्सर एवं लूट किये गये 21,500 रुपये बरामद किए गए ।घायल अभियुक्तों की पहचान शरीफ पुत्र शौकीन निवासी ग्राम नगला खुशहाली थाना सिरसागंज जनपद फिरोजाबाद व गौरव कुमार पुत्र जितेन्द्र यादव निवासी ग्राम सलूक नगर थाना बरनाहल जनद मैनपुरी के रुप में हुई है । दोनों अभियुक्त कस्बा सिरसागंज में दिनाँक 04/08/2024 को व्यापारी राकेश जैन के साथ लूट कारित करने में वांछित अभियुक्त हैं। अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण ने जानकारी देते हुए बताया कि पकड़े गए दोनो अभियुक्त शरीफ व गौरव शातिर हिस्ट्रीशीटर बदमाश है जिन पर विभिन्न थानों में दर्जनों अभियोग दर्ज है ।घायल अभियुक्तों को पुलिस अभिरक्षा में उपचार हेतु अस्पताल में भर्ती कराया गया है । अग्रिम आवश्यक कार्यवाही की गई है।

संस्कृति विवि में प्रवेश लेने वालों को बताया आगे बढ़ने का तरीका

मथुरा। संस्कृति विविके संतोष मैमोरियल हाल में सत्र 2024 -25 में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों के लिए दो दिवसीय ओरिएंटेशन प्रोग्राम दीक्षारंभ 2024 का विधिवत शुभारंभ करते हुए मुख्य अतिथि ग्रुप कमांडर पी.एस. सांगवान ने विद्यार्थियों अब्राहम लिंकन, लाल बहादुर शास्त्री के जीवन से प्रेरणा लेकर अपने जीवन को संवारने का आह्वान किया।

उन्होंने कहा कि यह समय है कि आप लोग दुनिया में सफल व्यक्तियों की जीवनियां पढ़ें, उनसे प्रेरणा लेकर अपने व्यक्तित्व में बदलाव लाएं। उन्होंने बताया कि आपके लिए कठिन परिश्रम ही तरक्की का एकमात्र रास्ता है। अपना समय सोशल मीडिया पर न गवाएं, उसका उपयोगी लाभ उठाएं। ब्रिगेडियर पीएस सांगवान ने विद्यार्थियों से अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि जब हमारा लक्ष्य स्पष्ट होता है तो हमें उसको पाने में समस्या नहीं आती। अपने लक्ष्य को हासिल करने के लिए सभी चुनौतियों का डटकर सामना करें और अपने मार्ग पर आगे बढ़ते रहें। विशिष्ठ अतिथि कैप्टेन रजत पांडेय ने छात्रों को राष्ट्र धर्म का पालन करने एवं मिट्टी से जुड़ कर कार्य करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को दिन की शुरुआत सरस्वती वंदना एवं धरती माँ को प्रणाम कर करें। भारतीय ज्ञान, वेशभूषा, परम्परा को अपनाएं। उन्होंने बदलते समय में कृषि के महत्व को बताते हुए कहा कि यह क्षेत्र ऐसा है जिसके द्वारा न केवल आप समाज की सेवा बल्कि देश की सेवा भी कर सकते हैं। इस क्षेत्र में अनुसंधान करने की बहुत गुंजाइश है, अनुसंधान का कार्य आप कर सकते हैं। आप शिक्षा को अपना हथियार बनाएंगे तो हर मोर्चे पर जीत हासिल कर सकते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों कोनियमित किताब पढ़ने, सोशल मीडिया की झूठी खबरों से सावधान रहने के लिए प्रेरित किया और सभी विद्यार्थियों को उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं ।

विवि के कुलाधिपति डॉ. सचिन गुप्ता ने विद्यार्थियों से अपने आप को पहचानने की आवश्यकता पर बल देने को कहा। उन्होंने कहा कि आप सभी बहुत भाग्यशाली हैं जो उच्च शिक्षा हासिल करने का अवसर पा रहे हैं। आप अपने मार्ग का सही चुनाव करें। माता-पिता को अपनी सफलता से गर्व करने का मौका दें। आपकी सफलता सिर्फ आपके लिए ही महत्वपूर्ण नहीं होती आपके शिक्षण संस्थान, परिवार, समाज और देश के लिए भी गर्व का विषय बनती है। विद्यार्थियों को नए-नए आइडियाज पर काम करना चाहिए। अपने गुरुओं से मार्गदर्शन लेना चाहिए। अपने काम का एक रोडमैप स्वयं बनाएं और उसपर चलते हुए सभी चुनौतियों का सामना करते हुए सफलता हासिल करें। विवि की लाइब्रेरी एवं अन्य संसाधनों का प्रयोग करे, योग एवं व्यायाम को नित्य करे तथा भारतीय संस्कृति का पालन करें।

अवैध बन रहीं दो कॉलोनियों पर चला बुलडोजर

आगरा। आगरा शहर की बात करे तो प्रॉपर्टी डीलर और कॉलोनाइजरों का तो हाल ही निराला है। प्लॉट एवं फ्लैट लेने वाले को पता ही नहीं चलता कि कौन सी कॉलोनी अवैध काटी गई है या कौन से प्लॉट अवैध है जब विकास प्राधिकरण का डंडा चलता है तो फिर सब आसमान में चांद सितारे देखने लगते हैं ऐसा ही कुछ मामला, आगरा विकास प्राधिकरण की ओर से लगातार अवैध ?रूप से विकसित हो रही कॉलोनियों पर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई हो रही है। आज भी आगरा में बन रही दो बड़ी कॉलोनियों पर बुलडोजर चला। प्रभारी प्रवर्तन के निर्देशन में सहायक अभियन्ता एवं अवर अभियन्ता के नेतृत्व में सक्षम प्राधिकारी के द्वारा पारित ध्वस्तीकरण आदेशों का क्रियान्वयन कर2 अवैध कॉलोनियों में ध्वस्तीकरण की कार्यवाही की गयी है। कप्तान यादव, कृष्ण गोपाल यादव, लाऊ द्वारा खसरा संख्या 455, मौजा-बरौली अहीर, जेपी मार्बल के पीछे, शमशाबाद रोड, ताजगंज वार्ड, आगरा पर लगभग 5000 वर्गगज क्षेत्र में सड़क एवं प्लाटिंग का कार्य करते हुये विकसित की जा रही अनाधिकृत कॉलोनी को प्रवर्तन टीम द्वारा सचल दस्ता एवं जेसीबी की सहायता से उत्तर प्रदेश नगर योजना एवं विकास अधिनियम -1973 की धारा-27 के अन्तर्गत ध्वस्तीकरण की कार्यवाही की। वहीं उदयमान सिंह राजपूत द्वारा नन्दग्राम कॉलोनी, मौजा चमरौली निकट अंसल इम्बेल्ड हाइट्स, ताजगंज वार्ड, आगरा पर लगभग 7.25 बीघा भूमि पर विकसित की जा रही अनाधिकृत कॉलोनी को प्रवर्तन टीम द्वारा सचल दस्ता एवं जेसीबी की सहायता से उत्तर प्रदेश नगर योजना एवं विकास अधिनियम 1973 की धारा-27 के अन्तर्गत ध्वस्तीकरण की कार्यवाही की गयी है।

कुट्टू का आटा खाने के बाद लोगों के बीमार होने के मामले में जांच समिति गठित

मथुरा। जिले में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर फरह थाना क्षेत्र के आधा दर्जन गांवों में कुट्टू के आटे से बने व्यंजन खाने से बड़ी संख्या में लोगों के बीमार होने के मामले की जांच के लिये जिला प्रशासन ने अपर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय जांच समिति का गठन किया है। जिला प्रशासन के आधिकारिक सूत्रों ने बृहस्पतिवार को बताया कि जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह ने बुधवार देर रात समिति का गठन किया है। अपर जिलाधिकारी (नमामि गंगे एवं ग्रामीण पेयजलापूर्ति) राजेश यादव को अध्यक्ष, सहायक आयुक्त (खाद्य सुरक्षा एवं औशधि अपमिश्रण विभाग) एवं उप मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. बीडी गौतम को सदस्य बनाया गया है। उन्होंने बताया कि यह समिति दो सप्ताह के अंदर मामले की गहन जांच कर अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी ।सोमवार को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का व्रत रखने के बाद कुट्टू के आटे से बनी पूड़ी व अन्य व्यंजन खाने वाले सैकड़ों ग्रामीणों ने उल्टी, दस्त और जी मिचलाने की शिकायत की थी। देर शाम से लोगों की हालत बिगड़ने का जो सिलसिला शुरु हुआ तो वह मंगलवार को रात भर जारी रहा था। इस दौरान तकरीबन 130 लोगों को मथुरा व आगरा के सरकारी व निजी चिकित्सालयों में भर्ती कराया गया था। वहीं, प्रभावित गांवों में स्वास्थ्य विभाग के विशेषज्ञों की चार टीमें भेजकर सैकड़ों लोगों का उनके ही गांव में उपचार कराया गया था।

एत्मादपुर में रास्ता निकलने को लेकर हुए विवाद में फायरिंग और पथराव

आगरा। एत्मादपुर क्षेत्र से है जहां सुबह तड़के एक गांव में रास्ता निकलने को लेकर आपसी विवाद में फायरिंग और पत्थराव के बाद क्षेत्र मे हड़कम्प मच गया। जिसमें एक व्यक्ति के गले में गोली लग गई। थाना क्षेत्र के गांव नगला हरकेसी में सुबह लगभग 7 बजे रास्ते के निकलने के विवाद को लेकर जयवीर सिंह और रामप्रकाश पक्ष में जमकर मारपीट हुई। जिसमें जयवीर सिंह का बेटा शिशुपाल बुरी तरह घायल हो गया। इसके बाद विवाद बढ़ता गया । पथराव के बीच फायरिंग शुरू हो गई। जिसमें एक गोली जयवीर सिंह के गले में जा लगी। परिजन जयवीर सिंह को इलाज के लिए प्राइवेट अस्पताल ले गए बताया जाता है ।कि दूसरे पक्ष के भी दो लोग घायल हुए हैं। झगड़े की सूचना पर थाना और चौकी पुलिस मौके पर पहुंच गई। मौकेपर मौजूद एसीपी एत्मादपुर पीयूष कांत राय ने बताया कि दोनों पक्षों के लोग घायल हुए हैं। एक व्यक्ति के गोली लगी है। जो गंभीर है सभी का इलाज चल रहा है तहरीर के बाद कार्यवाही की जाएगी।

हॉकी के महान जादूगर मेजर ध्यानचंद को जिला विज्ञान क्लब ने किया नमन

फिरोजाबाद। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद उत्तर प्रदेश के अंतर्गत जिला विज्ञान क्लब, फिरोजाबाद के जिला समन्वयक अश्वनी कुमार जैन ने राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर हॉकी के महान जादूगर मेजर ध्यानचंद को जिला विज्ञान क्लब, फिरोजाबाद के कार्यालय पर माल्यार्पण करके नमन किया। अश्वनी कुमार जैन ने विद्यार्थियों को बताया कि मेजर ध्यानचंद का जन्म 29 अगस्त 1950 को प्रयाराज में हुआ था। उनकी जन्मतिथि को अपने देश में राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में मनाया जाता है। मेजर जब ब्राह्मण रेजीमेंट में थे उस समय मेजर बले तिवारी से, जो हाकी के शौकीन थे। उनसे हाकी का प्रथम पाठ सीखा। सन्? 1922 से सन्? 1926 तक सेना की ही प्रतियोगिताओं में हॉकी खेला करते थे। दिल्ली में हुई वार्षिक प्रतियोगिता में जब इन्हें सराहा गया तो इनका हौसला बढ़ा। 13 मई सन्? 1926 ई. को न्यूजीलैंड में पहला मैच खेला था। न्यूजीलैंड में 21 मैच खेले जिनमें 3 टेस्ट मैच भी थे। इन 21 मैचों में से 18 जीते, 2 मैच अनिर्णीत रहे और और एक में हारे। पूरे मैचों में इन्होंने 192 गोल बनाए। उनपर कुल 24 गोल ही हुए। 27 मई सन्? 1932 को श्रीलंका में दो मैच खेले। एक मैच में 21-0 तथा दूसरे में 10-0 से विजयी रहे। सन्? 1935 में भारतीय हाकी दल के न्यूजीलैंड के दौरे पर इनके दल ने 49 मैच खेले। जिसमें 48 मैच जीते और एक वर्षा होने के कारण स्थगित हो गया। वे तीन बार ओलंपिक के स्वर्ण पदक जीतने वाली भारतीय हॉकी टीम के सदस्य रहे, जिनमें 1928 का एम्स्टर्डम ओलंपिक, 1932 का लॉस एंजिल्स एवं 1936 का बर्लिन ओलंपिक थे। अंतर्राष्ट्रीय मैचों में उन्होंने 400 से अधिक गोल किए। अप्रैल, 1949 ई. को प्रथम कोटि की हाकी से संन्यास ले लिया। 74 वर्ष की उम्र में 03 दिसंबर 1979 को दिल्ली में हॉकी के महान जादूगर का निधन हो गया।

सात डकैत मुठभेड़ में गिरफ्तार, अवैध हथियार और कार बरामद

मथुरा। डकैती की योजना बना रहे सात अंतर्राज्यीय बदमाशों के साथ गोवर्धन थाना पुलिस और स्वाट व सर्विलांस टीम की मुठभेड़ हो गई। जिसमें गोली लगने से तीन बदमाश घायल हो गए तथा अन्य चार को पुलिस ने एसएसपी के समक्ष पेश किया है। फिलहाल घायल बदमाशों का उपचार जिला अस्पताल में चल रहा है। इस आशय की जानकारी गुरुवार दोपहर एसपी ग्रामीण त्रिगुण बिषेन ने दी है। उन्होंने बताया कि गोवर्धन पुलिस, स्वाट व सर्विलांस टीम ने मुखबिर की सूचनानुसार गोवर्धन स्थित कृष्ण सुदामा गौशाला के समीप आधा दर्जन से अधिक बदमाश लूट की योजना बना रहे थे इसी बीच पुलिस ने घेराबंदी करके उन्हें पकड़ने का प्रयास किया लेकिन बदमाशों ने पुलिस टीम पर फायरिंग शुरू कर दी। इसके जवाब में पुलिस ने भी फायरिंग की, जिससे राजेश्वर राय निवासी गांव पिपरया थाना पलनवा जिला मोतिहारी पूर्वी चंपारण बिहार, सुनील राय निवासी आनंद सागर थाना भिलाई जिला मोतिहारी पूर्वी चंपारण बिहार, मोहन नट निवासी ग्राम पुखरिया थाना कंगली जिला पश्चिमी चंपारण बिहार, लोरी महतो निवासी ग्राम पुरंदरा थाना भेलवा जिला पूर्वी चंपारण बिहार, सुनील राय निवासी ग्राम आनंद सागर पिपरया थाना भिलाई जिला मोतिहारी पूर्वी चंपारण बिहार, रमेश यादव निवासी ग्राम लौकरिया थाना पलनवा जिला मोतिहारी पूर्वी चंपारण बिहार, अजय पासवान निवासी ग्राम रसूलपुर इंद्रा नगर थाना रामगढ़ जिला गोरखपुर को गिरफ्तार किया है। इनमें से राजेश्वर राय, सुनील राय, मोहन नट के पैर में गोली लगने से घायल हैं। शातिरों के पास से तीन तमंचा 315 बोर, पांच जिन्दा व तीन खोखा कारतूस 315 बोर, एक इनोवा गाड़ी बिना नंबर, डकैती में प्रयोग करने हेतु अन्य सामान बरामद हुआ है।

संक्षेप

आईटीआई एएमसी ने लांच किया लार्ज एंड मिड कैप फंड

मुंबई। आईटीआई असैट मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड (आईटीआई एएमसी) ने 21 अगस्त 2024 को आईटीआई लार्ज एंड मिड कैप फंड लांच कर दिया है। यह एक ओपन-ऐंडेड स्कीम है जो इक्विटी, इक्विटी संबंधित सिक्युरिटीज, मुख्यतः शीर्ष 250 भारतीय कंपनियों में निवेश करेगी; ये ऐसी कंपनियां होंगी जिन पर देश की प्रगति का दारोमदार है। यह न्यू फंड ऑफर 4 सितंबर 2024 को बंद होगा। भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में से एक है। ग्रोथ कंपनियों की कमाई के जो आसार नजर आ रहे हैं उन्हें देखते हुए कहा जा सकता है कि वे निरंतर फायदे में रहेंगी। शेयरों के चयन में हमारा फंड हाउस बॉटम्स अप ऐप्रोच अपनाता है। ऐसी कई कंपनियां उपलब्ध हैं जिनकी ऑर्डर बुक मजबूत है और अगले 2-3 सालों में उनकी कमाई का पूवार्नुमान अच्छा है। ये कंपनियां रिटर्न रेश्यो में ठोस प्रगति दर्ज कर सकती हैं।

एमेजॉन इंडिया की भारतीय रेल के साथ साझेदारी

नई दिल्ली। एमेजॉन ट्रांसपोर्टेशन सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड (एमेजॉन इंडिया) और भारतीय रेल मंत्रालय ने आज एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए, जो एमेजॉन इंडिया के पैकेजों के विश्वसनीय और तेज परिवहन के लिए भारतीय रेलवे के मजबूत क्षेत्रीय नेटवर्क के माध्यम से मौजूदा साझेदारी को और मजबूत करेगा। इस समझौते के तहत, एमेजॉन इंडिया और भारतीय रेलवे एक हब और स्पोक मॉडल स्थापित करने के लिए संयुक्त रूप से काम करेंगे, और इस मॉडल से प्राप्त अनुभवों के आधार पर इसे पूरे नेटवर्क में विस्तार के लिए आवश्यकताओं को परिभाषित करेंगे। इस योजना में पहले और अंतिम मील की आवश्यकताएं, पारगमन समय, लागत विकल्प, और रेलवे पर पार्सल की मात्रा बढ़ाने के लिए नीति प्रोत्साहन शामिल हैं। एमेजॉन इंडिया रेल परिवहन के माध्यम से पार्सल लॉजिस्टिक्स के लिए तेज और विश्वसनीय वितरण नेटवर्क सुनिश्चित करने के लिए आवश्यकताओं पर सिफारिशें भी प्रदान करेगा।

अमेजन पे आईसीआईसीआई बैंक क्रेडिट कार्ड को बनाया को-ब्रांडेड कार्ड

मुंबई। अमेजन पे आईसीआईसीआई बैंक क्रेडिट कार्ड देश भर में 50 लाख से अधिक ग्राहकों को जोड़ने वाला भारत का पहला को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड बन गया है। कंपनी ने मुंबई में आज आयोजित हुए ग्लोबल फिनटेक फेस्टिवल में इस बड़ी उपलब्धि की घोषणा की। वीजा द्वारा संचालित यह सबसे तेजी से बढ़ते को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड में से एक है। इस कार्ड के साथ ग्राहकों को विभिन्न प्रकार के लाभ मिलते हैं, जिसमें बिना झंझट और असीमित रिवॉर्ड, लाइफटाइम फ्री कार्ड, आसान वीडियो केवाईसी के साथ 30 मिनट के भीतर इंस्टेंट इश्यूएंस और पेपरलेस ऑनबोर्डिंग जैसे कई लाभ शामिल हैं।

भारतीय राष्ट्रगान के एपीक संस्करण ने बनाया गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड

नई दिल्ली। ग्रैमी अवार्ड विजेता रिकी केज के द्वारा एसोसिएट प्रोड्यूसर के रूप में कोलकाता स्थित सांस्कृतिक कार्यकर्ता संदीप भूतोरिया के साथ तैयार किए गए भारतीय राष्ट्रगान के एक महाकाव्य संस्करण ने गायक मंडली की विशेषता वाले ''सबसे बड़े गायन पाठ'' के रूप में गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में प्रवेश करके एक नया मील का पत्थर स्थापित किया है। जिसमें ओडिशा के लगभग 14,000 आदिवासी बच्चों के गायक मंडल ने एक साथ प्रदर्शन किया। इस अवसर पर प्रभा खेतान फाउंडेशन के ट्रस्टी संदीप भूतोरिया जो विश्व स्तर पर भारत की सांस्कृतिक विरासत को बढ़ावा दे रहे हैं ने कहा कि यह परियोजना भारत की विविधता में एकता का सच्चा उत्सव है, इसके साथ ही यह संगीत के क्षेत्र में सहयोग और सांस्कृतिक जगत में प्रतिनिधित्व के मामले में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। ओडिशा के हजारों बच्चों के साथ ऐसे दिग्गज कलाकारों के सहयोग से मिली उपलब्धि, पूरी दुनिया को हमारी सांस्कृतिक विरासत की ताकत के बारे में एक शक्तिशाली और गौरवपूर्ण संदेश देती है। इस ऐतिहासिक क्षण का हिस्सा बनना हमारे लिए सम्मान की बात है। यह परियोजना संगीत की शक्ति का एक प्रमाण है, जो लोगों को एक साथ लाता है।

सेंसेक्स में 349 अंकों की उछाल

मुंबई। दिग्गज कंपनियों रिलायंस इंडस्ट्रीज और टाटा मोटर्स के शेयरों में लिवाली आने से बृहस्पतिवार को स्थानीय शेयर बाजार रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गए। सेंसेक्स 349 अंक उछला जबकि निफ्टी ने 100 अंकों की बढ़त दर्ज की। बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 349.05 अंक यानी 0.43 प्रतिशत उछलकर 82,134.61 के सर्वकालिक उच्च स्तर पर बंद हुआ। यह बढ़त का लगातार आठवां सत्र रहा।

कारोबार के दौरान एक समय यह 500.27 अंक चढ़कर 82,285.83 के अपने उच्चतम स्तर पर पहुंच गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का मानक सूचकांक निफ्टी लगातार 11वें सत्र में बढ़त पर रहा। निफ्टी 99.60 अंक यानी 0.40 प्रतिशत बढ़कर 25,151.95 के नए रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 140.55 अंक चढ़कर 25,192.90 के अपने उच्चतम स्तर पर पहुंच गया था। सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से टाटा मोटर्स के शेयरों में सर्वाधिक चार प्रतिशत की तेजी दर्ज की गई। बजाज फिनसर्व, बजाज फाइनेंस, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, आईटीसी, रिलायंस इंडस्ट्रीज, टेक महिंद्रा, मारुति और भारतीय स्टेट बैंक के शेयर भी बढ़त पर रहे। रिलायंस के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक मुकेश अंबानी ने कहा कि कंपनी का निदेशक मंडल पांच सितंबर को एक पर एक बोनस शेयर जारी करने पर विचार करेगा। इस घोषणा के बाद रिलायंस इंडस्ट्रीज में करीब दो प्रतिशत की तेजी आई। इसके उलट, महिंद्रा एंड महिंद्रा, सन फार्मा, जेएसडब्ल्यू स्टील, कोटक महिंद्रा बैंक, इन्फोसिस और टाटा स्टील के शेयरों में गिरावट का रुख रहा। एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की और चीन का शंघाई कंपोजिट गिरावट पर रहे जबकि हांगकांग का हैंगसेंग बढ़त के साथ बंद हुआ। यूरोपीय बाजार सकारात्मक क्षेत्र में कारोबार कर रहे थे। बुधवार को अमेरिकी बाजार गिरावट के साथ बंद हुए। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने बुधवार को 1,347.53 करोड़ रुपये के शेयरों की बिकवाली की। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.60 प्रतिशत गिरकर 78.27 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया। बीएसई सेंसेक्स बुधवार को 73.80 अंक या 0.09 प्रतिशत चढ़कर 81,785.56 और एनएसई निफ्टी 34.60 अंक बढ़कर 25,052.35 पर बंद हुआ था।

छोटे-मझोले आरईआईटी पर नियमन के लिए उद्योग आगे आया: सेबी प्रमुख

मुंबई। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) की चेयरपर्सन माधबी पुरी बुच ने बृहस्पतिवार को कहा कि लघु एवं मझोले आकार के आरईआईटी (रियल एस्टेट निवेश ट्रस्ट) को लेकर सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली है और उद्योग जगत के लोग ऐसी इकाइयों पर नियमन के लिए आगे आये हैं। बाजार नियामक सेबी ने हाल ही में लघु व मझोले रियल एस्टेट निवेश ट्रस्ट (एसएम आरईआईटी) के लिए विनियमन लागू किए हैं, जिनका मकसद रियल एस्टेट परिसंपत्तियों के आंशिक स्वामित्व में निवेशकों की रुचि को उल्लेखनीय रूप से बढ़ाना है।

ग्लोबल फिनटेक फेस्ट 2024 में बुच ने अनुपालन व नियामक की भूमिका के बारे में बात की और कहा कि उद्योग जगत के लोग छोटे व मझोले आरईआईटी पर विनियमन के लिए आगे आए हैं। हालांकि, बाजार नियामक ने कहा था कि सेबी (आरईआईटी) विनियम 2014 में समय-समय पर संशोधन किया गया है। इसके अलावा, हिंडनबर्ग ने भी बुच तथा निजी इक्विटी प्रमुख ब्लैकस्टोन से जुड़े संभावित हितों के टकराव के बारे में सवाल उठाए थे। उनके पति धवल बुच ब्लैकस्टोन के वरिष्ठ सलाहकार हैं। इस महीने की शुरुआत में हिंडनबर्ग ने अपनी दूसरी रिपोर्ट पेश की थी। इसके बाद बुच पहली बार सार्वजनिक रूप से नजर आई हैं। बाजार नियामक सेबी की चेयरपर्सन माधबी पुरी बुच और उनके पति धबल बुच ने बरमूडा तथा मॉरीशस में अस्पष्ट विदेशी कोषों में अघोषित निवेश किया था। उसने कहा कि ये वही कोष हैं जिनका कथित तौर पर विनोद अदाणी ने पैसों की हेराफेरी करने तथा समूह की कंपनियों के शेयरों की कीमतें बढ़ाने के लिए इस्तेमाल किया था। विनोद अदाणी, अदाणी समूह के चेयरपर्सन गौतम अदाणी के बड़े भाई हैं। बुच ने कहा कि सेबी का अंतिम उद्देश्य एक ऐसा परिदृश्य बनाना है, जहां अनुपालन बाजार सहभागियों के लिए सांस लेने जितना सहज हो। वायदा एवं विकल्प (एफएंडओ) व्यापार विनियमन पर सेबी के चर्चा पत्र पर बुच ने कहा कि प्रस्तावों पर हितधारकों से 6,000 टिप्पणियां प्राप्त हुई हैं।

उपकरों, अधिभारों को पांच प्रतिशत तक सीमित रखा जाये : सिद्धारमैया

बेंगलुरु। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने 16वें वित्त आयोग से बृहस्पतिवार को अनुरोध किया कि वह उपकर और अधिभार को सकल कर राजस्व के पांच प्रतिशत पर रखने की सिफारिश करें ताकि इससे अधिक राशि को विभाजन योग्य कर राशि में शामिल करना चाहिए।

यहां एक बैठक में 16वें वित्त आयोग के चेयरमैन अरविंद पनगढ़िया और उसके सदस्यों से उन्होंने यह भी सिफारिश करने का अनुरोध किया कि केंद्रीय करों में विभाजन योग्य राशि में से कम-से-कम 50 प्रतिशत हस्तांतरण होना चाहिए। सिद्धारमैया ने कहा कि आवश्यक संविधान संशोधन लाकर केंद्र के सभी गैर-कर राजस्व को विभाजन योग्य केंद्र करों में शामिल किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि आर्थिक रूप से उन्नत राज्य गरीब राज्यों को सहायता देने के लिए प्रतिबद्ध हैं, लेकिन यह उनके अपने निवासियों या आर्थिक दक्षता की कीमत पर नहीं होना चाहिए। इसके अलावा, ऐसे राज्यों के करदाता उम्मीद करते हैं कि उनके कर का इस्तेमाल उनके लिए होगा। इससे जनता में विश्वास उत्पन्न होता है। इसलिए वित्त आयोग को दक्षता और प्रदर्शन के साथ समानता को संतुलित करते हुए कड़ी मेहनत करनी होगी।

कृषि, ग्रामीण श्रमिकों की खुदरा मुद्रास्फीति घटी

नयी दिल्ली। कृषि और ग्रामीण श्रमिकों के लिए खुदरा मुद्रास्फीति जुलाई में घटकर क्रमशः 6.17 प्रतिशत और 6.20 प्रतिशत पर रही।

इस वर्ष जून में कृषि और ग्रामीण श्रमिकों के लिए खुदरा मुद्रास्फीति दर क्रमशः 7.02 प्रतिशत और 7.04 प्रतिशत थी। श्रम मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि कृषि श्रमिकों के लिए अखिल भारतीय उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई-एएल) और ग्रामीण कामगारों के लिए (सीपीआई-आरएल) में जुलाई में 10-10 अंकों की वृद्धि दर्ज की गई और यह क्रमशः 1,290 और 1,302 पर पहुंच गया। एक वर्ष पहले सीपीआई-एएल और सीपीआई-आरएल क्रमशः 1,280 अंक और 1,292 अंक थे। बयान के अनुसार, जुलाई के लिए सीपीआई-एएल और सीपीआई-आरएल पर आधारित सालाना मुद्रास्फीति दर 6.17 प्रतिशत और 6.20 प्रतिशत दर्ज की गई, जबकि जुलाई, 2023 में यह 7.43 प्रतिशत और 7.26 प्रतिशत थी। इस साल जून में सीपीआई-एएल 7.02 प्रतिशत और सीपीआई-आरएल 7.04 प्रतिशत थे।

डॉलर के मुकाबले रुपया 10 पैसे चढ़कर 83.87 पर

मुंबई। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया बृहस्पतिवार को 10 पैसे मजबूत होकर 83.87 (अस्थायी) पर बंद हुआ। रुपये में यह मजबूती कच्चे तेल की कीमतों में नरमी और घरेलू शेयर बाजारों में मजबूत रुख के कारण आई है। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि बाजार अमेरिकी सकल घरेलू उत्पाद और अमेरिकी व्यक्तिगत उपभोग व्यय (पीसीई) मुद्रास्फीति के आंकड़ों से संकेतों का इंतजार कर रहा है। क्योंकि फेडरल रिजर्व के निर्णय को प्रभावित करने की क्षमता होने के कारण ये आंकड़े महत्वपूर्ण है। अमेरिका का शीर्ष बैंक सितंबर की बैठक में नीतिगत दर में कटौती पर विचार कर सकता है। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 83.92 प्रति डॉलर पर खुला।

वी मार्क ने पेश की वायर और केबल की रेंज

नोएडा। विद्युत और पावर केबल उद्योग की अग्रणी कंपनी वी-मार्क ने राजधानी में आयोजित एक भव्य कार्यक्रम के दौरान अपनी नवीनतम केबल रेंज फ्लेक्सी टफ एचएफएफआर वायर्स एवं ईबी+ पावर केबल का अनावरण किया। इस आयोजन में उत्तर प्रदेश, दिल्ली, मध्य प्रदेश, बिहार, झारखंड, पंजाब और तमिलनाडु सहित सात राज्यों के 250 से अधिक डीलर्स ने हिस्सा लिया।

रिलायंस एक शेयर पर देगी एक बोनस शेयर, पांच को होगा फैसला

नयी दिल्ली। दिग्गज कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने अपने शेयरधारकों को एक शेयर पर एक बोनस शेयर देने का प्रस्ताव किया है। इस पर अंतिम निर्णय पांच सितंबर को निदेशक मंडल की बैठक में होगा।

रिलायंस इंडस्ट्रीज ने बृहस्पतिवार को शेयर बाजारों को बोनस शेयर संबंधी प्रस्ताव की जानकारी दी। बाजार पूंजीकरण के लिहाज से देश की सबसे मूल्यवान कंपनी रिलायंस ने इससे पहले सितंबर, 2017 में बोनस शेयर जारी किए थे। रिलायंस इंडस्ट्रीज ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा, कंपनी के निदेशक मंडल की बैठक पांच सितंबर बृहस्पतिवार को होने वाली है। इसमें कंपनी के शेयरधारकों को एक पर एक के अनुपात में बोनस शेयर जारी करने की अनुशंसा को निदेशक मंडल के अनुमोदन के लिए रखा जाएगा। रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक मुकेश अंबानी ने कंपनी की वार्षिक आमसभा में शेयरधारकों को संबोधित करते हुए कहा कि निदेशक मंडल की पांच सितंबर को होने वाली बैठक में प्रति शेयर एक बोनस शेयर जारी करने पर विचार किया जाएगा। उन्होंने कहा, जब रिलायंस आगे बढ़ती है तो हम अपने शेयरधारकों को भी इसका लाभ देते हैं। रिलायंस ने इससे पहले 2017 और 2009 में भी शेयरधारकों को 1:1 के अनुपात में बोनस शेयर जारी किए थे। बोनस शेयर की घोषणा से रिलायंस के शेयरों में तेजी रही। कारोबार के अंत में रिलायंस का शेयर 1.50 प्रतिशत से अधिक चढ़ गया। बीएसई पर कंपनी के शेयर 1.51 प्रतिशत बढ़कर 3,040.85 रुपये पर बंद हुए। वहीं एनएसई पर यह शेयर 1.54 प्रतिशत चढ़कर 3,042.90 रुपये पर पहुंच गया। शेयरों के भाव में तेजी से कंपनी का बाजार मूल्यांकन भी 30,389.92 करोड़ रुपये बढ़कर 20,57,382.97 करोड़ रुपये पर पहुंच गया।

फिच ने भारत की रेटिंग को स्थिर परिदृश्य बरकरार रखा

नयी दिल्ली। वैश्विक रेटिंग एजेंसी फिच ने बृहस्पतिवार को भारत की साख को स्थिर परिदृश्य के साथ बीबीबी- पर बरकरार रखा।

इस तरह भारत की रेटिंग सबसे कम निवेश स्तर बीबीबी- पर बनी हुई है। यह अगस्त, 2006 के बाद की सबसे कम निवेश रेटिंग है। फिट रेटिंग्स ने एक बयान में कहा कि रेटिंग एजेंसी ने भारत की दीर्घकालिक विदेशी मुद्रा जारीकर्ता चूक रेटिंग (आईडीआर) को स्थिर परिदृश्य के साथ बीबीबी- पर बरकरार रखा है। बयान के मुताबिक, भारत की रेटिंग को इसके मध्यम अवधि के मजबूत वृद्धि परिदृश्य से समर्थन हासिल है। यह वैश्विक अर्थव्यवस्था में भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के हिस्से के साथ इसकी ठोस बाहरी वित्त स्थिति और इसके कर्ज प्रोफाइल के संरचनात्मक पहलुओं में सुधार को आगे बढ़ाएगा। फिच ने कहा कि हाल ही में राजकोषीय घाटे के लक्ष्यों की प्राप्ति, पारदर्शिता में बढ़ोतरी और राजस्व में उछाल से राजकोषीय विश्वसनीयता बढ़ी है। इससे इस बात की संभावना बढ़ी है कि मध्यम अवधि में भारत के सरकारी कर्ज में मामूली गिरावट आ सकती है। इसके बावजूद राजकोषीय आंकड़े भारत के ऋण परिदृश्य की कमजोरी बने हुए हैं।

शानदार सफर का नया दौर: ऑल-न्यू टीवीएस जूपिटर 110 लॉन्च

लखनऊ। टूव्हीलर और थ्रीव्हीलर बनाने में दुनिया की नामी कंपनियों में से एक टीवीएस मोटर कंपनी (टीवीएसएम) ने आज ऑल-न्यू टीवीएस जूपिटर 110 लॉन्च किया है। यह स्कूटर नेक्स्ट जनरेशन के इंजन और भविष्य के लिहाज से सेगमेंट में पहली बार पेश किए गए कई फीचर्स से लैस है। ऑल-न्यू टीवीएस जूपिटर 110 'ज्यादा' के सार को दर्शाता है - ज्यादा स्टाइल, माइलेज, प्रदर्शन, आराम, सुविधा, सुरक्षा और तकनीक। टीवीएस जूपिटर एक अटूट साथी के रूप में अपने 65 लाख ग्राहकों की कई तरह की जरूरतों को लगातार पूरा करता आया है। ऑल-न्यू टीवीएस जूपिटर 110 के लॉन्च पर बोलते हुए टीवीएस मोटर कंपनी के निदेशक और सीईओ के.एन. राधाकृष्णन ने कहा, 'नया टीवीएस जुपिटर 110 ग्राहकों की अपेक्षाओं, इंजीनियरिंग, तकनीक, डिजाइन और एर्गोनॉमिक्स पर निवेश करने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। यह समय से बहुत बहुत आगे की चीज है। हमने टीवीएसएम शोरूम में ग्राहक अनुभव की गुणवत्ता को भी अपग्रेड किया है और नया टीवीएस जूपिटर 110 एक्सपीरियंस के इस पूरे पैकेज को आगे ले जाता है। हमें विश्वास है कि टीवीएस जूपिटर अपने कई फर्स्ट-इन-सेगमेंट फीचर्स के साथ टू-व्हीलर मार्केट में हमारी पोजीशन को और मजबूत करेगा। टीवीएस जुपिटर 110 पिछले एक दशक से टीवीएस मोटर स्कूटर पोर्टफोलियो का अगुवा रहा है।

टाटा ने किया यातायात के सुरक्षित और स्थायी समाधानों का प्रदर्शन

बेंगलुरु। टाटा मोटर्स ने प्रवास 4.0 में अत्याधुनिक सामूहिक गतिशीलता और सार्वजनिक यातायात के समाधानों का प्रदर्शन किया। यह हर दो साल में आयोजित किया जाने वाला 3 दिवसीय कार्यक्रम है, जहां सुरक्षित, स्मार्ट और स?थायी सामूहिक गतिशीलता के समाधानों का प्रदर्शन किया जाता है। कंपनी ने ऑल-न्यू टाटा अल्ट्रा ईवी 7एम को लॉन्च किया। यह शून्य कार्बन उत्सर्जन करने वाली शहर के भीतर चलने वाली पर्यावरण के लिहाज से स्वच्छ इलेक्ट्रिक बस सर्विस है, जिसे शहरों में लोगों के इधर-उधर जाने की जरूरतों को पूरा करने के लिए परफेक्ट तरीके से डिजाइन किया गया है। टाटा मोटर्स ने सार्वजनिक यातायात के साधनों की विभिन्न श्रेणियों का प्रदर्शन किया गया। इसमें टाटा मैग्ना ईवी, टाटा मैजिक बाई-फ्यूल, टाटा अल्ट्रा प्राइम सीएनजी, टाटा विंगर 9एस, टाटा सिटीराइड प्राइम और टाटा एलपीओ 1822 शामिल हैं। इन सभी वाहनों के निर्माण का उद्देश्य अलग-अलग कामों और अलग-अलग ड्यूटी के लिए कारोबारियों को उनके अनुकूल समाधान प्रदान करना है।

पेज एक का शेष

न्यूक्लियर सबमरीन

है। संस्कृत में इसका अर्थ है- 'दुश्मनों का संहार करने वाला।' भारत की इस दूसरी न्यूक्लियर सबमरीन को विशाखापट्टनम स्थित शिपयार्ड में बनाया गया है। आईएनएस अरिघात समुद्र से 750 किलोमीटर दूर तक मार करने वाली के-15 बैलिस्टिक मिसाइल (न्यूक्लियर) से लैस है। इतना ही नहीं इंडियन नेवी इस सबमरीन को 4000 किलोमीटर तक मार करने वाली के-4 मिसाइल से भी लैस करेगी।

आईएनएस अरिघात सबमरीन की खासियतें :-

-इस न्यूक्लियर सबमरीन का वजन करीब 6000 टन है।

-कठर अरिघात की लंबाई 111.6 मीटर और चौड़ाई 11 मीटर है। इसकी गहराई 9.5 मीटर है।

-समुद्र की सतह पर इसकी रफ्तार 12 से 15 समुद्री मील (यानी 22 से 28 किलोमीटर) प्रति घंटा है।

-इसपर के-15 और बीओ-5 शॉर्ट रेंज की 24 मिसाइलें तैनात हैं।

-ये सबमरीन 700 किलोमीटर तक टारगेट को हिट कर सकती है।

-कठर अरिघात समुद्र के अंदर मिसाइल अटैक करने में उसी तरह सक्षम है, जिस तरह अरिहंत से 14 अक्टूबर 2022 को के-15 एसएलबीएम की सफल टेस्टिंग की गई थी।

-'अरिघात' स्ट्रेटेजिक फोर्स कमांड का हिस्सा बनेगी। स्ट्रेटेजिक फोर्स से जुड़े होने के कारण इस न्यूक्लियर सबमरीन की कमीशनिंग के बारे में ऑफिशियल इंफॉर्मेशन शेयर नहीं की गई है।

सीएम ने एक

कर रहा था। अब वह अपने कृत्यों की सजा भुगत रहा है। जनता-जनार्दन ने जनादेश पांच वर्ष के लिए दिया था, लेकिन अब उपचुनाव झेलना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि अयोध्या में सपा का नेता निषाद बेटी की इज्जत से खिलवाड़ करता है, लेकिन सपा मुखिया उस बेशर्म के खिलाफ कार्रवाई करने के बजाय बेशर्मी से उसका समर्थन कर रहे थे। लखनऊ में एक बेटी पिता के साथ मोटरसाइकिल से जा रही थी तब बरसात में पानी भरने पर सपा के गुंडे बेटी को परेशान करने लगे। तब इनके एक नेता ने सदन में कहा था कि सद्भावना ट्रेन चलनी चाहिए, जिसपर मैंने कहा था कि माफिया-गुंडों के लिए सद्भावना नहीं, बुलेट ट्रेन चलेगी। मुख्यमंत्री ने कथित तौर पर सपा से जुड़े नवाब सिंह यादव को पिछले दिनों कन्नौज में बलात्कार के आरोप में गिरफ्तार किए जाने की ओर इशारा करते हुए कहा कि सपा का तीसरा मॉडल कन्नौज में दिखा। नवाब ब्रांड ही इनकी असली पहचान है। ये अनैतिक तरीके से अर्जित की गई संपत्ति के माध्यम से बेटियों के इज्जत के साथ खिलवाड़ करते हैं। यह आरोपी भी सपा से जुड़ा है। आदित्यनाथ ने कांग्रेस को भी आड़े हाथ लेते हुए कहा कि लालइमली कपड़ा मिल कानपुर की पहचान बन चुकी थी, लेकिन यह बंद हो गई है। यह कांग्रेस के बेईमानी व भ्रष्टाचार का स्मारक बन चुका है। नौजवानों को यहां नौकरी व रोजगार मिलना चाहिए था। हजारों लोगों के परिवार का पेट भरा जाना चाहिए था, लेकिन आज वह लाल इमली इनके भ्रष्टाचार का स्मारक बनकर चिढ़ा रही है। हमारी सरकार लाल इमली के पुनरोद्धार के लिए बड़ा पैकेज देने पर विचार कर रही है। हमारी सरकार ने सिक यूनिट को पूरी भूमि व पुनरुद्धार के पैकेज पर आगे विचार किया है। उन्होंने अपनी सरकार द्वारा बिना भेदभाव के नौकरी दिये जाने का दावा करते हुए कहा कि बिना सिफारिश और घूस के साढ़े सात वर्ष में साढ़े छह लाख नौजवानों ने सरकारी नौकरी हासिल की। युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ करने वालों को सरकार कतई बर्दाश्त नहीं करती। उनके बाप-दादा, पुरखों की जमीन जब्त कर गरीबों में बंटवाई जा रही है। आदित्यनाथ ने यह भी कहा कि सरकार दो वर्ष में दो लाख युवाओं को सरकारी नौकरी देगी। इसके अलावा 60 हजार 200 से अधिक नौजवानों के लिए पुलिस भर्ती की प्रक्रिया जारी है। उन्होंने कहा कि 50 लाख नौजवानों को प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, प्रधानमंत्री स्वरोजगार योजना, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, ओडीओपी, पीएम स्वनिधि, पीएम विश्वकर्मा, मुख्यमंत्री विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना से जोड़ा जा रहा है।

सीएम वितरित

पूंजीगत सब्सिडी, एसजीएसटी प्रतिपूर्ति एवं व्यवसायों के लिए अन्य वित्तीय प्रोत्साहनों का प्राविधान किया गया है। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में विगत कुछ वर्षों में राज्य में उत्कृष्ट अवस्थापना सुविधाओं का विकास किया गया है, जिसमें एक्सप्रेसवेज, हवाई अड्डे, अन्तर्देशीय जलमार्ग, वेस्टर्न तथा ईस्टर्न डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर एवं औद्योगिक पार्कों व डिफेंस कॉरीडोर का द्रुत गति से विकास हो रहा है। ईज ऑफ डूइंग बिजनेस में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। निवेश मित्र सिंगल विंडो पोर्टल, निवेश सारथी पोर्टल, उद्यमी मित्र जैसी सुविधाओं से प्रदेश में निवेश करने की प्रक्रिया का सरलीकरण हुआ है। राज्य सरकार के इन कदमों के फलस्वरूप प्रदेश में आयोजित की गईं इन्वेस्टर्स समिट्स में लाखों करोड़ रुपए के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं तथा अनेक निवेश परियोजनाओं का शुभारंभ हुआ है। इसी कड़ी में शुक्रवार को यह इंसेंटिव और एलओसी वितरण का कार्यक्रम आयोजित हो रहा है। कार्यक्रम में प्रदेश सरकार के मंत्री, वित्त, सुरेश खन्ना, मंत्री, औद्योगिक विकास नन्द गोपाल गुप्ता 'नंदी', राज्य मंत्री, औद्योगिक विकास जसवंत सिंह सैनी तथा राज्य मंत्री इलेक्ट्रॉनिक्स एवं आईटी, अजित पाल सिंह सहित संबंधित निवेशकों द्वारा प्रतिभाग किया जाएगा।

जम्मू-कश्मीर में

करनाह सेक्टर में संदिग्ध गतिविधि का पता चला, जिसके बाद सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच गोलीबारी हुई। अधिकारियों ने कहा सुबह दोनों स्थानों की तलाशी लेने पर कुमकडी में दो शव और करनाह में एक शव देखा गया। कुपवाड़ा जिले में जम्मू-कश्मीर पुलिस की खुफिया जानकारी के आधार पर यह छठा अभियान चलाया गया था। इन अभियानों में 10 आतंकवादी मारे गए हैं और वे सभी विदेशी थे।

रंग लायी

इसकी लोकेशन चिह्नित कर ली गई। फिजिको केमिकल इमोबलाइजेशन का सहारा लिया गया। फिर जाल डालकर इसे पकड़ लिया गया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर वन व पर्यावरण मंत्री डॉ. अरुण सक्सेना, प्रधान मुख्य वन संरक्षक व विभागाध्यक्ष सुधीर कुमार शर्मा, प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यजीव) संजय श्रीवास्तव आदि बुधवार को बहराइच पहुंचे थे। पीड़ितों के बीच गांवों में पहुंचकर उन्हें जागरुक करने के बाद वन मंत्री ने विश्वास दिलाया था कि भेड़िए को पकड़ने के लिए विभाग की टीम पूरी तरह से मुस्तैद है। मुख्यमंत्री स्वयं इस पर नजर रखे हैं। वन मंत्री के पहुंचने के 24 घंटे के भीतर ही इस आदमखोर भेड़िए को पकड़ लिया गया। काफी मशक्कत के बाद वन विभाग की मेहनत रंग लाई। पिछले कई सप्ताह से लगी वन विभाग की टीम का प्रयास रंग लाया। अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक रेनू सिंह लगातार यहां कैंप कर रही थीं। बहराइच के डीएफओ अजीत सिंह, देवीपाटन के वन संरक्षक मनोज सोनकर, इस अभियान के नोडल व बाराबंकी के डीएफओ आकाश बधावन अपनी टीम संग यहां लगातार ऑपरेशन भेड़िया को अंजाम देने के लिए मुस्तैद थे।

असम विधानसभा में

सकेगा, साथ ही इससे विधवाओं को अपने उन उत्तराधिकार के अधिकार तथा अन्य लाभ और विशेषाधिकार प्राप्त करने में सहायता मिलेगी, जिनकी वे अपने पति की मृत्यु के बाद हकदार हैं। उन्होंने कहा कि यह विधेयक पुरुषों को शादी के बाद पत्नियों को छोड़ने से भी रोकेगा और विवाह संस्था को मजबूत करेगा। पहले, मुस्लिम विवाह काजियों द्वारा पंजीकृत किए जाते थे। हालांकि, यह नया विधेयक यह सुनिश्चित करेगा कि समुदाय के सभी विवाह सरकार के पास पंजीकृत हों।

प्रशिक्षु अधिकारियों ने की पीएम से मुलाकात

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बृहस्पतिवार को भारतीय विदेश सेवा (आईएफएस) के प्रशिक्षु अधिकारियों से चर्चा की और उन्हें बताया कि कैसे विश्व स्तर पर देश की धारणा बदल रही है। इस दौरान उन्होंने कहा कि आज का भारत आपसी सम्मान और गरिमा के साथ समान स्तर पर दुनिया के साथ संवाद करता है। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) की ओर से जारी एक बयान के मुताबिक आईएफएस के 2023 बैच के प्रशिक्षु अधिकारियों ने आज सुबह 7, लोक कल्याण मार्ग पर मोदी से मुलाकात की। इस बैच में 15 विभिन्न राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों से 36 आईएफएस अधिकारी प्रशिक्षण ले रहे हैं। बयान में कहा गया कि प्रशिक्षु अधिकारियों ने प्रधानमंत्री के नेतृत्व में विदेश नीति की सफलता की सराहना की और अपनी आगामी जिम्मेदारियों और इससे संबंधित कार्यों पर उनसे सुझाव और मार्गदर्शन मांगा। प्रधानमंत्री ने सुझाव दिया कि वह जहां भी तैनात रहें, उन्हें गर्व के साथ देश की संस्कृति का ध्यान रखना चाहिए और जहां भी मौका मिले उसका प्रदर्शन करने का प्रयास करना चाहिए। मोदी ने अधिकारियों से व्यक्तिगत आचरण सहित जीवन के सभी क्षेत्रों में औपनिवेशिक मानसिकता पर काबू पाने और इसके बजाय खुद को देश के गौरवशाली प्रतिनिधियों के रूप में पेश करने की सलाह दी। बयान में कहा गया, प्रधानमंत्री ने यह भी चर्चा की कि विश्व स्तर पर देश की धारणा कैसे बदल रही है। उन्होंने कहा कि अब हम आपसी सम्मान और गरिमा के साथ समान स्तर पर दुनिया के साथ वार्ता करते हैं। प्रधानमंत्री ने इस दौरान प्रशिक्षु अधिकारियों को बताया कि कैसे भारत ने अन्य देशों की तुलना में कोविड महामारी का मुकाबला किया। उन्होंने उन्हें बताया कि कैसे भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री ने उन्हें यह भी सुझाव दिया कि वे विदेशों में अपनी तैनाती के दौरान भारतीय प्रवासियों के साथ अपने जुड़ाव का विस्तार करें।

गोंडा में सड़क हादसा, भाई-बहन की मौत

गोंडा। जिले में बृहस्पतिवार को हुए सड़क हादसे में भाई-बहन की मौत हो गई, जबकि उनके माता-पिता गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने दोनों बच्चों के शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। कर्नलगंज थाने के प्रभारी निरीक्षक श्रीधर पाठक ने बताया कि फखरपुर थाना क्षेत्र के मरौचा के निवासी आलोक सिंह अपनी पत्नी सुमन सिंह तथा बेटे शिवा (3) व बेटी आराध्या (18 माह) के साथ बृहस्पतिवार दोपहर मोटरसाइकिल से कर्नलगंज थाना क्षेत्र के काशीपुर स्थित अपनी ससुराल आ रहे थे। कर्नलगंज-हुजूरपुर मार्ग पर गड़रियन पुरवा गांव के पास एक ट्रैक्टर ट्रॉली की चपेट में आने से वे सभी गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों के सहयोग से उन्हें तत्काल उपचार के लिए कर्नलगंज के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां शिवा और आराध्या को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया जबकि आलोक सिंह और उनकी पत्नी को गंभीर अवस्था में बेहतर इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज ले जाया गया, जहां दोनों की हालत स्थिर बनी हुई है और ट्रैक्टर ट्रॉली चालक की तलाश की जा रही है।

तेंदुलकर ने आचरेकर प्रतिमा लगाने पर राज्य सरकार का किया स्वागत,शाहरूख का स्टीपलचेस में रिकॉर्ड

मुंबई। महान क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर ने बृहस्पतिवार को यहां शिवाजी पार्क में अपने बचपन के कोच रमाकांत आचरेकर की प्रतिमा लगाने के महाराष्ट्र सरकार के फैसले का स्वागत किया। राज्य के शहरी विकास विभाग ने बुधवार को शिवाजी पार्क के गेट नंबर 5 के पास आचरेकर की छह फीट ऊंची प्रतिमा लगाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी। तेंदुलकर ने शिवाजी पार्क में ही अपने कौशल को निखारा और दुनिया के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजों में शुमार हुए। तेंदुलकर ने इंस्टाग्राम पर लिखा, आचरेकर सर ने मेरे और कई अन्य लोगों के जीवन पर बहुत बड़ा प्रभाव डाला है। मैं उनके सभी छात्रों की ओर से बोल रहा हूं। उन्होंने लिखा, आचरेकर सर की जिंदगी शिवाजी पार्क में क्रिकेट के इर्द-गिर्द घूमती थी। वह हमेशा शिवाजी पार्क में रहना चाहते होंगे। मैं आचरेकर सर की कर्मभूमि पर उनकी प्रतिमा बनाने के सरकार के फैसले से बहुत खुश हूं। सरकार ने अपने प्रस्ताव में कहा कि प्रतिमा के निर्माण की जिम्मेदारी बृहन्मुंबई नगर निगम की होगी। आचरेकर ने भारत के 12 खिलाड़ियों को कोचिंग दी थी, उन्हें 1990 में द्रोणाचाय पुरस्कार से नवाजा गया था। तेंदुलकर के अलावा उन्होंने रामनाथ पार्कर, बलविंदर सिंह संधू, लालचंद राजपूत, चंद्रकांत पंडित, प्रवीण आमरे, समीर दीघे, विनोद कांबली, संजय बांगड़, पारस म्हाम्ब्रे, रमेश पोवार और अजीत अगरकर को कोचिंग दी थी। वहीं दूसरी ओर

लीमा। भारत के शाहरूख खान ने 3000 मीटर स्टीपलचेस में राष्ट्रीय अंडर 20 रिकॉर्ड तोड़कर अपनी हीट में छठे स्थान पर रहते हुए विश्व एथलेटिक्स अंडर 20 चैम्पियनशिप के फाइनल के लिये क्वालीफाई कर लिया। अठारह वर्ष के शाहरूख ने आठ मिनट 45 . 12 सेकंड का समय लेकर अपनी हीट में छठा स्थान हासिल किया। फाइनल 31 अगस्त को होगा। दोनों हीट में से शीर्ष आठ खिलाड़ियों ने फाइनल में जगह बनाई है। इससे पहले अंडर 20 राष्ट्रीय रिकॉर्ड राजस्थान के 19 वर्ष के राजेश के नाम था जिन्होंने मई में भुवनेश्वर में फेडरेशन कप राष्ट्रीय सीनियर चैम्पियनशिप में चौथा स्थान हासिल करके आठ मिनट 50 . 12 सेकंड का समय निकाला था। खान का इससे पहले सर्वश्रेष्ठ व्यक्तिगत प्रदर्शन आठ मिनट 51 . 75 सेकंड का था जब उन्होंने पिछले साल जून में कोरिया में एशियाई अंडर 20 चैम्पियनशिप में रजत पदक जीता था। भारत के जय कुमार ने पुरूषों की 400 मीटर दौड़ के फाइनल में प्रवेश कर लिया जो अपनी सेमीफाइनल हीट में तीसरे स्थान पर रहे।

खेलों को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है सरकार

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बृहस्पतिवार को राष्ट्रीय खेल दिवस पर महान हॉकी खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद को श्रृद्धांजलि देते हुए कहा कि उनकी सरकार खेलों को बढावा देने और यह सुनिश्चित करने के लिये प्रतिबद्ध है कि अधिक से अधिक युवा खेलों में अपनी चमक बिखेरें। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर लिखा , राष्ट्रीय खेल दिवस की शुभकामनायें। आज हम मेजर ध्यानचंद जी को श्रृद्धांजलि दे रहे हैं। यह उन सभी को बधाई देने का अवसर है जिन्हें खेलों का जुनून है और जो भारत के लिये खेले हैं। उन्होंने कहा , हमारी सरकार खेलों को बढावा देने के लिये प्रतिबद्ध है। हम यह भी सुनिश्चित करने के लिये प्रतिबद्ध हैं कि अधिक से अधिक युवा खेलें और खेलों में अपनी चमक बिखेरें। राष्ट्रीय खेल दिवस हर वर्ष 29 अगस्त को मेजर ध्यानचंद के जन्मदिन पर मनाया जाता है।

पेरिस में पैरालम्पिक का रंगारंग आगाज

ढलते सूरज की मद्धिम रोशनी में हजारों खिलाड़ियों ने चैम्प्स एलिसीस एवेन्यू से प्लेस डे ला कोंकोर्ड तक चली देशों की परेड में हिस्सा

एजेंसी

पेरिस। ओलंपिक की मेजबानी के चंद हफ्ते बाद ही पेरिस में करीब चार घंटे तक शहर के बीचोंबीच चले उद्घाटन समारोह के साथ ही खेलों में जीवट और जिजीविषा की बानगी पेश करते पैरालम्पिक का आगाज हुआ। ढलते सूरज की मद्धम रोशनी में हजारों खिलाड़ियों ने चैम्प्स एलिसीस एवेन्यू से प्लेस डे ला कोंकोर्ड तक चली देशों की परेड में हिस्सा लिया जहां फ्रांस के राष्ट्रपति एमैन्युअल मैकरोन ने पैरालम्पिक खेलों की आधिकारिक शुरूआत की घोषणा की।

ऐतिहासिक चौक के आसपास बनाई दीर्घाओं से करीब 50000 लोगों ने उद्घाटन समारोह देखा। आठ सितंबर तक चलने वाले इन खेलों में 22 विधाओं में 4000 से अधिक खिलाड़ी भाग लेंगे जिनमें दिव्यांग, दृष्टिबाधित या बौद्धिक रूप से अक्षम खिलाड़ी शामिल हैं। आयोजकों ने कहा कि खेलों के 28 लाख टिकटों में से 20 लाख से अधिक बिक चुके हैं। ओलंपिक की ही तरह पैरालम्पिक का उद्घाटन समारोह भी स्टेडियम में आयोजित नहीं किया गया। सिर के ऊपर से गुजरते लड़ाकू विमानों से फ्रांसीसी ध्वज के तीन रंगों लाल, सफेद और नीले रंग का गुबार निकल रहा था। इसके बाद वर्णमाला के क्रमानुसार देशों की परेड हुई। ब्राजील के दल में 250 से अधिक सदस्य थे तो म्यामांर के दल में सिर्फ तीन खिलाड़ी थे। यूक्रेन के दल का तालियों की गड़गड़ाहट के साथ स्वागत किया गया और कुछ दर्शक अभिवादन में खड़े भी हो गए। फ्रांस का दल सबसे आखिर में आया तब दर्शक दीर्घा से मशहूर फ्रांसीसी गीत सुनाई दे रहे थे। पूरे समारोह के दौरान गायकों, नर्तकों और संगीतकारों ने मंच पर प्रस्तुति जारी रखी। इनमें सक्षम और दिव्यांग दोनों कलाकार थे। अंतरराष्ट्रीय पैरालम्पिक समिति के अध्यक्ष एंडूयू पारसोंस ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि पेरिस पैरालम्पिक से खेलों के मैदान से इतर भी समावेशिता क्रांति का सूत्रपात होगा। समारोह के समापन के साथ ही पैरालम्पिक खेलों की मशाल पूर्व ओलंपिक व्हीलचेयर टेनिस स्वर्ण पदक विजेता माइकल जेरेमियाज लेकर आये। फ्रांस के पांच पैरालम्पियन ने ओलंपिक कुंड में अग्नि प्रज्जवलित की।

नितेश . तुलसीमति की जोड़ी ने पैरालम्पिक में जीत के साथ शुरूआत की

पेरिस। भारत के नितेश कुमार और तुलसीमति मुरूगेसन ने हमवतन सुहास यथिराज और पलक कोहली को पैरालम्पिक खेलों में बैडमिंटन मिश्रित युगल (एसएल 3 . एसयू 5) के ग्रुप चरण के पहले मैच में हराया। नितेश और तुलसीमति ने ग्रुप ए का यह मुकाबला 31 मिनट में 21 . 14, 21 . 17 से जीता। शिवराजन सोलाइमलाइ और नित्या श्री की दूसरी वरीयता प्राप्त जोड़ी मिश्रित युगल में एसएच6 ग्रुप मैच में अमेरिका के माइल्स क्राजेवस्की और जेसी सिमोन से सीधे गेम में हार गई। उन्हें अमेरिकी जोड़ी ने 35 मिनट में 23 . 21, 21 . 11 से हराया। हरियाणा के करनाल के रहने वाले 29 वर्ष के नितेश और तमिलनाडु की तुलसीमति ने हांगझोउ पैरा एशियाई खेलों में मिश्रित टीम में कांस्य पदक जीता था। एसएल3 खिलाड़ियों के शरीर के एक हिस्से में विकृति होती है जबकि एसयू 5 खिलाड़ियों के शरीर के ऊपरी हिस्से में विकृति होती है। एसएच 6 वर्ग बौने खिलाड़ियों के लिये है।

अमित शाह ने पेरिस पैरालम्पिक में भारतीय दल को शुभकामना दी

नयी दिल्ली, 29 अगस्त (भाषा) केंद्रीय खेलमंत्री अमित शाह ने पेरिस पैरालम्पिक में गए भारतीय दल को शुभकामनायें देते हुए कहा कि उन्हें विश्वास है कि खिलाड़ी भारत की असली ताकत की बानगी देंगे। शाह ने एक्स पर लिखा , हमारी पैरालम्पिक टीम को शुभकामनायें। हमारा दल पेरिस पैरालम्पिक 2024 में भारत का परचम लहराने गया है , मैं उन्हें अपनी हार्दिक शुभकामनायें देता हूं। उन्होंने कहा , तिरंगे की शान को बनाए रखने के लिए प्रत्येक खिलाड़ी का दृढ़ संकल्प, रास्ते में आने वाली हर चुनौती को पार करना, नई पीढ़ी के लिए प्रेरणा है। मुझे पूरा विश्वास है।

ऑस्ट्रेलिया में भारत की जीत की संभावना बल्लेबाजों पर निर्भर

मुंबई। आस्ट्रेलिया के पूर्व कोच जॉन बुकानन का मानना है कि भारत की आस्ट्रेलिया में टेस्ट श्रृंखला में जीत की हैट्रिक लगाने की संभावना इस बात पर निर्भर करेगी कि उसके उम्रदराज स्टार क्रिकेटर रोहित शर्मा और विराट कोहली मेजबान टीम के तेज गेंदबाजों का सामना किस तरह करते हैं। भारत 1991-92 के बाद पहली बार बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के लिए पांच मैचों की टेस्ट श्रृंखला के लिए आस्ट्रेलिया का दौरा करेगा जिसका पहला मैच 22 नवंबर से पर्थ में शुरू होगा।

मुख्य कोच के तौर पर आस्ट्रेलिया के सभी प्रारूपों में स्वर्णिम दौर का मार्गदर्शन करने वाले बुकानन ने कहा कि भारत और आस्ट्रेलिया दोनों के पास उम्रदराज खिलाड़ियों की भरमार है लेकिन इससे दोनों टीम के बीच प्रतिस्पर्धा में कोई बाधा नहीं होगी। बुकानन ने बृहस्पतिवार को सीपी गोयंका इंटरनेशनल स्कूल के लिए रेडी स्टेडी गो किड्स खेल कार्यक्रम के लांच के बाद पीटीआई से बातचीत में कहा, पिछली श्रृंखला में भारत से हारने के बाद से आस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाजी आक्रमण में (ऑफ स्पिनर नाथन लियोन) के साथ अब कैमरन ग्रीन और मिचेल मार्श शामिल हैं। यह काफी ताकतवर गेंदबाजी लाइनअप है। उन्होंने कहा, भारत के शीर्ष क्रम में यशस्वी जायसवाल, रोहित शर्मा, विराट कोहली और संभवतः श्रेयस अय्यर को अच्छा स्कोर बनाने के लिए काफी अच्छी बल्लेबाजी करनी होगी और फिर जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद शमी, मोहम्मद सिराज जैसे गेंदबाज अपनी काबिलियत दिखायेंगे।

बुकानन ने कहा कि पिछले दो दौरों पर भारत की जीत का इतना ज्यादा मनोवैज्ञानिक असर नहीं होगा क्योंकि उस जीत में अहम रहे दो मुख्य खिलाड़ी चेतेश्वर पुजारा और अजिंक्य रहाणे आगामी श्रृंखला के लिए दौरा करने वाली टीम का हिस्सा नहीं होंगे। उन्होंने कहा, भारत ने जो पिछली श्रृंखला जीती थी वो भारत और आस्ट्रेलिया दोनों के ही दृष्टिकोण से काफी अहम थी। श्रृंखला से पहले थोड़ा बहुत दबाव बनाने के लिए माइंड गेम देखने को मिलेगा। बुकानन ने साथ ही कहा, लेकिन इन सबके बावजूद बात करें तो पिछली श्रृंखला बीत चुकी हैं। वो खिलाड़ी अब टीम में नहीं हैं जिन्होंने अच्छा प्रदर्शन किया था। आस्ट्रेलियाई और भारतीय दोनों में ही हमारे पास जो मौजूदा खिलाड़ी हैं, वे अपने करियर के उस चरण में हैं जहां वे सभी अच्छा प्रदर्शन करना चाहते हैं। उन्होंने कहा, उम्र को देखें तो भारत की टीम में कुछ उम्रदराज खिलाड़ी हैं जिसमें रोहित 37 वर्ष के हैं और कोहली 35 साल के हैं। रविचंद्रन अश्विन दौरा करते हैं तो उनकी उम्र 37 साल हैं। अगर आप आस्ट्रेलियाई टीम को देखो तो केवल एक या दो ही खिलाड़ी ऐसे हैं जो 30 साल से कम उम्र के हैं। बुकानन ने कहा, यह दोनों अच्छे तेज गेंदबाजी आक्रमण वाली टीमों के बीच मुकाबला होगा जिसमें दोनों टीमों के शीर्ष क्रम के खिलाड़ी कैसा प्रदर्शन करते हैं, नतीजा इस पर निर्भर होगा।

भारत में टेस्ट श्रृंखला के लिए न्यूजीलैंड के गेंदबाजी कोच नियुक्त किये गये जैकब ओरम

ऑकलैंड। न्यूजीलैंड ने पूव तेज गेंदबाज जैकब ओरम को मौजूदा विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप चक्र में भारत में होने वाली तीन टेस्ट मैच की श्रृंखला से पहले अपना गेंदबाजी कोच नियुक्त किया। न्यूजीलैंड के लिए तीन वनडे और चार टी20 विश्व कप खेल चुके 46 वर्षीय ओरम सात अक्टूबर को जिम्मेदारी संभालेंगे। न्यूजीलैंड की टीम भारत के खिलाफ बेंगलुरु में 16 से 20 अक्टूबर तक श्रृंखला का पहला टेस्ट मैच खेलेगी जिसके बाद पुणे (24 से 28 अक्टूबर) और मुंबई में टेस्ट खेले जायेंगे। हाल में अमेरिका और वेस्टइंडीज में हुए टी20 विश्व कप के दौरान ओरम न्यूजीलैंड के गेंदबाजी कोच रहे थे।

संक्षेप

फिरौजा ने जीसीटी और सिंकफील्ड चरण जीता

सेंट लुई। फ्रांस के ग्रैंडमास्टर अलीरेजा फिरौजा अंतिम गेम में भारतीय स्टार खिलाड़ी आर प्रज्ञानांनदा से ड्रा खेलने के बावजूद सिंकफील्ड कप में चैम्पियन बनने के साथ ग्रां शतरंज टूर (जीसीटी) 2024 जीतने में सफल रहे। फिरौजा को टूर्नामेंट में एक भी हार का सामना नहीं करना पड़ा, उन्होंने बचे हुए तीन गेम में तीन जीते और तीन में ड्रा खेला। जीसीटी के गत चैम्पियन फैबियानो कारूआना को अंतिम राउंड गेम में हालैंड के अनीश गिरी पर जीत के बावजूद दूसरे स्थान से संतोष करना पड़ा और उनके 5.5 अंक रहे। फ्रांस के मैक्सिम वाचियर लागावेर और नोडिरबेक अब्दुसत्तोरोव संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर रहे। लागावेर ने अंतिम राउंड के गेम में चीन के डिंग लिरेन को और नोडिरबेक ने रूस के इयान नेपोमनियाच्ची को मात दी।

बालाजी और युकी अमेरिकी ओपन दूसरे दौर में

न्यूयॉर्क। भारत के युगल खिलाड़ियों एन श्रीराम बालाजी और युकी भांबरी ने अमेरिकी ओपन पुरूष युगल वर्ग में अपने अपने जोड़ीदारों के साथ पहले दौर के मुकाबले जीत लिये हैं। बालाजी और अर्जेंटीना के गुइडो एंड्रियोजी ने न्यूजीलैंड के मार्कस डेनियल और मैक्सिको के मिगुल रेयेस वारेला को 5 . 7, 6 . l, 7 . 6 से हराया। युकी और फ्रांस के अलबानो ओलिवेत्ती ने स्थानीय वाइल्ड कार्डधारी रियान सेजेरमैन और पैट्रिक टी को 6 . 3, 6 . 4 से मात दी।

सुकांत, सुहास और तरुण ने जीत से की शुरुआत

एजेंसी

पेरिस। भारत के सुकांत कदम, सुहास यथिराज और तरूण ने बृहस्पतिवार को यहां पैरालम्पिक खेलों में बैडमिंटन पुरुष एकल एसएल4 ग्रुप मैचों में अलग अलग अंदाज में जीत हासिल की। सुकांत (31 वर्ष) ने ग्रुप बी के शुरूआती मैच में मलेशिया के मोहम्मद अमीन बुरहानुद्दीन पर एक गेम से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए 17-21 21-15 22-20 से जीत हासिल की। तोक्यो पैरालंपिक के रजत पदक विजेता सुहास को इंडोनेशिया के हिकमत रामदानी को ग्रुप ए मैच में हराने में जरा भी पसीना नहीं बहाना पड़ा, उन्होंने महज 22 मिनट में 21-7 21-5 से जीत दर्ज की। अपना दूसरा पैरालंपिक खेल रहे तरूण ने पुरुष एकल एसएल4 ग्रुप डी मैच में ब्राजील के ओलिवेरा रोजेरेयो जूनियर जेवियर को 21-17 21-19 से मात दी। एसएल4 में वो एथलीट प्रतिस्पर्धा करते हैं जिनके निचले अंग में कमजोरी होती है और जन्हें चलने या दौड़ने में संतुलन की मामूली समस्या होती है। नितेश कुमार और तुलसीमति मुरूगेसन ने हमवतन सुहास यथिराज और पलक कोहली को मिश्रित युगल (एसएल 3 . एसयू 5) के ग्रुप चरण के पहले मैच में हराया।

पैरालम्पिक में मानसी और मंदीप हारीं

नितेश और तुलसीमति ने ग्रुप ए का यह मुकाबला 31 मिनट में 21 . 14, 21 . 17 से जीता। हालांकि मंदीप कौर और मानसी जोशी को एसएल3 महिला एकल ग्रुप चरण मुकाबलों में हार का सामना करना पड़ा। मानसी ने ग्रुप ए में इंडोनेशिया की कोनिताह इख्तियार सयाकुरोह के खिलाफ पहला गेम जीत लिया लेकिन दबाव में आकर 21-16 13-21 18-21 से हार गई। मंदीप को ग्रुप बी मैच में नाईजीरिया की मरियम इनियोला बोलाजी से 8-21 14-21 से शिकस्त मिली। शिवराजन सोलाइमलाइ और नित्या श्री की दूसरी वरीयता प्राप्त जोड़ी मिश्रित युगल में एसएच6 ग्रुप मैच में अमेरिका के माइल्स क्राजेवस्की और जेसी सिमोन से सीधे गेम में हार गई। उन्हें अमेरिकी जोड़ी ने 35 मिनट में 23 . 21, 21 . 11 से हराया। हरियाणा के करनाल के रहने वाले 29 वर्ष के नितेश और तमिलनाडु की तुलसीमति ने हांगझोउ पैरा एशियाई खेलों में मिश्रित टीम में कांस्य पदक जीता था। एसएल3 खिलाड़ियों के शरीर के एक हिस्से में विकृति होती है जबकि एसयू 5 खिलाड़ियों के शरीर के ऊपरी हिस्से में विकृति होती है। एसएच 6 वर्ग बौने खिलाड़ियों के लिये है।

नितेश . तुलसीमति की जोड़ी ने पैरालम्पिक में जीत के साथ शुरूआत की

पेरिस। भारत के नितेश कुमार और तुलसीमति मुरूगेसन ने हमवतन सुहास यथिराज और पलक कोहली को पैरालम्पिक खेलों में बैडमिंटन मिश्रित युगल (एसएल 3 . एसयू 5) के ग्रुप चरण के पहले मैच में हराया। नितेश और तुलसीमति ने ग्रुप ए का यह मुकाबला 31 मिनट में 21 . 14, 21 . 17 से जीता। हरियाणा के करनाल के रहने वाले 29 वर्ष के नितेश और तमिलनाडु की तुलसीमति ने हांगझोउ पैरा एशियाई खेलों में मिश्रित टीम में कांस्य पदक जीता था।

बिहार में होगा महिला एशियाई चैंपियन्स ट्रॉफी का आयोजन

एजेंसी

नयी दिल्ली। महिला एशियाई चैंपियन्स ट्रॉफी हॉकी टूर्नामेंट के अगले सत्र का आयोजन बिहार के ऐतिहासिक शहर राजगीर में 11 से 20 नवंबर तक होगा। देश में हॉकी की संचालन संस्था हॉकी इंडिया ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। टूर्नामेंट का आयोजन हॉकी इंडिया और बिहार सरकार करेंगे और यह नव-विकसित राजगीर हॉकी स्टेडियम में खेल जाएगा। पिछले साल हॉकी झारखंड ने रांची में महिला एशियाई चैंपियन्स ट्रॉफी का सफल आयोजन किया था जिसका खिताब भारत ने जीता था। गत चैंपियन भारत के अलावा ओलंपिक रजत पदक विजेता चीन, जापान, कोरिया, मलेशियाई और थाईलैंड के इस टूर्नामेंट में हिस्सा लेने की उम्मीद है। इस महाद्वीपीय टूर्नामेंट में हिस्सा लेने वाली टीमों का स्वागत करते हुए बिहार के मुख्यमंत्री नितीश कुमार ने कहा, मैं आठवीं महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी के लिए बिहार सरकार का समर्थन देने को पर बहुत खुश हूं। हम इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में हिस्सा लेने वाली अंतरराष्ट्रीय टीमों का स्वागत करते हैं। उन्होंने कहा, हमें उम्मीद करते हैं कि इस प्रतियोगिता के लिए आने वाली हॉकी टीमें, अधिकारी और हॉकी प्रशंसक हमारे लोगों की मेहमाननवाजी का लुत्फ उठाएंगे, इस प्रतियोगिता को सफल बनाने के लिए हम कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। एशियाई हॉकी महासंघ के अध्यक्ष दातो फुमियो ओगुरा ने कहा, मैं पिछले साल भारत में पुरुष और महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी की सफल मेजबानी करने के बाद इस बड़े आयोजन की मेजबानी की जिम्मेदारी लेने के लिए हॉकी इंडिया के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करता हूं। उन्होंने कहा, मुझे विश्वास है कि बिहार के राजगीर में होने वाली प्रतियोगिता झारखंड के रांची में आयोजित पिछले सत्र की तरह काफी सफल होगी। हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप तिर्की ने कहा, यह हॉकी के लिए एक ऐतिहासिक क्षण है क्योंकि यह पहली बार है जब बिहार में कोई अंतरराष्ट्रीय हॉकी टूर्नामेंट आयोजित किया जा रहा है। हम इस प्रतियोगिता की मेजबानी के लिए अवसर और समर्थन के लिए एशियाई हॉकी महासंघ (एएचएफ) और बिहार सरकार के आभारी हैं।

साइकिलिस्ट ज्योति गडेरिया पैरालंपिक 3000 मी व्यक्तिगत परस्यूट में 10वें स्थान पर रहीं

पेरिस। भारत की ज्योति गडेरिया बृहस्पतिवार को यहां पैरालंपिक की महिलाओं की सी।-3 3000 मीटर व्यक्तिगत परस्यूट साइकिलिंग स्पर्धा के क्वालीफाइंग दौर में 10वें और अंतिम स्थान पर रहकर बाहर हो गईं। ज्योति ने 3000 मीटर की दूरी तय करने में चार मिनट 53.929 सेकेंड का समय लिया जिससे वह 10वें स्थान पर रहीं। चीन की वांग जियाओमेई (3:44.660) और ब्रिटेन की डाफने श्रागर (3:45.133) क्वालीफाइंग दौर में क्रमशः पहले और दूसरे स्थान पर रहीं जिससे अब दोनों स्वर्ण पदक के लिए मुकाबला करेंगी। जर्मनी की मैके हॉसबरगर और स्विट्जरलैंड की फ्लूरिना रिगलिंग क्रमशः तीसरे और चौथे स्थान पर रहीं जिससे दोनों के बीच कांस्य पदक के लिए मुकाबला होगा। पैरा-साइकिलिंग में मस्तिष्क पक्षाघात, निचले अंग के कटने और विकलांगता वाले एथलीट सी। से सी5 की पांच श्रेणियों में प्रतिस्पर्धा करते हैं।

भारत की अरूणा तंवर पैरालंपिक ताइक्वांडो के राउंड 16 में हारीं

पेरिस। भारत की अरूणा तंवर को बृहस्पतिवार को यहां पेरिस पैरालंपिक की ताइक्वांडो स्पर्धा में महिला के 44-47 किग्रा वर्ग के राउंड 16 मुकाबले में तुर्की की नुरसिहान एकिंसी से 0-19 से करारी शिकस्त झेलनी पड़ी। अरूणा तुर्की की अपनी प्रतिद्वंद्वी की कोई बराबरी नहीं कर सकीं जिन्होंने पांच मिनट के राउंड में अपनी इच्छानुसार अंक जुटाये। इस दौरान भारतीय खिलाड़ी ने एक पेनल्टी अंक भी गंवाया। के44 वर्ग में वो खिलाड़ी हिस्सा लेते हैं जिनके एक हाथ में कोहनी के ऊपर की विकलांगता होती है।

मांडविया, जफर इकबाल ने राष्ट्रीय खेल दिवस पर मेजर ध्यानचंद को श्रृद्धांजलि दी

नयी दिल्ली। खेलमंत्री मनसुख मांडविया और भारतीय हॉकी टीम के पूर्व कप्तान जफर इकबाल ने राष्ट्रीय खेल दिवस पर यहां मेजर ध्यान चंद को श्रृद्धांजलि दी। स्वतंत्रता पूर्व लगातार तीन ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतने वाले हॉकी के जादूगर मेजर ध्यान चंद का जन्मदिन राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में मनाया जाता है। मांडविया ने यहां नेशनल स्टेडियम पर ध्यान चंद की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किये। उन्होंने पीटीआई वीडियो से कहा , राष्ट्रीय खेल दिवस के मौके पर हम मेजर ध्यान चंद को उनकी जयंती पर श्रृद्धा सुमन अर्पित करते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सही कहा है कि जो खेलेगा, वह खिलेगा। उन्होंने कहा , देश के नागरिकों को फिट और स्वस्थ रहना है ताकि स्वस्थ समाज का निर्माण कर सकें। ऐसा समाज राष्ट्र निर्माण में मदद करता है। हमें 2047 तक विकसित भारत बनाना है जिसमें सभी नागरिक स्वस्थ हों। उन्होंने कहा , स्वस्थ रहने के लिये खेलना जरूरी है। हर किसी को एक घंटे अपनी पसंद का खेल खेलना चाहिये। मैं भी अपना पसंदीदा खेल फुटबॉल खेलूंगा। जफर इकबाल ने पेरिस ओलंपिक में भारत के प्रदर्शन पर प्रसन्नता जताते हुए कहा , हमें खेलों के उत्थान के लिये काफी मेहनत करनी है। पेरिस ओलंपिक में भारतीय खिलाड़ियों ने अच्छा प्रदर्शन किया है। उन्होंने कहा , हम बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं। देश में खेल संस्कृति पैदा हो रही है जो बड़ी उपलब्धि है। सरकार खेलों पर काफी पैसा खर्च कर रही है।

महाराष्ट्र को मिलेगा आज बड़ा तोहफा

प्रधानमंत्री मोदी 76,000 करोड़ रुपये की लागत वाली वधावन बंदरगाह परियोजना की रखेंगे आधारशिला

एजेंसी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शुक्रवार को महाराष्ट्र के पालघर में लगभग 76,000 करोड़ रुपये की लागत वाली वधावन बंदरगाह परियोजना की आधारशिला रखेंगे तथा लगभग 1,560 करोड़ रुपये की 218 मत्स्य पालन परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने बृहस्पतिवार को एक बयान में यह जानकारी दी। पीएमओ ने कहा कि प्रधानमंत्री मुंबई में जियो वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर में ग्लोबल फिनटेक फेस्ट (जीएफएफ) 2024 को संबोधित करेंगे।

इसके बाद, वह लगभग 1:30 बजे पालघर के सिडको ग्राउंड में विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे, जिनमें वधावन बंदरगाह की आधारशिला प्रमुख है। इस परियोजना की कुल लागत लगभग 76,000 करोड़ रुपये है। पीएमओ ने कहा कि इसका उद्देश्य विश्वस्तरीय समुद्री प्रवेश द्वार स्थापित करना है जो देश के व्यापार और आर्थिक विकास को बढ़ावा देगा। पालघर जिले के दहानु शहर के पास स्थित वधावन बंदरगाह भारत में गहरे पानी में स्थित सबसे बड़े बंदरगाहों में से एक होगा और अंतरराष्ट्रीय समुद्री परिवहन के लिए सीधा संपर्क प्रदान करेगा, समय की बचत करेगा और लागत को भी कम करेगा। यह बंदरगाह अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी

और बुनियादी ढांचे से लैस होगा और वहां की प्रबंधन प्रणाली भी आधुनिक होगी। पीएमओ ने कहा कि बंदरगाह से रोजगार के महत्वपूर्ण अवसर पैदा होने, स्थानीय व्यवसायों को प्रोत्साहन मिलने और क्षेत्र के समग्र आर्थिक विकास में मदद की उम्मीद है। वधावन बंदरगाह परियोजना में पर्यावरणीय प्रभाव को कम करने और कड़े पारिस्थितिक मानकों का पालन करने पर ध्यान केंद्रित करने के साथ सतत विकास प्रथाओं को शामिल किया गया है। बयान में कहा गया कि एक बार चालू होने के बाद, यह बंदरगाह भारत के समुद्री संपर्क को बढ़ाएगा और वैश्विक व्यापार केंद्र के रूप में स्थिति को और मजबूत करेगा।

इसके बाद, प्रधानमंत्री लगभग 1,560 करोड़ रुपये की 218 मत्स्य पालन परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास भी करेंगे। पीएमओ ने कहा कि इनका उद्देश्य इस क्षेत्र के बुनियादी ढांचे और उत्पादकता को बढ़ावा देना है तथा इन पहलों से मत्स्य पालन क्षेत्र में पांच लाख से अधिक रोजगार के अवसर पैदा होने की उम्मीद है। प्रधानमंत्री लगभग 360 करोड़ रुपये की लागत से, मछली पकड़ने वाले जहाजों के लिए संचार, सहायता प्रणाली की भी शुरुआत करेंगे। पीएमओ ने कहा कि इस परियोजना के तहत, 13 तटीय राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में मछली पकड़ने वाली मशीनीकृत और मोटर चालित नौकाओं पर चरणबद्ध तरीके से। लाख ट्रांसपोंडर स्थापित किए जाएंगे। प्रधानमंत्री मुंबई में ग्लोबल फिनटेक फेस्ट 2024 के एक विशेष सत्र को संबोधित करेंगे। इसका आयोजन पेमेंट्स काउंसिल ऑफ इंडिया, नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया और फिनटेक कन्वर्जेंस काउंसिल द्वारा संयुक्त रूप से किया जा रहा है।

गुजरात में बाढ़ का कहर सेना ने संभाला मोर्चा

अहमदाबाद। गुजरात में बृहस्पतिवार को बारिश कम हुई, जिससे स्थिति में थोड़ा सुधार हुआ लेकिन वडोदरा और राज्य के कुछ अन्य हिस्सों में अब भी नदियां उफान पर होने से वहां बाढ़ जैसी स्थिति बनी हुई है। अधिकारी राहत एवं बचाव अभियान जारी रखे हुए हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लगातार दूसरे दिन राज्य के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल से बात की और स्थिति का जायजा लिया।

उन्होंने मुख्यमंत्री से बाढ़ के बाद बीमारियों को फैलने से रोकने के लिए उचित कदम उठाने को भी कहा। अधिकारियों ने बताया कि गुजरात में पिछले तीन दिनों में, बुधवार तक, बारिश से संबंधित घटनाओं में 26 लोगों की मौत हो गई है। राज्य आपातकालीन संचालन केंद्र (एसईओसी) की अद्यतन जानकारी में बताया गया कि गुजरात के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों से 18,000 से अधिक लोगों को स्थानांतरित किया गया है तथा लगभग 1,200 लोगों को बचाया गया है। सुरक्षाबलों ने कुछ लोगों को हेलीकॉप्टर के जरिए सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया। हाल ही में हुई भारी बारिश से सबसे ज्यादा प्रभावित शहर वडोदरा में स्थिति में थोड़ा सुधार हुआ क्योंकि विश्वामित्री नदी का जलस्तर सुबह 37 फुट से घटकर 32 फुट रह गया है। हालांकि, शहर के कई निचले इलाके अभी भी जलमग्न हैं। भारी बारिश और अजवा बांध से पानी छोड़े जाने के कारण

मंगलवार को सुबह विश्वामित्री नदी का जलस्तर 25 फुट के खतरे के निशान से ऊपर पहुंच गया था। गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा, गुजरात में पिछले तीन दिनों से लगातार बारिश हो रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज लगातार दूसरे दिन मुझे फोन किया और स्थिति के बारे में जानकारी ली। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री ने विश्वामित्री नदी में आई बाढ़ पर चिंता जताई और वडोदरा के लोगों के लिए राहत और बचाव के उपायों के बारे में भी जाना।

संक्षेप

ईरान में गैस रिसाव से दो की मौत, दस घायल

दुबई। ईरान के रिवोल्यूशनरी गार्ड केंद्र में गैस रिसाव के कारण दो व्यक्तियों की मौत हो गई और 10 अन्य घायल हो गए। यह जानकारी ईरान के सरकारी टेलीविजन ने बृहस्पतिवार को दी। ईरान के सरकारी टेलीविजन की खबर के अनुसार यह रिसाव इस्फहान प्रांत में रिवोल्यूशनरी गार्ड की एक कार्यशाला में हुआ और घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इसकी खबर में कहा गया है कि इस्फहान प्रॉविन्शियल गार्ड ने मृतकों की पहचान कैप्टन मोजतबा नजारी और लेफ्टिनेंट कर्नल मोख्तार मोर्शदी के रूप में की है। गार्ड के बयान में यह नहीं बताया गया कि दोनों वरिष्ठ अधिकारियों की मौत गैस से दम घुटने से हुई या गैस रिसाव के कारण विस्फोट हुआ। इसमें यह भी नहीं बताया गया कि लोग कैसे घायल हुए। अन्य विवरण भी नहीं दिया गया। हाल के वर्षों में रिवोल्यूशनरी गार्ड की इकाइयों में कई घातक विस्फोट हुए हैं। सबसे उल्लेखनीय घटना 2011 में हुई, जब तेहरान के पास एक मिसाइल बेस पर हुए विस्फोट में कमांडर हसन तेहरानी मोगादम सहित 17 लोग मारे गए थे, जो अर्धसैनिक बल के मिसाइल कार्यक्रम का नेतृत्व करते थे। शुरू में, अधिकारियों ने विस्फोट को एक दुर्घटना बताया, हालांकि बाद में एक पूर्व कैदी ने कहा कि गार्ड ने उससे इस संदेह पर पूछताछ की कि विस्फोट इजराइल ने किया था।

जापान में तूफान, भारी बारिश से तीन की मौत

एजेंसी

तोक्यो। दक्षिणी जापान में बृहस्पतिवार को भारी बारिश और तेज हवाओं के साथ आए तूफान के कारण कम से कम तीन लोगों की मौत हो गई तथा क्यूशू में बिजली गुल होने से ढाई लाख घर अंधेरे में हैं।

तूफान के और विकराल होने के चलते बाढ़, भूस्खलन तथा बड़े स्तर पर नुकसान की आशंका व्यक्त की गई है। जापान मौसम विज्ञान एजेंसी ने बताया कि तूफान शानशान ने सुबह दक्षिणी क्यूशू के सतसुमासेंदाई के पास दस्तक दी, जहां 24 घंटे में 60 सेमी तक बारिश होने के आसार हैं। इसने बताया कि पिछले 24 घंटे में हुई बारिश अगस्त की औसत बारिश से अधिक है जिससे नदियां उफान पर आ गई हैं और बाढ़ का खतरा बढ़ गया है। एजेंसी ने यह भी बताया कि तूफान के कारण देश के अधिकतर भागों, विशेषकर क्यूशू के दक्षिणी प्रान्तों में तेज हवाएं चलने, ऊंची लहरें उठने और भारी वर्षा की संभावना है। जिन क्षेत्रों के लिए चेतावनी जारी की गई, वहां के लोगों से सामुदायिक केंद्रों और अन्य जन सुविधाओं में शरण लेने की अपील की गई है।

महिलाओं के प्रति अपराधों पर अंकुश नहीं : खरगे

एजेंसी

नयी दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने महिलाओं के खिलाफ अपराध की हालिया घटनाओं की पृष्ठभूमि में बृहस्पतिवार को आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कई बार महिला सुरक्षा पर बात कर चुके हैं, लेकिन उनकी सरकार ने पिछले 10 वर्षों में ऐसा कुछ ठोस नहीं किया जिससे आधी आबादी के खिलाफ अपराधों पर अकुंश लगे। खरगे ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट किया, हमारी महिलाओं के साथ हुआ कोई भी अन्याय असहनीय है, पीड़ादायक है और घोर निंदनीय है। हमें बेटी बचाओ नहीं बेटी को बराबरी का हक़ सुनिश्चित करो चाहिए। उन्होंने कहा कि महिलाओं को संरक्षण नहीं, भयमुक्त वातावरण चाहिए। खरगे ने दावा किया, देश में हर घंटे महिलाओं के ख़िलाफ़ 43 अपराध रिकॉर्ड होते हैं। हर दिन 22 अपराध ऐसे हैं जो हमारे देश के सबसे कमज़ोर दलित-आदिवासी वर्ग की महिलाओं व बच्चों के ख़िलाफ़ दर्ज होते हैं। अनगिनत ऐसे अपराध हैं जो दर्ज ही नहीं होते - डर से, भय से, सामाजिक कारणों के चलते।

जल्द शुरू होगी भारत डोजो यात्रा : राहुल

एजेंसी

नयी दिल्ली। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने बृहस्पतिवार को मार्शल आर्ट से संबंधित एक वीडियो जारी किया और कहा कि जल्द ही भारत डोजो यात्रा शुरू हो रही है। डोजो आमतौर पर मार्शल आर्ट के लिए एक प्रशिक्षण कक्ष या स्कूल को कहा जाता है। उन्होंने अपने यूट्यूब चैनल पर जो वीडियो साझा किया है वो इस साल की शुरुआत में निकाली गई भारत जोड़ो न्याय यात्रा के समय का है।

वीडियो में वह कई बच्चों के साथ मार्शल आर्ट की बारीकियां साझा करते नजर आ रहे हैं। राहुल गांधी ने इस वीडियो के साथ पोस्ट किया, भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान, जब हमने हजारों किलोमीटर की यात्रा की तो हर शाम अपने विश्राम स्थल पर जिउ-जित्सु का अभ्यास करने की हमारी दैनिक दिनचर्या थी। फिट रहने के एक

सरल तरीके के रूप में जो शुरू हुआ वह तेजी से एक सामुदायिक गतिविधि में बदल गया। उनका कहना था, हमारा लक्ष्य इन युवाओं को ध्यान, जिउ-जित्सु, ऐकिडो और अहिंसक संघर्ष की तकनीकों के सामंजस्यपूर्ण मिश्रण जेंटल आर्ट की सुंदरता से परिचित कराना था। हमारा उद्देश्य उनमें हिंसा को सज्जनता में बदलने का मूल्य पैदा करना, उन्हें अधिक दयालु और सुरक्षित समाज बनाने के लिए। औजार मुहैया कराना था। उन्होंने कहा कि वह लोगों के साथ राष्ट्रीय खेल दिवस पर अपना अनुभव साझा करना चाहते हैं, उम्मीद है कि उनमें से कुछ लोग सौम्य कला का अभ्यास करने के लिए प्रेरित होंगे। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने कहा, भारत डोजो यात्रा जल्द ही आ रही है। गांधी ने भारत जोड़ो न्याय यात्रा शुरुआत 14 जनवरी को मणिपुर से की थी जिसका दो महीने के बाद मुंबई में समापन हुआ था।

ममता ने प्रदर्शनकारी चिकित्सकों को धमकी देने के आरोपों का किया खंडन

एजेंसी

कोलकाता। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बृहस्पतिवार को कहा कि उन्होंने सरकारी अस्पतालों के कनिष्ठ चिकित्सकों को कोई धमकी नहीं दी है। ये चिकित्सक आर जी कर अस्पताल की एक महिला चिकित्सक से कथित तौर पर दुष्कर्म और हत्या की घटना के विरोध में 21 दिन से हड़ताल कर रहे हैं। बनर्जी ने कहा कि कुछ लोगों ने उन पर प्रदर्शन कर रहे कनिष्ठ चिकित्सकों को धमकी देने का आरोप लगाया है, जो पूरी तरह से गलत है और दुर्भावनापूर्ण दुष्प्रचार अभियान का हिस्सा है। उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट कर कहा, मैं साफ तौर पर कहना चाहती हूं कि मैंने (मेडिकल आदि) छात्रों या उनके प्रदर्शन के खिलाफ एक भी शब्द नहीं कहा है। मैं उनके आंदोलन का पूरा समर्थन करती

हूं। उनका आंदोलन जायज है। मैंने उन्हें कभी धमकी नहीं दी। धमकी देने का यह आरोप पूरी तरह से झूठा है। तृणमूल कांग्रेस छात्र परिषद द्वारा आयोजित एक रैली को संबोधित करते हुए बनर्जी ने बुधवार को बंगाल के प्रदर्शनकारी कनिष्ठ चिकित्सकों से तत्काल काम पर लौटने के लिए विचार करने का आग्रह किया था और कहा था कि वह हड़ताली चिकित्सकों के करियर को ध्यान में रखते हुए उनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज नहीं करना चाहतीं।

Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com